सूर्योदय : 5:59
सूर्यास्त : 6:22
अधिकतम तापमान : 40.0
न्यूनतम : 22.0

RNI NO : UPHIN/2010/31173

डाक पंजीकरण संख्या:
SSP/LW/NP-422/2014-2016

वर्ष-17 अंक-320 पेज-16
मूल्य : 3 रुपया

लखनऊ, गुरुवार, 02 मई 2024
22 शव्वाल, 1445 हिजरी

हिन्दी दैनिक
अवधनामा
www.avadhnama.com

कोवीशील्ड के साइड इफेक्ट जांचें

वैक्सीन के दुष्प्रभावों की जांच के लिए विशेषज्ञ समिति बने : सुप्रीम कोर्ट

याचिका

- सुप्रीम कोर्ट में दिया गया आवेदन
- वैक्सीन लगाने से किसी को गंभीर नुकसान पहुंचा तो सरकार उन्हें हर्जाना दे

नई दिल्ली। कोविशील्ड टीके के किसी भी संभावित दुष्प्रभाव और जोखिम के कारणों की जांच के लिए विशेषज्ञ समिति गठित करने की मांग करते हुए बुधवार को उच्चतम न्यायालय में एक याचिका दायर की गई।

याचिका के अनुसार ब्रिटेन स्थित दवा कंपनी एस्ट्राजेनेका ने कहा है कि कोविड-19 से बचाव के लिए उसका टीका (जिसे भारत में लाइसेंस के तहत कोविशील्ड के रूप में बनाया गया था) के कारण बहुत दुर्लभ मामलों में प्लेटलेट काउंट कम हो सकता है और खून के थक्के बन सकते हैं। अधिवक्ता विशाल तिवारी की ओर से दायर आवेदन में केंद्र को उन लोगों को मुआवजा देने का निर्देश देने का भी अनुरोध किया गया है जो कोविड के दौरान उन्हें दिए गए टीके के किसी भी दुष्प्रभाव से गंभीर रूप से विकलांग हो गए या जिनकी मौत हो गई। एस्ट्राजेनेका ने थ्रोम्बोसाइटोपेनिया सिंड्रोम के साथ वैक्सीन और थ्रोम्बोसिस के बीच एक संबंध को स्वीकार कर लिया है। यह एक चिकित्सकीय स्थिति है जिसमें प्लेटलेट्स के असामान्य रूप से निम्न स्तर पर पहुंच जाते हैं और खून के थक्के बनते हैं।

दिल का दौरा पड़ने के मामले बढ़े

याचिका में कहा गया है, कोविड-19 के बाद दिल का दौरा पड़ने और अचानक लोगों के गिरने से मौत के मामले बढ़े हैं। युवाओं में भी दिल का दौरा पड़ने के कई मामले सामने आए हैं। अब, कोविशील्ड के डेवलपर द्वारा ब्रिटेन की अदालत में दायर दस्तावेज के बाद, हम कोविशील्ड वैक्सीन के जोखिम और खतरनाक परिणामों के बारे में सोचने के लिए मजबूर हैं, ये टीके बड़ी संख्या में नागरिकों को दिए गए हैं।

राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने किए रामलला के दर्शन, आरती में हुई शामिल

आस्था

- सरयू नदी में दूध चढ़ाया, हनुमानगढ़ी में पूजा की
- महंत शशिकांत दास ने राष्ट्रपति को प्रसाद अर्पित किया



अयोध्या। लोकसभा चुनाव के बीच राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू भारतीय वायुसेना के विमान से सपरिवार अयोध्या पहुंची तो उनकी इस यात्रा के कई मायने निकाले जा रहे हैं। फिलहाल राष्ट्रपति की यह यात्रा पूरी तरह से धार्मिक रही। उन्होंने रामनगरी में चार घंटे बिताए। इस दौरान वे अनुष्ठानों में ही लीन रहीं। अपने हाव-भाव से भी वह दर्शाती रहीं कि वे सिर्फ और सिर्फ अयोध्या की महिमा में डूबने आई हैं। हनुमानगढ़ी हो या फिर रामलला उन्होंने एक भक्त की मुद्रा में खुद को प्रस्तुत किया। सरयू तट पर मां सरयू के पूजन में विधिविधान पूर्वक सारे नियम किए। हनुमानगढ़ी पहुंची तो हनुमंतलला की आरती उतारी। आंखें बंद कर, सिर झुकाकर, हाथ जोड़े हुए राष्ट्रपति खड़ी थीं, तो ऐसा लग रहा था कि जैसे कि वह हनुमान जी से कोई कामना कर रहीं हों। सरयू तट पहुंचने पर उन्होंने सबसे पहले मां सरयू का दूध व पंचामृत से अभिषेक किया, चुनरी भी अर्पित की। पुजारी जो विधि बताते, राष्ट्रपति उसे भक्तिभाव से अपनातीं नजर आईं। जय सरयू माता, मइया जय सरयू माता की स्तुति के बीच 2100 बत्ती की मां सरयू की महाआरती उतारी। आरती के संयोजक महंत शशिकांत दास व महंत मनीष दास ने राष्ट्रपति को प्रसाद अर्पित किया। यहां करीब 30 मिनट बिताने के बाद वे रामलला के दरबार पहुंची। रामजन्मभूमि परिसर में राष्ट्रपति ने एक घंटे से अधिक समय बिताया। राष्ट्रपति रामलला के दरबार पहुंची तो बालक राम की अद्भुत छवि में डूब गईं। रत्नजड़ित हरे वस्त्र में रामलला की दिव्य छवि मनोहारी लग रही थी। यहां पूरे विधिविधान से रामलला की पूजा-अर्चना की। राम मंदिर के ट्रस्टी डॉ. अनिल मिश्र व महंत दिनेंद्र दास ने राष्ट्रपति का अभिनंदन किया।

अगले 24 से 30 घंटे में अमेठी-रायबरेली में होगा उम्मीदवार के नाम का एलान

- राहुल नहीं तो किशोरी लाल अमेठी से लड़ सकते हैं चुनाव

अमेठी। लोकसभा चुनाव के तीसरे चरण की तैयारियां जोरों पर है। लेकिन अभी भी सभी की नजर अमेठी और रायबरेली से कांग्रेस उम्मीदवार की घोषणा पर टिकी है। माना जा रहा है कि अगले 24-30 घंटे में इन दोनों सीटों पर उम्मीदवारों का एलान कांग्रेस पार्टी कर सकती है। अमेठी में तो अचानक कांग्रेस कैंप में हलचल तेज हो गई है।

वहीं कांग्रेस महासचिव जयराम रमेश ने बुधवार को मीडिया से बात करते हुए कहा कि कोई भी डरा हुआ नहीं है। कांग्रेस केंद्रीय चुनाव समिति ने पार्टी अध्यक्ष को अमेठी और रायबरेली सीटों पर उम्मीदवार घोषित करने का अधिकार दे दिया है। अगले कुछ घंटों में मल्लिकार्जुन खड़गे नाम पर फैसला लेंगे और एलान भी कर देंगे। प्रेस वार्ता में जब उनसे नामों के एलान में देरी के पीछे किसी डर के बारे में पूछा गया तो जयराम रमेश ने कहा कि अभी देर नहीं हुई है। भाजपा ने भी अभी तक रायबरेली से उम्मीदवार का एलान नहीं किया है। स्मृति ईरानी अमेठी से मौजूदा सांसद हैं। कोई डर हुआ नहीं है। पार्टी में उम्मीदवारी को लेकर विचार चल रहा है। तीन मई तक कोई देरी नहीं हुई है। सोनिया गांधी के सांसद प्रतिनिधि और पार्टी के राष्ट्रीय सचिव किशोरी लाल शर्मा अमेठी पहुंच गए हैं। बैठकों का दौर शुरू हो गया है। कहा जा रहा है कि राहुल गांधी के अमेठी से चुनाव न लड़ने की स्थिति में किशोरी लाल शर्मा भी इस सीट से उम्मीदवार हो सकते हैं। हालांकि, कांग्रेस के कार्यकर्ता राहुल गांधी को चुनाव लड़ाने की मांग कर रहे हैं। भाजपा की तरफ से अमेठी से पिछली बार की विजेता सांसद स्मृति ईरानी इस बार भी मैदान में हैं और राहुल गांधी पर जोरदार हमले भी कर रही हैं। कयास यह भी लगाए जा रहे हैं कि राहुल गांधी अपनी मां सोनिया गांधी की सीट रायबरेली से चुनाव लड़ सकते हैं।

400 जीतने वाले 40 पर आ गए : मोदी

बनासकांठा में कांग्रेस पर बरसे पीएम मोदी, राहुल गांधी को भी दी खुली चुनौती

सियासत

- कांग्रेस ने रातों-रात मुसलमानों को ओबीसी घोषित कर दिया था
- पूरे ओबीसी समाज को चोर कह दिया

बनासकांठा। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने बुधवार को गुजरात के बनासकांठा में कांग्रेस को खुली चुनौती देते हुए उनसे लिखित में देने को कहा कि वे भारत के संविधान को कभी नहीं बदलेंगे और धार्मिक आधार पर आरक्षण नहीं देंगे।

उन्होंने कहा, मैं कांग्रेस के शहजादे (राहुल गांधी) को खुली चुनौती दे रहा हूं कि अगर आपमें हिम्मत है तो घोषणा करें कि आप कभी भी धार्मिक आधार पर कोटा नहीं देंगे और न ही कोटा प्रणाली का दुरुपयोग करके संविधान बदलेंगे। मोदी ने तंज कसते हुए कहा कि वे ऐसा नहीं करेंगे क्योंकि उनकी मंशा साफ़ नहीं हैं। उन्होंने कहा कि अब 2024 में कांग्रेस और इंडी गठबंधन ऐसा झूठ लेकर फिर से मैदान में आए हैं- संविधान दिखाते हैं, आरक्षण ले लेंगे... इसका डर दिखाते हैं। यही उनका काम है। देखिएगा... इस बार भी ये पहले से कम सीटों में सिमट जाएंगे। पहले चरण में इंडी गठबंधन पस्त हुआ और दूसरे चरण में पूरी तरह ध्वस्त हो गया है। अपना हमला जारी रखते बहुए मोदी ने कहा कि ये मोहब्बत की दुकान लेकर निकले थे, लेकिन इन्होंने मोहब्बत की दुकान में फेक वीडियो का कारोबार खोल दिया है। अब चुनाव में उनकी बातें नहीं चल रही, इसलिए वो फर्जी वीडियो बनाकर फैला रहे हैं। इनकी मोहब्बत की दुकान फेक फैक्ट्री हो चुकी है। हुंकार भरते हुए प्रधानमंत्री ने कहा कि कांग्रेस की जमात कान खोलकर सुन ले...ये मोदी है, मोदी जब तक जिंदा है- मैं कभी भी धर्म के आधार पर आरक्षण का खेल खेलने नहीं दूंगा। उन्होंने कहा कि एससी, एसटी, ओबीसी और सामान्य वर्ग के गरीब उनको जो आरक्षण मिला है, संविधान के तहत मिला है। बाबा साहेब के आशीर्वाद से मिला है। उसमें रत्ती भर भी कोई लूट नहीं सकता है। कांग्रेस की हिम्मत है तो घोषणा करके देख ले... मैं चुनौती देता हूं। उन्होंने कहा कि 2014 में जब मैं पहली बार लोकसभा के मैदान में आया तो कांग्रेस के पास मुद्दे थे कि ये चाय वाला क्या करेगा... ये मेरी मजाक उड़ाते थे। लेकिन देश ने उनकी इस हरकतों को ऐसा जवाब दिया कि जो कभी 400 सीट लेकर बैठते थे वो 40 सीट पर आ गए।

कांग्रेस ने ओबीसी कोटे का एक हिस्सा मुसलमानों को दे दिया

पीएम मोदी ने कर्नाटक की ओर इशारा करते हुए कहा कि कांग्रेस ने रातों-रात मुसलमानों को ओबीसी घोषित कर दिया और ओबीसी कोटे का एक हिस्सा दे दिया। उन्होंने कहा कि इसे लिखित में दें ताकि आपको भविष्य में जवाबदेह ठहराया जा सके। उन्होंने कांग्रेस से यह भी लिखित में देने को कहा कि आप एससी, एसटी ओबीसी कोटा के साथ छेड़छाड़ नहीं करेंगे। उन्होंने कहा कि पिछले 10 वर्षों में, मैंने इस देश की क्षमता देखी है, जिसके आधार पर मैं अपनी गारंटी देता हूं। मेरी गारंटी खोखले वादे नहीं हैं। वे मेरे अनुभव और भारत की प्रतिभा की समझ से उपजे हैं, जो मुझे विश्वास दिलाता है कि हम क्या हासिल कर सकते हैं। मोदी ने कहा कि तीसरी बार जब हमारी सरकार बनेगी तो अगले 100 दिन में मुझे क्या करना है- अभी से ही मैंने प्लान तैयार कर लिया है।

दिल्ली-एनसीआर के 100 से ज्यादा स्कूलों को मिली बम से उड़ाने की धमकी

नई दिल्ली। दिल्ली-एनसीआर के कई स्कूलों को धमकी भरे ईमेल मिले हैं, जिनमें स्कूल को बम से उड़ाने की धमकी दी गई है। बताया जा रहा है कि दिल्ली-एनसीआर के 100 से ज्यादा स्कूलों में बम की धमकी मिली है। जिसमें डीपीएस, एमिटी, मदर मैरी स्कूल समेत कई बड़े स्कूल शामिल हैं। बम की सूचना मिलते ही दिल्ली पुलिस के साथ ही बम निरोधक दस्ता और अग्निशमन विभाग का दस्ता भी मौके पर पहुंचा। स्कूलों में तलाशी अभियान चलाया गया। बताया जा रहा है कि अभी तक कुछ नहीं मिला है। दमकल विभाग ने बताया कि अब तक दिल्ली फायर सर्विस को स्कूलों में बम की धमकी के संबंध में 97 से अधिक कॉल प्राप्त हुई हैं। वहीं, जांच एजेंसियां यह पता लगाने में जुटी हैं कि ये ईमेल कहां से भेजे गए हैं। प्राथमिक जांच में जानकारी सामने आई है कि धमकी का ईमेल रूस से आया है।

10 साल बाद बच्चे बोलेंगे कौन कांग्रेस : राजनाथ

साधा निशाना

आगरा। लोकसभा चुनाव 2024 के तीसरे चरण के मतदान से पहले आगरा आए रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने कांग्रेस और समाजवादी पार्टी पर जमकर हमला बोला। उन्होंने कहा कि 10 साल बाद जब आप अपने बच्चों से कांग्रेस और सपा के बारे में पूछेंगे, तो वे बोलेंगे कौन कांग्रेस और सपा को समाप्त पार्टी। इस दौरान रक्षा मंत्री ने बाह के जरार मंडी मैदान से भाजपा प्रत्याशी राजकुमार चाहर को जिताने की अपील की। राजनाथ सिंह ने कहा कि आपके बीच राजकुमार चाहर के लिए आया हूं। उन्होंने लोगों की नाराजगी को भांपते हुए कहा कि राजकुमार चाहर मेरे बहुत प्रिय लोगों में हैं। इनकी क्षमता और प्रतिभा से पार्टी प्रभावित हुई, इसलिए किसान मोर्चे के राष्ट्रीय अध्यक्ष का दायित्व दिया। कई ऐसे दायित्व का निर्वहन मैं कर चुका हूं, इसलिए क्षेत्रीय जनता को समय देना थोड़ा मुश्किल होता जाता है, लेकिन इस बार ऐसा नहीं होगा। इस दौरान रक्षा मंत्री ने कांग्रेस को घेरते हुए कहा कि राष्ट्रपिता महात्मा गांधी के दो सपने थे। एक कांग्रेस पार्टी को भंग कर देना और दूसरा गरीबी हटा देना। नेहरू से लेकर मनमोहन सिंह तक को कटघरे में खड़ा किया। हमलावार होते हुए बोले कि कांग्रेस को जनता विलुप्त कर रही है। तो भाजपा की सरकार आवास, आयुष्मान योजना व अन्य योजनाओं के माध्यम से गरीबी को दूर कर रही है। ये भाजपा की ही देन है जो भारत आज विश्व की तीसरी अर्थव्यवस्था की ओर अग्रसर है।

- अटल जी को नमन कर जनता से सीधे जुड़ने का किया प्रयास
- महात्मा गांधी के दो सपने थे एक कांग्रेस पार्टी को भंग कर देना और दूसरा गरीबी हटा देना

पहले भारत की कहीं कोई बात सुनी नहीं जाती थी

रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने भाजपा के घोषण पत्र पर बोलते हुए कहा कि ये वो पार्टी है, जिसने अपने घोषणा पत्र में जो कहा वो पूरा किया। उन्होंने जनता को आर्टीकल 370 हटाने का मुद्दा तो वहीं राम मंदिर प्राण प्रतिष्णा की उपलब्धि को भी गिनाया। कांग्रेस को घेरते हुए कहा कि वो पूछते थे कि तारीख कब बताएंगे, हमने 22 जनवरी को प्राण प्रतिष्ठा कर जवाब दिया। वहीं अब जब प्रभु राम कुटिया से निकलकर अपने महल में पहुंच गए हैं, तो राम राज्य भी आएगा। विदेश नीति पर कांग्रेस को घेरते हुए कहा कि पहले भारत की कहीं कोई बात सुनी नहीं जाती थी। आज भारत जो कहता है उसे दुनिया कान खोलकर सुनती है। चाहे रूस या यूक्रेन युद्ध हो। जब विश्व इस युद्ध से जूझ रहा था, तब वहां फंसे 30 हजार विद्यार्थियों को सकुशल लाने का कार्य भी इस सरकार ने कर दिखाया।

झारखंड कांग्रेस के एक्स हैंडल पर गिरी गाज

रांची। माइक्रो ब्लॉगिंग साइट ने झारखंड कांग्रेस के एक्स (पूर्व में ट्विटर) अकाउंट पर बड़ी कार्रवाई की है। भारत में एक्स ने झारखंड कांग्रेस के हैंडल को बंद कर दिया है। यह कार्रवाई केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह के एक डीपफेक मॉर्फ्ड वीडियो पोस्ट करने को लेकर की गई है। इससे पहले झारखंड कांग्रेस के अध्यक्ष राजेश ठाकुर को मामले की जांच के सिलसिले में दिल्ली पुलिस ने दो मई को तलब किया है।

प्रहार सीएम योगी ने सोलापुर में भाजपा उम्मीदवार श्रीराम सतपुते के लिए की जनसभा

अब कोई थप्पड़ मारेगा तो भारत जबड़ा तोड़ देगा: योगी

आरोप

सोलापुर। आज कोई दुश्मन देश भारत की सीमा में अतिक्रमण नहीं कर सकता। नक्सलवाद, आतंकवाद समाप्त हो गया। अब पटाखा फूटने पर पाकिस्तान सफाई देता है कि मेरा हाथ नहीं है, क्योंकि उसे पता है कि नया भारत किसी को छेड़ता नहीं, लेकिन छेड़ने वाले को छोड़ता भी नहीं।

यह कांग्रेस के समय का भारत नहीं है कि कोई थप्पड़ मारता था तो कहते थे कि रुक जाओ, कहीं माहौल खराब न हो जाए। अब कोई थप्पड़ मारेगा तो नया भारत जोरदार घूसे से उसका जबड़ा तोड़ने की ताकत रखता है। यह बातें उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहीं। उन्होंने बुधवार को सोलापुर लोकसभा क्षेत्र से भाजपा प्रत्याशी श्रीराम सतपुते के पक्ष में जनसभा को संबोधित किया।

यूपी में हम हैं, मच्छर भी नहीं मरने वाला

मुख्यमंत्री ने कहा कि अयोध्या में श्रीराम मंदिर कांग्रेस के लोग नहीं बना पाते। वे कहते थे कि राम हुए ही नहीं। जब राम मंदिर का फैसला हो रहा था तो कहते थे कि खून की नदियां बहेंगी। मैंने कहा कि यूपी में हम हैं, मच्छर भी नहीं मरने वाला। यूपी में सात वर्ष में दंगा-कर्फ्यू तक नहीं लगा। यूपी में राम मंदिर बना है तो माफिया का राम नाम सत्य भी हो रहा है।

मुख्यमंत्री योगी बुधवार को दूसरी बार महाराष्ट्र के चुनावी रण में उतरे। मुख्यमंत्री ने कहा कि हिंदुओं को अपमानित करने के लिए इन लोगों ने क्या कुछ नहीं किया। यह वही कांग्रेस है, जिसने राम के अस्तित्व पर प्रश्न खड़ा किया था और हिंदुओं को अपमानित करने के लिए यूपीए सरकार में हिंदू आतंकवाद का शब्द भी दिया था। मुख्यमंत्री ने लोगों से पूछा कि हिंदू आतंकवादी होता है क्या। देश के तत्कालीन गृह मंत्री के परिवार के लोग खूनी पंजे से चुनाव लड़ने आए हैं। आपको उनसे सावधान रहना है। इन लोगों ने यह भी कहा था कि मालेगांव विस्फोट में योगी आदित्यनाथ का भी नाम होगा। हम सीबीआई रेड कराएंगे। हमने कहा कि प्रमाण के साथ भेजना। मुख्यमंत्री ने आरोप लगाया कि कांग्रेस गुमराह करने के लिए जातीय जनगणना का झुनझुना पकड़ाया है। इसके माध्यम से यह हिंदू जातियों को लड़ाएंगे और जब आरक्षण का मुद्दा इनके मुद्दे से अलग हो जाएगा। हिंदू लड़ने लग जाएगा तो आपके हक को मुसलमानों को देंगे। फिर भारत के इस्लामीकरण-तालीबानीकरण की रूपरेखा कांग्रेस तैयार कर देगी। मजहब के आधार पर फिर से बंटवारा नहीं होने देना है। मुख्यमंत्री योगी ने कहा कि मर्यादा पुरुषोत्तम श्रीराम की पावन जन्मभूमि से आया हूं। रामजन्मभूमि आंदोलन में महाराष्ट्र के भाजपा व शिवसेना कार्यकर्ताओं ने भी बढ़चढ़ कर भाग लिया और सफलता अर्जित की। प्रधानमंत्री मोदी के प्रयास व सभी के सहयोग से अयोध्या में प्रभु श्रीराम का भव्य मंदिर बन गया है। यह मंदिर भव्य भारत के राष्ट्र मंदिर का चित्रण प्रस्तुत करता है। राम मंदिर इस बात का संकेत है कि हम एकजुट होकर कार्य करेंगे तो सिद्धि जरूर प्राप्त होगी। मुख्यमंत्री योगी ने कहा कि दस वर्ष तक बाबा साहेब भीमराव आंबेडकर के संविधान की पूजा, महात्मा फूले के सामाजिक न्याय को अंगीकार, सावित्री बाई फूले के महिला सशक्तिकरण के अभियान और बाला साहब ठाकरे के हिंदुत्व की प्रचंड ज्वाला को बढ़ाते हुए प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी ने जो शंखनाद किया है, उसका परिणाम है कि 140 करोड़ भारतवासियों का दुनिया में सम्मान बढ़ा है।

- हिंदुओं को अपमानित करने के लिए कांग्रेस ने दिया हिंदू आतंकवाद शब्द
- जातीय जनगणना का झुनझुना पकड़ाकर हिंदुओं को लड़ाना चाहती है कांग्रेस

ईवीएम और वीवीपैट का हुआ द्वितीय रेंडमाइजेशन

अवधनामा संवाददाता

लखीमपुर खीरी। लोकसभा सामान्य निर्वाचन-2024 की निर्वाचन प्रकिया को स्वतन्त्र, निष्पक्ष, शान्तिपूर्ण ढंग से सुव्यवस्थित सकुशल सम्पन्न कराये जाने के उद्देश्य से जिला प्रशासन ने बुधवार को जिले में विद्यमान दोनो लोकसभा निर्वाचन क्षेत्रों की सभी आठ विधानसभा निर्वाचन क्षेत्र के मतदेय स्थलों के लिए ईवीएम और वीवीपैटों का द्वितीय रेंडमाइजेशन हुआ। 28ढ्ढखीरी संसदीय क्षेत्र की सामान्य प्रेक्षक आर. सीतालक्ष्मी, 29 धौरहरा संसदीय क्षेत्र के सामान्य प्रेक्षक श्रीधर चेरुकुरी, सीडीओ अनिल कुमार सिंह सिंह ने दोनों संसदीय क्षेत्र के प्रत्याशियों, उनके अभिकर्ताओं, मान्यता प्राप्त राजनैतिक दलों के प्रतिनिधियों की उपस्थिति में ईवीएम और वीवीपैटों का रेंडमाइजेशन कार्य कराया गया।कलेक्ट्रेट सभागार में ईवीएम और वीवीपैट का द्वितीय रेंडमाइजेशन में जिले के कुल बूथ 2890 के सापेक्ष 125 प्रतिशत कंट्रोल यूनिट,125 प्रतिशत बैलेट यूनिट और 135 प्रतिशत वीवीपैट का रैंडमाइजेशन हुआ। इस रेंडमाइजेशन में इन मशीनों का बूथवार आवंटन कर दिया गया है। इस अवसर पर एडीएम (वित्त एवं राजस्व) संजय कुमार सिंह, प्रभारी अधिकारी (ईवीएम) बंदोबस्त अधिकारी चकबंदी संजय आनंद जिला सूचना एवं विज्ञान अधिकारी महेंद्र सिंह, सहायक जिला निर्वाचन अधिकारी तौसीफअहमद सहित अन्य संबंधित अधिकारी तथा दोनों संसदीय क्षेत्र के प्रत्याशियों उनके अभिकर्ताओं, राजनीतिक दलों के जुड़े हुए प्रतिनिधि भी मौजूद रहे।

दो महिलाओ सहित सात लोगो के विरूद्ध धोखाधड़ी का मुकदमा दर्ज

मोहम्मदी-खीरी। कोर्ट के आदेश पर तहसील क्षेत्र के ग्राम बिजौलिया खानपुर में पीड़ित की शिकायत पर एक गिरोह द्वारा राजस्व कर्मियो के साथ जालसाजी कर कूटरचित दस्तावेज तैयार कर बैंको से ऋण निकालना और गलत तरीके से रजिस्ट्री कराने को लेकर पुलिस ने दो महिलाओ सहित सात लोगो के विरूद्ध धोखाधड़ी का मुकदमा दर्ज किया है। बिजौलिया खानपुर निवासी हरजिन्दर सिंह ने बताया कि गांव के ही दिलबाग, निर्मल सिंह, बलकार, दिलबाग, सुखजिन्दर सिंह, सुरजीत कौर एवं कर्मजीत कौर ने उसके शामिल खाता की भूमि गाटा संख्या 415 का फर्जी दस्तावेज तैयार कर एक भूम पर अलग-अलग बैंको से ऋण निकाल लिया और कई दलित लोगो की भूमि को बिना उनकी मर्जी के फर्जी तरीके से रजिस्ट्री करा लेने की शिकायत पुलिस से की गयी थी जिस पर पुलिस द्वारा कार्यवाही न किये जाने पर पीडित ने न्यायालय की शरण ली। न्यायलय ने मामले को गम्भीरता से लेते हुए सभी आरोपियो के विरूद्ध मुकदमा दर्ज करने का आदेश दिया जिस पर पुलिस ने आरोपिया के विरूद्ध धोखाधड़ी का मुकदमा दर्ज कर लिया है।

संदिग्ध अवस्था में मिला 40 वर्षीय युवक का शव

लखीमपुर खीरी। थाना धौरहरा की ग्राम पंचायत हौंकना मटेरा मंजरा रानी पुरवा में 40 वर्षीय युवक घनश्याम का शव बुधवार सुबह को चारपाई पर मिला। संदिग्ध अवस्था में शव मिलने को लेकर गांव में चर्चा है कि पत्नी ने पति की हत्या कराई है। महिला के संबंध गांव के व्यक्ति से हैं। महिला कई लोगों से संबंध बना चुकी थी पति उसकी हरकतों का विरोध करता था एक वीडियो वायरल हो रहा है। जिसमें मृतक का बेटा अपने पिता की हत्या होने की बात कह रहा है। वह कह रहा है कि उसकी मां ने किसी को बुलाकर पिता की हत्या कराई है।

श्रद्धाभाव से निकाली श्री खाटू श्याम पालकी योत्रा

अवधनामा संवाददाता

सहारनपुर। श्री खाटू श्याम मंदिर के वार्षिकोत्सव के उपलक्ष में श्री खाटू श्याम पालकी यात्रा बड़े हर्षोल्लास के साथ निकाली गयी। पालकी यात्रा का जगह-जगह श्रद्धालुओं ने पुष्प वर्षा के साथ स्वागत किया।

राधा विहार स्थित महाशक्ति पीठ वैष्णवी महाकाली मंदिर में श्री रामकृष्ण विवेकानंद संस्थान के तत्वाधान में आयोजित श्री खाटू श्याम पालकी यात्रा आज से 7 दिन के लिए प्रारंभ हो गयी। श्री खाटू श्याम मंदिर के वार्षिक उत्सव के उपलक्ष में आज पालकी यात्रा स्वामी कालेद्रानंद महाराज के सानिध्य में निकाली गयी, जो पैरामाउंट से शुरू होकर स्टेट बैंक कॉलोनी, शिव विहार, कमल कॉलोनी, शारदा नगर, लेबर कॉलोनी पहुंचीं जहां भक्तों ने श्याम बाबा का भव्य स्वागत किया और श्याम बाबा की पूजा की। इस दौरान श्रद्धालुओं ने पालकी यात्रा का पुष्प वर्षा के साथ स्वागत किया। पालकी यात्रा अवसर पर स्वामी कलेंद्रानंद महाराज ने कहा कि श्री खाटू श्याम कलयुग में भक्तों का कल्याण करते हैं। श्री खाटू श्याम कलयुग के जागृत देव हैं। खाटू श्याम एक ऐसा बलिदानी चरित्र है, जिसमें जगत की समस्त शक्तियां निहित है। बिना समर्पण एवं त्याग के सृष्टि में कुछ प्राप्ति नहीं होती है। श्याम बाबा ने धर्म की वेदी पर अपने शीश का बलिदान किया, तब भगवान श्री कृष्ण ने उन्हें अपनी समस्त शक्तियां प्रदान की और अपना रूप और नाम देकर आने वाले कलयुग में जागृत देव होने का वरदान दिया अर्थात इस सृष्टि में जो व्यक्ति अपने मन, कर्म, वचन से समर्पित भाव से इस जगत में सेवारत रहकर अपने जीवन को धर्म के लिए अर्पण करता है, वह जीव अपने आप में एक इतिहास बन जाता है। महाराज श्री ने कहा कि खाटू श्याम का चरित्र एक ऐसा अमर संदेश है, जो किसी भी चरित्र को महान बना देता है जो उनके चरित्र के भाव को पूर्णता धारण करता है, यह भगवान श्री कृष्ण का श्याम बाबा को वरदान है जैसे-जैसे कलयुग बढ़ेगा वैसे-वैसे श्याम बाबा की महिमा प्रचार एवं प्रसार बढ़ेगा। इस अवसर पर रमेश चंद्र शर्मा, ज्ञानेंद्र पुंडीर, भूपेंद्र सिंह, अमित वर्मा, दिनेश ठाकुर, नरेश चंदेल, दिनेश धीमान, सनी काम्बोज, सागर गुप्ता, वर्षा, किरण, संगीता, प्रेमवती, रेनू व पूनम आदि मौजूद रहे।

वांछित अभियुक्त गिरफ्तार

लखीमपुर खीरी। थाना निघासन पुलिस द्वारा मुखबिर की सूचना पर मु0अ0सं0 122/24 धारा 307/504 भादवि में वांछित अभियुक्त कमलेश पुत्र स्व0 छोटेलाल निवासी ग्राम पाण्डेयपुरवा मजरा मूडाबुजुर्ग थाना निघासन जनपद खीरी को ग्राम तारानगर की तरफ बन्धा रोड से गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तार अभियुक्त का चालान न्यायालय भेजा जा रहा है दिनांक 30.04.2024 को थाना निघासन पर वादी गंगासागर पुत्र स्व0 छोटेलाल निवासी ग्राम पाण्डेयपुरवा मजरा मूडाबुजुर्ग थाना निघासन जनपद खीरी की ने सूचना दी कि उनके भाई कमलेश उपरोक्त द्वारा उनकी माँ को शराब पीकर गाली-गलौज की गई व वादी (भाई) द्वारा विरोध किया तो माँ पर जानलेवा हमला किया गया था, जिसके संबंध में थाना निघासन पर मु0अ0सं0 307/504 भादवि बनाम कमलेश पुत्र स्व0 छोटेलाल निवासी ग्राम पाण्डेयपुरवा मजरा मूडाबुजुर्ग थाना निघासन जनपद खीरी पंजीकृत किया गया था।

गौवंश को खुला छोडने वालो के विरूद्ध कार्रवाई की मांग

सहारनपुर। महानगर में गौवंश को खुला छोड़ने वालो के विरूद्ध सख्त कार्रवाई की मांग को लेकर हिन्दू रक्षा दल के कार्यकर्ताओ ने जिलाधिकारी को ज्ञापन सौपा।

हिन्दू रक्षा दल के कार्यकर्ता जिलाध्यक्ष राजन पंडित के नेतृत्व में इकट्ठा होकर जिला मुख्यालय पहुंचे और जिलाधिकारी को ज्ञापन सौंपते हुए गौवंश को खुला छोडने वालों के खिलाफ कार्रवाई की मांग की। हिन्दू रक्षा दल के जिलाध्यक्ष राजन पंडित ने कहा कि महानगर में सड़कों पर कुछ लोग पालतू गाय छोड़ देते है। वह कूड़ा-करकट खाकर अपना पेट भरती है और कई बार हादसों का भी शिकार हो जाती है। उन्होंने गाय छोडने वाले लोगों पर सख्त कारवाई की मांग की। उन्होंने कहा कि हिन्दू रक्षा दल गाय को अपनी सुरक्षा में लेकर कानूनी कार्यवाही करेगा। ज्ञापन देने वालों मे हिन्दू रक्षा दल के जिला महामंत्री गौरव कौरी, ऋषभ समेत कई कार्यकर्ता शामिल रहे।

डीएम पंहुचे सेंट्रल वेयर हाउस, जांची ईवीएम की सुरक्षा सुरक्षा कर्मियों को दिए आवश्यक दिशा-निर्देश

अवधनामा संवाददाता

सहारनपुर। जिला मजिस्ट्रेट डॉ.दिनेश चंद्र जनता रोड स्थित

सेंट्रल वेयर हाउस में पहुंचे और वहां रखी ईवीएम की सुरक्षा व्यवस्था को जांचा। ईवीएम की सुरक्षा को लेकर डीएम बेहद संवेदनशील हैं।

डॉ.दिनेश चंद्र बुधवार को सेंट्रल वेयर हाउस पर पहुंचे और काफी देर तक जांच-पड़ताल की। उन्होंने पिछले दिनों की सभी सीसीटीवी फुटेज निकलवाकर चेक की। वहां तैनात अर्धसैनिक बल के जवानों और पुलिसकर्मियों को निर्देश दिए कि किसी वाहन को अंदर नहीं जाने दिया जाए। यदि कोई अधिकारी भी निरीक्षण को आ रहे हैं तो उनकी कार को चेक करें और उनकी पूरी पहचान करने के बाद ही अंदर जाने दिया जाए।

सहारनपुर और कैराना लोकसभा सीट पर 19 अप्रैल को चुनाव हुआ था। मतदान के बाद ईवीएम को सेंट्रल वेयर हाउस में कड़ी सुरक्षा में रखे गए हैं। यहां अर्धसैनिक बलों और पुलिसकर्मियों की ड्यूटी लगाई गई है।

पूरे सेंट्रल वेयर हाउस में सीसीटीवी कैमरे लगाए गए हैं। एक कंट्रोल रूम बनाया है, जहां पर एलईडी लगाई गई है। डीएम सेंट्रल वेयर हाउस पहुंचे और कैमरों के अलावा ईवीएम की सुरक्षा परखी। इस अवसर पर उनके साथ अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व रजनीश कुमार मिश्र सहित पुलिस के अधिकारी मौजूद रहे।

छोटा हाथी टैंपो बना आग का गोला

सहारनपुर। थाना फतेहपुर क्षेत्रान्तर्गत चमारी खेड़ा से रजापुर मार्ग पर एक छोटा हाथी टेंपो में आग लग गई। राहगीरों ने मिट्टी आदि डालकर आग को किसी तरह बुझाया।

शेरपुर चानचक निवासी शराफत पुत्र शकील हाथी टेंपो लेकर गांव रजापुर कलाल्टी गया था। वापस लौटते समय बैटरी आदि में कुछ खराबी होने पर वह उसे ठीक करने लगा। इसी दौरान वहां आग लग गई। शोर मचाकर उसने आसपास के ग्रामीणों को इकट्ठा किया। जिन्होंने मिट्टी आदि डालकर किसी तरह आग को बुझाया। हालांकि तब तक टेंपो काफी हद तक जल चुका था। सूचना पाकर फतेहपुर थाना क्षेत्र के चौकी चमारी खेड़ा के पुलिसकर्मी वहां पहुंच गए और मामले की जांच पड़ताल की।

महिला की संदिग्ध परिस्थितियों मौत

सहारनपुर। थाना नागल क्षेत्र के गांव भरतपुर निवासी एक महिला की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई। पुलिस ने शव का पंचनामा भर पोस्टमार्टम को भेज दिया। मृतका के पति रवीश ने थाने में बताया कि टपरी में उसने एक प्लाट बेचा था जिसके बिक्री के रुपये पास के गांव सरसीन निवासी उसके साढू के पास है वह रुपये देने में आनाकानी कर रहा है। मंगलवार सुबह उसकी पत्नी नीलम उम्र करीब 40 वर्ष अपने बहनोई के घर रुपये लेने गई थी जिसके बाद वह वहीं पर बेहोश मिली, जब वह उसको उपचार के लिए सहारनपुर मे प्राइवेट चिकित्सक के यहां ले गया तो उपचार के दौरान उसी दिन शाम करीब 5 बजे उसकी मौत हो गई चिकित्सकों ने बताया कि इसकी मौत जहरीले पदार्थ के सेवन से हुई है। पुलिस क्षेत्राधिकारी देवबंद अशोक सिसोदिया ने बताया कि मृतका के पति ने सरसीना निवासी महिला सहित दो रिश्तेदारों पर जहरीला पदार्थ देकर नीलम को मारने का आरोप लगाया है मामले की जांच कर कार्रवाई की जाएगी।

सड़कों का निर्माण कार्य गुणवत्ता के साथ शीघ्र पूरा करें: संजय चौहान

स्मार्ट सिटी सीईओ ने किया स्मार्ट सिटी के तहत निर्माणाधीन स्मार्ट रोड का निरीक्षण

अवधनामा संवाददाता

सहारनपुर। स्मार्ट सिटी के सीईओ व नगरायुक्त संजय चौहान ने

बुधवार की सुबह करीब छह बजे से नौ बजे तक स्मार्ट सिटी योजना के तहत निर्माणाधीन विभिन्न स्मार्ट सड़कों का निरीक्षण किया और गुणवत्ता पर निगरानी के साथ कार्य शीघ्र पूरा करने के निर्देश दिए। शहीद गंज में निर्माण कार्य की धीमी गति पर उन्होंने नाराजगी भी जतायी। सड़कों का निर्माण मै. आर सी सी डेवलेपर्स लि.के माध्यम से कराया जा रहा है।

स्मार्ट सिटी सीईओ संजय चौहान आज सुबह घंटाघर स्थित भगतसिंह रोड पहुंचे और कार्य शीघ्रातिशीघ्र पूरा करने के निर्देश दिए। नेहरु मार्केट में अभी फिनिशिंग का कार्य शेष है, जिसे उन्होंने योजनाबद्ध तरीके से जल्दी पूरा करने को कहा। चौकी सराय चौराहे पर भी उन्होंने रोड साइड में टाइल्स का कार्य शीघ्र पूरा करने के निर्देश दिए।

महावीर मार्केट में उन्होंने सुधारात्मक कार्यो पर बल देते हुए अधिशासी अभियंता जल निगम को पत्र लिखने के निर्देश दिए। जल निगम द्वारा यहां सीवर लाइन डालने के बाद उसे ठीक नहीं किया गया। शहीद गंज में निर्माण कार्य की प्रगति धीमी पाये जाने पर नगरायुक्त ने नाराजगी जताई और कार्यदायी संस्था को श्रमिकों की संख्या बढ़ाकर निर्माण कार्य की गति तेज करने के निर्देश दिए। सीईओ संजय चौहान ने पुल खुमरान से चिलकाना रोड-2 पर सीसीरोड व ब्लैक टॉप का कार्य शीघ्र आरंभ करने और उसे 15 दिन में पूरा करने के निर्देश दिए।

इसके अलावा कोर्ट रोड़-2 (कचहरी पुल से अनुपम स्वीट्स तक) पर पुरानी क्षतिग्रस्त सीवर लाइन की सही स्थिति का पता लगाने के लिए उन्होंने रोबोटिक सर्वे कराये जाने के निर्देश दिये। उन्होंने कहा कि इस रूट पर सीवर लाइन के रेस्टोरेशन अथवा नवनिर्माण पर निर्णय होने के उपरान्त ही एल.एच.एस. में बी.सी. (बिटुमिनस कॉरपेट) का कार्य कराया जाये। दिल्ली रोड पर निरीक्षण के दौरान स्मार्ट सिटी अधिकारियों ने बताया कि बी.सी का कार्य तेजी से किया जा रहा है और एडवांस मशीनरी पी.टी.आर. का प्रयोग किया जा रहा है।

सीईओ संजय चौहान ने सभी कार्यो की गुणवत्ता पर जोर देते हुए कहा कि गुणवत्ता से कोई समझौता नहीं किया जायेगा। उन्होंने उसके लिए अधिकारियों को निगरानी बरतने के निर्देश दिये। निरीक्षण के दौरान डीजीएम सिविल दिनेश सिंघल, अधिशासी अभियंता अमरेंद्र गौतम व प्रोजेक्ट मैनेजर जितेंद्र सिंह आदि मौजूद रहे।

पुलिस ने चोर को दबोच चोरी का माल किया बरामद

अवधनामा संवाददाता

सहारनपुर। थाना सरसावा पुलिस ने 01 शातिर चोर को गिरफ्तार कर उसके कब्जे से एक मोबाईल फोन, 01 लेडीज पर्स व 1700 रुपये नगद बरामद किए है। गौरतलब रहे कि 22 अप्रैल को थाना सरसावा पर राघव मक्कड निवासी साहिब जी नगर, आईटीसीरोड, ने एक लिखित देकर अज्ञात चोर पर उसकी गाडी का शीशा तोडकर गाड़ी मे रखा एक मोबाईल, एक लेडीज पर्स व पैसे चोरी करने के सम्बन्ध में थाने पर मुकदमा पंजीकृत कराया था। सरसावा थानाध्यक्ष सत्येन्द्र कुमार राय के नेतृत्व में आज पुलिस टीम ने मुखबिर की सूचना पर अभियुक्त सरवन पुत्र देशराज निवासी ग्राम जलालपुर थाना सरसावा को नकुड रोड पर हाइवे पुल के पास से गिरफ्तार किया। जिसके कब्जे से चोरी गए 01 मोबाईल फोन, 01 लेडिज पर्स व 1700 रुपये नगद बरामद हुए। बरामदगी व गिरफ्तारी के आधार पर मुकदमे में धारा 411 भादवि की वृद्धि की गयी। पूछताछ करने पर गिरफ्तार अभियुक्त ने बताया कि वह नशा करने का आदि है और अपनी नशे की लत को पूरा करने के लिये उसने कुछ दिन पहले अंबाला सहारनपुर हाईवे पर मानव ढाबे के पास खड़ी एक कार का शीशा तोड़कर उसमें रखे 01 लेडिज पर्स, 01 सैमसंग मोबाईल फोन व 5000 रुपये चोरी किये थे, जिनमें से 3300 रुपये उसने खर्च कर दिए है। अभियुक्त को गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीम में उपनिरीक्षक रामवीर सिंह, हैड कांस्टेबल अजय राठी व कांस्टेबल विनित तोमर शामिल रहे।

नेत्रहीन दिव्यांग कृषक को डीएम ने किया सम्मानित

अवधनामा संवाददाता

सहारनपुर। जिलाधिकारी डॉ.दिनेश चन्द्र ने शामली-अंबाला हाईवे प्रकरण में कृषकों एवं राजस्व तथा एनएचएआई की टीम के बीच मध्यस्थता के लिए सराहनीय योगदान देने के साथ ही सामाजिक सक्रियता एवं जन सामान्य के प्रति कार्य करने के उत्साह के दृष्टिगत ग्राम बालू के नेत्रहीन कृषक सहसपाल का अंगवस्त्र प्रदान कर सम्मानित किया गया।

डॉ.दिनेश चन्द्र ने जनपद के कार्य हेतु प्रशासन का सहयोग करने के लिए सहसपाल का धन्यवाद दिया। उन्होने बताया कि कृषकों को दिये गये वादे के अनुसार आज फसलों के मुआवजे की कार्यवाही पूर्ण कर ली गयी है। कृषक सहसपाल ने जिलाधिकारी डॉ. दिनेश चन्द्र के व्यक्तित्व एवं कृतित्व की सराहना करते हुए कहा कि जिलाधिकारी का कृषकों के बीच पंहुचना और दिये गये आश्वासन को यथाशीघ्र पूर्ण करने पर खुशी व्यक्त करते हुए समस्त कृषक बंधुओं की ओर से आभार प्रकट किया। उन्होने शासन एवं प्रशासन के कार्य की प्रशंसा की।

निगम को लाभ देने वाले कूड़ा निस्तारण संयत्र का चयन करें: नगरायुक्त

- नगरायुक्त ने बेहट रोड स्थित कूड़ा निस्तारण केंद्र का किया निरीक्षण
- नगरायुक्त ने शहर की साफसफाई में और सुधार लाने के भी दिए निर्देश

अवधनामा संवाददाता

सहारनपुर। नगरायुक्त संजय चौहान ने निगम अधिकारियों के साथ आज बेहट रोड स्थित घुन्ना महेशरी में निर्माणाधीन कूड़ा निस्तारण केंद्र व शहर के कूड़ा कलेक्शन केंद्रों तथा एमआरएफ सेंटर का निरीक्षण किया और अधिकारियों को साफ सफाई तथा कार्य में सुधार के सम्बंध में निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि स्वच्छता सर्वेक्षण भी शुरु होने वाला है उसे ध्यान में रखकर भी तैयारियां की जाएं।

नगरायुक्त संजय चौहान आज दोपहर निगम अधिकारियों के साथ बेहट रोड स्थित घुन्ना महेशरी में नगर निगम द्वारा बनवाये जा रहे कूड़ा निस्तारण केंद्र पहुंचे और पूरे संयत्र का भ्रमण कर वहां मौजूद कार्यदायी संस्था सीएंडईएस के सहायक अभियंता से ट्रीटमेंट प्लांट, कलेक्शन प्लांट,कम्पोस्ट कलेक्शन शेड आदि की जानकारी ली। उन्होंने जानना चाहा कि बारिश के दौरान वहां एकत्रित कूड़े-कचरे से जो पानी निकलेगा उसके ट्रीटमेंट के लिए क्या व्यवस्था रखी जायेगी। लेकिन कार्यदायी संस्था के सहायक अभियंता पूरी जानकारी नहीं दे सके। इस पर उन्होंने अधिकारियों को सीएंडईएस के पीडी को ड्राइंग-डिजाइन सहित बुलाकर मिटिंग कराने के निर्देश दिए।

अधिकारियों ने नगरायुक्त को बताया कि उक्त स्थल पर संयंत्र लगाने का प्रस्ताव बीपीसीएल से प्राप्त हुआ है, अभी उनके द्वारा सर्वे किया जा रहा है। नगरायुक्त ने कहा कि कोई भी एजेंसी चाहे बायोडिजल प्लांट लगाये या वेस्ट एनर्जी प्लांट, लेकिन हमें वह तकनीक चुननी होगी जिससे निगम लाभान्वित हो सके। उन्होंने अधिकारियों को बीपीसीएल से उनके संयत्र के अलावा उनके रेवेन्यू मॉडल पर भी बात करने का सुझाव दिया।

इसके अलावा उन्होंने शहर के अनेक कूड़ा कलेक्शन सेंटरों तथा बेहट रोड पर एसडी कॉलेज के निकट एमआरएफ सेंटर का भी निरीक्षण किया। उन्होंने एमआरएफ सेंटर पर बिजली कनेक्शन अविलंब कराने के निर्देश दिए ताकि कूड़ा पृथक्करण के लिए सेंटर पर स्थापित मशीनों का सही उपयोग किया जा सके। नगरायुक्त ने कूड़ा कलेक्शन पर तैनात सफाई कर्मियों से भी कार्य की जानकारी ली। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि वे यह सुनिश्चित कराएं कि कार्य के दौरान सभी सफाई कर्मचारी निगम की डेउस में रहे। उन्होंने सफाई कार्य में और सुधार के आदेश दिए।

नगरायुक्त ने आज सुबह भी शहर में भ्रमण कर कूड़ा कलेक्शन सेंटरों व शहर की सफाई व्यवस्था का जायजा लिया। निरीक्षण के दौरान प्रशिक्षु आईएएस चलुवराजु आर, अपर नगरायुक्त एस के तिवारी, नगर स्वास्थय अधिकारी रमेश चंद गुप्ता, जेडएसओ राजीव चौधरी, मुख्य सफाई निरीक्षक चंद्रपाल व इंद्रपाल, कार्यदायी संस्था सीएंडईएस के सहायक अभियंता शांतिस्वरुप आदि मौजूद रहे।

अनियमिताएं पाए जाने पर प्रभारी को लगाई फटकार

उरई (जालौन) अवधनामा संवाददाता। प्रशासनिक अधिकारियों ने बीआरसी केंद्र का औचक निरीक्षण किया। इस दौरान कई कमियां पाए जाने पर ज़िम्मेदारों को फटकार लगाकर कार्यालय का रखरखाव तथा व्यवस्थाओं को चुस्त दुरुस्त करने के निर्देश दिए। उपजिलाधिकारी हेमंत पटेल, तहसीलदार अभिनव तिवारी, नायब तहसीलदार हरदीप रजत आदि अधिकारियों की मौजूदगी में प्रत्येक बिंदुओं में निरीक्षण किया गया। वहीं मतदाता पुनरीक्षण तथा सामग्रियों के रखरखाव में कमियां पाए जाने पर मौजूद प्रभारी शशांक कुमार को फटकार लगाकर व्यवस्थाओं को सही तरह से व्यवस्थित रखने हेतु कड़े निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि जो कमियां निरीक्षण के दौरान पाई गई हैं, उन कमियों को शीघ्र पूरा कर व्यवस्थाओं को चुस्त दुरुस्त करें।

ट्रैक्टर से गिरा मजदूर हुई मृत्यु

उरई (जालौन)। ट्रेक्टर से गिरकर एक मजदूर की असमय मृत्यु हो गई जिससे परिवार मे मातम छा गया। 2 मई को मृतक की बडी बेटी पूनम की शादी है। प्राप्त विवरण के अनुसार डालचन्द्र पुत्र स्व श्री राम उम्र 45 निवासी ग्राम डिकौली परगना माधौगढ मजदूरी करके अपना जीवन यापन करता था।वह ट्रैक्टर से जा रहा था कि अचानक वह ट्रैक्टर से गिर गये। घायलावस्था मे माधौगढ स्वास्थ्य केंद्र ले जाया गया हालत गंभीर होने पर चिकित्सको ने मेडिकल कालेज रिफ़र कर दिया।जहाँ ईलाज के दौरान उनकी मृत्यु हो गई। मृतक के चार सन्ताने है जिसमे बडी बेटी की दो मई को शादी है। परिवारी जनों का रो रो कर बुरा हाल है।परिवारीजनो ने शासन प्रशासन से ही मदद की गुहार लगाई है। थाना अध्यक्ष दिव्य प्रकाश तिवारी ने बताया कि मृतक की मृत्यु ट्रैक्टर से गिरने से हुई है।

आधा दर्जन ग्राम पंचायत भवनों में लटके ताले, ग्रामीण परेशान

अवधनामा संवाददाता

अमृतपुर फर्रुखाबाद। उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा ग्रामीण क्षेत्रों में विकास की गंगा बहाने के लिए तरह-तरह के उपाय किए जा रहे हैं। स्कूलों का निर्माण कराया गया सड़क बनवाई गई बिजली की व्यवस्था चुस्त की गई और सभी ग्राम पंचायतो में पानी की टंकियां बनवाई गई जो की सफेद हाथी साबित हो रही है। लेकिन इन्हीं ग्राम पंचायतो में सचिवों को ठहरने के लिए बेहतरीन पंचायत भवन लाखों रुपए की लागत से बनवाए गए जो कि आज धूल फ़ाक रहे हैं। ना तो इन पंचायत भवनों में कोई पंचायत सचिव ठहरता है और ना ही इनके ताले खुलते हैं और ना ही यहां पर किसी प्रकार की सुविधा ग्रामीणों को दी जाती है। विकासखंड राजेपुर के अंतर्गत आने वाली ग्राम पंचायतें अब पिछड़ती जा रही है और उनकी देखभाल करने वाला कोई नहीं है। ग्राम विकास अधिकारी ना तो समय से पहुंचते हैं और ना ही इन ग्राम पंचायत के बारे में कुछ नया करने का विचार ही करते हैं। राजेपुर विकासखंड में प्रत्येक हफ्ते ग्राम पंचायत अधिकारियों की मीटिंग बुलाई जाती है। और कागजी करनामें पूरे किए जाते हैं। ग्राम पंचायत सवासी के भवन की स्थिति इतनी दयनीय है कि यहां पंचायत भवन को गल्ला मंडी बना दिया गया है। ग्रामीणों का कई एक हजारों कुंतल के रूप में ग्राम पंचायत सवासी की पंचायत भवन के अंदर पड़ा हुआ है। पंचायत सहायक भी नहीं आ रहा है।और इस पंचायत भवन पर इन लोगों ने पूर्ण रूप से कब्जा कर रखा है। यहां के प्रधान प्रदीप कुशवाहा का कहना है कि यह गेहूं ग्रामीणों का पड़ा है। कुछ समय के बाद वह इसे उठा लेंगे। यही हाल ग्राम पंचायत तेरा अकबरपुर का है। जिसके अंदर और बाहर बालू के ढेर लगे हुए हैं। कार्य अधूरा है। इसके बारे में ग्राम प्रधान और सचिव लगातार सुस्ती दिखा रहे हैं। लापरवाही के चलते निर्माण कार्य अधर में लटका हुआ है। ऐसी स्थिति ग्राम पंचायत आंतर के पंचायत भवन की भी है। यहां पर हमेशा ताला लटका रहता है। अगर यहां के लर्निंग पॉइंट में कोई ग्रामीण अपना कार्य कराना चाहे तो उसे वापस लौटना पड़ता है। यहां के पंचायत सहायक इस समय अपने खेतों में कार्य कर रहे हैं। उनका कहना है कि जब वह फुर्सत में होंगे तभी ताला खोल पाएंगे। विकासखंड के पंचायत भवनों की स्थिति लगातार बिगड़ती जा रही है। ग्राम पंचायत कहडर के पंचायत भवन में भी ताला लटक कर अपनी शोभा बढ़ा रहा है। ग्राम पंचायत महमदगंज भी इन सब बातों से दूर नहीं है। ताले और दबंगों के कब्जे को लेकर जब एडीओ पंचायत अजीत पाठक से इस बारे में जानकारी की गई तो उन्होंने कहा कि इसकी उन्हें जानकारी नहीं है। अब इसकी जांच कराई जाएगी और अगर ऐसा कुछ पाया जाता है तो विधिक कार्रवाई की जाएगी। खंड विकास अधिकारी से संपर्क किया लेकिन उनका फोन किसी कारण वश रिसीव नहीं हो सका।

सवासी पंचायत भवन को बना दिया गल्ला मंडी

तीन अभियुक्त गिरफ्तार

फर्रुखाबाद अवधनामा संवाददाता। पुलिस अधीक्षक विकास कुमार के मार्गदर्शन अपर पुलिस अधीक्षक डा0 संजय सिंह व क्षेत्राधिकारी नगर प्रदीप कुमार के नेतृत्व में अपराध एवं अपराधियों के विरूद्ध चलाये जा रहे अभियान के तहत विपिन दीक्षित पुत्र राम विलास दीक्षित नि0 अम्बेडकर नगर थाना कादरीगेट,अमित कुमार शुक्ला पुत्र रामदत्त शुक्ला निवासी श्यानगर थाना कादरीगेट, जितेन्द्र अग्निहोत्री पुत्र विजय अग्निहोत्री निवासी ग्राम कछेलिया थाना पाली जनपद हरदोई को बुधवार को मसेनी चौराहा कैन्ट रोड थाना कादरीगेट से गिरफ्तार कर कार्यवाही की जा रही है। गिरफ्तार अभियुक्त विपिन दीक्षित पुत्र राम विलास दीक्षित नि0 अम्बेडकर नगर थाना कादरीगेट ,अमित कुमार शुक्ला पुत्र रामदत्त शुक्ला निवासी श्यानगर थाना कादरीगेट, जितेन्द्र अग्निहोत्री पुत्र विजय अग्निहोत्री निवासी ग्राम कछेलिया थाना पाली जनपद हरदोई विवेचना क्षेत्राधिकारी प्रदीप सिंह द्वारा की जा रही है द्य पूछताछ के दौरान अभियुक्त द्वारा बताया गया कि वह प्राइवेट बस का संचालन करते है 28 अप्रैल 2024 को बस स्टैण्ड फर्रुखाबाद के सामने से बस में सवारियां भर रहे थे तभी मौके पर बस स्टैण्ड प्रभारी जितेन्द्र सिंह द्वारा सवारियां भरने का विरोध किया था और वीडियो बनाने लगे तो लोगो को गुस्सा आ गया था और गाली गलौज कर जाति सूचक शब्दो का प्रयोग करते हुए उनके साथ मारपीट कर दी थी और बस में डालकर ले गये थे। गिरफ्तार करने वाली थाना कादरीगेट पुलिस टीम में प्र0नि0 अवध नारायण पाण्डेय का0 गौरव कुमार ,का0 अनुज कुमार का0 संजय कुमार चालक मौजूद रहे।

रोड शो रवाना करते कांग्रेस व सहयोगी दलों के नेता

अवधनामा संवाददाता

रोड शो कर वीरेंद्र चौधरी ने दिखाया दम

सत्ता के लिए मोदी ने लगा दी अपने ही नागरिकों के जान की बाजी : वीरेंद्र

महराजगंज। लोकसभा के इंडिया एलायंस उम्मीदवार व कांग्रेस विधायक वीरेंद्र चौधरी ने बुधवार को सैकड़ों चौपहिया वाहनों के साथ रोड शो कर अपनी दमदार उपस्थिति का एहसास कराया। वीरेंद्र चौधरी का रोड शो फरेंदा महराजगंज रोड पर स्थिति महादेवा चौराहे से सुबह करीब नौ बजे प्रारंभ हुआ। काफिले में एक बस लोगों के आकर्षण का केंद्र था जिस पर कांग्रेस,गठबंधन दलों के नेताओं और उम्मीदवार वीरेंद्र चौधरी की ब्रांडिंग की हुई थी। करीब पांच सौ चौपहिया वाहनों का रोड शो कांग्रेस और सपा के झंडे से पटा हुआ था। इस दौरान कांग्रेस,सपा और आम आदमी पार्टी के तमाम बड़े नेता व प्रदेश स्तरीय पदाधिकारी मौजूद थे।

लोकसभा उम्मीदवार वीरेंद्र चौधरी ने इस रोड शो का नाम जन आशीर्वाद यात्रा दे रखा था। उन्होंने कहा कि इस रोड शो का मक्शद देवतुल्य मतदाता बंधुओं से आशीर्वाद व समर्थन का अनुरोध करना था। उन्होंने कहा कि भाजपा शासन के एक एक कारनामें हर रोज उजागर हो रहे हैं। कोरोना काल में जिस टीके का ढोल नगाड़ा पीट कर ढिंढोरा पीटा गया,उस टीका को बनाने वाली कंपनी ने कबूला है कि उसके बनाए टीके से हार्ट अटैक जैसी जानलेवा बीमारी हो सकती है। इस टीका को बनाने वाली कंपनी से करोड़ों रूपए का इलेक्टोरल बांड मोदी जी ने ले रखा है। उन्होंने कहा पैसा और सत्ता के लिए अपने ही देश के नागरिकों की जान के साथ खिलवाड़ करने वाली दुनिया की ऐसी पहली सरकार है जो भारत की मोदी सरकार है। वीरेंद्र चौधरी ने कहा बार बार नारी शक्ति,नारी बंदन की बात करने वाले मोदी की हकीकत यह है कि सत्ता और सरकार के लिए उन्होंने कर्नाटक में ऐसी पार्टी से गलबहियां कर ली जिसका सांसद एक दो नहीं हजारों युवतियों के यौन शौषण का गुनहगार है। उन्होंने कहा कि अभी कुछ ही दिन पहले उन्होंने उस दुराचारी के साथ मंच साझा की और उसके लिए वोट की अपील की। कहा कि दुराचार का आरोपी एक पूर्व प्रधानमंत्री के पोते उज्ज्वल रेवन्ना की हकीकत सामने आने पर उसे बड़े आराम से जर्मन भाग जाने दिया गया। महादेवा से प्रारंभ रोड शो मुजुरी, परतावल, बभनौली, सिसवा,निचलौल,ठूठी बारी होते हुए फरेंदा कस्बे में स्थिति अंबेडकर तिराहे पर समाप्त हुआ। इस दौरान कांग्रेस जिला अध्यक्ष शरद सिंह, सपा जिलाध्यक्ष विद्यासागर यादव, निर्देश मंगल, आम आदमी पार्टी के पशुपति नाथ गुप्ता, संतोष श्रीवास्तव, प्रणय गौतम, राहुल शर्मा, डा रामनरायन चौरसिया,पीसीसी मेंबर विजय सिंह, पूर्व चेयर मैन जय प्रकाश लाल, पूर्व जिला पंचायत सदस्य राम प्यारे प्रसाद एडवोकेट सुधेश मोहन,नूर आलम,सिकंदर आलम, विनोद सिंह, पूर्व विधायक श्री पत आजाद, पूर्व विधायक सुदामा प्रसाद, बिंद्रेश कनौजिया, रणंजय सिंह विजय सिंह सहित कांग्रेस व गठबंधन दलों के हजारों कार्यकर्ता मौजूद थे।

विवि टॉप करने पर गोल्ड मेडल से नवाजे गए तौकीर व नीलम

एसएमबीएल पीजी कालेज मथौली के मेधावी छात्र तौकीर उर्दू में तो नीलम गृह विज्ञान विषय में किया है टॉप

गोल्ड मेडल पहनाकर सम्मानित करती विश्वविद्यालय की कुलपति प्रो पूनम पंत

मेडल प्राप्त करने बाद विद्यालय के प्रबंधक व प्राचार्य के साथ दोनो मेधावी

अवधनामा संवाददाता

मथौली बाजार, कुशीनगर। श्री मुरलीधर भागवत लाल पीजी कालेज के दो मेधावी छात्रों के द्वारा विश्वविद्यालय टॉप करने पर राज्यपाल उ.प्र. व विश्वविद्यालय की कुलपति ने गोल्ड मेडल से सम्मानित किया है। दोनों छात्रों के इस उपलब्धि पर विद्यालय के निदेशक डॉ राज श्रीवास्तव व प्राचार्य अरुण कुमार श्रीवास्तव ने बधाई देते हुए आगे बढ़ने की शुभकामनाएं दिया। दी.द. गो.वि.वि. गोरखपुर के स्थापना दिवस के शुभ अवसर पर उत्तर प्रदेश की राज्यपाल श्रीमती आनंदी बेन पटेल के ऑनलाइन उपस्थिति के मध्य विश्विद्यालय की कुलपति प्रो पूनम पंत ने नीलम मद्धेशिया को एम ए स्तर पर गृह विज्ञान विषय व तौकीर अहमद को उर्दू विषय में विश्वविद्यालय टॉप करने दीक्षा भवन में गोल्ड मेडल व प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर प्रसिद्ध साहित्यकार प्रो विश्वनाथ तिवारी, गोरखपुर के महापौर डॉ मंगलेश श्रीवास्तव, एशप्रा के निदेशक, गैलेंट सरिया के निदेशक, कुलसचिव इत्यादि उपस्थित थे। इस उपलब्धि पर महाविद्यालय के निदेशक प्रबंधक डॉ राजेंद्र कुमार श्रीवास्तव, प्राचार्य डॉ अरुण कुमार श्रीवास्तव, उप प्राचार्य शकील अफगन, रमेश यादव, अभय सिंह, डॉ फरीद, सुधीर चौहान, रजनीश पांडेय, मांडवी श्रीवास्तव, फरीदा, माला यादव, प्रियंका पांडेय, अशोक कुमार, सत्यप्रकाश, जितेंद्र, सौरभ पांडे सहित क्षेत्र के जनप्रतिनिधियों ने इत्यादि ने बधाई देते हुए इन छात्रों के उज्ज्वल भविष्य की कामना किए।

चोरी व नकबजनी करने वाले गैंग के 13 सदस्यों पर कप्तानगंज पुलिस ने की गैंगेस्टर एक्ट में कार्रवाई

कप्तानगंज, कुशीनगर अवधनामा संवाददाता। कप्तानगंज थाना क्षेत्र में चोरी व नकबजनी की घटना को अंजाम देने वाले 13 अभियुक्तों को पुलिस ने बुधवार को गैंगस्टर एक्ट में कार्यवाई की है। इन अभियुक्तों के खिलाफ विभिन्न थाना क्षेत्र में एक दर्जन से ज्यादा मुकदमा पंजीकृत है। एसपी धवल जायसवाल के निर्देशन में जनपद कुशीनगर में कानून व्यवस्था को और सुदृढ़ बनाए जाने व अपराध एवं अपराधियों पर अंकुश लगाए जाने हेतु चलाए जा रहे अभियान के क्रम में बुधवार को थाना कप्तानगंज पुलिस द्वारा चोरी व नकबजनी करने वाले गैंग के कुल 13 अभियुक्तों अर्जुन राजभर पुत्र उत्तीम राजभर निवासी मोहनपट्टी थाना महुआडीह जनपद देवरिया गैंग लीडर, संदीप कुशवाहा पुत्र भरत कुशवाहा निवासी कोटवा बसावन टोला थाना महुआडीह जनपद देवरिया, करन भारती पुत्र संतोष भारती निवासी न0पं0 सुकरौली थाना कोतवाली हाटा जनपद कुशीनगर, अजीत यादव पुत्र रामनिवास यादव निवासी नौतनडीहा थाना महुआडीह जनपद देवरिया, संतोष शर्मा पुत्र शिवशंकर शर्मा निवासी मुण्डेरा चन्द हेतिमपुर थाना महुआडीह जनपद देवरिया, सुजीत कुमार पासवान पुत्र बद्री पासवान निवासी मोहनपट्टी नौतन हथियागढ़ थाना महुआडीह जनपद देवरिया, आदित्य गोड़ उर्फ धनराज गोड़ पुत्र लाल बिहारी गोड़ निवासी सहोदर पट्टी थाना महुआडीह जनपद देवरिया, शैलेश सिंह उर्फ रतन सिंह पुत्र दरोगा सिंह निवासी सहोदर पट्टी थाना महुआडीह जनपद देवरिया, दीपक पटेल पुत्र लोरिक पटेल निवासी कोटवा बसवावन टोला थाना महुआडीह जनपद देवरिया, अतीश कुमार यादव पुत्र इन्दल यादव निवासी गोरया घाट थाना रामपुर कारखाना जनपद देवरिया, हेमंत कुमार जयसवाल पुत्र सतीश जायसवाल निवासी मिश्री मुण्डेरा थाना रामपुर कारखाना जनपद देवरिया, सत्येन्द्र कुमार पुत्र स्व. जयलाल गोड़ निवासी सुबिखर थाना खुखुन्दू जनपद देवरिया व रंजीत भारती पुत्र रामवृक्ष प्रसाद निवासी भीमपुर थाना कोतवाली देवरिया जनपद देवरिया के विरूद्ध गैंगेस्टर एक्ट की कार्यवाही कर मु.अ.सं. 199/2024 धारा 3 (1) उ.प्र. गैंगेस्टर एक्ट में थाना स्थानीय पर पंजीकृत कर आवश्यक अग्रिम विधिक कार्यवाही की जा रही है।

इंडिया गठबंधन के सपा प्रत्याशी रविदास मल्होत्रा ने किया नामांकन

लखनऊ अवधनामा संवाददाता। आज समाजवादी पार्टी के लखनऊ ससदीय सीट से इंडिया गठबंधन के प्रत्याशी रविदास मेहरोत्रा ने भारी संख्या में जलूस निकाल कर नामांकन किया। इससे पहले समाजवादी पार्टी के प्रदेश कार्यालय पर रविदास मेहरोत्रा का कार्यकर्ताओं ने जोरदार स्वागत किया। इसके बाद सपा प्रत्याशी रविदास मेहरोत्रा नामांकन के लिए जुलूस यात्रा में शामिल हुए। उनके साथ समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय सचिव राजेंद्र चौधरी समेत कांग्रेस और आम आदमी पार्टी के नेता भी मौजूद रहे। नामांकन जुलूस समाजवादी पार्टी कार्यालय से राजभवन, हजरतगंज, लालबाग, केसरबाग होते हुए जिला अधिकारी कार्यालय पंहुचा। जहां रविदास मेहरोत्रा ने लखनऊ लोकसभा सीट से अपना नामांकन पत्र दाखिल किया। नामांकन जुलूस में भारी संख्या में समाजवादी पार्टी के नेता और कार्यकर्ता शामिल हुए। इसके अलावा इंडिया गठबंधन के कांग्रेस, आम आदमी पार्टी, लोकदल और भाकपा के कार्यकर्ता भी जुलूस में शामिल रहे। इस दौरान कार्यकर्ताओं ने अखिलेश यादव, समाजवादी पार्टी, राहुल गांधी, कांग्रेस, इंडिया गठबंधन और सपा प्रत्याशी रविदास मेहरोत्रा के जमकर नारे लगाए। इस दौरान रविदास मेहरोत्रा ने भाजपा पर जमकर निशाना साधा। उन्होंने कहा, रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह के चेहरे पर वोट नहीं मिलने वाला था इसलिए वह अपने साथ दो राज्यों के मुख्यमंत्री और दो उपमुख्यमंत्री लेकर नामांकन करने पहुंचे थे। 2022 विधानसभा चुनाव में उपमुख्यमंत्री बृजेश पाठक हार के डर से मध्य सीट छोड़कर कैंट सीट पर चले गए थे। अगर हम इस बार राजनाथ सिंह से पहले नामांकन दाखिल कर देते तो राजनाथ दूसरे जगह से चुनाव लड़ते।

सर सैयद की प्रासंगिकता पर प्रो. शाफे किदवई का व्याख्यान

अलीगढ। अलीगढ मुस्लिम विश्वविद्यालय के फ़ारसी विभाग द्वारा 'समकालीन समय में सर सैयद की प्रासंगिकता' विषय पर आयोजित व्याख्यान को संबोधित करते हुए प्रसिद्ध विद्वान, लेखक और सर सैयद अकादमी, एएमयू के निदेशक, प्रोफेसर शाफ़े किदवई (जनसंचार विभाग) ने सर सैयद की प्रासंगिकता को रेखांकित करते हुए कहा कि सर सैयद के विचार आज भी उतने ही महत्वपूर्ण हैं जितने उनके समय में थे। उन्होंने कहा कि सर सैयद लेखन के माध्यम से विरोध करने में विश्वास करते थे, न कि किसी जबरदस्ती के माध्यम से, और यही कारण है कि उन्होंने इंग्लैंड की यात्रा करने और विलियम मुइर द्वारा पैगंबर मोहम्मद के जीवन पर लिखी गई किताब के जवाब में खुतबाते अहमदिया किताब लिखने के लिए इतना कष्ट उठाया। सर सैयद ने हमेशा लोगों से आग्रह किया कि वे किसी मुद्दे पर तर्कों और सबूतों के साथ बहस करें न कि अपने प्रतिद्वंद्वी को अहिंसक तरीके से जवाब दें। प्रोफेसर किदवई ने कहा कि सर सैयद ने कभी भी महिला शिक्षा के खिलाफ नहीं लिखा।

बड़े दानदाताओं को सम्मानित करने के साथ-साथ विभिन्न प्रचार माध्यमों से उनके योगदान को प्रचारित कराया जाये

अवधनामा संवाददाता

देवरिया। जिलाधिकारी अखण्ड प्रताप सिंह की अध्यक्षता में जनपद में संचालित गो आश्रय स्थलों में मूलभूत आवश्यकताओं यथा लू-प्रकोप, भूसा संग्रहण, एसएफसी पूलिंग, हरा चारा के क्रियान्वयन एवं अनुश्रवण हेतु बैठक आहूत की गयीं। बैठक में जिलाधिकारी द्वारा भूसा संग्रहण (भूसा क्रय एवं दान), ग्रीष्म ऋतु एवं लू प्रकोप के दृष्टिगत मूलभूत आवश्यकताएँ, एस0एफ0सी0 पूलिंग द्वारा लक्ष्य के सापेक्ष संचित धनराशि एवं व्यय, डी0बी0टी0 के माध्यम से मुख्यमंत्री सहभागिता योजना के लाभार्थियों का फण्ड रिक्वेस्ट, चारागाह की भूमि पर नेपिवर घास / हरा चारा उत्पादन, वृहद गो सरंक्षण का निर्माण तथा नवीन वृहद गो संरक्षण हेतु भूमि का प्रस्ताव तथा तहसील रूद्रपुर एवं बरहज में कैटल कैचर क्रय करने की समीक्षा की गयी तथा आवश्यक दिशा-निर्देश दिये गये। जिलाधिकारी द्वारा राजस्व विभाग, समस्त एस0डी0एम0 तथा तहसीलदार को निर्देशित किया गया की प्रत्येक तहसील 1000 कुन्तल (कुल 5000 कु0), पुलिस विभाग से 2200 कुन्तल (प्रति थाना 100 कु0), विकास विभाग को 3200 कुन्तल (प्रत्येक ब्लाक से 200 कुन्तल भूसा) भूसा दान से संग्रह करते हुए एक सप्ताह के भीतर जनपद को आवंटित लक्ष्य के सापेक्ष शत-प्रतिशत पूर्ति करने हेतु निर्देशित किया गया। भूसा संग्रहण हेतु प्रत्येक ग्राम पंचायत में ग्राम प्रधान के नेतृत्व में समिति गठित करने जिसमें ग्राम पंचायत सचिव, लेखपाल एवं पुलिस विभाग के सहयोग से भूसा दान प्राप्त करते हुए अधिकाधिक दान प्राप्त करेंगे। इस हेतु सम्बन्धित राजस्व निरीक्षक क्षेत्र के प्रभारी अधिकारी होंगे। जिलाधिकारी द्वारा निर्देशित किया गया कि उप जिलाधिकारी, तहसीलदार, खण्ड विकास अधिकारी स्वयं किसानों से सम्पर्क कर भूसा दान में प्राप्त करें और उनको सम्मानित करें। बड़े दानदाताओं को सम्मानित करने के साथ-साथ विभिन्न प्रचार माध्यमों से उनके योगदान को प्रचारित कराया जाय, जिससे अन्य लोग प्रेरणा प्राप्त कर भूसा दान हेतु अग्रसर हो सकें। स्थानीय स्तर पर व्यापार मण्डल, उद्यमियों एवं समाज सेवियों से भी सम्पर्क कर उन्हें गोवंश के लिए भूसा दान हेतु प्रेरित किया जाय तथा गो आश्रय स्थलों पर भूसा बैंक बनाकर संग्रहित किया जाये। जिलाधिकारी द्वारा अस्थाई गो आश्रय स्थल हरपुर कला, विकास खण्ड रामपुर कारखाना में बिजली की व्यवस्था करने हेतु सम्बन्धित खण्ड विकास अधिकारी को निर्देशित किया गया।

17 मई को नाम वापसी की तिथि निर्धारित

देवरिया। जिला निर्वाचन अधिकारी/जिलाधिकारी अखंड प्रताप सिंह ने बताया है कि भारत निर्वाचन आयोग द्वारा लोक सभा सामान्य निर्वाचन-2024 के सप्तम चरण में सम्पन्न होने वाले लोक सभा निर्वाचन क्षेत्रों के लिये घोषित निर्वाचन कार्यक्रम के अनुसार जनपद में अवस्थित 66-देवरिया लोक सभा निर्वाचन क्षेत्र के लिये निर्वाचन कार्यक्रम नियत किया गया है। निर्वाचन की अधिसूचना का दिनांक 07 मई, नाम निर्देशन हेतु अन्तिम तिथि 14 मई, नाम निर्देशन की जांच 15 मई, 17 मई को नाम वापसी, मतदान 01 जून, मतगणना 04 जून तथा वह दिनांक जिसके पूर्व निर्वाचन पूर्ण कर लिया जाएगा 06 जून निर्धारित किया गया है। अभ्यर्थिता वापिस लेने के लिए निर्धारित समय समाप्त होने के तत्काल बाद प्रतीक आवंटन होगा। नामनिर्देशन संबंधी समस्त कार्य कलेक्ट्रेट देवरिया अवस्थित 66-देवरिया लोक सभा निर्वाचन क्षेत्र के रिटर्निंग अफिसर के कार्यालय-न्यायालय जिलाधिकारी, देवरिया के कक्ष सं0-05 में पूर्वाह्न 11 बजे से 03 बजे अपराह्न तक सम्पन्न होगा।

लोकसभा निर्वाचन को लेकर डीएम ने निर्वाचन प्रभारी अधिकारियों के साथ की समीक्षा

अवधनामा संवाददाता

फर्रूखाबाद। लोकसभा सामान्य निर्वाचन 2024 के दृष्टिगत कलेक्ट्रेट सभागार में जिलाधिकारी डॉ0 वी0के0सिंह की अध्यक्षता में निर्वाचन के लिए लगाए गए विभिन्न प्रभारी अधिकारियों के साथ समीक्षा बैठक सम्पन्न हुई। बैठक में अपर जिलाधिकारी ने बताया कि बूथ लेवल पर बुलावा टोली बनाई गई है, हर बूथ पर एक ई रिक्शा बुलावा टोली को दिया जाएगा , जनजागरूकता के लिये एक एप विकसित किया गया है जो कि far-rukhabad .nic.in से डाउनलोड किया जा सकता है जिसमे बी एल ओ के नंबर व बूथ संख्या भी उपलब्ध है सभी स्पेशल पोलिंग बूथों के लिए पोलिंग पार्टियो का गठन हो गया है जिलाधिकारी द्वारा निर्देशित किया गया कि सभी बूथों पर ओ आर एस का घोल व मेडिकल किट उपलब्ध रहे सभी बूथों पर पर्याप्त संख्या में कुर्सियों की ब्यवस्था हो महिलाओं व दिव्यांग वोटर्स की लाइनें अलग से बनाई जाए सभी बूथों पर पंखों की व्यवस्था की जाये सभी मतदाता पर्चियों का वितरण 05 मई तक हो जाये व उसकी क्रॉस चेकिंग भी की जाये अधिशासी अभियंता विधुत को निर्देशित किया कि 12 व 13 मई को जिले में कोई भी विजली कटौती न की जाये, बैठक में मुख्य विकास अधिकारी, अपर जिलाधिकारी व संवंधित अधिकारी मौजूद रहे।

स्वामी विवेकानन्द के आदर्शों पर चल रहा रामकृष्ण मिशन

अवधनामा संवाददाता

लखनऊ। रामकृष्ण मिशन का 127वाँ स्थापना दिवस बडे ही हर्षोल्लास के साथ रामकृष्ण मठ, निराला नगर, लखनऊ के श्री रामकृष्ण मन्दिर के प्रेक्षागृह में मनाया गया। कार्यक्रम की शुरूआत रामकृष्ण मिशन सेवाश्रम, लखनऊ के स्वामी इष्टकृपानन्द जी के नेतृत्व में वैदिक मन्त्रोंचारण के साथ मंच पर उपस्थित गणमान्य अतिथियों द्वारा दीप प्रज्जलन करके हुआ। रामकृष्ण मिशन सेवाश्रम के प्रबन्धक समिति के अध्यक्ष श्री अमोद गुजराज जी ने समारोह में आये हुये भक्तगणों, सन्यासियों एवं अतिथियां का स्वागत किया।

रामकृष्ण मिशन सेवाश्रम, लखनऊ के स्वामी रमाधीशानन्द ने 01 मई 1987 को हुई इस घटना के इतिहास व स्वामी विवेकानन्द के 'वाणी व रचना' से पाठ किया। उत्तर प्रदेश एवं उत्तराखण्ड रामकृष्ण-विवेकानन्द भाव प्रचार परिषद के पूर्व संयोजक डॉ0 हीरा सिंह स्थापना दिवस की शुभकामना देते हुए अपने सम्बोधन में बताया कि रामकृष्ण मिशन सेवाश्रम अपनी स्थापना से लेकर आज तक गरीब, पिछड़े वर्गो एवं आम जनता के सहायता अनवरत रूप से कर रहा है साथ ही साथ शिक्षा एवं आध्यात्म के क्षेत्र में विभिन्न प्रकार के कार्यक्रम निरन्तर रूप से कर रहा है ताकि उनका उत्थान किया जा सके।

रामकृष्ण मिशन सेवाश्रम, लखनऊ के सचिव, स्वामी मुक्तिनाथानन्द महाराज ने अपने अध्यक्षीय सम्बोधन* देते हुए कहा कि रामकृष्ण मिशन एक ऐसा अनूठा संगठन है जो गृहस्थ भक्तों एवं सन्यासीयों की मिलन क्षेत्र है ताकि सब मिलकर साथ-साथ ईश्वर की उपासना तथा मनुष्यों की सेवा कर सके। श्रीरामकृष्ण एक ही साथ एक आर्दश गृहस्थ तथा आर्दश सन्यासी थे। रामकृष्ण संघ उन्हीं का एक विराट शरीर है। अतः यह संगठन भी अनुरूप है। धन्यवाद ज्ञापन रामकृष्ण मिशन सेवाश्रम के प्रबन्धकारिणी के उपाध्यक्ष किरोन चोपड़ा ने रामकृष्ण मिशन की 127वीं स्थापना दिवस के लिए शुभकामनायें एवं बधाईया दी और मिशन से जुडे हुये सन्तजनों के इस अनुकरणीय कार्य के लिये भूरि-भूरि प्रशंसा की। कार्यक्रम का समापन में रामकृष्ण मिशन सेवाश्रम, लखनऊ के स्वामी पारगानन्द ने मधुर संगीत की प्रस्तुति दी जिससे उपस्थित भक्त मंत्रमुग्ध हो गये। तत्पश्चात प्रसाद का वितरण उपस्थित भक्तगणों के मध्य किया गया।

रोड एक्सीडेंट में तीन की मौत

गाजीपुर। सैदपुर थाना क्षेत्र में सड़क हादसे में गर्भवती महिला समेत दो की मौत हो गई । जबकि तीन लोग घायल हो गए। घायलों की हालत नाजुक देख चिकित्सक ने प्राथमिक इलाज के बाद वाराणसी रेफर कर दिया। उधर, बाइकों की भिड़ंत में वृद्ध की मौत हो गई। पहली घटना मंगलवार की रात करीब 11 बजे फोरलेन पर जौहरगंज बाईपास के पास हुई। गाजीपुर से वाराणसी जा रही कार अनियंत्रित होकर सड़क किनारे पलट गई। दुर्घटना में कार में सवार वाराणसी के पक्की बाजार कचहरी मकबूल आलम रोड निवासी महताब (45) की मौत हो गई । उनका साथी शनि घायल हो गया। दोनों घायलों को तत्काल सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र ले आया गया। घायल शनि की हालत गंभीर देख वाराणसी रेफर कर दिया गया। महताब की मौत की सूचना पर बिलखते हुए स्वजन सीएचसी पहुंचे। वह गाड़ी चलता था। उसकी पत्नी रानी व तीन बच्चे है। दूसरी घटना बुधवार की सुबह पियरी बाजार में हुई। भुड़कुड़ा थाना क्षेत्र के परसुपुर चौरा (बूढ़ानपुर) निवासी अनिल कुमार (32) अपनी गर्भवती पत्नी कंचन (28) को पियरी गांव स्थित मायका लेने आया था।

अयोध्या पहुंची राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू किया पूजन अर्चन

अवधनामा संवाददाता

अयोध्या। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू बुधवार को महर्षि बाल्मीकि एयरपोर्ट पुहुंची। जहां प्रदेश की राज्यपाल आनंदी बेन पटेल ने उनका स्वागत किया। एयरपोर्ट से राष्ट्रपति सीधे हनुमानगढ़ी पहुंची, जहां उन्होंने बजरंगबली का पूजन-अर्चन किया और आरती कर आशीर्वाद लिया। इस दौरान एयरपोर्ट से लेकर अयोध्या धाम तक सुरक्षा के कड़े इंतजाम किए गए हैं। जगह-जगह आवागमन रोका गया है। पूर्व निर्धारित कार्यक्रम के तहत राष्ट्रपति मुर्मू सबसे पहले हनुमानगढ़ी पहुंचीं और दर्शन-पूजन किया। अयोध्या के नवनिर्मित राम मंदिर में यह उनकी पहली यात्रा है, जिसका प्राण प्रतिष्ठा समारोह 22 जनवरी को आयोजित किया गया था। राष्ट्रपति भवन द्वारा जारी एक बयान के अनुसार, ''अयोध्या प्रवास के दौरान राष्ट्रपति श्री हनुमान गढ़ी मंदिर, प्रभु श्री राम मंदिर और

पूजन-अर्चन करती राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू

कुबेर टीला में दर्शन व आरती करेंगी। वह सरयू पूजन और आरती भी करेंगी।

राष्ट्रपति ने उतारी सरयू की आरती, 2100 बाती से किया पूजन

राष्ट्रपति द्रोपदी मुर्मू इस समय अयोध्या में हैं,जहाँ उन्होंने हनुमानगढ़ी में दर्शन-पूजन किया। राष्ट्रपति ने बजरंगबली से प्रार्थना कर सभी के जीवन को खुशहाल रखने की कामना की। राष्ट्रपति सरयू तट पर पहुँची, जहाँ उन्होंने 2100 बाती के दीपकों से आरती के कार्यक्रम में शिरकत की। यहाँ राष्ट्रपति ने सरयू नदी का विधि-विधान से पूजन भी किया।

नामांकन और रोड शो में शामिल होने के लिए भाजपा युवा कार्यकर्ताओं ने भरी हुंकार

बीकापुर-अयोध्या,अवधनामा संवाददाता। भाजपा प्रत्याशी लल्लू सिंह के नामांकन जुलूस में शामिल होने के लिए विधानसभा बीकापुर के काफी संख्या में भाजपा युवा मोर्चा कार्यकर्ता बुधवार को जिला अध्यक्ष सुनील मिश्रा की अगुवाई में हुंकार भरते हुए जोस से लवरेज दिखाई पड़े। बीकापुर कस्बे में संचालित भाजपा कार्यालय से सुबह बाइक रैली निकाल कर भाजपा कार्यकर्ता और युवा भाजपा प्रत्याशी लल्लू सिंह के नामांकन और रोड शो में शामिल होने के लिए रवाना हुए हुए। चुनाव प्रभारी एवं नगर पंचायत अध्यक्ष राकेश पांडे राना, मंडल अध्यक्ष अनिल उपाध्याय, युवा मोर्चा जिला महामंत्री भरत जी श्रीवास्तव, इंजीनियर शिवम सिंह, अभिषेक गुप्ता, ब्लॉक प्रमुख दिनेश वर्मा, प्रधान संघ के जिला सचिव मुकुल आनंद, गौरव गुप्ता, नीरज गुप्ता अशोक कसौधन, शिवकुमार बैशय, सुनील कुमार श्रीवास्तव एडवोकेट, जमशेद खान, शिवकुमार सिंह, पवन चौरसिया, पंकज सोनी, रामबचन वर्मा, मेवा लाल वर्मा, राम सहाय निषाद, राजकुमार वर्मा, शत्रुघ्न वर्मा, इंद्रसेन सिंह के साथ काफी तादात में कार्यकर्ता एवं पदाधिकारी मौजूद रहे।

इंडिया गठबंधन के कांग्रेस प्रत्याशी ने किया नामांकन, श्रमिक दिवस पर मजदूरों से किया वादा

अवधनामा संवाददाता

बाराबंकी। इंडिया गठबंधन के कांग्रेस प्रत्याशी तनुज पुनिया ने आज सिविल लाइन स्थित पूर्व केंद्रीय मंत्री श्रीमती मोहसिना किद्वाई के आवास से चलकर जिला कलेक्ट्रेट कचहरी पहुंचकर तीन सेट में अपना नामांकन दाखिल किया।

नामांकन के पूर्व इंडिया गठबंधन के प्रत्याशी तनुज पुनिया ने धनोखर हनुमान मंदिर पर पहुंचकर दर्शन किया तथा धनोखर चौराहे पर स्थित राम सेवक यादव की मूर्ति पर माला पहनाया। वहां से चलकर तनुज पुनिया ने मोहनलाल डिग्री कॉलेज पहुंचकर पूर्व केंद्रीय मंत्री बाबू बेनी प्रसाद वर्मा की मूर्ति पर वहां से अंबेडकर छात्रावास पहुंचकर बाबा साहब भीमराव अंबेडकर के प्रतिमा पर, पटेल तिराहा पहुंचकर सरदार बल्लभ भाई पटेल की प्रतिमा पर, गांधी भवन पहुंचकर राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की प्रतिमा पर, छाया चौराहा पहुंचकर बाबा साहब, राम सेवक यादव,

सुभाष चंद्र बोस बाबू जगजीवन दास की प्रतिमा को नमन कर मार्ल्यापण किया। तदोपरान्त 1 मई को मजदूर दिवस के अवसर पर छाया चौराहे पर लगने वाली दिहाड़ी मंडी में एक-एक श्रमिक से व्यक्तिगत रूप से मिलकर इंडिया गठबंधन के पक्ष में मतदान करने और भाजपा की जालिम सरकार को हटाने का अनुरोध किया। इस अवसर पर तनुज पुनिया ने श्रमिकों को विश्वास दिलाया कि इंडिया गठबंधन की सरकार बनते ही कांग्रेस पार्टी प्रतिदिन 400 रूपये न्यूनतम राष्ट्रीय वेतन की गारंटी देगी। प्रत्याशी तनुज पुनिया ने अपने पिता पूर्व सांसद डा0 पी0एल0 पुनिया, पूर्व सांसद राम सागर रावत, विधायक धर्मराज सिंह उर्फ सुरेश यादव, पूर्व मंत्री नकुल दूबे, नसीमुद्दीन सिद्दीकी, पूर्व मंत्री विधायक फरीद महफूज किद्वाई समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय सचिव पूर्व मंत्री अरविन्द सिंह गोप पूर्व विधायक राममगन रावत, राम गोपाल रावत, रतनलाल, पूर्व विधायक सरवर अली खान, पूर्व एमएलसी अरविन्द यादव, पूर्व प्रमुख हरख सुरेंद्र वर्मा, पूर्व मंत्री संग्राम सिंह वर्मा के राजनैतिक सलाहकार दिनेश वैश्य, समाजवादी पार्टी के जिलाध्यक्ष हाफिज अयाज, कांग्रेस अध्यक्ष मो0 मोहसिन, नईम सिद्दीकी, शाहना सिद्दीकी, धर्मेन्द्र चौधरी के साथ पर्चा दाखिल किया।

परिवार पालन को करते थे चोरी 5 शातिर गिरफ्तार नगदी आभूषण वाहन बरामद

अवधनामा संवाददाता

बाराबंकी। स्वाट व सर्विलांस व थाना फतेहपुर पुलिस टीम ने चोरी की विभिन्न घटनाओं का सफल अनावरण कर 05 शातिर चोरों को गिरफ्तार किया है। इनके कब्जे/निशांदेही पर भारी मात्रा में चोरी के आभूषण, नकदी, मोबाइल फोन, 03 वाहन व तमंचा भी बरामद किया गया। अपर पुलिस अधीक्षक उत्तरी चिरंजीव नाथ सिन्हा ने बताया कि स्वाट/सर्विलांस व थाना फतेहपुर पुलिस टीम द्वारा अभियुक्तगण अनिकेत उर्फ छोटू लोनिया पुत्र पिंकू चौहान निवासी नरेन्द्रपुर थाना सदरपुर, सोनू लोनिया पुत्र कामता लोनिया निवासी ग्वारी मजरे लोनियन पुरवां थाना थानगांव जनपद सीतापुर, नितिन त्यागी पुत्र जगन्नाथ कोरी निवासी संसारा थाना हैदरगढ़ मिथलेश लोनिया उर्फ मुसउ पुत्र स्व0 सुन्दरलाल निवासी मधवापुर थाना रेवसा, पिन्कू पुत्र स्व0 छोटेलाल निवासी नरेन्द्रपुर थाना सदरपुर जनपद सीतापुर को कसियापुर रेलवे क्रासिंग के पास से गिरफ्तार किया गया।

अभियुक्तगण के कब्जे से भारी मात्रा में सोने/चांदी के आभूषण, नकदी, मोबाइल फोन, एक स्वराज ट्रैक्टर, एक फोर्ड फीगो कार यूपी 32 एफसी 4907, एक मोटरसाइकिल बजाज सिटी हण्ड्रेड यूपी 34 एडी 6577 व एक तमंचा .315 बोर व एक कारतूस जिन्दा .315 बोर बरामद किया गया।

पूछताछ से ज्ञात हुआ कि अभियुक्तगण का एक गिरोह है जो जनपद बाराबंकी व आस-पास के जनपदों में चोरी की घटना कारित करते हैं। अभियुक्तगण ट्रैक्टर से किसान की तरह गांव में जाते हैं जिससे कोई शक न करे तथा मोटर साइकिल से रेकी कर घर को चिन्हित करके चोरी किए गए सामान को कार व ट्रैक्टर में रखकर ले जाते हैं तथा चोरी किए सामान को सस्ते दामों पर बेंचकर अपने परिवार का भरण पोषण करते हैं तथा शौक पूरे करते हैं। अभियुक्तगण द्वारा जनपद बाराबंकी के थाना फतेहपुर, हैदरगढ़, जहांगीराबाद, टिकैतनगर, रामनगर, मोहम्मदपुर खाला क्षेत्रान्तर्गत विभिन्न गांवों में नकदी व जेवरात चोरी किए गए थे तथा जनपद अयोध्या के थाना मवई क्षेत्र में भी चोरी की घटना कारित करना प्रकाश में आया है। प्रकाश में आए अन्य अभियुक्तगण की गिरफ्तारी हेतु पुलिस टीम द्वारा प्रयास किया जा रहा है एवं अभियुक्तगण के आपराधिक इतिहास के बारे में भी विस्तृत रूप से जानकारी की जा रही है।

9 वर्षीय मासूम बालिका से किशोर ने किया दुष्कर्म, मुकदमा दर्ज, आरोपी गिरफ्तार

मिल्कीपुर -अयोध्या, अवधनामा संवाददाता। विद्यालय के पास खेल रही नौ वर्षीय मासूम को गांव के एक किशोर ने हवस का शिकार बना डाला है। बालिका के परिजनों के तहरीर पर पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी है। प्राप्त जानकारी के अनुसार थाना कोतवाली इनायत नगर क्षेत्र के एक गांव के रहने वाले व्यक्ति ने इनायत नगर पुलिस को दी गई तहरीर में आरोप लगाया है कि मेरी नौ वर्षीय बेटी घर के बगल स्थित प्राथमिक विद्यालय के पास बीते मंगलवार को दोपहर में खेल रही थी। तभी गांव के ही पड़ोसी 15 वर्षीय किशोर ने बेटी को बहला फुसलाकर उसके साथ जबरन दुष्कर्म करने लगा। मासूम बालिका किसी तरह किशोर के चंगुल से निकलकर घर पहुंची और आपबीती परिजनों को बताई। जिसे सुन परिजनों के होश उड़ गए। जिसके बाद मासूम के परिजन बालिका को लेकर थाने पहुंचे और मामले में मुकदमा काम किए जाने हेतु तहरीर दी। पुलिस ने मासूम को इलाज के लिए अस्पताल भेजा।

पेड़ो पर रखे पानी भरे बर्तन, ताकि गला तर कर सकें प्यासे पक्षी

अवधनामा संवाददाता

बाराबंकी। भयंकर गर्मी के मौसम में मानव हो पशु-पक्षियों सभी को पानी की तलाश रहती है। लोगों के लिए तो विभिन्न स्थानों पर प्याऊ व नल के साथ-साथ अन्य व्यवस्था भी रहती है लेकिन पक्षियों को पानी पीने के लिए कड़ा संघर्ष करना पड़ता है। ऐसे में ''पानी पिलाओ परिंदा बचाओ'' नेशलन कम्प्यूटर ट्रेनिंग सेंटर के सहयोग से ''निमदस'' संस्था द्वारा शहर से लेकर गांवों तक जाकर पेड़ों पर मिट्टी के बर्तन में परिंदों के लिए दाना-पानी रखा जाता है. इसी मुहिम के तहत आज सूचना कार्यालय के परिसर में लगे पेडों में पानी भरकर टांगा गया। संस्था के प्रबन्ध निदेशक एसके वर्मा ने कहा कि इसका मुख्य उद्देश्य है कि गर्मी की वजह से किसी भी पक्षी की भूख-प्यास से मौत न हो लोगों से अपील है कि वे पक्षियों के लिए पानी

की उचित व्यवस्था करें, ताकि खुले आसमान और धूप में विचरण करने वाले पक्षियों को राहत मिल सके।

समाज सेविका उषा यादव ने कहा संस्था का प्रयास है कि पक्षियों को लेकर लोग जागरूक हों और इस अभियान में अपना सहयोग दें, जिससे प्यास बुझाने के लिए पक्षियों को पानी मिल सके। इससे न केवल पक्षियों की प्यास बुझाने से पुण्य मिलेगा बल्कि पर्यावरण सहेजने में भी सहयोग होगा।

प्रकृति और पर्यावरण संतुलन में पशु-पक्षियों को बहुत बड़ा महत्व है, इसलिए हमें गर्मियों में पक्षियों का जीवन बचाने के लिए अपने घरों की छत व बरामदा, आंगन में उनके लिए दाना-पानी रखना चाहिए। संस्था द्वारा चलाई जा रही पानी पिलाओ परिंदा बचाओ मुहिम सराहनीय है। लोगों को मुहिम से जुड़कर पक्षियों की जिदगी बचाने के लिए छतों पर दाना-पानी जरूर रखें। इस अवसर पर अम्ब्रिका प्रसाद, राम समुझ आदि उपस्थित थे।

भाकियू का एक प्रतिनिधिमंडल पीड़ितों को राशन, बर्तन, कपड़ा का किया सहयोग

अवधनामा संवाददाता

अयोध्या। गुन्धौर के वनराजा बस्ती में बिगत दिनों हुई अग्निकांड के पीड़ितों से भारतीय किसान यूनियन का एक प्रतिनिधिमंडल मिला और राशन ,बर्तन, कपड़ा का सहयोग किया। जाहिर है कि एक हफ्ते पहले गुन्धौर के बनराजा बस्ती में आग लगने के कारण प्रदीप, कुलदीप, अशोक, जगन्नाथ, नन्हकन के मकान जल गये थे काफी मकान छप्पर के ही थे। प्रदीप, कुलदीप बनराजा का संपूर्ण मकान, राशन व घरेलू सामान जलकर नष्ट हो गया था जो खाना और कपड़ा के लिए मोहताज थे। भारतीय किसान यूनियन ने राशन कपड़ा व बर्तन देकर मदद किया। और जिला प्रशासन से मांग किया कि अग्नि पीड़ितों को इंदिरा आवास की सुविधा अभिलंब मुहैय्या कराये। प्रतिनिधिमंडल में घनश्याम वर्मा राष्ट्रीय सचिव ,भागीरथी वर्मा जिला उपाध्यक्ष, राहुल वर्मा, रविंद्र पासवान आदि लोग मौजूद थे।

तारुन कार्यालय के पास गोसाईगंज के लोकप्रिय विधायक अभय सिंह ने अपने समर्थकों की बुलाई बैठक

- **कई हजारों की तादाद में पहुंचे समर्थक, भीड़ देख राजनीतिक गलियारे में बढ़ी हलचल**

अवधनामा संवाददाता

जाना बाजार-अयोध्याधाम। गोसाईगंज के लोकप्रिय विधायक अभय सिंह ने गोसाईगंज विधानसभा के तारुन ब्लाक क्षेत्र के अपने समर्थकों की महत्वपूर्ण बैठक का आयोजन किया। उम्मीद से भी कई गुना समर्थक दोपहर से ही बैठक स्थल पर पहुंचने लगे। देखते ही देखते कई हजारों की संख्या में समर्थक बैठक में पहुंच गए। बैठक के दौरान विधायक श्री सिंह ने अपने को पूर्व मुख्यमंत्री स्वर्गीय मुलायम सिंह यादव का समर्थक बताया। परंतु मौजूदा समाजवादी पार्टी द्वारा अपने पूर्वज प्रभु श्री रामचंद्र की लीला का वर्णन करने वाली रामायण की प्रतिया जलाने वाले पार्टी के पदाधिकारियों के विरुद्ध कार्यवाही न होने से व्यथित दिखाई दिए। उन्होंने सपा के

राष्ट्रीय अध्यक्ष द्वारा पार्टी के विधायकों को राम मंदिर के दर्शन से रोकने की बात का उल्लेख करते हुए बताया कि अपने ही पूर्वजों के 500 वर्ष बाद बना रहे मंदिर के दर्शन के लिए रोका गया। जिस प्रभु श्री राम के दर्शन के लिए देश विदेश से लोगों का तांता लगा हुआ है। वही उनके कुल के होने के बावजूद दर्शन से वंचित होना पड़ा। प्रभु श्री राम के मंदिर निर्माण के लिए उनके कुल के लाखों लोगों ने अपना बलिदान भी दे दिया ऐसे पूर्वज प्रभु श्री राम के दर्शन के लिए वंचित होना पड़ रहा है। यह देखकर उनके हृदय में पीड़ा होने लगी। विधायक ने आगे अपने संबोधन में बताया कि वे और उनका परिवार गोसाईगंज विधानसभा की जनता को अपना परिवार मानता है। जनता के शुख दुख में परिवार सहित सदैव उपस्थित रहेगा। कांग्रेस पार्टी के साथ सामंत वादी शोच के लोग आज एक साथ खड़े हैं जो चाहते हैं कि पिछडो को न्याय ना मिले। उस समय के प्रधानमंत्री बीपी सिंह ने आरक्षण दिया। आज देश का प्रधानमंत्री पिछड़ी जाति का बना। बाबा साहब भीम राव अम्बेडकर का सपना था कि देश की सबसे ऊंची कुर्सी पर अनुसूचित जाति का आदमी बैठेगा। भारतीय जनता पार्टी ने रामनाथ कोविद को राष्ट्रपति बनानया और पांच वर्ष बाद पुनः अनुसूचित जनजाति की महिला को राष्ट्रपति बनाकर बाबा साहब के सपने को साकार कर दिया। इसके लिए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी गृहमंत्री अमित शाह को धन्यवाद देना चाहता हूं। साथ ही विधायक श्री सिंह ने मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ द्वारा जनता के लिए किए जा रहे जनकल्याणकारी योजनाओं के लिए धन्यवाद ज्ञापित किया। विधायक श्री सिंह के वक्तव्य के दौरान समर्थकों में काफी जोश दिखाई दिया। समर्थकों ने विधायक अभय सिंह के साथ हर समय खड़े रहने का शपथ भी लिया। बैठक में जाति, धर्म, संप्रदाय से परे होकर समर्थक मौजूद रहे। बैठक का संचालन शिवपूजन यादव और जमुना वर्मा ने किया। इस दौरान नीरज सिंह, पिंटू सिंह, के के सिंह, राजेश तिवारी, विनोद तिवारी, भोला पांडेय, शैलेश पांडेय, आरती वर्मा, अमर सिंह चिराग, राजमणि, सहित कई हजारों की संख्या में समर्थक मौजूद रहे।

कैंप में 92 दुकानों ने कराया पंजीकरण

अवधनामा संवाददाता

जाना बाजार-अयोध्याधाम। खाद्य सुरक्षा टीम ने हैदरगंज बाजार में कैंप लगाकर 6 अनुज्ञप्ति सहित आनलाइन 92 पंजीकरण खाद्य दुकानों का किया है। हैदरगंज बाजार में खाद्य विक्रेताओं के पंजीकरण हेतु खाद्य विभाग की टीम ने कैंप का आयोजन किया। कैंप में खाद्य सुरक्षा अधिकारी दिनेश सिंह बाबूलाल और हिमांशु जयंत ने मौजूद व्यापारियों को व्यक्तिगत एवं प्रतिष्ठानों की स्वच्छता रखने व एक्सपायर, गुणवत्ता विहीन खाद्य सामग्री का व्यवसाय न करने के लिए प्रेरित किया। खाद्य सुरक्षा अधिकारी दिनेश सिंह ने बताया कि कुल 6 अनुज्ञप्ति व 92 दुकानदारों का ऑनलाइन पंजीकरण हुआ। ग्राहकों की स्वास्थ्य सुरक्षा के लिए दुकानदारों को कैंप के माध्यम से जानकारी भी प्रदान किया गया। साथ ही व्यापारियों को रजिस्ट्रेशन व पंजीकरण हेतु जागरूक किया गया। कैंप में हैदरगंज ग्राम प्रधान राकेश अग्रहरि, व्यापार मंडल अध्यक्ष प्रिंस कसौधन, मनोज मोदनवाल, सहित व्यापारी मौजूद रहे।

शिशु सदन से महिला कार्मिकों को होगी सुविधा

- **जनपद न्यायाधीश ने फीता काट कर किया उदघाटन**

अवधनामा संवाददाता

महाराजगंज। जनपद में सरकारी,अर्धसरकारी अधिष्ठानों में कार्यरत महिला अधिकारियों कर्मचारियो के 05 साल से कम आयु वर्ग के बच्चे हेतु शिशु सदन का उद्घाटन जिला न्यायाधीश नीरज कुमार द्वारा फीता काटकर किया गया। इस अवसर पर जिलाधिकारी व अपर जिलाधिकारी ने ने जिला न्यायाधीश और अन्य अतिथियों का स्वागत पुष्पगुच्छ भेंट कर किया। इस अवसर पर अतिथियों ने शिशु सदन का निरीक्षण किया और बच्चों में चॉकलेट आदि का वितरण भी किया।

जिला न्यायाधीश ने शिशु सदन की व्यवस्था पर प्रसन्नता व्यक्त की और कहा कि इससे जिन महिला कर्मियों के छोटे बच्चे हैं, उनको

काफी सुविधा मिलेगी। जिलाधिकारी ने कहा कि महिला न्यायिक कर्मचारी व महिला पुलिसकर्मी भी अपने बच्चों को यहां भेज सकते हैं।

सरकारी/अर्धसरकारी विभागों में कार्यरत महिलाओं की सुविधा के लिए जिलाधिकारी महोदय के विशेष पहल के रूप में शिशु सदन का शुभारंभ किया गया है। वरिष्ठ कोषाधिकारी कक्ष के बगल में शिशु सदन दिनाँक 01 मई 2024 से संचालित हो गया है, जो सभी कार्य दिवसों में प्रातः 09 बजे से सांय 05 बजे तक क्रियाशील रहेगा।

शिशु सदन में बच्चों की देखरेख के लिए सहायिका और साफ-सफाई के लिए सफाईकर्मी की तैनाती रहेगी। इसके अलावा बच्चों के लिए खिलौने, कुर्सी-मेज, पठन सामग्री, फर्स्ट एड सहित सभी जरूरी समान मौजूद रहेगा। साथ ही एक पृथक स्तनपान कक्ष की भी व्यवस्था है।

अयोध्या के आर्थिक विकास में मील का पत्थर साबित होगा राममंदिर का निर्माण : प्रो0 आशुतोष

अवधनामा संवाददाता

अयोध्या। डॉ0 राममनोहर लोहिया अवध विश्वविद्यालय के श्री ऋषभदेव जैन शोध पीठ के बीए प्रोग्राम विभाग में वर्तमान परिप्रेक्ष्य में अयोध्या का आर्थिक विकास विषय पर एक व्यख्यान कां आयोजन किया गया। जिसके मुख्य वक्ता विभाग के डीन अर्थशास्त्र व ग्रामीण विकास विभाग के अध्यक्ष प्रो0 आशुतोष सिन्हा रहे। प्रो0 सिन्हा ने शिक्षकों एवं छात्र-छात्राओं को अयोध्या विकास से जुड़े तमाम योजनाओं की विस्तृत जानकारी दी। उन्होंने कहा कि अयोध्याधाम के आर्थिक विकास में राममंदिर का निर्माण मील का पत्थर साबित होगा। उन्होंने बताया कि अयोध्या में पर्यटन की काफी संभावनाएं बढ़ी है। अयोध्या के विकास के साथ आम जनमानस को आर्थिक सहायता मिल सके। उन्होंने अर्थशास्त्र विषय को सिबिल परीक्षा की तैयारी में बहुउपयोगी बताते हुए छात्रों को उसे करियर के रूप में अपनाने की बात कही। श्री सिन्हा ने बताया कि अयोध्या में प्रभू श्रीराम की प्राण प्रतिष्ठा के बाद पर्यटकों की संख्या में काफी इजाफा हुआ है। यहां के निवासियों को रोजगार से जोड़ने के लिए कैब बुकिंग व अन्य पर्यटन के लिए ऐप डेवलपमेंट, वेबसाइट डेवलपमेंट, और डिजिटल मार्केटिंग पर कार्य हो रहा है। व्याख्यान की संयोजिका डॉ मीनू वर्मा ने मुख्य वक्ता का परिचय कराते हुए उन्हें विभाग की उपलब्धियों से अवगत कराया। व्याख्यान के उपरांत विभाग के समन्वयक डॉ डीएन वर्मा ने सभी मुख्य वक्ता के अतिथियों के प्रति आभार जताया। इस अवसर पर फिजिक्स इलेक्ट्रॉनिक विभाग के पूर्व विभागाध्यक्ष प्रो0 के0 के0 वर्मा,डॉ अखंड प्रताप सिंह,डॉ0 प्रतिभा देवी,डॉ रमेश,डॉ0 श्याम सुंदर,डॉ स्वाती सिंह,डॉ शैलेन्द्र कुमार सहित भारी संख्या छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे।

प्रचंड गर्मी पर भाजपा के कार्यकर्ताओं का उत्साह भारी, नामांकन जलूस में उमड़ा जनसमूह

- **जलूस पर खड़े लोगों द्वारा जय श्री राम के जयघोष के साथ जलूस पर कर रहे थे पुष्पवर्षा**

अवधनामा संवाददाता

अयोध्या। प्रचंड गर्मी पर भाजपा के कार्यकर्ताओं का उत्साह भारी पड़ा। रामकथा पार्क से निकलकर प्रेस क्लब तक पहुंचने वाले नामांकन जलूस के दौरान बढ़ा हुआ तापमान व तीव्र गति से चलती लू बेअसर दिखी। जयघोष करते भाजपा के कार्यकर्ता जलूस के आगे पैदल चल रहे थे। इसके बाद मोटरसाईकिल का काफिला व भाजपा के दो रथ चल रहे थे। एक रथ पर महंत कमलनयन दास, महंत मिथिलेश नंदनी शरण, आचार्य चित्रांशु, महंत मैथिली शरण, महंत वैदेही बल्लभ शरण दास, महंत परशुराम दास, जगदीश दास, मनीष दास, लोक सभा प्रभारी बांके बिहारी मणि त्रिपाठी, दूसरे रथ पर पूर्व सांसद विनय कटियार, सांसद लल्लू सिंह, मंत्री दया शंकर सिंह, राज्यमंत्री सतीश शर्मा, महापौर गिरीश पति त्रिपाठी,

एमएलसी हरिओम पाण्डेय, विधायकों में वेद प्रकाश गुप्ता, रामचन्दर यादव, डा अमित सिंह चौहान, प्रथम महापौर ऋषिकेश उपाध्याय, पूर्व विधायक इन्द्र प्रताप तिवारी खब्बू व गोरखनाथ बाबा सवार थे। जलूस के स्वागत के लिए कुछ-कुछ दूरी पर शिविर लगे हुए थे। जुलूस के पूर्व मार्ग पर दर्जनों स्थानों पर भाजपा के साथ विभिन्न संगठनों ने शिविर लगाए थे। जिसमें शरबत का वितरण किया जा रहा था। जलूस पर शिविर में खड़े लोगों द्वारा जय श्री राम के जयघोष के साथ जलूस पर पुष्पवर्षा कर रहे थे। नामांकन जलूस की व्यवस्था की जिम्मेदारी युवा मोर्चा के पदाधिकारी कार्यकर्ताओं ने सम्हाल रखी थी। जलूस के दौरान इस बात का ख्याल रखा जा रहा था कि मार्ग पर चलने वालों को जाम की वजह से कोई दिक्कत न आने पाये। जिसके लिए युवा मोर्चा के पदाधिकारी वाहनों को पास करा रहे थे। भाजपा के शीर्ष पदाधिकारी कार्यकर्ताओं को उत्साहवर्धन करने के लिए जलूस में पैदल चल रहे थे। जलूस के आगे चल रहे डीजे पर भाजपा के सम्बंधित गीत बज रहे थे। नामांकन जलूस के दौरान सड़क की दोनां पटरियों पर खड़े लोग भाजपा के समर्थन में अपना हाथ उठा रहे थे। जगह-जगह लगे स्वागत शिविर में सुबह से स्वागत के लिए बड़ी संख्या में स्थानीय लोग जमा थे। जलूस के पहुंचते ही पुष्प वर्षा करके इसका स्वागत किया गया। गठबंधन की पार्टी राष्ट्रीय लोक दल ,अपना दल, सुहेल देव भारतीय समाज पार्टी के कार्यकर्ता भी जलूस में शामिल हुए।

नामांकन जुलूस में क्षेत्रीय महामंत्री विजय प्रताप सिंह, जिपंअ रोली सिंह, लोक सभा संयोजक बांके बिहारी मणि त्रिपाठी, प्रभारी श्रीकृष्ण शास्त्री, जिला प्रभारी मिथिलेश त्रिपाठी, महानगर अध्यक्ष कमलेश श्रीवास्तव, जिलाध्यक्ष संजीव सिंह, अवधेश पाण्डेय बादल, कमला शंकर पाण्डेय, अभिषेक मिश्र, पूर्व विधायक रामू प्रियदर्शी, पूर्व चेयर मैन विजय गुप्ता, मनमोहन जायसवाल, तेजेन्दर पाल सिंह टिंकल, मनोज श्रीवास्तव, अरूण तिवारी, कृष्ण कुमार पाण्डेय खुन्नू, करूणाकर पाण्डेय, गिरीश पाण्डेय डिप्पुल, राघवेन्द्र पाण्डेय, आलोक सिंह रोहित, मनोज जायसवाल, ब्लाक प्रमुख कप्तान सिंह, राजीव तिवारी, पवन सिंह, दिनेश वर्मा, सर्वजीत सिंह, अभिषेक सिंह, अशोक कसौंधन, रमापति पाण्डेय, शोभनाथ वर्मा, इं रणवीर सिंह, रमाकांत यादव, हृदयराम यादव,इंद्रभान सिंह, चंद्र भान सिंह, नरेश गुप्ता, नीरज श्रीवास्तव रिंकू, राधेश्याम त्यागी, शिक्षक नेता वीरेन्द्र सिंह, अनूप सिंह रानू, अशोक द्विवेदी, आशा गौड़, बसंती सिंह, रीना द्विवेदी, शकुंतला गौतम सहित हजारों की संख्या में कार्यकर्ता शामिल हुए।

कलेक्टेट में सीएम धामी के साथ किया नामांकन

उत्तराखंड के मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी अयोध्या में भाजपा प्रत्याशी लल्लू सिंह के नामांकन में शामिल हुए। कलेक्टेट परिसर पहुंचे सीएम धामी के साथ भाजपा प्रत्याशी ने नामांकन दाखिल किया।

इस दौरान उत्तराखंड के सीएम पुष्कर सिंह धामी ने कहा कि नामांकन जलूस में बड़े बुर्जगों, नवजवानों, माताओं-बहनों ने जिस प्रकार सड़को पर आकर घरों की छतों पर खड़े होकर अपना आर्शीवाद दिया है। लल्लू सिंह सांसद विधायक मंत्री के रूप में हमेशा सर्मपित भाव से काम किया हैं। अयोध्या अब पूरे विश्व का धाम बन रहा है। कार्यकर्ता, कारसेवक तथा नेता के रूप में उनका बड़ा योगदान रहा है।

इस बार का चुनाव ऐतिहासिक होगा। देश और दुनिया में फिर से रामयुग आया है। पीएम मोदी की वजह से यह कालखंड़ तथा यह सौभाग्य हम सभी राम भक्तों को मिला है। फिर से रामयुग में आने का सौभाग्य मिला है।

भाजपा प्रत्याशी जगदंबिका पाल ने किया नामांकन, तीन ने खरीदे पर्चे

- डुमरियागंज संसदीय सीट पर नामांकन का तीसरा दिन
- कलक्ट्रेट मुख्य गेट से नामांकन कक्ष तक सुरक्षा व्यवस्था चुस्त

यशोदा श्रीवास्तव

सिद्धार्थनगर। छठवें चरण में 25 मई को डुमरियागंज लोकसभा क्षेत्र में होने वाले चुनाव में चल रहे नामांकन प्रक्रिया के तीसरे दिन बुधवार को सांसद व भाजपा प्रत्याशी जगदंबिका पाल ने प्रस्तावकों के साथ कलक्ट्रेट पहुंचकर नामांकन किया। वहीं तीन प्रत्याशियों ने पांच सेट पर्चा खरीदा।

बुधवार को नामांकन के तीसरे दिन कलक्ट्रेट भवन में डीएम के न्यायालय कक्ष में डुमरियागंज क्षेत्र के सांसद और भाजपा प्रत्याशी जगदंबिका पाल ने सादगी के साथ नामांकन पत्र भरा। उन्होंने जिला निर्वाचन अधिकारी पवन अग्रवाल को नामांकन पत्र सौंपा। इस दौरान उनके साथ बांसी के विधायक पूर्व मंत्री जय प्रताप सिंह, शोहरतगढ़ के विधायक विनय वर्मा, भाजपा के जिलाध्यक्ष कन्हैया पासवान मौजूद रहे। नामांकन को लेकर कलक्ट्रेट गेट से लेकर नामांकन कक्ष तक सुरक्षा व्यवस्था दुरुस्त रही। वहीं बुधवार को तीन लोगों ने पांच सेट पर्चा खरीदा। इसमें बसपा से ख्वाजा शमसुद्दीन ने दो सेट, आम जनता पार्टी से विनय कुमार पांडेय दो सेट व किरन देवी की ओर से बहुजन मुक्ति पार्टी से विमलेश कुमार ने एक पर्चा खरीदा। नामांकन पत्र खरीदारी और भाजपा प्रत्याशी के नामांकन को लेकर पूरे परिसर में तीसरे दिन सुरक्षा व्यवस्था सख्त रही। जिला निर्वाचन अधिकारी पवन अग्रवाल ने बताया कि अब तक 21 लोगों ने 34 पर्चे खरीदे हैं। अब तक सिर्फ एक नामांकन हुआ है। बुधवार को भाजपा प्रत्याशी जगदंबिका पाल ने नामांकन दाखिल किया है।

डिप्टी सीएम की अगुवाई में जुलूस

भाजपा प्रत्याशी सांसद जगदंबिका पाल के समर्थन में बुधवार को जिला मुख्यालय पर उप मुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक की अगुवाई में जनसमर्थन जुलूस निकाला गया। साड़ी तिराहा से निकला जुलूस हाइडिल तिराहा, ब्लॉक रोड, तहसील मोड़, सिद्धार्थ तिराहा, बांसी रोड तिराहा, विकास भवन, कलक्ट्रेट होते हुए बीएसएनएल दफ्तर के बगल मैदान में आयोजित नामांकन सभा पर आकर समाप्त हुई। इस दौरान बाइक पर सवार नौजवानों में उत्साह दिखा। वह पूरे रास्ते नारेबाजी करते हुए चल रहे थे। उनके उत्साह से डिप्टी सीएम और सांसद जगंदबिका पाल भी गदगद दिखे। उनके साथ शोहरतगढ़ विधायक विनय वर्मा, भाजपा जिलाध्यक्ष कन्हैया पासवान, डॉ. चंद्रेश उपाध्याय आदि मौजूद रहे।

लोकसभा चुनाव ऐतिहासिक चुनावः विपिन त्रिपाठी

कुदरहा, बस्ती। कप्तानगंज विधान सभा के वरिष्ठ भाजपा नेता विपिन कुमार त्रिपाठी ने पत्रकारों से वार्ता करते हुए बताया कि बस्ती लोकसभा क्षेत्र से भाजपा प्रत्याशी हरीश द्विवेदी ने जीत की अग्रिम बधाई देते हुए कहा कि यह चुनाव ऐतिहासिक होगा। विपक्ष का कही पता नही है और न ही कोई मुद्दा है। जनता समझ चुकी है किसी के बहकावे मे आने वाली नही है। बस्ती के इतिहास में के लोकसभा चुनाव में भाजपा इस बार रिकॉर्ड मत से विजय प्राप्त करेगी। श्री त्रिपाठी ने बताया यह चुनाव भारत के स्वाभिमान को नई बुलंदी देने का चुनाव है और इसी क्रम में भाजपा प्रधानमंत्री मोदी जी के नेतृत्व में जून को पार करेगी। साथ ही साथ विकास की उपलब्धियों को भी गिनाया।

श्रमिकों का देश के विकास में महत्वपूर्ण योगदान उनका करें सम्मान श्रमायुक्त आजमगढ़

अवधनामा संवाददाता

आजमगढ़। वेदान्ता इंटरनेशनल स्कूल में श्रम दिवस कार्यक्रम में सर्वप्रथम श्रमायुक्त आजमगढ़ राजेश पाल, शिव गोविंद सिंह प्रबंध निदेशक वेदान्ता इंटरनेशनल स्कूल ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर व ज्ञान की देवी माँ सरस्वती के चित्र पर माल्यार्पण कर कार्यक्रम की शुरुआत किया तत्पश्चात बच्चों ने स्वागत गीत के माध्यम से मुख्य अतिथि का स्वागत किया। बच्चों ने विभिन्न प्रकार के गाने व नाटक के माध्यम से श्रमिकों के महत्व, योगदान व उनकी जरूरतों का आभास कराया। मुख्य अतिथि ने श्रम और भाग्य को परिभाषित करते हुवे जीवन में श्रम को परिभाषित करते हुवे बताया कि श्रम से असम्भव भी सम्भव हो जाता हैं। बैठ भाग्य की बाट जोहना, यह तो कोरा भ्रम है। अपना भाग्य विधाता सम्बल, हर दम अपना श्रम है। मानवता का मान इसी में, जीवन सरस निहित है। निरालम्ब वह मनुज, कि जो, नीरस है श्रम विरहित हैं। प्रधानचार्य डॉली शर्मा ने कहा कि मनुष्य मात्र का उद्देश्य सुख की प्राप्ति है। मनुष्य से लेकर चींटी और हाथी तक प्रत्येक जीव सुख चाहता है एवं दुरूख से छुटकारा पाने का इच्छुक है। सुख का मूल कारण ज्ञान है और ज्ञान की प्राप्ति बिना श्रम के नहीं हो सकती। इस प्रकार हम कह सकते हैं कि सुख का साधन श्रम है। बिना श्रम के मनुष्य कभी भी सुखी नहीं हो सकता। वास्तविकता तो यह है कि बिना श्रम के कोई भी काम हो ही नहीं सकता। श्रम जीवन की कुंजी है।

प्रबंध निदेशक शिव गोविंद सिंह ने कहा कि वास्तव में श्रम का ही दूसरा नाम भाग्य है। श्रम के बिना भाग्य की कोई सत्ता ही नहीं है। मैं अपने भाग्य का स्वयं निर्माता हूँ। मेरा श्रम ही मेरे भाग्य का निर्माण करता है। अपने भाग्य को अच्छा-बुरा बनाना मनुष्य के अपने ही हाथ में है। वास्तव में भाग्य के भरोसे पर हाथ पर हाथ रखकर बैठे रहना कायरता है। श्रम के बिना आप से आप कोई काम हो ही नहीं सकता। यदि रोगी भाग्य के भरोसे बैठा रहे, रोग के नाश के लिए भाग-दौड़ न करे तो दुष्परिणाम निश्चित है। बिना श्रम के हम जीवन में एक कदम भी आगे नहीं बढ़ सकते, यहाँ तक कि भोजन भी बिना श्रम के पेट में नहीं पहुँचता। श्रम शक्ति को देखते हुवे नेपोलियन बोनापार्ट ने कहा था कि ÷संसार में असम्भव कोई काम नहीं। असम्भव शब्द को तो केवल मुखों के शब्दकोष में ही ढूँढा जा सकता है। नास्ति किंचिद् श्रमात् असाध्यं, तेन श्रमपरोभव श्रम यज्ञ से बढ़कर है, श्रम ही परमतप है, श्रम से कुछ भी असाध्य नहीं हैय अतरू श्रमवान बनो। कार्यक्रम के अंत में मुख्य अतिथि महोदय के कर कमलों से सभी चतुर्थ श्रेणी के कर्मचारियों को श्रम दिवस के अवसर पर उपहार देकर सम्मानित किया गया जिसके लिये श्रमायुक्त महोदय ने विद्यालय प्रबंधन को धन्यवाद दिया। कार्यक्रम के अंत मे मुख्य अतिथि राजेश पाल श्रमायुक्त व अनिल कुमार सिंह स्टेनो को अंगवस्त्रम व प्रतीक चिन्ह भेंट कर सम्मानित किया गया।

बाइक सवार को बचाने के चक्कर मे स्कर्पियों पलटी

जलालपुर अंबेडकरनगर। बाइक सवार को बचाने के चक्कर में स्कार्पियो अनियंत्रित होकर पलट गई, जिसके चपेट मे सड़क के किनारे खड़ी बाइक व मिष्ठान की दुकान में काम कर रहे लोग चोटहिल हो गए। वही कढ़ाई में बाटी बना रही दुकानदार की पत्नी झुलस गई। दुर्घटना होते ही दुकानदारों और राहगीरों ने सभी घायलों को अस्पताल भेजा। सूचना पर पहुंचे सीओ देवेन्द्र कुमार ने घटना का जायजा लिया। दुर्घटना जलालपुर मालीपुर मार्ग के शांतिनगर में बुधवार को सुबह घटित हुई। जलालपुर की तरफ से एक स्कार्पियो मालीपुर की तरफ जा रही थी। जब वाहन शांतिनगर बाजार पहुंची मालीपुर की तरफ से आ रहा तेज रफ्तार बाइक सवार अपने दाहिनी पटरी पर आ गया। स्कार्पियो चालक बाइक सवार से बचने के लिए वाहन तेज रफ्तार सड़क से नीचे मोड़ दिया। अनियंत्रित स्कार्पियो दुकान के सामने खड़ी बाइक को घसीटते दो दुकान में लगे टीन शेड को तोड़ते व सामान को क्षतिग्रस्त करते दुर्गा प्रसाद मोदनवाल की मिठाई की दुकान में घुस कर पलट गई।इसी के अगले भाग में बाइक और ठेला फंसा रहा। स्कार्पियो की टक्कर से गर्म कढ़ाई में खौलता तेल समेत दुकानदार की पत्नी सविता के ऊपर गिर गया। दुकानदार मालीपुर थाना के दरगाह शाह रमजान के निवासी है।देवेन्द्र किराना स्टोर पर रखा टीन शेड और नीचे रखा किराना का सामान इधर उधर बिखर गया।मिठाई की दुकान में बैठकर चाय नाश्ता कर रहे बड़ागांव के हरी श्याम मौर्य, कटका थाना के निमटिनी गांव निवासी ठेला चालक राधे श्याम मौर्य को हल्की चोटे आई। हरी श्याम की बाइक और राधे श्याम का ठेला क्षतिग्रस्त हो गया।

श्रमिकों की पहचान, सम्मान, अधिकार और इज्जत केवल दिखावा

अंतरराष्ट्रीय श्रमिक दिवस पर खास

अवधनामा संवाददाता

डुमरियागंज सिद्धार्थनगर। 19वीं सदी में लम्बे संघर्ष के बाद दुनिया के मजदूरों को कुछ अधिकार दिए गए जिसमें उचित वेतन, सुरक्षा, सम्मान, श्रम का सम्मान आदि सम्मिलत हैं। मजदूरों या कामगारों के इस तरह के अधिकारों को पाने के लिए अमेरिका, यूरोप और रूस जैसे बड़े देशों में काफी संघर्ष हुए और इसके परिणामस्वरूप श्रमिकों को कुछ पहचान, सम्मान, अधिकार और इज्जत मिली। इन्हीं उपलब्धियों की याद में दुनियाभर में 1 मई को अंतर्राष्ट्रीय मजदूर दिवस मनाया जाता है।

भारत देश के सन्दर्भ में मजदूरों की पहचान, सम्मान और अधिकार की बात की जाए तो वह ÷हाथी के दांत खाने के और दिखाने के और वाली बात जैसी हो जाती है। देश की स्वतंत्रता प्राप्ति के पहले एवं आजादी के बाद श्रमिकों के अधिकार संबंधी कई क़ानून बने हैं जिसके तहत मजदूर अपने अधिकार, न्याय, पहचान एवं सम्मान की मांग करता रहा है। लेकिन भारत में बात कागजों पर की जाए तो बहुत लंबा चौड़ा डाटा है, किंतु जमीन पर केवल दिखावा मात्र हैं। असंगठित, अशिक्षा व अज्ञानता के कारण वास्तव में श्रमिक अपने अधिकारों को न जानने के कारण सरकार की योजनाओं के लाभ से वंचित रहता हैं। अगर सरकार की भाषा में कहें तो ÷आपदा में अवसर÷ पूंजीपति वर्ग ले रहा है। मेहनतकशों की तनख्वाह को पहले से ही कम कर दिया गया है। खाद्य पदार्थों की कीमतें आसमान छू रही हैं। जिसके कारण मजदूर वर्ग पूंजीपतियों के लिए मुनाफा कमाने की मशीन बन गया है।

भारत में नेपाली श्रमिकों की स्थिति

डुमरियागंज सिद्धार्थनगर। भारत और नेपाल के बीच साल 1950 में भारत नेपाल शांति तथा मैत्री सन्धि हुई थी। जिसके अन्तर्गत दोनों देशों की सीमा एक-दूसरे के नागरिकों के लिए खुली रहेगी और उन्हें एक-दूसरे के देशों में बिना रोकटोक रहने और काम करने की अनुमति होगी। भारत के विभिन्न ग्रामों, शहरों व महानगरों में लाखों नेपाली मजदूर काम करते हैं, जो स्वास्थ्य, बैंक जैसी मूलभूत सुविधाओं से वंचित हैं।

इसी कारण हमारे देश में पूंजीपतियों की पूंजी और संपत्ति में और अधिक बढोत्तरी हो रही है। वे और अमीर होते जा रहे हैं। सरकार यह दावा कर रही है कि श्रम संहिता के माध्यम से संगठित और असंगठित दोनों क्षेत्रों के श्रमिकों को भविष्यनिधि, कर्मचारी पेंशन योजना और कर्मचारी बीमा योजना का लाभ मिल रहा है। गौर करनेवाली बात यह है कि देश का मजदूर संगठन और मजदूर वर्ग इन सभी सरकारी दावों को खोखला एवं झूठा मानता है। क्योंकि राजनीतिक इच्छा शक्ति की कमी के कारण मजदूरों को उचित वेतन, सामाजिक एवं व्यावसायिक सुरक्षा, सम्मान एवं स्वास्थ्य सुविधा मुहैया नहीं होती है। सरकारी एवं प्राइवेट औद्योगिक संस्थान सरकार की इस ढुलमुल नीति का गलत फायदा उठाते हैं।÷

गौर करने वाली बात है कि वर्ष 2020-21 में कोरोना महामारी और लॉकडाउन की सबसे ज्यादा मार असंगठित क्षेत्र के मजदूरों पर पड़ी है। नियोक्ता केंद्र एवं राज्य सरकार तहत प्राइवेट संस्थानों आदि ने मजदूरों और खासकर प्रवासी मजदूरों एवं उनके आश्रितों से अपना पल्ला झाड़ लिया था। परिणामस्वरूप लोगों ने सैकड़ों-हजारों किलोमीटर की दूरी या तो पैदल तय करने या अपने सीमित संसाधनों से अपने पैतृक स्थानों को लौटने को मजबूर है गए। कई प्रकार की असुविधाओं, भूख, प्यास और थकान के कारण कई प्रवासी मजदूरों की मृत्यु रास्ते में ही हो गई थी।

मजदूर दिवस की शुरुआत कैसे हुई

डुमरियागंज सिद्धार्थनगर। इस दिन की शुरुआत 1 मई सन् 1886 को अमेरिका में एक आंदोलन के कारण हुई थी। इस आंदोलन में अमेरिका के मजदूर शामिल थे, जिन्होंने काम के लिए समय 8 घंटे निर्धारित करने की मांग की थी। इससे पहले इन मजदूरों से 15-15 घंटे काम करवाया जा रहा था। ऐसे में मजदूर अमेरिका की सड़कों पर उतर आए थे। इस आंदोलन के दौरान कुछ मजदूरों पर पुलिस ने गोली भी चलाई, जिसके कारण कुछ मजदूरों की मौत हो गई वहीं 100 से ज्यादा मजदूर इस आंदोलन के चलते घायल भी हुए। 1889 में अंतरराष्ट्रीय समाजवादी सम्मेलन ने जब दूसरी बैठक की तो उस बैठक में एक प्रस्ताव पारित करने के साथ-साथ 1 मई का दिन अंतर्राष्ट्रीय मजदूर दिवस के रूप में मनाया जाएगा, इस बात की भी घोषणा की। वहीं यह भी कहा गया कि इस दिन सभी मजदूर, कामगारों और श्रमिकों की छुट्टी रहेगी। इससे अलग दुनिया के सभी देशों में मजदूर 8 घंटे ही काम करेंगे। अगर भारत की बात की जाए तो हमारे देश में लेबर डे की शुरुआत 1923 में चेन्नई में हुई थी। इसकी शुरुआत लेबर किसान पार्टी ऑफ हिंदुस्तान ने मद्रास में की थी। इस दिन पहली बार लाल रंग झंडा मजदूर दिवस के प्रतीक के रूप में उपयोग में लाया गया था।

भाजपा व सपा के प्रत्याशियों ने किया नामांकन दाखिल

आजमगढ़। चुनावों में ऐसा कम ही होता है कि बड़े दल एक साथ एक ही दिन नामांकन के लिए उतर जाएं। वह भी मौका जब लोकसभा चुनाव का हो। बुधवार को लालगंज और आजमगढ़ लोकसभा सीट पर भारतीय जनता पार्टी व समाजवादी पार्टी के चारो प्रत्याशियों ने अपना-अपना नामांकन दाखिल किया। सभी ने जमकर शक्ति प्रदर्शन भी किया। उधर, पुलिस व प्रशासन भी सुरक्षा को लेकर कड़े इंतजाम किए हुए थे। कलेक्ट्रेट सभागार में बुधवार को नामांकन का घमासान रहा। टिकट की घोषणा में हुए विलंब और दलों की रणनीति का इत्तफाक कुछ ऐसा बैठा है कि भाजपा व सपा एक ही दिन नामांकन करने पहुंचे। आजमगढ़ लोकसभा सीट पर नामांकन के लिए भारतीय जनता पार्टी के प्रत्याशी दिनेश लाल यादव निरहुआ व समाजवादी पार्टी के प्रत्याशी धर्मेंद्र यादव नामांकन करने पहुंचे। वहीं लालगंज लोकसभा सीट पर भारतीय जनता पार्टी के प्रत्याशी नीलम सोनकर व समाजवादी पार्टी के प्रत्याशी दरोगा सरोज भी नामांकन करने पहुंचे।

लालगंज की प्रत्याशी ने किया नामांकन दाखिल

आजमगढ़। भारतीय जनता पार्टी लोक सभा लालगंज की प्रत्याशी नीलम सोनकर ने नामांकन दाखिल किया। नामांकन दाखिल करने से पूर्व उन्होंने मोहम्मदपुर से जुलूस के साथ फरिहा, निजामाबाद तबहरपुर, भावरनाथ होते हुए। भाजपा जिला कार्यालय से अपने अपने समर्थकों के साथ नामांकन के लिए कलेक्ट्र पहुंच कर नामांकन दाखिल किया। नामांकन दाखिला में उत्तर प्रदेश भाजपा अध्यक्ष भूपेंद्र सिंह चौधरी,प्रदेश महामंत्री गोविंद नारायण शुक्ला, क्षेत्रीय अध्यक्ष सहजानंद राय,जिला अध्यक्ष सूरज प्रकाश श्रीवास्तव उपस्थित रहे। नामांकन दाखिल करने के बाद अपने जुलूस के साथ रानी की सराय होते हुए निजामाबाद के दिग्गीपुर में नामांकन सभा कार्यक्रम में पहुंच कर जनसभा को सम्बोधित किया। नामांकन में प्रस्तावक पूर्व विधायक लालगंज नरेंद्र सिंह,प्रेम नारायण पाण्डेय, विधान परिषद सदस्य रामसूरत राजभर, रणविजय चौहान रहें।

रोड शो कर वीरेंद्र चौधरी ने दिखाया दम

- सत्ता के लिए मोदी ने लगा दी अपने ही नागरिकों के जान की बाजी,वीरेंद्र चौधरी
- झूठा है मोदी का नारी शक्ति का राग, दुराचारी सांसद को रखते हैं साथ

अवधनामा संवाददाता

महराजगंज। लोकसभा के इंडिया एलायंस उम्मीदवार व कांग्रेस विधायक वीरेंद्र चौधरी ने बुधवार को सैकड़ों चौपहिया वाहनों के साथ रोड शो कर अपनी दमदार उपस्थिति का एहसास कराया। वीरेंद्र चौधरी का रोड शो फरेंदा महराजगंज रोड पर स्थिति महादेवा चौराहे से सुबह करीब नौ बजे प्रारंभ हुआ। काफिले में एक बस लोगों के आकर्षण का केंद्र था जिस पर कांग्रेस,गठबंधन दलों के नेताओं और उम्मीदवार वीरेंद्र चौधरी की ब्रांडिंग की हुई थी। करीब पांच सौ चौपहिया वाहनों का रोड शो कांग्रेस और सपा के झंडे से पटा हुआ था। इस दौरान कांग्रेस,सपा और आम आदमी पार्टी के तमाम बड़े नेता व प्रदेश स्तरीय पदाधिकारी मौजूद थे।

लोकसभा उम्मीदवार वीरेंद्र चौधरी ने इस रोड शो का नाम जन आशीर्वाद यात्रा दे रखा था। उन्होंने कहा कि इस रोड शो का मक्शद देवतुल्य मतदाता बंधुओं से आशीर्वाद व समर्थन का अनुरोध करना था। उन्होंने कहा कि भाजपा शासन के एक एक कारनामें हर रोज उजागर हो रहे हैं। कोरोना काल में जिस टीके का ढोल नगाड़ा पीट कर ढिंढोरा पीटा गया,उस टीका को बनाने वाली कंपनी ने कबूला है कि उसके बनाए टीके से हार्ट अटैक जैसी जानलेवा बीमारी हो सकती है। इस टीका को बनाने वाली कंपनी से करोड़ों रूपए का इलेक्टोरल बांड मोदी जी ने ले रखा है। उन्होंने कहा पैसा और सत्ता के लिए अपने ही देश के नागरिकों की जान के साथ खिलवाड़ करने वाली दुनिया की ऐसी पहली सरकार है जो भारत की मोदी सरकार है।

वीरेंद्र चौधरी ने कहा बार बार नारी शक्ति,नारी बंदन की बात करने वाले मोदी की हकीकत यह है कि सत्ता और सरकार के लिए उन्होंने कर्नाटक में ऐसी पार्टी से गलबहियां कर ली जिसका सांसद एक दो नहीं हजारों युवतियों के यौन शौषण का गुनहगार है। उन्होंने कहा कि अभी कुछ ही दिन पहले उन्होंने उस दुराचारी के साथ मंच साझा की और उसके लिए वोट की अपील की। कहा कि दुराचार का आरोपी एक पूर्व प्रधानमंत्री के पोते उज्वल रेवन्ना की हकीकत सामने आने पर उसे बड़े आराम से जर्मन भाग जाने दिया गया।

महादेवा से प्रारंभ रोड शो मुजुरी,परतावल,बभनौली,सिसवा,नि चलौल,ठूठी बारी होते हुए फरेंदा कस्बे में स्थिति अंबेडकर तिराहे पर समाप्त हुआ। इस दौरान कांग्रेस जिला अध्यक्ष शरद सिंह,सपा जिलाध्यक्ष विद्यासागर यादव,निर्देश मंगल,आम आदमी पार्टी के पशुपति नाथ गुप्ता,संतोष श्रीवास्तव,प्रणय गौतम,राहुल शर्मा,डा रामनरायन चौरसिया,पीसीसी मेंबर विजय सिंह,पूर्व चेयर मैन जय प्रकाश लाल,पूर्व जिला पंचायत सदस्य राम प्यारे प्रसाद एडवोकेट सुधेश मोहन,नूर आलम,सिकंदर आलम, विनोद सिंह, पूर्व विधायक श्री पत आजाद, पूर्व विधायक सुदामा प्रसाद, बिंद्रेश कनौजिया, रणंजय सिंह विजय सिंह सहित कांग्रेस व गठबंधन दलों के हजारों कार्यकर्ता मौजूद थे।

धान का प्रमाणिक/आधारीय बीज मण्डल में 4102 कुन्तल प्राप्त हुअ

बस्ती। खरीफ 2024 में विभिन्न योजना के अन्तर्गत सामान्य वितरण एवं प्रदर्शन आयोजन हेतु धान का प्रमाणिक/आधारीय बीज मण्डल में 4102 कुन्तल प्राप्त हुआ है। उक्त जानकारी संयुक्त निदेशक, कृषि अविनाश चन्द्र तिवारी ने दी है। उन्होने बताया कि बस्ती में 1119 कुन्तल, संतकबीर नगर में 1110 कुन्तल तथा सिद्धार्थनगर में 1873 कुन्तल धान का बीज प्राप्त हुआ है। उन्होने तीनों जनपदों के जिला कृषि अधिकारी को निर्देश दिया है कि आवंटित बीज का शीघ्र उठान करके राजकीय कृषि बीज भण्डार पर वितरण हेतु समय से उपलब्ध करायें। बीज प्राप्त करने से पूर्व यह सुनिश्चित कर ले कि बीजों की भौतिक दशा अच्छी हो एवं समस्त बीज बीज अधिनियम के मानक के अनुरूप हों।उन्होने बताया कि अवशेष बीज की मात्रा का आवंटन निदेशालय से अलग से प्राप्त होगा। बीज वितरण पीओए मशीन से ही किया जायेंगा। बीज अमानक/अन्य किसी प्रकार की शिकायत प्राप्त होने पर तत्काल निदेशालय को सूचित किया जायेंगा।

युवक के पास से नाजायज़ चाकू के साथ किया गिरफ्तार

अवधनामा संवाददाता

जलालपुर अंबेडकरनगर। मुखबीर की सूचना पर जलालपुर पुलिस ने एक युवक को जामा तलाशी के दौरान एक अदद नाजायज चाकू ,मोटरसाइकिल तथा निशान देही पर एक स्कूटी बरामद किया गया। पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार करते हुए न्यायालय भेज दिया है। जलालपुर थाना के उपनिरीक्षक दुर्योधन लाल वर्मा अपनी पुलिस टीम हेड कांस्टेबल दुर्गेश सिंह, राकेश कुमार ,केशव सिंह के साथ मुखबिर की सूचना पर जमालपुर चौराहे पहुंचकर आरोपी युवक को धर दबोच लिया गया पकड़े गए युवक के पास से जामा तलाशी के दौरान एक अदद नजायज चाकू व एक ग्लैमर मोटरसाइकिल बरामद हुआ पूछताछ में बनारस से चुरा कर लाई हुई एक स्कूटी मोटरसाइकिल को भी बताया जो थोड़ी दूर महिला प्रखंड रोड पर प्राथमिक विद्यालय हाजीपुर के तरफ झाड़ियां में छुपा कर रखा हुआ था जिसका नंबर यूपी 65 सीडी 9501 है । पूछताछ में आरोपी ने अपना नाम अमरजीत उर्फ खल्ले निवासी सरैया थाना जैतपुर बताया। प्रेस वार्ता के दौरान मामले का खुलासा करते हुए क्षेत्राधिकारी देवेंद्र कुमार मौर्य ने कहा कि आरोपी को हिरासत में लेकर न्यायालय भेज दिया गया है अग्रिम कार्रवाई जारी है इस मौके पर जलालपुर कोतवाली प्रभारी संतोष कुमार सिंह मौजूद रहे।

भाजपा प्रत्याशी ने चौपाल कार्यक्रम को किया सम्बोधित

अवधनामा संवाददाता

टांडा अंबेडकरनगर। 55 लोकसभा 278 टांडा विधानसभा में लोकप्रिय सांसद व भाजपा प्रत्याशी रितेश पांडे जी का चौपाल कार्यक्रम टांडा वा सदरपुर मंडल में संपन्न हुआ टांडा मंडल में कश्मीरिया वा सदरपुर मंडल में ब्राहिमपुर कुसमा में संपन्न हुआ। जिसमे भाजपा प्रत्याशी व सांसद रितेश पांडे जी का जोरदार स्वागत किया गया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए भाजपा प्रत्याशी वा सांसद रितेश पांडे जी ने कहा अब चुनाव मतदान के ज्यादा दिन नहीं है आपके बीच में विपक्ष के लोग आएंगे झूठी अफवाहें फैलाएंगे झूठे प्रचार करेंगे आप लोगों को भ्रमित करने का काम करेंगे आपको होशियार रहना होगा यह झूठे अफवाहें और झूठे प्रचार करके आप लोगों का वोट लेना चाहते हैं आप लोगों को जो जनकल्याणकारी योजनाएं मिल रही है मोदी सरकार की उस पर ताला लगाना चाहते हैं। विपक्ष के लोग झूठे प्रचार कर रहे हैं कि संविधान खतरे में है यह विपक्ष की चाल है यह झूठी अफवाहें और प्रचार कर रहे हैं मोदी सरकार में संविधान को कोई खतरा नहीं है। सांसद रितेश पांडे जी ने कहा मोदी सरकार की जनकल्याणकारी योजनाएं जो दलितो, मजदूरो ,वंचितों गरीबों, को बिना किसी भेदभाव के मिल रहा है विपक्ष के लोगों से देखा नहीं जा रहा है इसलिए वह झूठी अफवाहें फैला रहे हैं सांसद रितेश पांडे जी ने लोगों से पूछा आप लोगों की को मोदी सरकार की जनकल्याणकारी योजनाएं प्रधानमंत्री आवास योजना, गरीबों के स्वास्थ्य के लिए आयुष्मान कार्ड, किसान सम्मन निधि, माता बहनों के लिए उज्ज्वला योजना शौचालय योजना शौचालय योजना, हर घर जल योजना आप लोगों के बीच बिना किसी भेदभाव के पहुंच रहा है कि नहीं पहुंच रहा है इस पर सभा में बैठे लोगों ने हाथ उठाकर हां की आवाज लगा कर मोदी सरकार जिंदाबाद के नारे लगाए। सांसद रितेश पांडे ने विपक्ष के प्रत्याशी पर हमला बोलते हुए कहा जब यह मंत्री थे और सदरपुर टांडा का मेडिकल कॉलेज बन रहा था उस समय बड़े पैमाने पर मेडिकल कॉलेज में घोटाला करके मंत्री रहते हुए बरुआ जालकी में अपना कॉलेज का नर्सिंग होम बनवा रहे थे। तमाम घोटाले कर के कॉलेज खड़ा किया उन्होंने का विपक्ष की जब सरकार रही थी तो किसी भी योजना का लाभ लोगों तक नहीं पहुंचता था लूटपाट कर अपनी जेब भरने का काम विपक्ष के लोग करते थे सांसद रितेश पांडे जी ने कहा हमारे प्रधानमंत्री जी ने घोषणा की है आने वाले समय में एक करोड़ महिलाओं को लखपति दीदी बनाने का काम करेंगे, 3 करोड लोगों को प्रधानमंत्री आवास योजनाएं दी जाएगी। उन्होंने जनता से अपील किया आने वाले 25 तारीख को अपना महत्वपूर्ण वोट भाजपा को दे और मोदी जी को देश का प्रधानमंत्री बनाकर विकसित भारत के संकल्प मार्ग में अपनी अहम भूमिका अदा करें। कार्यक्रम में भाजपा श्रम प्रकोष्ठ के क्षेत्रीय संयोजक रामसूरत मौर्या ने भी संबोधित किया उन्होंने अपने उद्बोधन में कहा कि दो दान महत्वपूर्ण होता है एक दान कन्यादान होता है और दूसरा मतदान होता है आप अपना महत्वपूर्ण मतदान भाजपा की मोदी सरकार को देकर भाजपा के लोकप्रिय प्रत्याशी व सांसद रितेश पांडे जी को जिताकर दिल्ली भेजने का काम करें। उन्होंने कहा समाजवादी पार्टी की सरकार में टांडा के अंदर महिलाएं माता बहने सुरक्षित नहीं महसूस कर रही थी जब वह घर से निकलती थी तो गुंडे बदमाश छीटा काशी करते थे लेकिन भाजपा की सरकार में किसी में किसी माई के लाल में हिम्मत नहीं है की माताओ एवं बहनों को छेड़ दें। यह परिवर्तन भाजपा की सरकार में हुआ। कार्यक्रम में मुख्य रूप से टांडा विधानसभा संयोजक रमेश चंद्र गुप्ता, पूर्व विधायक संजू देवी, श्रम प्रकोष्ठ के क्षेत्रीय संयोजक राम सूरत मौर्य, टांडा विधानसभा मीडिया प्रभारी राजेश सिंह, गोंडा के ब्लॉक प्रमुख आशीष मिश्रा नगर मंडल अध्यक्ष टांडा तेजस्वी जायसवाल, सदरपुर मंडल अध्यक्ष रामधनी वर्मा, राकेश यादव, मनोज यादव, शक्ति केंद्र संयोजक रामजन्म वर्मा, कश्मीरिया सभासद पुष्पा देवी, नीलकमल, बूथ अध्यक्ष अनूप पटेल, शक्ति केंद्र संयोजक राकेश कुमार, बूथ अध्यक्ष राहुल चौरसिया, राकेश, विजय कुमार, अशोक विश्वकर्मा, गुड्डू प्रधान,आशीष सोनी, दुर्गेश पाठक, अमित पांडे, मनोज साहू, घनश्याम यादव, फूलचंद यादव, सतीश जायसवाल, राहुल रमन, रोहित गोडसे महिलाओं में ज्योति सिंह, निर्मला देवी, मंजू, अंजली सहित सहित तमाम कार्यकर्ता और लोग मौजूद रहे।

ग्रीष्मकालीन विशेष रेलगाड़ी–2024

ग्रीष्मकाल के दौरान रेलयात्रियों के सुविधाजनक आवागमन के लिए रेलवे द्वारा पुणे जं. और अयोध्या कैंट के बीच ग्रीष्मकालीन एक्सप्रेस विशेष रेलगाड़ी संचालित करने का निर्णय लिया गया है, जिनका विवरण निम्नानुसार हैः-

01455/01456 पुणे जं. - अयोध्या कैंट - पुणे जं. एक्सप्रेस विशेष रेलगाड़ी				04 फेरे
रेलगाड़ी सं.: 01455		↓ स्टेशन ↑	रेलगाड़ी सं.: 01456	
आगमन	प्रस्थान		आगमन	प्रस्थान
----	19:30	पुणे जं.	03:55	----
19:43	19:45	चिंचवड	03:28	03:30
21:37	21:40	लोनावला	02:50	02:55
22:10	22:15	पनवेल	01:05	01:10
23:40	23:43	कल्याण जं.	23:47	23:50
01:40	01:45	इगतपुरी	22:05	22:10
03:18	03:20	मनमाड जं.	20:05	20:08
05:18	05:20	जलगांव	17:32	17:35
05:50	06:00	भुसावल जं.	17:05	17:10
09:00	09:05	खंडवा जं.	15:05	15:08
13:05	13:15	इटारसी जं.	12:35	12:45
16:00	16:05	भोपाल	10:45	10:50
19:18	19:20	बीना जं.	04:35	04:40
22:00	22:10	वीरांगना लक्ष्मीबाई झांसी	02:10	02:20
23:28	23:30	उरई	23:50	23:52
02:15	02:25	कानपुर सेन्ट्रल	21:55	22:05
04:20	04:30	लखनऊ	19:30	19:40
08:50	----	अयोध्या कैंट	----	16:00

चलने के दिनः 01455 पुणे से दिनांक 03 एवं 07.05.2024 को और **01456 अयोध्या कैंट** से दिनांक 05 एवं 09.05.2024 को।

स्थानः वाता. 3 टीयर, शयनयान एवं सामान्य।

रेलयात्रियों से अनुरोध है कि उपरोक्त रेलगाड़ियों के मार्ग में पड़ने वाले स्टेशनों एवं उनकी विस्तृत समय-सारणी की जानकारी के लिए रेलमदद हेल्पलाईन नं. 139 पर सम्पर्क करें अथवा रेलवे की वेबसाईट https://enquiry.indianrail.gov.in अथवा NTES App देखें।

रेलमदद वेबसाइट देखें:- www.railmadad.indianrailways.gov.in रेलमदद ऐप डाउनलोड करें

वक्त कोई मसला नहीं

मतपत्र ईवीएम पड़ जाने के बाद ममला डाले गये वोटो के वोटर वेरिफाइड पेपर आडिट पर्चियों से मिलान का है। चुनाव प्रक्रिया की शुचिता और विश्वसनीयता सबसे ऊपर रहनी चाहिये। इसे लेकर सुप्रीम कोर्ट में याचिका दाखिल है। कोर्ट ने फैसला सुरक्षित रक्खा है। वोट डालने की प्रक्रिया शुरू हो गई है।

2004 में इवीएम के जरियो लोकसभा के लिये पहली बार मतदान हुआ था। तबसे सरकारें तो बदली पर इवीएम पर गड़बड़ी के आरोप लगते आ रहे है। कुछ पार्टियां बैलट पेपर वापसी की मांग करती है पर कोर्ट ने स्पष्ट कर दिया है कि बैलट पेपर की वापसी नही होगी। यह सही और स्पष्ट निर्देश स्वामत योग है। चुनाव की शुचिता और निष्पक्षता के पक्ष में सभी है। पर इवीएम से जो पार्टी कैन्डीडेट जीतता है तो इवीएम की निष्पक्षता पर कोई सवाल नहीं उठाता है पर जब हार जाता है तो सारे आरोप इवीएम पर मढता रहता है। एक बार 2019 लोकसभा चुनाव के पहले सुप्रीम कोर्ट में पीटिशन के जरिये मांग की गई कि 50 प्रतिशत वीवीपैट पर्चियां का मिलान किया जाये। इन्डियन स्टेटस्किल इन्सटीच्यूट ने कहा कि रैन्डम चुन लिये गये, 479 इवीएम का वीवी पैट से मिलान किया जाय तो 99 प्रतिशत सटीक नतीजे आ सकते है। चुनाव आयोग ने बताया इससे आठ गुना ज्यादा इवीएम लेता है। कोर्ट ने वीवीपैट मिलान पांच गुना बढाने को कहा है।

सुप्रीम कोर्ट की याचिका में हर वोट के मिलान की बात कही गयी है। हर विधानसभा क्षेत्र की 5 इवीएम का वीवीपैट से मिलान किया जाता है। दिक्कत है हर पर्ची का मिलान करने में समय भी अधिक लगेगा। खर्च भी ज्यादा आयेगा। पर सभी पर्चियों के मिलान से विश्वसनीयता और शुद्धता स्थापित होती है तो ज्यादा समय लगने की बात को दरकिनार कर समय ज्यादा लगा कर विश्वसनीयता और शुचिता का विश्वास पैदा करना बेहतर विकल्प होगा। 2004 में लोकसभा चुनाव की प्रक्रिया तीन सप्ताह में पूरी हुई थी। इस बार छह सप्ताह का समय लिया जा रहा है। जब मतदान में इतना समय लिया गया तो थोड़ा ज्यादा समय गणना में लगे तो विश्वसनीयता और शुचिता के लिये ज्यादा समय लगाने से परहेज नहीं होना चाहिये। चुनाव आयोग को विश्वासनीयता पैदा करने के लिये ज्यादा समय लगाने से परहेज नहीं करना चाहिये। मतदाता के दिमाग और दिल में चुनाव आयोग की प्रक्रिया और मतदान की प्रक्रिया पर और गणना की प्रक्रिया पर निष्पक्षता को लेकर दृढ विश्वास होना चाहिये मतदाता का।

लोकसभा चुनाव लड़ने की शैक्षिक योग्यता और अधिकतम उम्र सीमा का निर्धारण आवश्यक?

डॉ. अजय कुमार मिश्रा

राजनीति एक समाज सेवा का विषय परम्परागत तरीके से स्वीकार्य है, जबकि जमीनी सच्चाई यह है की अधिकांश लोग इस क्षेत्र में समाज सेवा को कम महत्व निजी स्वार्थ और व्यक्तिगत सेवा को अधिक महत्व देते है। यही वजह है की वास्तविक और सच्चे नेता जो आम लोगों के दिलों पर राज करें वह चुनिन्दा रहे है। उनके रहने और न रहने पर भी सभी के दिल में बिना सशर्त प्यार और समर्थन रहता है। यदि गहराई से विचार और विमर्श किया जाय तो यह एक ऐसा विषय है जिसमे लोगों का चुनाव आवश्यकता और योग्यता पर शायद ही हो रहा हो। यहाँ वह व्यक्ति चुनाव जीतता है जो सर्वरूप में प्रभावशाली हो। आम आदमी आजादी के दशको बाद भी अभी तक इन चुनावों की आवश्यकता और महत्व को नहीं समझ पाया है इसीलिए अधिकांश मामलों में योग्य व्यक्ति का चुनाव नहीं ही होता है। हद तो तब हो जाती है जबकि ऐसे लोग एक दो नहीं बल्कि लगातार चुनाव जीत कर पूरे सिस्टम की आवश्यकता को दिन प्रतिदिन दर किनार करते रहतें है। लोकतंत्र देश के लिए जहाँ अति महत्वपूर्ण है वही चुना जाने वाला व्यक्ति कई ऐसी संभावनाओं पर चुना जा रहा जो लोकतंत्र के लिए अप्रत्यक्ष रूप से नुकसानदायक है। क्या किसी को सिर्फ इसलिए बार-बार चुना जाना चाहिए जो पुरे सिस्टम पर नियंत्रण करके चुनाव जीतने के उद्देश्य से ही दिन रात लगा हो ?

देश में लोकसभा चुनाव लड़ने की न्यूनतम उम्र 25 वर्ष है जबकि शैक्षिक योग्यता की कोई अनिवार्यता नहीं है और यह देश का सबसे बड़ा चुनाव है जिसका असर आम आदमी के साथ महत्वपूर्ण नियमो पर भी पड़ता है। राष्ट्रीय और अंतर्राष्ट्रीय हित इसी से सुरक्षित होते है। उद्देश्यपूरक कार्य करने की वजह अब राजनैतिक दल सत्ता में आने और बने रहने से सम्बंधित कार्य ही कर रहें है और एक दो नहीं बल्कि अनेकों ऐसी आवश्यकता है जिन पर प्रतिबद्ध होकर कार्य किया जाना चाहिए और नहीं कर रहें है जिसका खामियाजा आम आदमी उठा रहा है। ऐसे में यह अति महत्वपूर्ण हो जाता है की क्यों न लोक सभा चुनाव लड़ने की अधिकतम सीमा और एक व्यक्ति अधिकतम कितनी बार चुनाव लड़ सकता है का निर्धारण शैक्षिक योग्यता की अनिवार्यता के साथ किया जाए। इससे न केवल सिस्टम में पारदर्शिता आयेगी बल्कि प्रत्येक चुना हुआ व्यक्ति बाध्य होगा आवश्यक कार्य करने को। लगातार सत्ता में बने रहने का जोड़-तोड़ करने और अपना एकाधिकार समझने वाले व्यक्ति की अपेक्षा सभी को सामान अवसर भी प्राप्त होगा।

यह उचित और न्याय संगत भी होगा की लोक सभा चुनाव लड़ने की अधिकतम उम्र सीमा 60 वर्ष होनी चाहिए और एक व्यक्ति को अधिकतम पांच बार चुनाव जीतने तक लड़ने देना चाहिए। साथ ही यह भी जरुरी है की न्यूनतम शैक्षिक योग्यता ग्रेजुएशन अवश्य होनी चाहिए। यह मानक इसलिए भी जरुरी है की आम आदमी की बेहतरी के लिए एक बड़ा कार्य हो सकें। आजादी के बाद से लेकर अब तक यदि मूल्यांकन किया जाए तो अभी भी कुल आबादी का महत्वपूर्ण हिस्सा अभी भी जमीनी आवश्यकताओं की पूर्ति के लिए लड़ रहा है। बाजारवाद और आर्थिक युग ने सबके जेब पर डांका डाल रखा है। विकसित और विकाशसील दोनों की यात्रा में नागरिक ही महत्वपूर्ण है यदि उन्हें विशेष स्थान नहीं दिया जायेगा तो बड़ी बिल्डिंग, चौड़े रोड, चमकदार लाइट का कोई मतलब नहीं है।

वर्तमान राजनैतिक परिवेश और चल रहें चुनावी महायुद्ध को देखें तो चारों तरफ अत्यधिक विषमतायें देखने को मिल रही है। जनता पुराना चेहरा देखकर जहाँ उब गयी है वही आधी से अधिक जीवन की यात्रा तय कर चुके लोग अपने को युवा बोल रहें है। कुछ लोगों ने इस क्षेत्र को इतना अधिक नियंत्रित कर दिया है की आम आदमी और वास्तविक समाजसेवा की इच्छा रखने वाले लोगों के लिए कुछ बचा नहीं है। जनता को इस तरह से भ्रमित किया जा रहा है की ब्रांडेड पार्टियों के अलावा अन्य कोई विकल्प दिखाई भी नहीं दे रहा है। ऐसे में देशहित और राष्ट्रनिर्माण के लिए यह वर्तमान महत्वपूर्ण जरूरत है की लोकसभा चुनाव लड़ने वाले सभी के लिए न्यूनतम शैक्षिक योग्यता और अधिकतम उम्र सीमा का निर्धारण किया जाय। जिससे सही मायने में आम आदमी को भी समान अवसर मिल सकें और वास्तविक जरूरतों की पूर्ति हो सकें। अन्यथा की स्थिति में हम जिस राह पर तेजी से बढ़ रहें है आगामी कुछ वर्षो में चुनाव महज दिखाने के लिए होगे और इसके नियंत्रक दशकों तक सत्ता का सुख भोगेगे और जनता.....?

स्वामी, प्रकाशक, मुद्रक व सम्पादक तकदीस फ़ातिमा रिज़वी ने ग्रुप-5 प्रकाशन, 55-बी, वज़ीर हसन रोड, लखनऊ से मुद्रित कराकर प्रथम तल, मस्जिद नूर महल, साकेत पल्ली, नरही, लखनऊ से प्रकाशित किया।

किसी भी लेख में कोई विवाद के लिए 'अवधनामा' जिम्मेदार नहीं होगा, इसकी जिम्मेदारी लेखक की है। किसी भी समाचार के विवाद के लिए न्याय क्षेत्र लखनऊ ही होगा।

पोलिटिकल एडीटर : एम.एम. मोहसिन

स्थानीय संपादक

मोहम्मद आलम रिज़वी

RNI No UPHIN/2010/31173

टेली फैक्स नं. : 2288091, 4065716

avadhnamahindi@gmail.com,

भले ही लगभग आठ लाख कनाडाई सिखों की वहां की राजनीति में सक्रिय भागीदार हैं। सिख समुदाय की जरूरतों एवं उनके शांतिपूर्ण जीवन के लिये कनाडा सरकार की प्रतिबद्धता में कोई आपत्ति नहीं हैं। सिख समुदाय के मौलिक अधिकारों व स्वतंत्रता की रक्षा करने के वायदे यदि वहां की सरकार करती है तो अच्छी बात है। भले ही कनाडा सरकार सिखों के सामुदायिक केंद्रों, गुरुद्वारा समेत पूजास्थलों की सुरक्षा को और मजबूत करने के साथ भारत एवं कनाडा के बीच उड़ानें और रूट बढ़ाने को लेकर भारत के साथ नए समझौते करें, लेकिन इन स्थितियों के बीच खालिस्तानी अलगाववाद को प्रोत्साहन देना भारत के लिये असहनीय है।

भारत एवं कनाडा के रिश्ते खतरनाक मोड़ पर

कनाडा में रविवार को वहां के प्रधानमंत्री जस्टिन ट्रूडो की मौजूदगी में खालसा दिवस समारोह के दौरान खालिस्तान समर्थक नारे लगाए जाने के बाद भारत सरकार जो सख्ती दिखाई है, वह आवश्यक एवं समयोचित कदम है। इस घटना पर भारत का चिंतित होना एवं कनाडा को चेताया जाना स्वाभाविक है। विदेश मंत्रालय में कनाडा के उप-उच्चायुक्त को तलब कर इस मामले में गहरी आपत्ति जताई गई है। कनाडा सरकार ने अपने राजनीतिक हितों के लिये अनेक बार भारत विरोधी घटनाओं में संदेहास्पद एवं विवादास्पद भूमिका का निर्वाह करते हुए अन्तर्राष्ट्रीय संबंधों की मर्यादाओं को धुंधलाया है। कनाडा की धरती से खालिस्तानी समर्थक अलगाववाद, कट्टरपंथ और हिंसा को बढ़ावा दिया जाता रहा है। इस तरह की घटनाओं से कनाडा में अपराध का माहौल बना हुआ है। इससे कनाडा के नागरिकों के लिए भी खतरा पैदा हो गया है। जिससे भारत में भी स्थितियां संकटपूर्ण बनी है। पिछले साल खुद ट्रूडो ने सार्वजनिक रूप से निज्जर हत्याकांड में भारत के शामिल होने का निराधार आरोप लगाया था। भारत के मांगने के बाद भी आज तक उनकी सरकार इस आरोप के पक्ष में कोई सबूत नहीं दे पाई है। जस्टिन ट्रूडो ने आरोप लगाकर दोनों देशों के बीच विवाद खड़ा कर दिया था। भारत ने आरोप को बेबुनियाद बताते हुए खारिज कर दिया था। इसके बाद से कनाडा और भारत के संबंधों में खटास आ गई और दोनों देशों के रिश्ते सुधरने की बजाय खतरनाक मोड़ पर पहुंच गये हैं।

ललित गर्ग

रविवार के खालसा दिवस समारोह में न केवल खालिस्तान समर्थक नारे लगाए गए बल्कि ऐसे बैनर प्रदर्शित किए गए, जिनमें भारत-विरोध के त्रासद एवं राष्ट्र-विरोध के भ्रामक, झूठे एवं बेबुनियाद आरोप थे। अफसोस और चिंता की बात यह रही कि कनाडाई प्रधानमंत्री जस्टिन ट्रूडो ने तो इन सब भारत-विरोधी घटनाओं को रोकने की या इन्हें गलत बताने की कोई कोशिश की। इस पूरे मामले में ट्रूडो का व्यवहार आपत्तिजनक बना, दो देशों के बीच खटास घोलने वाला एवं राजनीतिक अपरिपक्वता का रहा। जिसे दोनों देशों के राजनयिक पैमाने पर उचित नहीं कहा जा सकता। इस तरह कनाडा अपने देश की राजनीतिक जरूरतों के चलते भारत के साथ अपने रिश्ते इस मोड़ पर ले आया हैं, जहां उनके बीच विश्वास, भरोसे, आपसी सहयोग और संवाद की कमी है, तो यह अकारण नहीं है। भले ही लगभग आठ लाख कनाडाई सिखों की वहां की राजनीति में सक्रिय भागीदार हैं। सिख समुदाय की जरूरतों एवं उनके शांतिपूर्ण जीवन के लिये कनाडा सरकार की प्रतिबद्धता में कोई आपत्ति नहीं हैं। सिख समुदाय के मौलिक अधिकारों व स्वतंत्रता की रक्षा करने के वायदे यदि वहां की सरकार करती है तो अच्छी बात है। भले ही कनाडा सरकार सिखों के सामुदायिक केंद्रों, गुरुद्वारा समेत पूजास्थलों की सुरक्षा को और मजबूत करने के

साथ भारत एवं कनाडा के बीच उड़ानें और रूट बढ़ाने को लेकर भारत के साथ नए समझौते करें, लेकिन इन स्थितियों के बीच खालिस्तानी अलगाववाद को प्रोत्साहन देना भारत के लिये असहनीय है। भारत बार-बार इस बात को दोहरा रहा है कि अभिव्यक्ति की आजादी के नाम पर इस तरह अलगाववादी और अतिवादी प्रवृत्तियों को बढ़ावा देना न केवल दोनों देशों के रिश्तों के लिए बल्कि खुद कनाडा के लिए भी खतरनाक है। भारत जिस तरह से लम्बे समय तक खालिस्तानी आतंकवाद को झेला है, कनाडा में इन तत्वों को प्रोत्साहन देकर कनाडा आतंकवादी गतिविधियों का केन्द्र बन सकता है, जो उसके लिए नुकसानदेह ही साबित होने वाला है।

निश्चित ही कनाडा में खालिस्तानी आतंकी फल-फूल रहे हैं। खालिस्तानी न केवल भारतीय राजनयिकों को धमका रहे हैं बल्कि हिंदू मंदिरों को भी निशाना बना रहे हैं। कनाडा की धरती पर हर किस्म के खालिस्तानी चरमपंथी ही नहीं पल रहे हैं बल्कि वहां भारत से भागे गैंगस्टर और नशे के तस्कर भी शरण पा रहे हैं। यही कारण है कि संयुक्त राष्ट्र की मानवाधिकार परिषद में भारत ने कनाडा को जो खरी-खोटी सुनाई, वह इसलिए आवश्यक थी, क्योंकि वहां की ट्रूडो सरकार अपने भारत विरोधी रवैये से बाज नहीं आ रही है। वह जिस तरह खालिस्तानी अतिवादियों को संरक्षण दे रही है, उसकी मिसाल यदि कहीं और मिलती है तो वह पाकिस्तान में। कनाडा अपने भारत विरोधी रवैये के कारण पाकिस्तान सरीखा बनता जा रहा है। कनाडा अपने हितैषी एवं पडोसी देशों से दूरियां बना रहा है। खालिस्तान समर्थन एवं प्रोत्साहन के चलते कनाडा में फिलहाल कुछ भी ठीक नहीं चल रहा। अपने देश के साथ दुनियाभर में वह आलोचकों के निशाने पर हैं। कनाडा में खालिस्तान समर्थकों पर नियंत्रण रखने में कथित नाकामी के चलते ट्रुडो को अनेक अन्तर्राष्ट्रीय मंचों पर विरोध का सामना करना पड़ रहा है। इसी के चलते जी-20 बैठक में उन्हें भारत और सदस्य देशों का 'ठंडा' रिस्पांस मिला। भारत में खास अहमियत नहीं मिलने से खिसियाए ट्रुडो को कनाडा के मीडिया ने भी आड़े हाथ लिया है।

ट्रुडो सरकार पर भारत के साथ रिश्तों को नुकसान पहुंचाने और व्यापार वार्ता के बारे में अंधेरे में रखने के आरोप भी लगे हैं। घरेलू राजनीतिक हितों के लिए ट्रुडो भारत के साथ लड़ाई मोल लेकर अपने देश का भारी आर्थिक नुकसान कर रहे हैं। यह सर्वविदित है कि भारत अब दुनिया की एक आर्थिक महाशक्ति बनने की ओर अग्रसर है। कनाडाई में उत्पादित वस्तुओं के निर्यात और व्यापार में भारत की महत्वपूर्ण भूमिका है और दोनों देशों के बीच बढ़ते तनाव का असर यहां की इकोनॉमी पर पड़ रहा है। भारत की नाराजगी बेवजह नहीं है, क्योंकि कनाडा भारत के विरोध में लगातार सक्रिय हैं, कनाडा ने ही किसानों के आंदोलन के समर्थन में अतिश्योक्तिपूर्ण सहयोग होने दिया। जबकि दोनों देशों के संबंधों में प्रगति के लिए एक-दूसरे के प्रति सम्मान का भाव और आपसी भरोसा रहना जरूरी है। खालिस्तान समर्थक गुरपतवंत सिंह पन्नू की हत्या की साजिश को लेकर अमेरिका में भी सवाल उठे थे। लेकिन अमेरिका ने इस मसले पर सार्वजनिक बयानबाजी करने के बजाय भारत सरकार से सीधी बातचीत की। भारत ने भी अमेरिकी सरकार की ओर से मुहैया कराए गए सबूतों को गंभीरता से लिया। इस मामले में एक उच्चस्तरीय जांच शुरू हुई। अच्छी बात यह भी है कि इस मामले को दोनों देशों के संबंधों के खटास का माध्यम नहीं बनने दिया। जांच के निष्कर्षों को दोनों देशों ने स्वीकार किया एवं बेवजह का विवाद खड़ा नहीं होने दिया। कनाडा को भी अमेरिका से कुछ सीखना चाहिए एवं निज्जर हत्याकांड में भारत की अगर कोई भूमिका है तो उसके सबूत भारत सरकार को देने चाहिए। कोरे आरोप लगाकर आपसी संबंधों को बिगाड़ने से परहेज करना चाहिए। अपनी भूमि का उपयोग भारत की संप्रभुता और क्षेत्रीय अखंडता के लिए खतरा पैदा करती गतिविधियों के लिये कत्तई नहीं करने देना चाहिए। बात कनाड़ा के साथ-साथ अन्य देशों पर भी लागू होती है जो अपने राजनीतिक हितों के लिये खालिस्तान समर्थक या अन्य भारत विरोधी आन्दोलनों को जगह देते हैं, लेकिन इन देशों ने भी समझा है।

क्या उत्तर प्रदेश में होगा चुनावी उलटफेर

योगेन्द्र यादव

परिवर्तन की इस हवा को अभी से भाजपा के खिलाफ आंधी नहीं कहा जा सकता। प्रधानमंत्री मोदी की अंधभक्ति बहुत कम हो गई है, लेकिन एक सामान्य वोटर में उनके प्रति अभी गुस्सा नहीं है। एक दबी छुपी-सी निराशा है, उससे भी ज्यादा थकान है। अब मोदी का नाम लेने भर से बाकी सब मुद्दों पर चर्चा रुक नहीं जाती। एक साधारण वोटर कांग्रेस सरकार द्वारा लागू की गई 5 किलो राशन की योजना का श्रेय मोदी जी को देता है, लेकिन इस बार सिर्फ उनके नाम पर वोट नहीं पड़ेगा। उत्तर प्रदेश के गांवों में मोदी की तुलना में योगी ज्यादा लोकप्रिय हैं, उन्हें गुंडागर्दी खत्म करने का श्रेय मिलता है।

इस चुनाव में भाजपा की सफलता उत्तर प्रदेश पर निर्भर करती है। सिर्फ इसलिए नहीं कि उत्तर प्रदेश में देश की सबसे अधिक 80 संसदीय सीटें हैं और भाजपा के अधिकतम सांसद यहीं से आते हैं। पिछले 2 लोकसभा चुनावों में यहां से भाजपा ने 71 और 62 सीटों पर अप्रत्याशित सफलता प्राप्त कर देश की सत्ता पर दावेदारी ठोकी थी। उत्तर प्रदेश इसलिए भी महत्वपूर्ण है कि हिन्दी पट्टी में यही एकमात्र प्रदेश है जहां भाजपा और कहीं भी हुई घाटे की भरपाई कर सकती है। बाकी सब हिन्दी प्रदेशों में तो भाजपा लगभग सभी सीटें जीती थी, इसलिए और ऊपर जाने की गुंजाइश नहीं है। पिछले एक-दो महीने से एक सर्वे के आधार पर यह दावा किया जा रहा है कि इस बार तो भाजपा अपने पुराने रिकॉर्ड भी तोड़ देगी, 70 पार और यहां तक कि पूरे 80 के दावे किए जा रहे हैं।

इन दावों की जांच करने के लिए हम कुछ साथियों ने दो चरणों में उत्तर प्रदेश के 15 संसदीय क्षेत्रों की यात्रा की। पहले चरण में अप्रैल के पहले हफ्ते में नोएडा, गाजियाबाद, मेरठ, मुजफ्फरनगर, कैराना और सहारनपुर तथा अप्रैल के तीसरे हफ्ते में बाराबंकी, मोहनलालगंज, उन्नाव, रायबरेली, अमेठी, प्रतापगढ़, इलाहाबाद, मिर्जापुर और वाराणसी तक गांवों की खाक छानी। इस पूरे क्षेत्र में घूमने से यह स्पष्ट संकेत मिलता है कि इस बार उत्तर प्रदेश में कुछ बड़ा उलटफेर होने जा रहा है। जनता के मन की थाह लेने के लिए हमने कोई तकनीकी सर्वे या किसी खुफिया तरीके का इस्तेमाल नहीं किया। हमने जो किया उसे चाहें तो आप भी इस्तेमाल कर सकते हैं और अपने इलाके में खुद चैक भी कर सकते हैं।

हम 5-6 व्यक्ति एक साथ गाड़ी में बैठकर सुबह से देर शाम तक गांव-देहात में घूमते थे और साधारण लोगों से पूछा कि उनका मत क्या है, पिछली बार कहां था, और इस बार किसे जाएगा। चुनाव के मिजाज और लोगों के अपने रुझान के बारे में बातचीत करते वक्त इतना ध्यान जरूर रखते थे कि सड़क के किनारे या गांव के कुछ बड़े परिवारों से बात करने की बजाय सभी जाति समुदाय के लोगों से बात करें, नेताओं या पत्रकारों से पूछने की बजाय एक साधारण वोटर से बातचीत करें। हमारे इस सफर से उत्तर प्रदेश का बुंदेलखंड क्षेत्र, पूर्वांचल के बिहार से सटे जिले और प्रदेश के बड़े शहर अछूते रहे। हमारी बातचीत महिलाओं की तुलना में पुरुषों से अधिक हुई। यह हमारे निष्कर्ष की सीमा हो सकती है।

प्रदेश के सैंकड़ों साधारण वोटरों से हुई इस बातचीत के आधार पर एक बात तो बिल्कुल साफ है कि उत्तर प्रदेश में इस चुनाव में परिवर्तन की हवा है। यानी कि 2019 की अपनी स्थिति में सुधार करने की बजाय भाजपा वहां तक भी पहुंचती दिखाई नहीं देती। अभी से यह नहीं कहा जा सकता कि भाजपा के वोट में गिरावट कितनी है और उसका सीटों पर कितना असर होगा। यह भी पूरी तरह साफ नहीं था कि यह परिवर्तन की

बयार इस बार क्यों चल रही है। इन बातों को समझने के लिए अभी कुछ देर और इंतजार करना पड़ेगा।

परिवर्तन की इस हवा को अभी से भाजपा के खिलाफ आंधी नहीं कहा जा सकता। प्रधानमंत्री मोदी की अंधभक्ति बहुत कम हो गई है, लेकिन एक सामान्य वोटर में उनके प्रति अभी गुस्सा नहीं है। एक दबी छुपी-सी निराशा है, उससे भी ज्यादा थकान है। अब मोदी का नाम लेने भर से बाकी सब मुद्दों पर चर्चा रुक नहीं जाती। एक साधारण वोटर कांग्रेस सरकार द्वारा लागू की गई 5 किलो राशन की योजना का श्रेय मोदी जी को देता है, लेकिन इस बार सिर्फ उनके नाम पर वोट नहीं पड़ेगा। उत्तर प्रदेश के गांवों में मोदी की तुलना में योगी ज्यादा लोकप्रिय हैं, उन्हें गुंडागर्दी खत्म करने का श्रेय मिलता है। साथ ही योगी के समर्थक यह आशंका भी जाहिर करते हैं कि शिवराज सिंह चौहान और वसुंधरा राजे सिंधिया की तरह उनका पत्ता भी काटा जा सकता है। कहते हैं कि लोकसभा का चुनाव योगी जी का नहीं है।

उधर आम जनता में भाजपा के अधिकांश सांसदों और स्थानीय नेताओं के खिलाफ बहुत गुस्सा है और अनेक वोटर इस चुनाव में वोट का इस्तेमाल उन्हें सबक सिखाने के लिए करेंगे। यह चुनाव मोदी से ज्यादा मुद्दों का चुनाव होता जा रहा है। हर वोटर के मन में महंगाई और बेरोजगारी है। ग्रामीण जनता अपनी आर्थिक स्थिति से त्रस्त है। कई लोग याद करते हैं कि नोटबंदी या फिर लॉकडाऊन के समय से उनकी स्थिति सुधरी नहीं है। एक किसान बोला मोदी जी ने हम सबको चौकीदार बना दिया है। भाजपा सरकार को कानून व्यवस्था का श्रेय देने से भी यह मुद्दे दबते नहीं। अयोध्या के राम मंदिर में हुई प्राण प्रतिष्ठा का मामला लोग अपने आप नहीं उठाते, वोट के संदर्भ में उसका जिक्र नहीं करते। जब चुनाव जीवन के मुद्दों पर होता है तो सत्तारूढ़ दल को परेशानी का सामना करना पड़ता है।

लेकिन यहां पूछा जा सकता है कि यह सब ड्क्षचता तो नई नहीं है। विधायकों के प्रति गुस्सा तो 2022 में भी था, लेकिन तब भाजपा नहीं हारी। इस बार वोट क्यों खिसक रहा है? शायद इसका कारण यह है कि देश में लोकतांत्रिक व्यवस्था को आसन्न खतरे को अब साधारण वोटर अपने मुहावरे में समझने लगा है। अनेक लोगों ने कहा कि परिवर्तन होना चाहिए, चूंकि अगर तीसरी बार फिर मोदी जी आ गए तब तो तानाशाही शुरू हो जाएगी। एक साधारण ग्रामीण ने समझाया कि जब किसी को पहली बार प्रधान चुनते हैं तो वह संभल कर सही काम करता है। अगर दूसरा मौक़ा मिले तो चोरी चकारी सीख जाता है, अगर तीसरी बार वही प्रधान बन जाए तो हमारे सिर पर बैठकर डंडा चलाता है।

इस बदलाव का चुनाव परिणाम पर क्या असर होगा, अभी से इसका सटीक अनुमान लगाना संभव नहीं है। हमारे सुनने में जो आया उसके हिसाब से भाजपा के पिछले वोटरों में से एक चौथाई कहते हैं कि इस बार उसे वोट नहीं देंगे। सभी जगह और सभी जातियों में भाजपा का वोट खिसक रहा है। सपा और कांग्रेस का वोट कमोबेश कायम है। बी.एस.पी. का वोटर पार्टी का नाम लेने में झिझकता है। वहां थोड़ी गिरावट दिखती है। लेकिन बी.एस.पी. से छिटका वोट भाजपा को नहीं जा रहा। इस आधार पर इतना तो कहा जा सकता है कि भाजपा की सीटों में गिरावट होगी। यानी 70 तो छोड़िए, भाजपा के लिए 60 सीटें बचाना भी नामुमकिन लगता है। अगर 2019 में भाजपा को जितने वोट मिले थे उसका छठवां हिस्सा भी छिटक कर सपा और कांग्रेस को मिल गया तो भाजपा 50 सीटों का आंकड़ा भी नहीं छू पाएगी। वैसे अभी सिर्फ 16 सीटों में वोट पड़े हैं और स्थिति बदल सकती है। फिलहाल तो हर दिन स्थिति भाजपा के लिए विकट होती दिखाई दे रही है। चुनाव के पहले दोनों चरणों में उत्तर प्रदेश में मतदान में कोई 6 प्रतिशत की गिरावट भी इसी तरफ इशारा कर रही है। सबसे बड़ा सवाल यह है कि अगर भाजपा को उत्तर प्रदेश में घाटा होता है, तो वह बाकी देश में हुए नुकसान की भरपाई कहां से करेगी?

तुम्हें ना भूल पाएंगे इरफान

'दि लंच बॉक्स' में खाने और लंच बॉक्स के माध्यम से संचार और सहज इंसानी भावों को वह दर्शकों के सामने इतनी सहजता से निभाता है कि आप अपने आस-पास कहीं किसी लंच बॉक्स में ऐसी ही कहानी ढूढ़ने लग जाते हैं। फिल्म कारवां में गमगीन परिस्थिति में वे किसी आम व्यक्ति की तरह मदद करने की कोशिश करते हैं। वहीं करीब-करीब सिंगल में जिंदादिल आदमी का किरदार वे इतनी शिद्दत से निभाते हैं कि आप उनके फैन हो ही जाते हैं। 'हासिल' का डायलॉग और जान से मार देना बेटा, हम रह गये ना, मारने में देर नहीं लगायेंगे,भगवान कसम आज भी लोगों कि जुबान पर चढ़ जाता है।

'स्टार बेस्टसेलर्स' और 'चाणक्य' जैसी टीवी सीरीज में नजर आने वाला वह मेंढक जैसी बड़ी आंखों वाला अभिनेता सिल्वर स्क्रीन पर देश की सबसे रईस फिल्मी प्रोफाइल वाला सेलेब्रिटी बनता जा रहा था। खुद सोचिए अगर ऐसा नहीं होता तो आंग ली जैसे दुनिया के सबसे प्रशंसित निर्देशक की बहुप्रतीक्षित फिल्म 'लाइफ ऑफ पी' में वह क्यों लिया जाता? स्पाइडरमैन फैंचाइजी की फिल्म 'द अमेजिंग स्पाइडरमैन' के लिए जब सिर्फ एक फिल्म पुराने निर्देशक मार्क वेब ने कास्टिंग करनी शुरू की तो उसे ही क्यों चुना? वह एक्टर बड़े परदे पर इस बार जब उतरा तो ख्यात एथलीट और कुख्यात डकैत पान सिंह तोमर बनकर उसने सबके रोंगटे ही खड़े कर दिए। पान सिंह का इंटरव्यू लेने कोई जर्नलिस्ट आती है। पूछती है, डकैत कैसे बने तो वह कहता है, आपको समझ नहीं आया। बीहड़ में बागी होते हैं, डकैत मिलते हैं पार्लियामेंट में। सिंह, मा। याद रखना, अगर हार गया तो तुझे मार-मारकर यहीं के यहीं गाड़ दूंगा।÷ जब पान सिंह जीत जाता है तो रंधावा बड़े राजी होते हैं, शाबासी देते हैं, पर वह कुछ नाराज है। रंधावा जब उससे पूछते हैं, तो वह रुआंसा होकर कहता है, कोच साब आप गुरू हैं, लेकिन दोबारा मां की गाली नहीं देना। हमारे गांव में मां की गाली देने वाले को हम गोली मार देते हैं। इतना कहकर वह रंधावा के पैर छू लेता है। और वो उसे गले लगा लेते हैं। पान सिंह नेशनल बाधा दौड़ के ट्रैक पर दौड़ रहा है। कोच रंधावा (राजेंद्र गुप्ता) को जब लगता है कि वह धीरे दौड़ रहा है तो चिल्लाकर कहते हैं, ओए पान अब देखिए कि कितना सहज लेकिन धमाकेदार सीन है। ये फिल्म कुछ ऐसी ही है।

हर्षवर्धन पाण्डे

'दि लंच बॉक्स' में खाने और लंच बॉक्स के माध्यम से संचार और सहज इंसानी भावों को वह दर्शकों के सामने इतनी सहजता से निभाता है कि आप अपने आस-पास कहीं किसी लंच बॉक्स में ऐसी ही कहानी ढूढ़ने लग जाते हैं। फिल्म कारवां में गमगीन परिस्थिति में वे किसी आम व्यक्ति की तरह मदद करने की कोशिश करते हैं। वहीं करीब-करीब सिंगल में जिंदादिल आदमी का किरदार वे इतनी शिद्दत से निभाते हैं कि आप उनके फैन हो ही जाते हैं। 'हासिल' का डायलॉग और जान से मार देना बेटा, हम रह गये ना, मारने में देर नहीं लगायेंगे,भगवान कसम आज भी लोगों कि जुबान पर चढ़ जाता है। अंग्रेज़ी मीडियम के ट्रेलर इंट्रो में वे कहते हैं- हैलो भाईयों एवं बहनों, ये फिल्म अंग्रेज़ी मीडियम मेरे लिए बहुत खास है। सच, यकीन मानिये कि मेरी दिली इच्छा थी कि इस फिल्म को उतने ही प्यार से प्रमोट करूं जितने प्यार से हम लोगों ने इसे बनाया है। लेकिन मेरे शरीर के अंदर कुछ अनवांटेड मेहमान बैठे हुए हैं, उनसे वार्तालाप

चल रहा है, देखते हैं किस करवट ऊंट बैठता है। जैसा भी होगा, आपको इत्तला कर दी जाएगी। इरफ़ान आगे कहते हैं- कहावत है सच में जब जिंदगी आपके हाथ में नींबू थमाती है तो शिकंजी बनाना बहुत मुश्किल हो जाता है लेकिन आपके पास और चॉयस भी क्या है, पॉजिटिव रहने के अलावा। फिलहाल, हाथ में नींबू की शिकंजी बना पाते हैं या नहीं बना पाते हैं. यह आप पर है । यह सकारात्मकता ही इमरान को इतने बड़े अभिनेता के रूप में स्थापित करती है। हासिल फ़िल्म इलाहाबाद विश्वविद्यालय की छात्र राजनीति पर बनी थी और इरफ़ान का जीवंत अभिनय देखने लायक था और जान से मार देना बेटा, हम रह गये ना, मारने में देर नहीं लगायेंगे, भगवान कसम! ये हैं इरफान खान की एक्टिंग जिसका तोड़ फिलहाल किसी के पास नहीं है।

इरफान ने सिनेमाई स्क्रीन में जो मुकाम हासिल किया, उसके पीछे काम के प्रति उनका गहरा जूनून रहा। बहुत कम लोगों को यह बात मालूम है कि इरफान बचपन में एक दौर में क्रिकेटर हुआ करते थे और क्रिकेटर बनना चाहते थे जिसके लिए वह सी के नायडू ट्राफी भी खेल चुके थे लेकिन क्रिकेट के चौके और छक्कों के बीच उन्होंने अभिनय में भी दो दो हाथ करने की ठानी और गली-मोहल्ले में नुक्कड़ नाटक करने लगे। इरफान का ये शौक उन्हें जयपुर के रबीन्द्र मंच से दिल्ली के मशहूर राष्ट्रीय नाट्य विद्यालय (एनएसडी) में ले आया।

एनएसडी से एक्टिंग की ट्रेनिंग लेने के बाद इरफान सीधे मुंबई पहुंचे और यहां के संघर्ष से उन्हें नई पहचान मिली। एक दौर ऐसा था कि रोजी-रोटी के लिए इरफान हर तरह के किरदार करने लगे, कई टी.वी. शो में उन्हों

सपा, बसपा और कांग्रेस का राजनीतिक अस्तित्व खतरे में

अवधनामा संवाददाता

■ भाजपा यूपी में सभी 80 सीटों पर जीत दर्ज करने जा रही : केशव मौर्य

लखनऊ। भारतीय जनता पार्टी के वरिष्ठ नेता एवं प्रदेश के उपमुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य ने बुधवार को कौशांबी में विपक्ष पर जमकर हमला बोला। वे कौशांबी में भाजपा के लोकसभा उम्मीदवार विनोद सोनकर के नामांकन से पहले हुई सभा में बोल रहे थे।

उन्होंने कहा कि विपक्षी मोहब्बत नहीं झूठ की दुकान चला रहे हैं। वे संविधान पर खतरे की बात कह रहे हैं, असल में सपा, बसपा और कांग्रेस का राजनीतिक अस्तित्व खतरे में है। संविधान के लिए सबसे बड़ा खतरा तो इंडी अलायन्स वाले ही हैं। इन्होंने देश की चुनी हुई सौ से ज्यादा सरकारों को बर्खास्त किया है। इन्होंने संविधान से खिलवाड़ किया है, जनता इन्हें माफ करने वाली नहीं है। देश एवं प्रदेश की जनता मोदी जी के लिए ईवीएम से कमल को लबालब करने जा रही है।

श्री केशव प्रसाद मौर्य ने कहा कि 2014 प्रधानमंत्री मोदी के नाम की लहर चल रही थी फिर 2019 में मोदी के नाम की आंधी थी, लेकिन 2024 मोदी के नाम की सुनामी चल रही है। सपा समाप्तवादी पार्टी बन जाएगी। बसपा और कांग्रेस का राजनीतिक अस्तित्व खतरे में आ गया है। भाजपा यूपी में सभी 80 सीटों पर जीत दर्ज करने जा रही है।

उपमुख्यमंत्री ने कहा कि इस बार भाजपा की महाविजय होगी। यूपी की सभी सीटें भाजपा जीतने जा रही है। मोदी जी तीसरी बार प्रधानमंत्री बनने जा रहे हैं। पहले भारत दुनिया के पीछे चलता था, लेकिन अब दुनिया भारत के पीछे चलेगी। इसके लिए मोदी जी को प्रधानमंत्री बनाना जरूरी हो गया है। यूपी में सपा, बसपा और कांग्रेस का खाता तक नहीं खुलेगा। पूरा विपक्ष मोदी को गद्दी से हटाने के लिए एकजुट हो गया है, लेकिन जनता मोदी के साथ पूरी मजबूती के साथ खड़ी है।

अमेठी में जल्द हो सकती है कांग्रेस उम्मीदवार की घोषणा

■ सोनिया गांधी के सांसद प्रतिनिधि पहुंचे, हलचल तेज

लखनऊ। अमेठी सीट पर कांग्रेस उम्मीदवार की घोषणा जल्द ही हो सकती है। जिले में कांग्रेस कैंप में हलचल तेज हो गई है। सोनिया गांधी के सांसद प्रतिनिधि और पार्टी के राष्ट्रीय सचिव किशोरी लाल शर्मा बुधवार को अमेठी पहुंचे और कांग्रेस नेताओं पार्टी पदाधिकारियों के साथ अलग-अलग बैठक कर सभी की राय ली।

उम्मीद की जा रही है कि प्रत्याशी के नाम का एलान गुरुवार दोपहर तक हर हाल में हो जाएगा। चुनाव को लेकर बैठकों का दौर शुरू हो गया है। कांग्रेस ने जिला प्रशासन से तीन मई को कांग्रेस प्रत्याशी के नामांकन व रोड शो की अनुमति के लिए आवेदन किया है।

बता दें, अमेठी-रायबरेली सीट पर कांग्रेस के उम्मीदवारों पर सभी की निगाहें टिकी हुई हैं। हर दिन इन दोनों सीटों पर कांग्रेस के प्रत्याशियों को लेकर अलग-अलग नामों की चर्चाओं का दौर भी चलता रहता है। कांग्रेस को जल्द प्रत्याशी के नाम की घोषणा होने की उम्मीद है। ऐसे में कांग्रेस के ही कुछ लोगों का कहना है कि अमेठी सीट से प्रियंका गांधी वाड्रा चुनावी राजनीति की शुरुआत परिवार की परंपरा की अनुसार करेंगी और राहुल गांधी एक बार फिर अपनी मां सोनिया गांधी की छोड़ी सीट रायबरेली से उम्मीदवार हो सकते हैं। जबकि कांग्रेसी अमेठी से राहुल गांधी के चुनाव लड़ने का दावा कर रहे हैं।

सभ्य समाज में गुंडा और माफिया आदर्श नहीं हो सकते : ब्रजेश पाठक

अवधनामा संवाददाता

■ संपूर्ण विपक्ष क्राइम, करप्शन और कास्ट की घिनौनी राजनीति का कॉकटेल है

लखनऊ। भारतीय जनता पार्टी के वरिष्ठ नेता एवं प्रदेश के उप मुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक ने बुधवार को फ़तेहपुर में भाजपा उम्मीदवार साध्वी निरंजन ज्योति के नामांकन में हिस्सा लिया। इससे पहले हुई नामांकन सभा में बोलते हुए उन्होंने कहा कि मुख्तार और अतीक के नाम पर इंडी गठबंधन के लोग वोट मांग रहे हैं। ये इंडी गठबंधन वालों के लिए आदर्श हैं, ये डीरेल हो चुके लोग हैं जनता इन्हें माफ़ करने वाली नहीं है। ये प्रदेश की सभी सीटों पर हार रहे हैं।

उपमुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक ने कहा कि सभ्य समाज में गुंडा और माफिया आदर्श नहीं हो सकते हैं। सभ्य समाज में इनका कहीं कोई स्थान नहीं है, लेकिन विपक्षियों के लिए यही समाज के अगुआ हैं, इनके लिए ये वोट के ठेकेदार हैं। लेकिन, भाजपा सरकार ने इनकी दुकानदारी पर ताला लगा दिया है। आज गुंडे, माफिया, दंगाई उत्तर प्रदेश में खुलेआम नहीं घूम सकते, बहन-बेटी, कारोबारी और आम आदमी को परेशान नहीं कर सकते।

श्री पाठक ने कहा कि संपूर्ण विपक्ष क्राइम, करप्शन और कास्ट की घिनौनी राजनीति का कॉकटेल है। यह ऐसा जहर है जो समाज को दूषित तो करता ही है, भारत की तरक्की में भी बाधक है। कांग्रेसी और इंडी अलायंस के नेता 12 लाख करोड़ के घपले के आरोपी हैं। इनके तमाम नेता जेल में हैं और तमाम बेल पर हैं। ये भ्रष्टाचारी खुद को बचाने के लिए मोदी जी और भाजपा का विरोध करते हैं। इनकी नीति, नीयत और नेता सब संदेह में हैं।

उपमुख्यमंत्री ने अपील की कि सभी भाजपा उम्मीदवार को जिताने के लिए ईवीएम में कमल का बटन दनादन दबायें। आपका हर एक वोट मोदी जी को मजबूत करेगा, मोदी जी मजबूत होंगे तो भारत सशक्त होगा। यहाँ के गरीब, युवा, अन्नदाता और नारीशक्ति को मान, सम्मान और स्वाभिमान से जीवन जीने और अपने लक्ष्यों को हासिल करने के सम्यक अवसर मिलेंगे।

'संविदा कार्मिकों को समान काम समान वेतन मिले'

अवधनामा संवाददाता

■ अंतर्राष्ट्रीय मजदूर दिवस पर उपभोक्ता परिषद ने पावर कॉरपोरेशन व बिजली कंपनियों से उठाई मांग

लखनऊ। आज अंतर्राष्ट्रीय मजदूर दिवस के अवसर पर उपभोक्ता परिषद ऊर्जा क्षेत्र में कार्यरत संविदा कर्मियों जो किसी भी सेवा में कार्य कर रहे हो के दर्द को बयां करते हुए कहा निश्चित ही ऊर्जा सेक्टर का संविदा कार्मिक उपभोक्ता सेवा को बेहतर बनाने में अपना योगदान देता है ऐसे में सुप्रीम कोर्ट द्वारा पारित आदेश समान काम समान वेतन के तहत ऊर्जा निगम को समान कार्य के लिए समान वेतन के सिद्धांत का पालन करना चाहिए क्योंकि संविदा कार्मिक को भी अपनी जीविका चलाने के लिए एक उचित वेतनमान दिया जाना चाहिए।

उत्तर प्रदेश राज्य विद्युत उपभोक्ता परिषद के अध्यक्ष व राज्य सलाहकार समिति के सदस्य अवधेश कुमार वर्मा ने कहा विगत दिनों इस दिशा में एक प्रयास मध्यांचल विद्युत वितरण निगम द्वारा किया गया था वहां पर टेंडर के माध्यम से 19 जनपदों में काम करने वाले आउटसोर्स कार्मिकों के वेतनमान में थोडा सा सुधार दिखा था क्योंकि जो कंप्यूटर आपरेटर व संविदा कार्मिक 10 वर्षों से ज्यादा से लगभग रुपया 1100 रुपए में नौकरी कर रहे थे उन्हें लगभग 22500 व ए ग्रेड वाले संविदा कार्मिकों को लगभग 26000 तक का वेतन मिलने का एक आदेश टेंडर के माध्यम से जारी हुआ लेकिन आनन फानन में आचार संहिता के बीच लगभग 88 करोड के इस टेंडर को निरस्त कर दिया गया जिस पर पावर कारपोरेशन को पुनर्विचार करना चाहिए क्योंकि किसी भी कंपनी से ही सही यदि संविदा कार्मिकों को समान काम समान वेतन की दिशा में कोई प्रयास किया गया जो सफल होने वाला था तो उसे पर रोक नहीं लगाया जाना चाहिए।

10 साल बाद बच्चे बोलेंगे कौन कांग्रेस : राजनाथ

अवधनामा संवाददाता

■ आगरा में राजनाथ सिंह बोले- सपा को समाप्त पार्टी

आगरा। लोकसभा चुनाव 2024 के तीसरे चरण के मतदान से पहले आगरा आए रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने कांग्रेस और समाजवादी पार्टी पर जमकर हमला बोला। उन्होंने कहा कि 10 साल बाद जब आप अपने बच्चों से कांग्रेस और सपा के बारे में पूछेंगे, तो वे बोलेंगे कौन कांग्रेस और सपा को समाप्त पार्टी। इस दौरान रक्षा मंत्री ने बाह के जरार मंडी मैदान से भाजपा प्रत्याशी राजकुमार चाहर को जिताने की अपील की।

राजनाथ सिंह ने कहा कि आपके बीच राजकुमार चाहर के लिए आया हूं। उन्होंने लोगों की नाराजगी को भांपते हुए कहा कि राजकुमार चाहर मेरे बहुत प्रिय लोगों में हैं। इनकी क्षमता और प्रतिभा से पार्टी प्रभावित हुई, इसलिए किसान मोर्चे के राष्ट्रीय अध्यक्ष का दायित्व दिया। कई ऐसे दायित्व का निर्वहन मैं कर चुका हूं, इसलिए क्षेत्रीय जनता को समय देना थोड़ा मुश्किल होता जाता है, लेकिन इस बार ऐसा नहीं होगा।

इस दौरान रक्षा मंत्री ने कांग्रेस को घेरते हुए कहा कि राष्ट्रपिता महात्मा गांधी के दो सपने थे। एक कांग्रेस पार्टी को भंग कर देना और दूसरा गरीबी हटा देना। नेहरू से लेकर मनमोहन सिंह तक को कटघरे में खड़ा किया। हमलावार होते हुए बोले कि कांग्रेस को जनता विलुप्त कर रही है। तो भाजपा की सरकार आवास, आयुष्मान योजना व अन्य योजनाओं के माध्यम से गरीबी को दूर कर रही है। ये भाजपा की ही देन है जो भारत आज विश्व की तीसरी अर्थव्यवस्था की ओर अग्रसर है।

विदेश नीति की सराहना

विदेश नीति पर कांग्रेस को घेरते हुए कहा कि पहले भारत की कहीं कोई बात सुनी नहीं जाती थी। आज भारत जो कहता है उसे दुनिया कान खोलकर सुनती है। चाहे रूस या यूक्रेन युद्ध हो। जब विश्व इस युद्ध से जूझ रहा था, तब वहां फंसे 30 हजार विद्यार्थियों को सकुशल लाने का कार्य भी इस सरकार ने कर दिखाया।

फिर आने का कर गए वादा

रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने मंच से प्रत्याशी को पांच लाख से अधिक वोटों से जिताने की हामी भरवाकर दोबारा जल्द आने का वादा किया।

अटल जी को नमन कर जनता से सीधे जुड़ने का किया प्रयास

अपनी चुनावी सभा की शुरूआत रक्षा मंक्षी ने पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी को नमन कर की। उन्होंने कहा कि अटल जी इसी धरती बटेश्वर से निकले, एक कद्दावर नेता थे। वे देश की ही नहीं बल्कि विश्व की सम्मानित शख्सियत थे।

जो कहा...वो किया

रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने भाजपा के घोषण पत्र पर बोलते हुए कहा कि ये वो पार्टी है, जिसने अपने घोषणा पत्र में जो कहा वो पूरा किया। उन्होंने जनता को आर्टीकल 370 हटाने का मुद्दा तो वहीं राम मंदिर प्राण प्रतिष्णा की उपलब्धि को भी गिनाया। कांग्रेस को घेरते हुए कहा कि वो पूछते थे कि तारीख कब बताएंगे, हमने 22 जनवरी को प्राण प्रतिष्ठा कर जवाब दिया। वहीं अब जब प्रभु राम कुटिया से निकलकर अपने महल में पहुंच गए हैं, तो राम राज्य भी आएगा।

प्रदेश की किसी अदालत में प्रैक्टिस नहीं कर सकेंगे मारपीट करने वाले वकील

अवधनामा संवाददाता

प्रयागराज। इलाहाबाद हाईकोर्ट ने कोर्ट रूम में वादकारी को पीटने वाले अधिवक्ताओं के खिलाफ सख्ती बरतते हुए उनके यूपी की किसी भी अदालत में वकालत पर रोक लगा दी है। वह प्रदेश की किसी भी जिला अदालत में मुकदमों की पैरवी और बहस नहीं कर सकेंगे। जनपद न्यायालय स्थित सिविल न्यायालय में सोमवार को एक केस की सुनवाई के दौरान वादकारी दंपती को मारने पीटने और अदालत के कामकाज में बाधा पहुंचाने के मामले का हाईकोर्ट में संज्ञान लेते हुए आरोपी अधिवक्ताओं की किसी भी अदालत में प्रैक्टिस और कोर्ट परिसर में घुसने पर रोक लगा दी है। कोर्ट ने जिला जज इलाहाबाद से सीसीटीवी के साथ विस्तृत रिपोर्ट अदालत तलब करते हुए आरोपी वकीलों के अलावा घटना में शामिल लोगों की पहचान कर आपराधिक अवमानना की कार्यवाही शुरू करने का आदेश दिया है।

यह आदेश न्यायमूर्ति अश्वनी कुमार मिश्रा और न्यायमूर्ति अजहर हुसैन इदरीशी की खंडपीठ ने मंगलवार को दिया। सिविल जज की शिकायत पर जिला जज की ओर से भेजी गई रिपोर्ट का संज्ञान लेने के बाद हाईकोर्ट की खंडपीठ ने यह सख्ती बरती है। उधर, जिला अधिवक्ता संघ की कार्यकारिणी ने सर्वसम्मति से आरोपी अधिवक्ता रणविजय सिंह, मो. आसिफ, मो. महताब और आफताब की बार संघ से सदस्यता समाप्त कर दी है। हाईकोर्ट की खंडपीठ ने आरोपी अधिवक्ता रणविजय और मो. आसिफ के खिलाफ अपराधिक अवमानना का नोटिस भी जारी किया है। साथ ही जिला जज से घटना सीसीटीवी फुटेज की जांच करने और आरोपियों के अलावा घटना में शामिल वकीलों और अन्य लोगों की पहचान कर अवमानना की कार्यवाही शुरू करने का निर्देश दिया है।

आठ देशों से पधारे 16 शिक्षाविदों का सीएमएस में हुआ भव्य स्वागत

अवधनामा संवाददाता

लखनऊ। सिटी मोन्टेसरी स्कूल, गोमती नगर प्रथम कैम्पस के आमन्त्रण पर ताईवान, वियतनाम, बुल्गारिया, इण्डोनेशिया, थाईलैण्ड, मंगोलिया, फिलीपीन्स एवं दक्षिण अफ्रीका समेत 8 देशों से पधारे 16 शिक्षाविदों का आज लखनऊ में भव्य स्वागत हुआ। सी.एम.एस. प्रबन्धक प्रो. गीता गाँधी किंगडन एवं सी.एम.एस. गोमती नगर प्रथम कैम्पस की प्रधानाचार्या श्रीमती आभा अनन्त के नेतृत्व में विद्यालय के शिक्षकों व कार्यकर्ताओं ने इन सभी प्रख्यात शिक्षाविदों का हार्दिक स्वागत-अभिनंदन किया। ताईवान के प्रख्यात गणितज्ञ प्रो. वेन सीन सन के नेतृत्व में शिक्षाविदों का यह दल इण्डिया इण्टरनेशनल मैथमेटिक्स कम्पटीशन की तैयारियों के सिलसिले में लखनऊ पधारा है। यह जानकारी सी.एम.एस. के मुख्य जन-सम्पर्क अधिकारी श्री हरि ओम शर्मा ने दी है। श्री शर्मा ने बताया कि सी.एम.एस. गोमती नगर प्रथम कैम्पस की मेजबानी में इण्डिया इण्टरनेशनल मैथमेटिक्स कम्पटीशन का आयोजन आगामी 25 जुलाई से 1 अगस्त तक किया जायेगा, जिसमें विश्व के कई देशों के छात्र प्रतिभाग करेंगे।

श्री शर्मा ने बताया कि इस शैक्षिक यात्रा के दौरान विभिन्न देशों के शिक्षाविद् सी.एम.एस. के अन्तर्राष्ट्रीय समारोहों व प्रतियोगिताओं को आयोजित करने के अनुभवों से रूबरू होंगे एवं अन्तर्राष्ट्रीय गणित प्रतियोगिता (आई.एम.सी.) की रूपरेखा बनाने में अपने अनुभवों को साझा करेंगे, जिससे कि विभिन्न देशों के छात्रों को एक अन्तर्राष्ट्रीय मंच पर एक समान पाठ्यक्रम के आधार पर प्रतिभा प्रदर्शन का अवसर सुनिश्चित हो सके। इसके साथ ही छात्रों को गणित की नवीनतम जानकारियों, स्वस्थ प्रतिस्पर्धाओं के माध्यम से विचारों के आदान-प्रदान एवं विभिन्न देशों के छात्रों में सौहार्द व विश्व बन्धुत्व की भावना को बढ़ावा दिया जा सके।

शतरंज प्रतियोगिता में सीएमएस छात्र ने जीता प्रथम पुरस्कार

अवधनामा संवाददाता

लखनऊ। सिटी मोन्टेसरी स्कूल, गोमती नगर प्रथम कैम्पस के कक्षा-1 के छात्र वियान अग्रवाल ने अवध महोत्सव लखनऊ डिस्ट्रिक्ट चेस चैम्पियनशिप में प्रथम पुरस्कार अर्जित कर विद्यालय का नाम गौरवान्वित किया है। वियान ने यह पुरस्कार अण्डर-7 बालक वर्ग में जीता है। चैम्पियनशिप का आयोजन यू.पी.सी.एस.ए. के तत्वावधान में सम्पन्न हुआ। यह जानकारी सी.एम.एस. के मुख्य जन-सम्पर्क अधिकारी श्री हरि ओम शर्मा ने दी है।

श्री शर्मा ने बताया कि इस चैम्पियनशिप में लखनऊ के कई प्रतिष्ठित विद्यालयों के छात्रों ने प्रतिभाग कर अपनी खेल प्रतिभा का प्रदर्शन किया तथापि कड़ी प्रतिस्पर्धा के बीच सी.एम.एस. के इस उदीयमान शतरंज खिलाड़ी ने अपनी विलक्षण प्रतिभा, शतरंज के दांव-पेंच, रणनीतिक क्षमता व स्मरणशक्ति के दम पर प्रथम पुरस्कार अर्जित किया। चैम्पियनशिप के आयोजकों ने वियान को ट्राफी एवं प्रशस्ति पत्र प्रदान कर सम्मानित किया। सी.एम.एस. प्रो. गीता गाँधी किंगडन ने वियान के उज्जवल भविष्य की कामना की है। श्री शर्मा ने बताया कि सी.एम.एस. छात्र न सिर्फशैक्षिक क्षेत्र में अपितु खेलों व समाज के अन्य बहुतेरे क्षेत्रों में भी विद्यालय का नाम राष्ट्रीय व अन्तर्राष्ट्रीय स्तर पर रोशन कर रहे हैं क्योंकि सी.एम.एस. अपने छात्रों के बौद्धिक विकास के साथ उन्हें खेलों व अन्य सामाजिक क्षेत्रों के लिए भी विशेष रूप से तैयार करने में पूरे मनोयोग से संलग्न है।

हर इंसान में कुछ क्षमताएं होती हैं जो उसे अद्वितीय बनाती हैं : प्रो. फखरे आलम

अवधनामा संवाददाता

■ भाषा विश्वविद्यालय के उर्दू विभाग में हुआ विदाई समारोह का आयोजन

लखनऊ। खूवाजा मुईनुद्दीन चिश्ती भाषा विश्वविद्यालय के उर्दू विभाग में एम.ए अंतिम वर्ष और बी.ए अंतिम वर्ष के लिए विदाई समारोह का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम की अध्यक्षता उर्दू विभाग के अध्यक्ष प्रोफेसर फखरे आलम ने की. उन्होंने अपने अध्यक्षीय भाषण में एम.ए और बी.ए अंतिम वर्ष के छात्रों एवं छात्राओं के बेहतर और उज्ज्वल भविष्य की आशा व्यक्त की और कहा कि ज्ञान प्राप्त करने की प्रक्रिया जीवन भर जारी रहती है. और एक जागरूक विद्यार्थी वह है जो न केवल इस रिश्ते को कायम रखता है बल्कि जीवन के विभिन्न कालखंडों और चरणों में आवश्यकता अनुसार इसका पर्याप्त उपयोग भी करता है। प्रोफेसर फखर आलम ने कहा कि हर इंसान में कुछ क्षमताएं होती हैं जो उसे अद्वितीय बनाती हैं और शिक्षा उसे इस विशिष्टता की खोज करने और जीवन में अपनी क्षमता का उपयोग करने की जागरूकता प्रदान करती है। इस अवसर पर प्रोफेसर सोबान सईद ने एम.ए फाइनल के विद्यार्थियों को विशेष रूप से संबोधित करते हुए कहा कि अब वे शैक्षणिक जीवन के उस चरण में प्रवेश कर रहे हैं जहां उचित निर्णय की आवश्यकता है क्योंकि यह भविष्य आधारित निर्णय न केवल आपके करियर पथ को प्रभावित करेगा बल्कि व्यावहारिक जीवन में समस्याओं का भी समाधान करेगा उन्होंने यह भी कहा कि हम यहाँ से जाने वाले छात्रों से उम्मीद करते हैं कि वे जहां भी जाएंगे, संस्थान के नाम के साथ अपना नाम भी लेकर जाएंगे। इस कार्यक्रम में एम.ए और बी.ए अंतिम वर्ष के छात्रों ने अपने विचार रखे। इन छात्रों ने विश्वविद्यालय के उर्दू विभाग में अपने अनुभवों का जिक्र किया और कहा कि यहां बिताया गया उनका समय जीवन की ऐसी मूल्यवान पूंजी है।

दो दशक बाद बना संयोग, मई-जून में नहीं होंगी शादियां

■ शुक्र अस्त के चलते अब जुलाई में बजेगी शहनाई

लखनऊ। अप्रैल में सहालग के समापन के साथ ही अब आपको दो महीने सहालग का इंतजार करना पड़ेगा। ऐसा इसलिए होगा, क्योंकि अगले 63 दिनों तक शुक्र अस्त रहेगा। ज्योतिषाचार्य आनंद दुबे ने बताया कि शुक्र या गुरु के अस्त होने पर हिंदू धर्म में किसी प्रकार के मांगलिक कार्य प्रतिबंधित रहते हैं। मई-जून में दो दशक से अधिक समय बाद ऐसा संयोग बना रहा है कि लगातार 63 दिन तक शादियां नहीं होंगी। शास्त्रों के मुताबिक, दोनों ग्रहों का उदय होना शुभ विवाह के लिए जरूरी होता है। वर्ष 2000 में भी ग्रह नक्षत्रों की अशुभ स्थिति से मई और जून माह में विवाह कार्य नहीं हो सके थे।

ज्योतिषाचार्य एसएस नागपाल ने बताया कि वैसे मई और जून विवाह मुहूर्त रहते थे, लेकिन इस बार इन दो माह में कोई भी विवाह मुहूर्त नहीं है। गुरु ग्रह सात मई से छह जून 2024 तक 30 दिन के लिए अस्त रहेगा, जबकि शुक्र ग्रह से 28 जून तक अस्त रहेगा। दो माह के बाद जुलाई मेंशादियां होंगी। उसके बाद चातुर्मास शुरू हो जाएगा, जिसके बाद फिर से मांगलिक कार्य चार माह तक नहीं हो सकेंगे। 12 नवंबर के बाद से फिर शादियां होंगी।

गुरुकुल शिक्षा भारतीय संस्कृति की त्रिवेणी

पतंजलि यूनिवर्सिटी के प्रो-वीसी प्रो. महावीर अग्रवाल बोले, वेद ज्ञान के अथाह भंडार

अवधनामा संवाददाता

■ प्रो. प्रभु नारायण मिश्रा ने शिक्षा के पतन और शिक्षा महत्व पर विस्तार की चर्चा

लखनऊ। तीर्थंकर महावीर यूनिवर्सिटी, मुरादाबाद के कुलपति प्रो. वीके जैन ने हिंदी, संस्कृत और गुरुकुल शिक्षा को भारतीय संस्कृति की त्रिवेणी बताते हुए कहा, वर्तमान समय में भारत की शिक्षा प्रणाली के तहत गुरूकुल शिक्षा पद्धति के महत्व को नकारा नहीं जा सकता है।

आध्यात्मिक ज्ञान और आंतरिक शांति गुरूकुल शिक्षा के जरिए ही प्राप्त की जा सकती है। साथ ही उन्होंने श्रावक के छह कर्तव्यों- दान देना, ज्ञान देना, आचार, विचार, व्यवहार, शिक्षा आदि पर भी विस्तार से प्रकाश डाला। हिंदी और संस्कृत को एक दूसरे की पूरक बताते हुए कहा, ये एक दूसरे के बिना अधूरी हैं और हम इनके बिना अधूरे हैं। हमें भारतीय संस्कृति के सात्विक गुणों को आत्मसात करना चाहिए। साथ ही बोले, गुरू-शिष्य परम्परा और गुरूकुल पद्धति से व्यक्तित्व का 360 डिग्री विकास होता है। प्रो. जैन तीर्थंकर महावीर यूनिवर्सिटी, मुरादाबाद के सेंटर फॉर इंडियन नॉलेज सिस्टम की ओर से भारतीय ज्ञान परम्परा के तहत अमृत वचनं पर आयोजित कार्यशाला में बतौर मुख्य अतिथि बोल रहे थे। इससे पहले कुलपति प्रो. वीके जैन ने बतौर मुख्य अतिथि, पतंजलि यूनिवर्सिटी, हरिद्वार के प्रो-वीसी प्रो. महावीर अग्रवाल, देवी अहिल्या यूनिवर्सिटी, इंदौर में आईएमएस के पूर्व डायरेक्टर प्रो. प्रभु नारायण मिश्रा, टीएमयू आईकेएस के प्रोफेसर चेयर प्रो. अनुपम जैन ने बतौर मुख्य वक्ता और कार्यशाला की संयोजिका डॉ. अलका अग्रवाल ने संयुक्त रूप से मां सरस्वती के समक्ष दीप प्रज्वलित करके कार्यशाला का शुभारंभ किया। कार्यक्रम में डीन एकेडमिक्स प्रो. मंजुला जैन, डीन स्टुडेंट्स वेलफेयर प्रो. एमपी सिंह, ज्वाइंट रजिस्ट्रार-सामान्य प्रशासन प्रो. अलका अग्रवाल आदि की गरिमामयी मौजूदगी रही। इस मौके पर सभी अतिथियों का बुके देकर गर्मजोशी से स्वागत किया गया। अंत मे स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित भी किया गया। संचालन असिस्टेंट डायरेक्टर एकेडमिक्स श्रीमती नेहा आनन्द ने किया।

पतंजलि यूनिवर्सिटी, हरिद्वार के प्रो-वीसी प्रो. महावीर अग्रवाल ने बतौर मुख्य वक्ता वेदों के महत्व को स्पष्ट करते हुए कहा, पूरे विश्व में सामाजिक मूल्य, मानव मूल्य, मानव को मानव बनाने वाला ग्रंथ वेद है। वेदों से ही सभी वर्गों का कल्याण किया जा सकता है। मैं कौन हूं? मैं क्या हूँ? मेरा क्या उदेश्य है? इन सब प्रश्नों का जवाब वेद से ही प्राप्त हो सकता है। इतना ही नहीं, हज़ारों साल बीत जाने के बाद भी वेदों की व्याकरण और भाषा में कोई परिवर्तन नहीं हुआ है। वेदों को ज्ञान का अथाह भंडार बताते हुए बोले, वेद धर्म आधारित नहीं हैं। वेद स्वस्थ जीवन शैली का दर्पण हैं।

पीआरडी जवानों पर फायरिंग करने वाले नौ फर्जी ट्रांसजेंडर गिरफ्तार

■ जबरन करते थे वसूली

गाजीपुर। ड्यूटी के दौरान दो पीआरडी जवान से मारपीट व सरकारी कार्य में बाधा डालने व जान से मारने की नियत से फायरिंग करने वाले आरोपी नौ फर्जी ट्रांसजेंडरों को करीमुद्दीनपुर पुलिस ने धर-दबोचा। साथ ही घटना में प्रयुक्त एक तमंचा, एक कारतूस और एक खोखा बरामद किया।

बुधवार को पत्रकार वार्ता के दौरान एसपी ओमवीर सिंह ने बताया कि सभी गिरफ्तार आरोपी पुरुष हैं, जो फर्जी ट्रांसजेंडर का वेश बनाकर काफी दिनों से क्षेत्र में लोगों के यहां जाकर नाच गाकर जबरदस्ती पैसा वसूलते थे। पैसा न देने पर लोगों से अभद्रता व मारपीट करते रहते थे। पुलिस को इनकी काफी दिनों से तलाश थी।

पुलिस अधीक्षक ने बताया कि बीते 29 अप्रैल की रात करीमुद्दीनपुर थाना के उतरांव बाजार में दो पीआरडी रात में गश्त कर रहे थे। एक बाइक पर दो व्यक्ति आते दिखाई पड़े, जिन्हें रोककर टोका गया तो बाइक चालक व पीछे बैठे ट्रांसजेंडर पीआरडी जवानों से बहस करने लगे, फिर वापस चए गए। थोड़ी देर बाद बाइक सवार अपने अन्य ट्रांसजेंडर साथियों के साथ एकत्र होकर पहुंचे और पीआरडी जवानों के सरकारी कार्य में बाधा डालते हुए गाली देने व जान से मारने की धमकी देते हुए, उन्हें लाठी- डंडे से पीटने लगे। जान से मारने की नीयत से पीआरडी जवानों पर तमंचे से फायरिंग कर वहां से भाग गए।

पुलिस ने गड़ार गांव निवासी आरोपी सुनील सिंह और उतरांव निवासी किशन यादव को गिरफ्तार कर लिया। मुकदमा के अन्य वांछित आरोपी लठ्ठडीह निवासी प्रमोद को एक तमंचा, एक कारतूस और एक खोखा के साथ गिरफ्तार किया।

श्रमिक दिवस पर मजदूरों को दिए गए अंगोछे व फल

इटावा अवधनामा ब्यूरो। अंतर्राष्ट्रीय श्रमिक दिवय पर जायन्ट्स मैत्री द्वारा श्रमिकों के सम्मान में एक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इसमें 50 रिक्शा चालकों तथा जरुरमंदों को अंगोछे व फल वितरित किए गए। संगठन की पदाधिकारियों ने कहा कि जायंट्स मैत्री ने इस दिशा में पूर्व प्रयासों की पुनरावृत्ति करते हुए श्रमिक सम्मान की दिशा में यह प्रयास किया गया। एक मई को भीषण गर्मी से बचाव के लिए 50 रिक्शा चालकों व जरूरत मंदो को अंगोछे व फल देकर उनका सम्मान किया गया। इस मौके पर डॉ ऊष्मा मिश्रा, यूनिट 3 निदेशक स्मिता यादव, प्रेरणा जैन, नीतिमा गुप्ता, सीमा किन्द्रा, सीमा सिंह, प्रीति जैन उपस्थित रहीं।मैत्री अध्यक्ष डॉ तृप्ति यादव ने सभी का धन्यवाद दिया।

एसएसपी ने विभिन्न शाखाओं का किया निरीक्षण

इटावा अवधनामा ब्यूरो। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक संजय कुमार ने जनपदीय पुलिस कार्यालय इटावा की विभिन्न शाखाओं का निरीक्षण किया।इस दौरान उन्होंने SSP वाचक ऑफिस, ASP वाचक कार्यालय, IGRS सेल,रिट सेल, वीआईपी सैल, प्रधान लिपिक शाखा,आंकिक शाखा, महिला सहायता प्रकोष्ठ आदि के अभिलेखों की जांच कर उनके रखरखाव एवं पुलिस कार्यालय परिसर में साफ-सफाई के संबंध में संबंधित को त्वरित कार्यवाही के लिए निर्देशित किया।

मतदान कार्मिकों हेतु बनाये गए फैसिलिटेशन सेंटरों का जिलाधिकारी ने किया निरीक्षण

हरदोई अवधनामा संवाददाता। आज जिलाधिकारी मंगला प्रसाद सिंह ने महाराणा प्रताप राजकीय महाविद्यालय में चल रहे द्वितीय प्रशिक्षण व मतदान कार्मिकों हेतु बनाये गए फैसिलिटेशन सेंटरों का निरीक्षण किया। उन्होंने केन्द्र पर बनाये गए कंट्रोल रूम, हेल्प डेस्क आदि की व्यवस्थाएं देखी। प्रशिक्षण कक्षों में जाकर उन्होंने मतदान कार्मिकों से सीधा संवाद किया। उन्होंने कहा कि प्रशिक्षण में ईवीएम, वीवीपैट आदि की सभी बारीकियों को अच्छी तरह से समझ लें। पीठासीन अधिकारी 12 मई को अपने मोबाइल में एमपीएस ऐप डाऊनलोड कर लें और मतदान के दौरान मॉकपोल तथा निर्धारित समय पर मतदान प्रतिशत की सूचना प्रेषित करते रहें। इस अवसर पर पुलिस अधीक्षक केशव चन्द्र गोस्वामी, मुख्य विकास अधिकारी सौम्या गुरुरानी, अपर जिलाधिकारी प्रियंका सिंह व अन्य सम्बंधित अधिकारी उपस्थित रहे।

विकास प्राधिकरण की कार्रवाई से हड़कंप

मथुरा अवधनामा संवाददाता। मथुरा-वृंदावन विकास प्राधिकरण ने मथुरा और वृंदावन में दो अनाधिकृत निर्माण कार्य सील किए हैं। एक प्रकरण में कारण बताओ नोटिस भी जारी किया गया। गिरीश सिसोदिया ने फोगला आश्रम के पीछे होटल तृप्तम के दाएं ओर स्वीकृत मानचित्र से विरुद्ध और अतिरिक्त तृतीय तल का निर्माण करा लिया था। इस कार्य को बुधवार को वृंदावन कोतवाली पुलिस बल के सहयोग से सील किया गया। निर्माणकर्ता को पूर्वण में कारण बताओ नोटिस दिया गया, जबकि निर्माण कर्ता ने विप्रा टीम के समक्ष शमन नहीं दिखाया। विप्रा सचिव द्वारा मंगलवार को निर्माण को सील करने के आदेश के बाद बुधवार को अनुपालन किया गया। सील की कार्रवाई में अवर अभियंता अनिल सिंघल, सुनील राजोरिया, दिनेश गुप्ता आदि मौजूद रहे। दूसरी ओर प्रमोद कुमार द्वारा दीप नर्सिंग होम के सामने कृष्णा नगर थाना हाईवे में किए गए भूतल एवं प्रथम तल पर व्यवसायिक निर्माण करा लिया गया। इस निर्माण को बुधवार को कृष्णा नगर पुलिस चौकी तथा पुलिस बल, प्राधिकरण स्टाफ ने सील किया। प्रमोद कुमार द्वारा लगभग 12 × 20 फुट में एक दुकान का निर्माण भूतल पर किया गया था। जिसको कारण बताओ नोटिस दिया गया ।परंतु आज तक इसका कोई जवाब उन्होंने प्रस्तुत नहीं किया। और ना हीं शमन प्रस्तुत किया। जिसके क्रम में सचिव महोदय मथुरा वृंदावन विकास प्राधिकरण के आदेश 29 अप्रैल के क्रम में आज सील किया गया।

राधा की नगरी में निकली गोपाल जी की शोभायात्रा

बरसाना (मथुरा) अवधनामा संवाददाता। ठाकुर गोपाल जी का वार्षिक उत्सव धार्मिक कार्यक्रमों के साथ बड़े धूमधाम से मनाया गया। जिसके तहत गोपालजी की शोभायात्रा धूमधाम से निकाली गई। जिसका मार्गों में पुष्प वर्षा करके स्वागत किया गया। बीती शाम कस्बे के मैन बाजार में भूमिया गली स्थित गोपाल कुटीर से ढोला में विराजमान होकर ठाकुर गोपाल जी की शोभा यात्रा ब्रज के संत पंडित बाबा महाराज एवं राधे गुरु जी के नेतृत्व में सब्जी मंडी ,रंगीली गली,फूलगली , बाग मोहल्ला , पुराना बस स्टैंड, नया बस स्टैंड, बस मोहल्ला, पश्चिमी कटरा, पूर्वी कटरा, पड़ाव मोहल्ला होते हुए निकाली गई। गोपाल कुटीर पर सजे भव्य फूल बंगला एवं छप्पन भोग में विराजमान होकर गोपाल जी ने अपने भक्तों को दर्शन दिए। भजन संध्या का संत पंडित बाबा ने गोपाल जी की आरती कर शुभारंभ किया। चतुर्भुज कीर्तन मंडल एवं श्याम श्याम कीर्तन मंडल के रसिक जनों ने संयुक्त रूप से धार्मिक भजन प्रस्तुत करके भक्तों को थिरकने के लिए मजबूर कर दिया।

डीपीएस में आयोजित हुआ सम्मान समारोह

विज्ञान विशारद सम्मान डीपीएस के मनोज कुमार शर्मा को मिला

वहाज अली निहाल

इटावा। दिल्ली पब्लिक स्कूल में विद्यार्थी विज्ञान मंथन का पुरुस्कार वितरण कार्यक्रम का भव्य शुभारंभ मुख्य अतिथि नेशनल एक्जाम कोऑर्डिनेटर, वीवीएम के एक्जीक्यूटिव डायरेक्टर इंडियन नैशनल साइंस एकेडमी दिल्ली, प्रो0 डॉ बृजेश पांडेय, विशिष्ट अतिथि प्रोफेसर सुनील मिश्रा प्रांतीय महासचिव विज्ञान भारती ब्रह्मावर्त (कानपुर) प्रांत कौस्तुभ ओमर संयोजक ब्रह्मावर्त (कानपुर) प्रांत, विभाग प्रचारक आर एस एस इटावा यशवीर जी,वाइस चेयरमैन डीपीएस डॉ प्रीति यादव, प्रिंसिपल भावना सिंह के द्वारा संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलन एवं विज्ञान भारती की प्रार्थना उपरांत विद्यालय की छात्राओं द्वारा साँस्कृतिक प्रस्तुति के साथ शुरू हुआ।

वाइस चेयरमैन डीपीएस डॉ.प्रीति यादव ने कार्यक्रम के मुख्य अतिथि एवं प्रिंसिपल भावना सिंह ने उपस्थित सभी विशिष्ट अतिथियों का बुके देकर स्वागत किया।सम्मान समारोह में वक्ताओं के क्रम में प्रांत संयोजक कौस्तुभ ओमर द्वारा विद्यार्थी विज्ञान मंथन की विस्तृत रूपरेखा सहित उद्देश्यों एवं महत्व पर छात्रों को विशेष जानकारी प्रदान की गई ।विशिष्ट अतिथि प्रोफेसर सुनील मिश्रा ने वर्तमान समय में विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास में विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी का योगदान के बारे में बताया।कार्यक्रम के मुख्य अतिथि डॉ बृजेश पांडेय ने कहा कि,विद्यार्थी विज्ञान मंथन कार्यक्रम भारत में ही नहीं बल्कि विदेशों में भी लोकप्रिय हो चुका है जिसके माध्यम से हम छात्रों की वैज्ञानिक दक्षता का परीक्षण करते है।सम्मान समारोह मे विद्यार्थी विज्ञान मंथन परीक्षा के इंचार्ज रहे शिक्षक शिक्षिकाओं में पंकज रावत,नेहा शुक्ला, राघवेंद्र कुमार,सौरभ चौहान,गुंजन निगम, दिल्ली पब्लिक स्कूल इटावा,सीमा यादव, मसूद अहमद,सुदिति ग्लोबल अकैडमी इटावा,प्रिया पाठक,दीक्षा यादव,संत विवेकानंद सीनियर सेकेंडरी स्कूल इटावा,अभिनव डेविड सेंट मैरी इंटर कॉलेज इटावा,सुमित शर्मा एस एस मेमोरियल सीनियर सेकेंडरी स्कूल इटावा, शोभित माउंट लिट्रा ज़ी स्कूल इटावा, श्रवण कुमार डिवाइन लाइट पब्लिक इंटर कॉलेज इटावा,अनुराग दीक्षित होली प्वाइंट एकैडमी इटावा,अखिलेश कुमार, अरुण कुमार,किड्स वैली स्कूल इटावा, लोकेश सक्सेना पुलिस मॉडर्न पब्लिक स्कूल इटावा,मुकेश सिंह रॉयल ऑक्सफोर्ड इंटरनेशनल इटावा,अनुप कुमार सेंट पीटर्स स्कूल जसवंतनगर इटावा,नरेश एस चौहान सेंट जेवियर्स चकरनगर इटावा,भंवर सिंह मीणा केंद्रीय विद्यालय इटावा,आकांक्षा राठौर एरिस्टोटल वर्ल्ड स्कूल इटावा,दीपक कुमार वर्मा जयोत्री एकेडमी भरथना इटावा,प्रियंका तिवारी यूपीएस सिलायता इटावा को मंच से मुख्य अतिथि,विशिष्ट अतिथि,विभाग सचिव कुलदीप अवस्थी,संयोजक अत्रि दीक्षित एवं अन्य अतिथियों द्वारा पटका पहनाकर और प्रतीक चिन्ह देकर सम्मानित किया गया। इसी क्रम में विद्यार्थी विज्ञान मंथन में जिला लेवल से स्टेट लेवल तक जाने वाले जनपद के विभिन्न स्कूलों के 8 प्रतिभाशाली छात्र छात्राओं जिनमे अरिहंत जैन,ऋषित अग्रवाल,दिल्ली पब्लिक स्कूल इटावा,स्तुति त्रिपाठी, इलमा जमाल,गोपेश राजपूत,सेंट मैरी इंटर कॉलेज इटावा, कुशाग्र, प्रखर गुप्ता, अभिनव सिंह, सुदिती ग्लोबल अकादमी इटावा आदि को मंच से सम्मानित किया गया। मंच से ही विज्ञान भारती के पूर्व राष्ट्रीय संगठन मंत्री रहे जयंत सहस्त्रबुद्ध की स्मृति में विज्ञान के क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य करने के लिए दिल्ली पब्लिक स्कूल के विज्ञान एवं गणित शिक्षक एवम गणित के विभागाध्यक्ष, वीवीएम के इटावा जिला संयोजक मनोज कुमार शर्मा को विज्ञान विशारद सम्मान÷से सम्मानित किया गया।

प्रशिक्षण स्थल पर कण्ट्रोल रूम/नियंत्रण कक्ष किया गया स्थापित

हरदोई। जिलाधिकारी मंगला प्रसाद सिंह ने बताया है कि लोक सभा सामान्य निर्वाचन-2024 के अन्तर्गत मतदान कार्मिकों के द्वितीय प्रशिक्षण के समय प्रशिक्षण स्थल महराणा प्रताप राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय हरदोई में बनायें गये फैसिलिटेशन सेण्टर एवं अतिरिक्त फैसिलिटेशन सेन्टर के प्रभावी ढंग से क्रियान्वयन एवं उक्त सेण्टरों पर आने वाले मतदाताओं को फैसिलिटेट किये जाने हेतु प्रशिक्षण स्थल पर कण्ट्रोल रूम/नियंत्रण कक्ष स्थापित किया जा रहा है। उन्होंने अधिशासी अभियन्ता लोक निर्माण विभाग (पीएमजीएसवाई) हरदोई, श्रीमती नीलम देवी मो0 न0 9795172660 को कण्ट्रोल रूम प्रभारी नामित किया गया है। जो प्रातः 08 बजे से 03 बजे तक उपस्थित रहेगी तथा उपायुक्त जिला उद्योग केन्द्र हरदोई दुर्गेश कुमार मो0 8960660900, को प्रभारी नामित किया गया है, जो 03 बजे से रात्रि 10 बजे तक कण्ट्रोल रूम मे उपस्थित रहेंगे। उन्होंने कण्ट्रोल रूम प्रभारी को निर्देशित किया है कि 01 मई से 06 मई अर्थात प्रशिक्षण समाप्ति तक प्रशिक्षण स्थल महाराणा प्रताप राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय हरदोई मे उपस्थित होकर नियमानुसार आवश्यक कार्यवाही करना सुनिश्चित करें।

डीएम ने घर-घर जाकर वितरित किये स्वीप कैलेंडर व पम्पलेट

13 मई को को सभी मतदाता बूथ पर अवश्य जायें

अवधनामा संवाददाता

हरदोई। लोकसभा सामान्य निर्वाचन 2024 की स्वीप गतिविधियों के अंतर्गत आज महोलिया शिवपार में मतदाता जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिलाधिकारी मंगला प्रसाद सिंह ने स्वयं घर घर जाकर स्वीप कैलेंडर व पम्पलेट वितरित किये। उन्होंने विभिन्न परिवारों के बीच जाकर 13 मई को मतदान का वचन लिया और कहा कि 13 मई को सभी मतदाता बूथ पर अवश्य जाएं। कन्या उच्च प्राथमिक विद्यालय में उन्होंने गांव के मतदाताओं से संवाद करते हुए कहा कि 13 मई दिन सोमवार याद रखें। परिवार के साथ स्वयं मतदान करें और अन्य लोगों को भी प्रेरित करें। उन्होंने विद्यालय में उपस्थित सभी प्रतिभागी मतदाताओं को मतदान की शपथ दिलायी। कक्षा में जाकर विद्यालय के बच्चों से संवाद करते हुए उन्होंने कहा कि अपने माता-पिता और सम्बंधियों को मतदान के बारे में बतायें। चुनाव पाठशाला संवाद कार्यक्रम के उपरांत जिलाधिकारी के नेतृत्व में मतदाता जागरूकता रैली भी निकाली गयी। इस अवसर पर उपनिदेशक कृषि डॉ नंदकिशोर, जिला अर्थ एवं संख्या अधिकारी डॉ रामप्रकाश व अन्य अधिकारी उपस्थित रहे।

पहले सात फेरों की गारंटी पूरी करें नरेन्द्र मोदी : डा. शीला शर्मा

अवधनामा संवाददाता

- महिलाओं को आत्मनिर्भर बनायेगा इण्डिया गठबंधन का घोषणा पत्र
- इण्डिया गठबंधन का घोषणा पत्र सबसे बड़ी ताकत : डा. शीला शर्मा

बस्ती। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी को पहले यशोदा बेन के साथ लिये गये फेरों की गारण्टी पूरी करनी चाहिये इसके बाद दूसरी गारण्टी की बात करनी चाहिये। यह बातें जिला कांग्रेस कमेटी की महिला अध्यक्ष डा. शीला शर्मा ने कही। वे कांग्रेस पार्टी के दफ्तर पर आयोजित इण्डिया गठबंधन की बैठक को सम्बोधित कर रही थीं। उन्होने कहा हर क्षेत्र में महिलायें योगदान दे रही हैं इसलिये उन्हे पूरा हक चाहिये और यह इण्डिया अलायंस ही दे सकता है। समाजवादी पार्टी की महिला अध्यक्ष गीता भारती ने कहा शहरों और योजनाओं का नाम बदलकर उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री अपनी पीठ थपथपाते हैं जबकि आज विकास यूपी में दिख रहा है वह या तो सपा की देन है या फिर पहले ही इसका खाका खींच रखा था। इस बार जनता ने प्रधानमंत्री का झोला तैयार कर दिया है। उनका समय खत्म हो रहा है। जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष ज्ञानेन्द्र पाण्डेय 'ज्ञानू' ने कहा इण्डिया गंठबंधन का घोषणा पत्र हमारी सबसे बड़ी ताकत है और भाजपा का घोषणा पत्र बकवास है। पूर्व विधानसभा प्रत्याशी देवेन्द्र कुमार श्रीवास्तव ने कहा भाजपा आयुष्मान कार्ड का डंका बजाती है जबकि कांग्रेस ने सरकार बनने पर 25 लाख के मुफ्त इलाज की गारण्टी दी है। इसके साथ ही गरीब परिवार की वरिष्ठ महिला को एक लाख रूपया सालीना तथा युवाओं की पहली नौकरी की गारण्टी उन्हे आत्निर्भर बनायेगा। 100 दिनों के भीतर केन्द्र सरकार की 30 लाख नौकरियां, सरकारी नौकरियों में महिलाओं को 50 प्रतिशत आरक्षण उन्हे सम्मान और स्वाभिमान के साथ जीने का अवसर देगा। इससे पहले दोनो दलों के पदाधिकारियों का फूल मालाओं से स्वागत किया गया। लोकसभा के मीडिया कोआर्डिनेटर अशोक श्रीवास्तव ने बैठक का संचालन करते हुये घोषणा पत्र विस्तार से अपनी बात रखी। बैठक में इन्द्रावती शुक्ला, श्रीमती विन्ध्यवासिनी उपाध्याय, उर्मिला मिश्रा, प्रिया श्रीवास्तव, विजय लक्ष्मी, सबीहा खातून, ज्योति पाण्डेय, सरोजबाला, डीएन शास्त्री, नीलम विश्वकर्मा, सलमा अफसर, विनोदरानी आहूजा, रचना, कामिनी देवी, मीरा यादव, लक्ष्मी यादव, शकुन्तला देवी, ऊषा देवी, सरोज, सुहावती, यशोधरा, चमेली, मुसकान, राजपती, कंचन, बीना शर्मा, शशि, इन्द्रावती, प्रगति सिंह आदि मौजूद रहीं।

प्रेक्षकों की उपस्थिति में हुई राजनीतिक दलों की बैठक

अवधनामा संवाददाता

हरदोई। आज स्वामी विवेकानंद सभागार में हरदोई व मिश्रिख के सामान्य प्रेक्षकों, पुलिस प्रेक्षक व व्यय प्रेक्षकों की उपस्थिति में समस्त मान्यता प्राप्त दलों के प्रतिनिधियों व दोनों लोकसभा क्षेत्रों के प्रत्याशियों की बैठक हुई। सामान्य प्रेक्षक मिश्रिख ने कहा कि आदर्श आचार संहिता का पालन सुनिश्चित किया जाये। सामान्य प्रेक्षक हरदोई ने कहा कि चुनाव आयोग के निर्देशों का पालन सुनिश्चित किया जाये। वलनरेबल व क्रिटिकल बूथों पर विशेष ध्यान दिया जाये।

पुलिस प्रेक्षक ने कहा कि किसी भी समस्या के लिए मोबाईल नंबर पर कॉल की जा सकती है। हरदोई संसदीय क्षेत्र के व्यय प्रेक्षक ने कहा कि व्यय लेखा रेट चार्ट के आधार पर प्रतिदिन तैयार किया जाये। मिश्रिख संसदीय क्षेत्र के व्यय प्रेक्षक ने कहा कि रजिस्टर पर प्रतिदिन का खर्च लिखा जाये और निर्धारित तिथियों में परीक्षण कराया जाये। बैठक में जिलाधिकारी मंगला प्रसाद सिंह ने प्रत्याशियों को सभी एआरओ का परिचय कराया। उन्होंने दोनों लोकसभाओं के बारे में विस्तार से बताया।

उन्होंने कहा कि सभी प्रत्याशी फैसिलिटेशन सेंटर पर दोनों लोकसभा क्षेत्रों हेतु अलग अलग अपना अधिकृत प्रतिनिधि भेज सकते हैं। यहाँ पर मतदान कार्मिकों द्वारा मतदान किया जा रहा है। उन्होंने बताया कि सहमति देने वाले दिव्यांग व 85 वर्ष से अधिक आयु के मतदाताओं से घर पर ही वोटिंग करायी जाएगी। उन्होंने कहा कि मतदान दिवस को को शर्तों के अधीन प्रत्याशियों के बूथ 200 मीटर के बाहर बनाये जा सकते हैं। मॉक पोल के दौरान प्रत्याशी गण अपने पोलिंग एजेंट को भेजने का कष्ट करें। मॉक पोल के लिए एजेंट समय से पहुंचे। प्रत्याशी व्यय रजिस्टर में प्रतिदिन के व्यय का उल्लेख किया जाना सुनिश्चित करें। जिलाधिकारी ने राजनीतिक दलों के प्रश्नों का भी समाधान किया। इस अवसर पर पुलिस अधीक्षक केशव चन्द्र गोस्वामी, मुख्य विकास अधिकारी सौम्या गुरूरानी, अपर जिलाधिकारी प्रियंका सिंह व अन्य सम्बंधित अधिकारी उपस्थित रहे।

प्रेक्षकों की उपस्थिति में हुआ ईवीएम का रैण्डमाइजेशन

स्वामी विवेकानंद सभागार में हरदोई व मिश्रिख लोकसभा के सामान्य प्रेक्षकों व पुलिस प्रेक्षक की उपस्थिति में ईवीएम के द्वितीय रैण्डमाइजेशन की प्रक्रिया संपन्न हुई इस साथ ही ईवीएम का बूथवार आवंटन हो गया। सबसे पहले हरदोई लोकसभा क्षेत्र की पाचों विधानसभा की ईवीएम का क्रमवार रैण्डमाइजेशन किया गया। इसके पश्चात मिश्रिख लोकसभा के पांचो विधानसभा क्षेत्रों का रैण्डमाइजेशन की प्रक्रिया पूरी की गयी। सम्पूर्ण प्रक्रिया को समस्त राष्ट्रीय व राज्य स्तरीय मान्यता प्राप्त दलों के प्रतिनिधियों व दोनों लोकसभा के प्रत्याशियों ने देखा। जिलाधिकारी की अनुमति से सम्पूर्ण तकनीकी प्रक्रिया जिला सूचना विज्ञान अधिकारी अमित मिश्रा द्वारा संपन्न कराया गया। इस अवसर पर मुख्य विकास अधिकारी सौम्या गुरूरानी, अपर जिलाधिकारी प्रियंका सिंह व अन्य सम्बंधित अधिकारी उपस्थित रहे।

यातायात व्यवस्था में सहयोग के लिए जिलाधिकारी से मिले

दिनेश पंकज

मथुरा। बृज यातायात एवं पर्यावरण जनजागरूकता समिति रजि उत्तर प्रदेश के अध्यक्ष विनोद दक्षित ने मथुरा के जिलाधिकारी शैलेंद्र कुमार सिंह से मुलाकात के दौरान बताया कि पिछले तीन वर्षों से जिला सड़क सुरक्षा समिति बैठक के साथ यातायात जागरूकता के कार्यक्रमों में मेरी समिति की नहीं बुलाया जा रहा है जबकि समिति मथुरा जिले की एकमात्र सामाजिक संस्था जो पिछले 14 वर्षों से सड़क हादसे के साथ जाम के लिए काम कर रही है हमारे सुझाव प्रशासन के शासन स्तर पर भी पहुंचेहैं समय-समय पर इन सुझावों पर शासन और प्रशासन ने काम किया है जैसे ही कोरोना काल शुरू हुआ उसके बाद से ही अचानक समिति को सरकारी कार्यक्रमों के साथ जिला सड़क सुरक्षा समिति से बाहर कर दिया गया है सालों बीत जाने के बाद भी समिति को किसी भी जागरूकता कार्यक्रम में नहीं बुलाया जा रहा है जबकि समिति के पास जाम के साथ सड़क हादसों को लेकर अनुभवी लोगों की कमी नहीं है समिति हर वर्ष डेढ़ सौ से अधिक सड़क हादसों से प्रेरित होकर जागरूकता के कार्यक्रम करती है ऐसे में समिति को प्रशासन लगातार अनदेखी कर रहा है सारी घटना सुनने के बाद जिलाधिकारी शैलेंद्र कुमार सिंह ने कहा आने वाले समय में समिति को सरकारी कार्यक्रमों के साथ जिला सुरक्षा समिति बैठक में बुलाया जाएगा।

पुलिस ही नहीं चाहती सट्टा बंद हो

थाना गोविंद नगर पुलिस ने सटोरिया बंद कर अपनी पीठ थपथपाई

अवधनामा संवाददाता

मथुरा। सरकार भले ही किसी भी दल की रही हो नंबर का सट्टा लगाने वालों का और खाने वालों का नेटवर्क कभी बंद नहीं हुआ यह कहना गलत नहीं होगा दिन दूनी रात चौगुनी तरक्की इस अवैध और गैर कानूनी धंधे में रही है इसका मूल कारण क्षेत्रीय थाने और चौकी पुलिस को मिलने वाली माहवारी को बताया जाता है।

जनपद की शहरी और ग्रामीण क्षेत्रों में सट्टे के अवैध कारोबारीयों का नेटवर्क पिछले कई दशक से अनवरत जारी है। बताया जाता है सटोरिया से महीने की निश्चित तारीख को इलाका पुलिस रकम वसूल लेती है जिनकी तादाद अच्छी खासी बताई जाती है कोई भी थानेदार आए या चौकी प्रभारी आए उनकी सेटिंग चंद्र घंटे में हो जाती है और वह नवागत पुलिस अधिकारी की आंखों का नूर बनकर अपने सट्टे के अवैध और गैर कानूनी धंधे को खुलेआम चार चांद लगाकर जारी रखते हैं। तत्कालीन वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक प्रभाकर ने सटोरियों के विरुद्ध अभियान ही नहीं चलाया कई थानेदारों को अपनी कुर्सी भी गंवानी पड़ गई और उन्हें दंडित भी होना पड़ा इस कार्रवाई से सटोरियों में हड़कंप की स्थिति देखी गई जो इस कारोबार की बड़ी मछलियां थी वह भूमिगत हो गई। थाना गोविंद नगर क्षेत्र में रहने बाला सट्टा किंग आजाद उर्फ आजो को गिरफ्तार करके जेल भेजने के बाद तत्कालीन कप्तान का सटोरियों के विरुद्ध चलने वाला अभियान आंशिक रूप से धीमा जरूर पड़ गया बंद नहीं हुआ। आजाद उर्फ आजो अनपढ़ होने के साथ-साथ इस गैर कानूनी धंधे का बहुत बड़ा कारोबारी है जिसका नेटवर्क जिले के अलावा अन्य जिलों में तथा पड़ोस के राज्य राजस्थान और हरियाणा में भी फैला हुआ है। जिसके रहने के ठिकाने भी दर्जनों हैं उसे पकड़ना पुलिस के लिए चुनौती पूर्ण है। विगत दिन थाना गोविंद नगर पुलिस ने अर्जुनपुरा मोहल्ला से शाहिद और उसके तीन साथियों को गिरफ्तार कर जेल भेजा है बताया जाता है शाहिद भी आजाद उर्फ आजो का सागिर्द रहा है । इस सटोरिया के यहां सट्टा लगाने वाले को वायकायदा रशीद बना कर दी जाती है आखिर इलाका पुलिस ने अपने इस कमाउपूत को क्यों और किसके दबाव में गिरफ्तार किया है। क्या कहीं लेनदेन को लेकर बात बिगड़ गई है अथवा उच्च अधिकारियों का दबाव रहा है अगर ऐसा नहीं तो उसके सट्टे के अवैध व्यावसायिक प्रतिद्वंदी की भूमिका रही है। बहरहाल जो भी हो पुलिस की इस कार्रवाई को लेकर क्षेत्र में तरह-तरह की चर्चाएं हो रही हैं।

राष्ट्रीय अध्यक्ष के प्रति जो आरोप लगाए हैं वह सरासर झूठ हैं: जितेंद्र

इटावा। जितेंद्र प्रताप सिंह जिला अध्यक्ष इटावा सर्वजन सुखाय पार्टी ने प्रेस विज्ञप्ति के माध्यम से आरोप लगाते हुए कहा कि मैं अवगत कराना चाहता हूं कि सर्वजन सुखाय पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष जसकरण कठेरिया ने पार्टी छोड़ने का निर्णय अभी नहीं लिया है यह इनका निर्णय पहले से ही था मैंने स्वयं जसकरण सिंह कठेरिया को लोकसभा 41 से प्रत्याशी के लिए नामांकन पत्र साथ में जाकर खरीदा इस दौरान विधानसभा अध्यक्ष भी साथ में रहे श्री कठेरिया को नामांकन पत्र के साथ जो प्रपत्र लगाने थे वह प्रपत्र इन्होंने बनवाए नहीं और आश्वासन देते रहे कि नामांकन करेंगे प्रपत्र तैयार कर रहे हैं श्री जसकरण कठेरिया पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष ने पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष के प्रति जो आरोप लगाए हैं वह सरासर झूठ हैं सभी आरोप गलत इनकी सपा से पहले से सांठगांठ थी इसीलिए इन्होंने जानबूझकर समय से प्रपत्र तैयार नहीं किये जिससे नामांकन नहीं हो पाया और पार्टी छोड़ने का निर्णय ले लिया।

अविवाहित युवक को विवाहित और उसकी बहन से आशिकी पड़ी भारी

अवधनामा संवाददाता

आत्महत्या से पहले सुसाइड नोट में लिखी आपबीती

- पीड़ित के पिता ने एसएसपी और थाना प्रभारी को तहरीर के साथ व्हाट्सएप चैट और फोटो दिये

मथुरा। थाना जैत क्षेत्र के गांव निवासी अविवाहित एक युवक ने अपने कमरे में फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली थी जिससे परिवार में कोहराम मच गया, स्थानीय लोगों ने मामले को गंभीरता से लेते हुए बिना पुलिस कार्रवाई किए शव का अंतिम संस्कार कर दिया।

मृतक के मोबाइल और उसके रजिस्टर से मिले सुसाइड नोट से लोगों को आश्चर्य में डाल दिया इस घटना के पीछे मृतक की मौसी की पुत्रवधू और उसकी अविवाहित बहन के प्रेम प्रसंग का मामला प्रकाश में आया है पीड़ित ने पुलिस अधिकारियों के अलावा शासन और प्रशासन को करवाई की है पुलिस द्वारा कोई कार्रवाई नहीं किए जाने पर पीड़ित ने न्यायालय में प्रार्थना पत्र देकर मुकदमा दर्ज कराने की गुहार लगाई है। जानकारी के अनुसार थाना क्षेत्र के गांव जैत के मोहल्ला शिगार निवासी गोविंद सिंह पुत्र भूरी सिंह ने पुलिस को दिए प्रार्थना पत्र में कहां है उसके अविवाहित पुत्र अरविंद ने 21 अप्रैल की रात को अपने कमरे में रस्सी का फंदा बनाकर फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली थी। घटना की जानकारी सुबह होने पर पूरा परिवार गमगीन हो गया सूचना मिलते ही गांव के तमाम लोग और मृतक का मौसा रामखिलाड़ी पुत्र बाबूलाल निवासी धोरेरा थाना जैत उसके परिवरीजन मृतक का मामा गुरुदयाल अपने तमाम लोगों को लेकर कुछ ही देर में मेरे यहां पहुंच गए।

जिन्होंने हमारे मोहल्ले के लोगों के साथ मिलकर मेरे पुत्र मृतक अरविंद का दाह संस्कार कर दिया घटना के बाद जब हमने मृतक के कमरे की तलाशी ली तो उसमें रखे रजिस्टर में उसने पूरी अपनी आपबीती सुसाइड नोट में लिख रखी थी मृतक के मोबाइल में कृष्ण पत्नी प्रदीप और उसकी बहन सावित्री की व्हाट्सएप चैट और फोटो मिले जिनसे यह स्पष्ट हो गया मेरे पुत्र को अपने मोह जाल में फंसा कर उसका शारीरिक मानसिक और आर्थिक उत्पीड़न करने के बाद अरविंद को आत्महत्या करने के लिए मजबूर कर दिया । इस षड्यंत्र में तीन महिला और उनके रिश्तेदार पुरुष भी शामिल हैं। मृतक के पिता गोविंद सिंह ने अपने पुत्र के साथ हुई अनहोनी के बारे में वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक और थाना प्रभारी को लिखकर तहरीर दी है जिसके साथ सुसाइड नोट की छाया प्रति व्हाट्सएप चैट की फोटो कॉपी और फोटो उपलब्ध कराए हैं। पीड़ित का कहना है थाना पुलिस ने तहरीर लेकर जांच करने की बात कही है कई दिन बीत जाने के बाद जब पुलिस ने कोई कार्रवाई नहीं की है ऐसी स्थिति में पीड़ित ने अपने अधिवक्ता के माध्यम से न्यायालय में प्रार्थना पत्र देकर रिपोर्ट दर्ज कराने की गुहार लगाई है। इस संबंध में थाना प्रभारी अजय वर्मा से फोन पर संपर्क करने का प्रयास किया गया उनसे बात नहीं हो सकी देखना है पुलिस इस गंभीर घटना को लेकर कोई कार्रवाई करती है कि नहीं यह प्रश्न समय के गर्भ में है।

बांग्लादेश के खिलाफ तीसरे टी20 में विजयी बढत लेना चाहेगी भारतीय महिला टीम

भारतीय महिला क्रिकेट टीम पांच मैचों की श्रृंखला के तीसरे टी20 मैच में बांग्लादेश के खिलाफ बृहस्पतिवार को उतरेगी तो उसका इरादा श्रृंखला में विजयी बढत बनाने का होगा। पिछले दो मैचों में अपने प्रतिद्वंद्वी को हर मोर्चे पर मात देने वाली भारतीय टीम एक बार फिर इस प्रदर्शन को दोहराने के इरादे से उतरेगी। गेंदबाजों ने अभी तक एक ईकाई के रूप में अच्छा प्रदर्शन किया है।

स्पिनर दीप्ति शर्मा, राधा यादव और श्रेयांका पाटिल किफायती रहीं हैं। तेज गेंदबाजी में रेणुका सिंह ठाकुर ने पहले मैच में बेहतरीन प्रदर्शन किया जबकि पूजा वस्त्राकर ने भी प्रभावित किया है। करीब 17 महीने बाद अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में वापसी करने वाली डी हेमलता ने पिछले मैच में पावरप्ले में आक्रामक बल्लेबाजी करके 24 गेंद में नाबाद 41 रन बनाये। शेफाली वर्मा, यास्तिका भाटिया, हरमनप्रीत कौर और रिचा घोष ने भी रन बनाये हैं। स्टार सलामी बल्लेबाज स्मृति मंधाना फॉर्म में नहीं है।

यह श्रृंखला इसलिये भी महत्वपूर्ण है क्योंकि टी20 विश्व कप इस साल के आखिर में बांग्लादेश में ही होना है। मेजबान टीम को तीनों पहलुओं पर मेहनत करनी होगी। बल्लेबाज बड़ा स्कोर नहीं बना सके हैं जबकि गेंदबाजों ने भी निराश किया है। फील्डिंग में और चुस्त रहने की जरूरत है।

मोहम्मद कैफ ने इस गेंदबाज को लेकर लगाई गुहार, कहा किसी की जिंदगी से मत खिलवाड़ करो

आईपीएल 2024 में लखनऊ सुपर जायंट्स के लिए खेल रहे तेज गेंदबाज मयंक यादव को लेकर पूर्व बल्लेबाज मोहम्मद कैफ ने खास अपील की है। दरअसल, मुंबई के खिलाफ खेले गए मुकाबले में मयंक यादव ने 3.1 ओवर डाले, वह चौथे ओवर की पहली गेंद डालने के बाद मैदान से बाहर चले गए। जिसके बाद लखनऊ के कप्तान केएल राहुल की कड़ी आलोचना हो रही है, क्योंकि मयंक यादव पूरी तरह फिट नहीं हैं बावजूद इसके उन्हें प्लेइंग 11 में शामिल किया गया। इस पर कैफ ने भी प्रबंधन की आलोचना की है और हाथ जोड़कर गुजारिश करते हुए कहा है कि, ये गलत काम हो रहा है। दरअसल, मोहम्मद कैफ ने वीडियो में कहा कि, देखिए मेरी गुजारिश है, अगर मयंक यादव पूरी तरह फिट नहीं है तो उन्हें पुश मत करो। मुझे लगा कि उन्हें गेंदबाजी करने के लिए फॉर्स किया गया है। वो गेंदबाजी करके बीच में बाहर चले गए, कई बार ऐसा काम हो चुका है।

सूर्यकुमार यादव का नंबर 1 का ताज खतरे में, बाबर आजम मार सकते हैं बाजी

आईसीसी टी20 वर्ल्ड कप शुरू होने से पहले आईसीसी टी20 रैंकिंग में हलचल देखने को मिली है। न्यूजीलैंड के खिलाफ सीरीज के बाद पाकिस्तान टीम के कप्तान बाबर आजम ने आईसीसी पुरुष टी20 बल्लेबाजी रैंकिंग में टॉप के स्थान के लिए भारतीय बल्लेबाज सूर्यकुमार यादव से अंतर कम कर दिया है। साफ तौर पर कहा जा सकता है कि सूर्यकुमार की नंबर 1 की बादशाहत पर खतरा मंडरा रहा है।

न्यूजीलैंड के खिलाफ बाबर आजम ने पांच टी20 मैचों में सबसे ज्यादा रन बनाए। वहीं पहला मैच बारिश से धुल जाने के बाद सीरीज 2-2 से बराबरी पर समाप्त हुई। दाएं हाथ के बल्लेबाज ने सीरीज के पांचवें टी20 में जीत में अर्धशतक बनाया और चारि पारियों में कुल 125 रन बनाए। इस प्रदर्शन से बाबर को बल्लेबाजों की टी20 रैंकिंग की लेटेस्ट सूची में एक स्थान के सुधार के साथ चौथे स्थान पर पहुंचने में मदद की। अब उनकी रेटिंग कुल 10 अंक बढ़कर 763 हो गए, सूर्यकुमार अब पाकिस्तान के कप्तान से सिर्फ 98 रेटिंग अंक आगे हैं।

पाकिस्तान को टी20 वर्ल्ड कप से पहले इंग्लैंड के खिलाफ 4 मैचों की टी20 सीरीज भी खेलनी है। ये सीरीज 22 मई से शुरू होगी। ऐसे में सूर्यकुमार यादव के नंबर 1 के ताज के लिए वह खतरा साबित हो सकते हैं। बाबर की पाकिस्तान टीम के साथी फखर जमान ने भी लेटेस्ट रैंकिं अपडेट में अच्छा प्रदर्शन किया, बाएं हाथ का आक्रामक बल्लेबाज सीरीज में अपने 104 रनों की बदौलत 10 स्थानों का सुधार करते हुए 62वें स्थान पर पहुंच गए।

मैड्रिड ओपन में आखिरी बार खेलते हुए हार के बाद भावुक हुए नडाल

बाईस बार के ग्रैंडस्लैम चैम्पियन रफेल नडाल मैड्रिड ओपन के चौथे दौर में मिली हार के बाद भावुक हो गए चूंकि यहां वह आखिरी बार खेल रहे हैं। पांच बार के चैम्पियन नडाल को 31वीं रैंकिंग वाले जिरि लेहेका ने 7.5, 6.4 से हराया। हार के बाद नडाल ने कहा यह काफी कठिन दिन है लेकिन यही हकीकत है। मेरा शरीर और जिंदगी काफी समय से संकेत दे रहे हैं। मैं इस कोर्ट को अलविदा कह रहा हूं और मेरे लिये यह बहुत भावुक पल है। यहां की यादें सदैव मेरे साथ रहेंगी।''

नडाल के हमवतन स्पेन के ही कार्लोस अल्काराज तीन घंटे तक चले मैच में जान लेनार्ड स्ट्रफ को 6.3, 6.7, 7.6 से हराकर अगले दौर में पहुंच गए। शीर्ष वरीयता प्राप्त यानिक सिनेर ने 16वीं वरीयता प्राप्त कारेन खाचानोव को 5.7, 6.3, 6.3 से हराकर क्वार्टर फाइनल में जगह बनाई। तीसरी वरीयता प्राप्त दानिल मेदवेदव ने अलेक्जेंडर बुबलिक को 7 . 6, 6.4 से हराया।

महिला वर्ग में शीर्ष वरीयता प्राप्त इगा स्वियातेक ने बीट्रिज हदाद माइया को 4.6, 6.0, 6.2 से हराकर सेमीफाइनल में जगह बनाई। अब उनका सामना अमेरिका की 18वीं वरीयता प्राप्त मेडिसन कीस से होगा जिन्होंने आठवीं वरीयता प्राप्त ओंस जबाउर को 0.6, 7.5, 6.1 से हराया।

एआईएफएफ अध्यक्ष ने अतीत में गलत प्राथमिकताओं का मुद्दा उठाया

अखिल भारतीय फुटबॉल महासंघ (एआईएफएफ) के अध्यक्ष कल्याण चौबे ने मंगलवार को कहा कि अतीत में केवल ओलंपिक और एशियाई खेलों में भाग लेने पर ध्यान केंद्रित करने की देश की गलत प्राथमिकता के कारण शायद मौका गंवाया गया और विश्व स्तर पर टीम लगभग निचले स्तर पर है। भारत की फीफा रैंकिंग में इस समय गिरावट आ रही है जिसका कारण एशियाई कप में उसका एक भी मैच नहीं जीतना और उसके बाद 2026 फीफा विश्व कप क्वालीफायर में निचली रैंकिंग वाले अफगानिस्तान से 1-2 से हार है। भारत के पूर्व गोलकीपर चौबे ने 1974 एशियाई युवा चैंपियनशिप में भारत की जीत के 50 साल के जश्न के मौके पर कहा, 1947 से 1960 तक भारत ने नियमित रूप से चार ओलंपिक के लिए क्वालीफाई किया और एशिया की दिग्गज टीम थे। तो भारत कहां पीछे रह गया? 1990 के दशक की शुरुआत में भी, जब मैं खेला करता था तब मुझे याद है कि भारत की रैंकिंग 90 से नीचे थी।

टी20 वर्ल्ड कप के लिए टीम इंडिया 21 मई को अमेरिका के लिए होगी रवाना

भारतीय क्रिकेट टीम आईसीसी टी20 वर्ल्ड कप में हिस्सा लेने के लिए 21 मई को अमेरिका के लिए रवाना होगी। आईसीसी के इस प्रतिष्ठित टूर्नामेंट का आयोजन पहली बार विंडीज और अमेरिका की संयुक्त मेजबानी में खेला जा रहा है। टीम इंडिया अपना पहला मैच आयरलैंड के खिलाफ 5 जून को अमेरिका में खेलेगी। आईपीएल 2024 के ग्रुप स्टेज के मुकाबले खत्म होने के एक दिन बाद टीम इंडिया का पहला बैच यूएस के लिए उड़ान भरेगा। पहले बैच में वो खिलाड़ी शामिल नहीं होंगे जिनकी टीमें आईपीएल प्लेऑफ के लिए क्वालीफाई कर जाएंगी। इस बैच में टीम इंडिया के हेड कोच राहुल द्रविड़ सहित उनका पूरा सपोर्ट स्टाफ शामिल होगा। दूसरा बैच 26 मई को खेले जाने वाले आईपीएल फाइनल मैच के बाद वर्ल्ड कप के लिए रवाना होगा।

क्रिकबज के मुताबिक, भारतीय टीम इसके बाद न्यूयॉर्क जाएगी जहां उसे लीग के पहले तीन मुकाबले खेलने हैं। टीम इंडिया 5 जून को आयरलैंड से 9 जून को पाकिस्तान से और 12 जून को मेजबान अमेरिका से टकराएगी। टीम इंडिया का शुरुआती कैंप न्यूयॉर्क में लगेगा। आईसीसी मैनहटन से 30 किलोमीटर दूर नासाउ काउंटी इंटरनेशनल क्रिकेट स्टेडियम में भारतीय टीम की प्रैक्टिस सुविधाओं की व्यवस्था कर रही है। टीम इंडिया लगभग 6 ड्रॉप इन प्रैक्टिस पिचों पर अभ्यास करेगी।

भारतीय टीम में टी20 वर्ल्ड कप के लिए 15 सदस्यीय टीम का ऐलान कर दिया है। इनमें 6 खिलाड़ी पहली बार टी20 वर्ल्ड कप खेलते हुए नजर आएंगे। युवा यशस्वी जायसवाल से लेकर शिवम दुबे और कुलदीप यादव व युजवेंद्र चहल की स्पिन जोड़ी वर्ल्ड कप खेलते हुए नजर आएंगे, युवा यशस्वी जायसवाल से लेकर शिवम दुबे और कुलदीप यादव व यूजवेंद्र चहल की स्पिन जोड़ी वर्ल्ड कप में तुरुप का इक्का साबित हो सकती है। शिवम दुबे आईपीएल 2024 में बल्लेब से खूब रन बना रहे हैं वहीं संजू सैमसन को दिनेश कार्तिक पर तरजीह दिया गया है जो पहली बार वर्ल्ड कप में खेलते हुए नजर आएंगे।

मल्लिका जान के किरदार ने कर दिया था मनीषा कोइराला को पागल, भारत छोड़कर अभिनेत्री को भागना पड़ा थास्विट्जरलैंड

बॉलीवुड के नामी डायरेक्टर संजय लीला भंसाली की चर्चित वेब सीरीज हीरामंडीः द डायमंड बाजार नेटफ्लिक्स पर रिलीज हो गयी है। इन सब के बीच दिग्गज अभिनेत्री मनीषा कोइराला ने अपने किरदार से जुड़ी अहम जानकारी फैंस के साथ साझा की है। अभिनेत्री ने बताया कि मल्लिका जान के किरदार में वह इतना ढल गयी थी कि उन्हें इससे बाहर निकलने के लिए भारत छोड़कर जाना पड़ा था। बता दें, मनीषा हीरामंडी में मल्लिका जान का किरदार निभा रही है, जो इस सीरीज का अहम हिस्सा है।

इंस्टेंट बॉलीवुड को दिए एक इंटरव्यू में मनीषा कोइराला ने बताया कि कैसे वो अपने किरदार में फंस रह गयी थी। उन्होंने कहा, मैं उसी कैरेक्टर में रही, मल्लिका जान का किरदार मेरे साथ ही चलता रहा। मुझे ये कहना पड़ेगा, मल्लिका जान का कैरेक्टर मेरे लिए बहुत नया था। ये किरदार मेरे साथ मेरे घर तक जाता था। मैं उसी स्पेस में रही। जब मेरे शूट का आखिरी दिन बीत गया, तो मैं तुरंत स्विस आल्प्स गई। वहां जाकर ट्रेकिंग की, घूमी फिरी। मैं वहां गई ताकि नॉर्मल हो सकूं।

अभिनेत्री ने बताया कि मनीषा कोइराला जान की परछाई को पीछे छोड़ने के लिए उन्हें स्विट्जरलैंड जाकर समय बिताना पड़ा था।

मनीषा ने आगे कहा, मैं अपने दोस्तों के साथ थी, लेकिन मैं पक्के तौर से ये भी नहीं कह सकती कि मैंने उनके साथ भी नॉर्मल थी या नहीं। मल्लिका जान के किरदार ने मुझे इतना खा लिया था कि मैं उसी में सारा वक्त बिताती थी। मैं उसी जोन में रहती थी। मुझे सही में उस किरदार से बाहर निकलने के लिए लगातार काफी मेहनत करनी पड़ी। मुझे खुद को समझाना पड़ा कि बस बहुत हो गया, वो चैप्टर अब क्लोज हो चुका है। अब अपनी असल जिंदगी में वापस लौटो। बता दें, मनीषा लगभग 28 साल के बाद संजय लीला भंसाली के साथ काम कर रही हैं। इससे पहले दोनों ने 1996 में फिल्म खामोशी में साथ काम किया था।

आईपीएल 2024 के मंच पर कल्कि 2898 एडी का प्रभास ने किया प्रचार, अभिनेता के लुक की फैंस ने की बैटमैन से तुलना

साउथ सिनेमा के स्टार प्रभास इन दिनों अपनी आगामी फिल्म कल्कि 2898 एडी को लेकर सुर्खियों में हैं। अभिनेता की ये फिल्म 27 जून को सिनेमाघरों में रिलीज होगी, ऐसे में वह इसका प्रचार करने में कोई कसर नहीं छोड़ रहे हैं। इसी कड़ी में अभिनेता ने अपने किरदार में स्टार्स स्पोर्ट्स के लिए एक विज्ञापन वीडियो शूट किया। मंगलवार को टीवी पर इस वीडियो को दिखाया गया, जिसके बाद से दर्शक प्रभास के लुक को बैटमैन से जोड़कर देख रहे हैं।

कल्कि 2898 एडी का प्रचार करने के लिए निर्माताओं ने आईपीएल 2024 के मंच का सहारा लिया है। इस कड़ी में, मुंबई इंडियंस और लखनऊ सुपर जायंट्स के कल के मैच के दौरान कल्कि 2898 एडी का एक प्रोमो वीडियो जारी किया। इसमें भैरव के रूप में प्रभास ने अपनी फिल्म के साथ मुंबई इंडियंस और कोलकाता नाईट राइडर्स के मैच का प्रचार किया।

बता दें, दोनों टीम 3 मई को आपस में भिड़ेगी।

आईपीएल के मंच पर कल्कि का प्रचार करना एक अच्छा आईडिया था, लेकिन दर्शकों के एक वर्ग को ये पसंद नहीं आया। दरअसल, आईपीएल के विज्ञापन में प्रभास की कॉस्ट्यूम अच्छे से देखने को मिली। कुछ ही देर में दर्शकों ने अभिनेता के लुक को हॉलीवुड सुपरहीरो बैटमैन के लुक से तुलना करना शुरू कर दिया था। फिल्म की बात करें तो प्रभास के अलावा प्रभास, दीपिका पादुकोण, अमिताभ बच्चन और कमल हासन मुख्य भूमिका में हैं। इनके अलावा दिशा पटानी, राजेंद्र प्रसाद, पसुपति और अन्य भी महत्वपूर्ण भूमिकाओं में हैं।

सैफ अली खान के बेटे इब्राहिम ने किया ग्रैंड इंस्टाग्राम डेब्यू, कहा- अपनी विरासत खुद बनाउंगा

सैफ अली खान और अमृता सिंह के बेटे इब्राहिम अली खान ने मंगलवार को इंस्टाग्राम पर अपना बड़ा डेब्यू किया और उन्होंने इसे बेहतरीन अंदाज में किया। इब्राहिम ने अपनी कुछ तस्वीरें साझा कीं जिनमें उन्हें एक लोकप्रिय स्पोर्ट्स वियर ब्रांड के आउटफिट पहने देखा जा सकता है। पहली दो तस्वीरों में इब्राहिम हरे रंग की टी-शर्ट और बेज पैंट पहने नजर आ रहे हैं। इब्राहिम को मैचिंग हरे रंग के जूते भी पहने देखा जा सकता है. छवियों के एक अन्य सेट में, इब्राहिम को सफेद टी-शर्ट और शॉर्ट्स पहने देखा जा सकता है। पहली दो तस्वीरें एक ड्राइंग रूम के अंदर क्लिक की गईं, जबकि अन्य तस्वीरों में इब्राहिम ने साइकिल के साथ तस्वीर खिंचवाई।



इब्राहिम ने कैप्शन में लिखा, विरासत? मैं अपनी खुद की बनाऊंगा। के साथ अपना पहला कदम रख रहा हूं। करीना कपूर और इब्राहिम की चाची सबा पटौदी ने उन्हें टिप्पणी अनुभाग में बधाई संदेश भेजे। करीना कपूर ने लिखा, इग्गी में आपका स्वागत है। आइए जल्द ही एक साथ शूटिंग करें। सबा पटौदी ने टिप्पणी अनुभाग में कुछ लाल दिल वाले इमोजी डाले। इब्राहिम अली खान ने आलिया भट्ट, रणवीर सिंह, जया बच्चन, धर्मेंद्र और शबाना आज़मी अभिनीत हिट फिल्म रॉकी और रानी की प्रेम कहानी में करण जौहर की सहायता की।

पिछले साल कान्स में अनुपमा चोपड़ा के फिल्म कंपेनियन के साथ बातचीत के दौरान सारा अली खान ने खुलासा किया था कि उनके भाई इब्राहिम जल्द ही डेब्यू करेंगे। उन्होंने खुलासा किया कि एक अभिनेता के रूप में उन्होंने अभी-अभी अपनी पहली फिल्म की शूटिंग पूरी की है÷। सारा ने कहा, आप जानते हैं, उन्होंने एक अभिनेता के रूप में अपनी पहली फिल्म की शूटिंग पूरी की है, जिस पर मुझे विश्वास नहीं हो रहा है। हां, उन्होंने किया है और जब भी वह घर आते हैं, चाहे वह स्कूल से हो या शूटिंग से, हम दोनों के बीच यह बेहद प्यार भरा व्यवहार होता है। और जैसे, उसके प्रति यह रवैया और तभी मुझे एहसास हुआ, मेरे पास मेरी माँ का दिल है क्योंकि हम इब्राहिम के साथ बहुत समान व्यवहार करते हैं।अफवाह है कि इब्राहिम अली खान श्वेता तिवारी की बेटी पलक तिवारी को डेट कर रहे हैं। उन्हें अक्सर मुंबई पपराज़ी द्वारा एक साथ देखा जाता है।

नेहा कक्कड़ और अभिजीत भट्टाचाय की लड़ाई में मिलिंद गाबा की एंट्री, अपने अंदाज में दिग्गज सिंगर पर कसा तंज

अभिजीत भट्टाचार्य ने टिप्पणी की कि शादी में गाने से सिंगर्स की औकात कम हो जाती है। उनकी ये बात शो की जज नेहा कक्कड़ को पसंद नहीं आई और दोनों के बीच तीखी बहस हो गयी। अब पंजाबी सिंगर मिलिंद गाबा अपनी को-सिंगर के सपोर्ट में उतर आये हैं और उन्होंने अभिजीत पर जबरदस्त वार किया है। बॉलीवुड के दिग्गज गायकों में शुमार अभिजीत भट्टाचार्य का विवादों से पुराना नाता रहा है। वह अक्सर अपने बयानों की वजह से विवादों में घिरे रहते हैं। अब एक बार फिर से अभिजीत ने कुछ ऐसा कह दिया है, जिसकी वजह से सोशल मीडिया पर उनकी जमकर आलोचना हो रही है। दरअसल, गायक हाल ही में रियलिटी शो सुपरस्टार सिंगर 3 में गए थे। यहाँ उन्होंने एक मुद्दे पर अपनी राय साझा करते हुए टिप्पणी की कि शादी में गाने से सिंगर्स की औकात कम हो जाती है। उनकी ये बात शो की जज नेहा कक्कड़ को पसंद नहीं आई और दोनों के बीच तीखी बहस हो गयी। नेहा ने टिप्पणी की कि कोई काम छोटा या बड़ा नहीं होता है। अब पंजाबी सिंगर मिलिंद गाबा अपनी को-सिंगर के सपोर्ट में उतर आये हैं और एक वीडियो साझा करते हुए उन्होंने अभिजीत पर जबरदस्त वार किया है।

सुपरस्टार सिंगर 3 के लेटेस्ट एपिसोड में, सलमान और आर्यन की परफॉर्मेंस के बाद अभिजीत भट्टाचार्य ने शादियों में परफॉर्म करने वाले गायकों पर अपने विचार साझा किए। उन्होंने कहा, कोई भी पैसा दिया या शादी में गाने लगे, उसमें औकात कम होती है। मेरी औकात है, मैं बोल देता हूं, मैं नहीं गाऊंगा। दुनिया की कोई ताक़त तुम्हें बर्दाश्त नहीं कर सकती। नेहा इन कमेंट्स से खुश नहीं थीं और उन्होंने कहा कि इंसान अपनी मेहनत से कमाता है और शादियों में गाने में कोई बुराई नहीं है। नेहा ने कहा कि कोई किसी गायक को अपनी शादी में इसलिए बुलाता है क्योंकि वे उससे प्यार करते हैं और सम्मान देते हैं। उन्होंने कहा कि कोई भी काम छोटा या बड़ा नहीं होता और अगर किसी को शादी में परफॉर्म करने के लिए बुलाया जाता है तो जाना चाहिए।

अभिजीत भट्टाचार्य की टिप्पणी मिलिंद गाबा को पसंद नहीं आयी और सिंगर ने चुप रहने की बजाय इसका जवाब देना पसंद किया। मिलिंद ने अपने अंदाज में अभिजीत की टिप्पणी का जवाब दिया। मिलिंग ने अभिजीत की जवानी के दिनों का एक वीडियो साझा किया, जिसमें वह स्कूल के स्टेज पर परफॉरमेंस देते नजर आ रहे हैं। इस वीडियो के ऊपर लिखा है कि शादियों में नहीं, स्कूल कार्यकर्मों में हाँ। इस वीडियो एक साथ मिलिंग ने लिखा, कोई दादा-दादी, चाचा-चाची आपको बता नहीं सकते और न ही आपकी औकात फिक्स कर सकते हैं। नेहा कक्कड़ को बड़ा सम्मान।

राहुल कहीं से भी चुनाव लड़ें उनकी हार निश्चित

कांग्रेस भय और भ्रम फैलाने के लिए डीप फ़ेक का कर रही इस्तेमालः अनुराग ठाकुर

एजेंसी

नई दिल्ली। केंद्रीय सूचना एवं प्रसारण और युवा एवं खेल मामलों के मंत्री अनुराग सिंह ठाकुर ने कहा की झूठ बोलने में माहिर कांग्रेस अब डीप फेक वीडियो बनाकर लोगों में भय और भ्रम फैला रही है। कांग्रेस के बड़े नेताओं का नाम इसमें आना लोकतंत्र के लिए शर्मनाक भी है और घातक भी है।

अनुराग ठाकुर ने कहा कि आम चुनावों से पहले भी हमें पता था कि विपक्ष अपनी निश्चित हार को देखते हुए झूठ, भय और भ्रम का सहारा जरूर लेगा। आज कांग्रेस का हर बड़ा नेता केवल झूठ के बदौलत अपना पूरा चुनाव प्रचार चला रहा है। झूठ बोलने से भी हार में बदलाव न होता देख अब यह लोग टेक्नोलॉजी और डीप फेक का उपयोग कर और ज्यादा भ्रम और भय फैला रहे हैं। चुनाव जीतने के लिए इंडी अलायंस के नेता सारे अनैतिक कार्य कर रहे हैं। आखरि वोट के लिए इतना नीचे गिरने का क्या औचित्य है।

ठाकुर ने आगे कहा कि राहुल गांधी कहीं से भी चुनाव लड़ें उनकी हार निश्चित है पर अपनी हार से बचने के लिए कांग्रेस झूठ, भय और भ्रम ना फैलाए। आरक्षण और संविधान के बारे में कांग्रेस द्वारा फैलाया जा रहा भ्रम बिल्कुल निराधार और बेबुनियाद है। कांग्रेस जहां-जहां राज्य सरकार बनाती है वहां एससी-एसटी और ओबीसी का आरक्षण काटकर अपने वोट बैंक को देती है। कांग्रेस ने देश में इमरजेंसी लगाई। उन्होंने अब तक सबसे ज्यादा 62 बार संविधान संशोधन किए हैं, वहीं पिछले 10 वर्षों में मोदी सरकार ने एससी-एसटी और ओबीसी के सशक्तिकरण के एक नए युग की शुरुआत की है। हमने ओबीसी कमिशन को संवैधानिक दर्जा दिया। आज हमारे सभी योजनाओं के प्रमुख लाभार्थी एसटी, एससी और ओबीसी समुदाय के लोग हैं। एससी एसटी और ओबीसी के लिए आरक्षण पहले भी था, आज भी है और आगे भी रहेगा। लेकिन हमारे लिए एक और स्पष्ट बात यह भी है कि हम धर्म के आधार पर मुसलमानों के आरक्षण के सख्त खिलाफ हैं। कांग्रेस आज चुनाव से भागती नजर आ रही है। उसके कई बड़े नेता चुनाव नहीं लडना चाह रहे। कांग्रेस को कई सीटों पर उम्मीदवार तक खोजने में परेशानी हो रही है।

सुप्रीम कोर्ट द्वारा बंगाल सरकार को संदेशखली और शाहजहां शेख के मामले में एक पक्ष बनने के आग्रह पर फटकार लगाए जाने के ऊपर प्रतिक्रिया देते हुए श्री अनुराग ठाकुर ने कहा कि यह ममता बनर्जी जी की तुष्टिकरण की राजनीति की पराकाष्ठा है। ममता बनर्जी एक महिला मुख्यमंत्री होते हुए ऐसे लोगों को संरक्षण दे रही हैं जिन्होंने महिलाओं के खिलाफ अत्याचार कर उनकी जमीनें हड़पने और उनका यौन उत्पीडन् करने का घृणित कार्य किया है। इससे पता चलता है कि वोट बैंक के लिए विपक्ष किसी भी हद तक गिरने को तैयार है। यही हाल कर्नाटक का है जहां कांग्रेस के काउंसलर की बेटी की दिनदहाड़े हत्या कर दी जाती है पर तुष्टिकरण की राजनीति के चलते वहां की सरकार कुछ नहीं करती है।

अनुराग ठाकुर ने आगे प्रज्वल रेवन्ना के आपत्तिजनक विडियोज के मामले को बेहद शर्मनाक करार देते हुए कहा कि इस मामले में कानून को अपना काम कर कठोर कारवाई करनी चाहिए। कानून व्यवस्था राज्य सरकार की जिम्मेदारी होती है। जिस समय पर यह वीडियो बाहर आए हैं उससे स्पष्ट होता है कि कांग्रेस के पास इन वीडियोज की जानकारी पहले से थी।

कांग्रेस ने जारी की एक और लिस्ट

राज बब्बर गुरुग्राम और आनंद शर्मा कांगड़ा से उम्मीदवार घोषित

चुनाव

हिमाचल प्रदेश की कांगड़ा सीट पर वरिष्ठ कांग्रेस नेता आनंद शर्मा पर भरोसा जताया

एजेंसी

चंडीगढ़। लोकसभा चुनाव 2024 के मद्देनजर कांग्रेस ने मंगलवार को एक और कैंडिडेट लिस्ट जारी की। प्रत्याशियों की इस लिस्ट में कई बड़े नाम शामिल हैं। कांग्रेस ने इस लिस्ट में तीन राज्यों की चार सीटों पर प्रत्याशी घोषित किए हैं। कांग्रेस ने हरियाणा के गुरुग्राम से अभिनेता से राजनेता बने राज बब्बर को चुनावी मैदान में उतारा है। वहीं, हिमाचल प्रदेश की कांगड़ा सीट पर वरिष्ठ कांग्रेस नेता आनंद शर्मा पर भरोसा जताया है। हिमाचल प्रदेश की हमीरपुर लोकसभा सीट कांग्रेस ने केंद्रीय मंत्री और बीजेपी नेता अनुराग ठाकुर के खिलाफ सतपाल रायजादा को टिकट दिया है। वहीं, महाराष्ट्र की मुंबई नॉर्थ सीट पर भूषण पाटिल को उम्मीदवार बनाया है।

यूपी कांग्रेस के पूर्व प्रदेश अध्यक्ष राज बब्बर पिछले दो लोकसभा चुनाव यूपी की फतेहपुर सीकरी सीट से लड़े थे। दोनों ही बार उन्हें हार का सामना करना पड़ा था। वहीं, आनंद शर्मा की बात की जाए तो वो कांग्रेस नेतृत्व के खिलाफ बिगुल फूंकने वालों में से एक रहे हैं। कांग्रेस के इन बागी नेताओं को जी-23 समूह कहा जाता था। हालांकि, कुछ ही महीनों में ये बगावत खत्म हो गई, लेकिन गुलाम नबी आजाद और कपिल सिब्बल जैसे नेताओं ने कांग्रेस छोडकर् अलग राह पकड़ ली। हरियाणा की गुरुग्राम लोकसभा सीट पर छठे चरण में यानी 25 मई को चुनाव होंगे। वहीं से हिमाचल की कांगड़ा और हमीरपुर सीट पर सातवें चरण (1 जून) में वोटिंग होगी। महाराष्ट्र की मुंबई नॉर्थ सीट पर पांचवें चरण (20 मई) में मतदान होगा।

क्विक न्यूज

सीएम शिंदे को रास्ते में दिखा दुर्घटनाग्रस्त डंपर तो उठाया ये कदम

मुंबई। महाराष्ट्र के सीएम एकनाथ शिंदे ना महज अपनी राजनीतिक गतिविधियों से बल्कि अपनी सामाजिक गतिविधियों को लेकर भी चर्चा में रहते हैं। बुधवार को वो मुंबई में आयोजित एक कार्यक्रम में शिरकत करने जा रहे थे, इसी दौरान रास्ते में उन्हें एक दुर्घटनाग्रस्त डंपर दिखा। दुर्घटनाग्रस्त डंपर दिखने के बाद वो फौरन गाड़ी से उतरे और मौके पर पहुंचे। इस डंपर से तेल नीचे गिरने से गाडियों के फिसलने से बड़ा हादसा हो सकता था। स्थिति की संवेदनशीलता को भांपते हुए मुख्यमंत्री ने अपनी गाड़ी रुकवाई और स्थिति को समझने का प्रयास किया। उन्होंने सुबह मॉर्निंग वॉक के लिए आने वाले लोगों की मदद से बिखरे हुए तेल पर मिट्टी डलवाई। साथ ही पुलिस की मदद से बाइक चालकों से धीमी रफ्तार में जाने का आग्रह किया।

किसी को बचाने का सवाल ही नहीं, कर्नाटक के गृह मंत्री जी परमेश्वर ने अश्लील वीडियो केस में दिया आश्वासन

बेंगलुरु। कर्नाटक के गृह मंत्री जी परमेश्वर ने महिलाओं के कथित यौन शोषण के मामले में लोकसभा सांसद प्रज्वल रेवन्ना के खिलाफ कार्रवाई को लेकर आश्वासन दिया है। इस मामले को लेकर कर्नाटक के गृह मंत्री जी परमेश्वर ने बुधवार को कहा कि कथित अश्लील विडियो केस को लेकर हासन के सांसद प्रज्वल रेवन्ना सहित किसी को भी बचाने का कोई सवाल ही नहीं है और विशेष जांच दल (एसआईटी) का गठन करके कानून के अनुसार कार्रवाई शुरू कर दी गई है। वह मंगलवार को केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह के उस बयान पर प्रतिक्रिया दे रहे थे जिसमें उन्होंने सवाल किया था कि कर्नाटक की कांग्रेस सरकार ने प्रज्वल रेवन्ना के खिलाफ कोई कार्रवाई क्यों नहीं की। बता दें कि पूर्व प्रधानमंत्री एचडी देवेगौड़ा के पोते प्रज्वल रेवन्ना से जुड़े कुछ वीडियो क्लिप पिछले कुछ दिनों

नई मुसीबत में फंसे बाबा रामदेव, पतंजलि फूड्स को जीएसटी विभाग ने भेजा 27 करोड़ का नोटिस

एजेंसी

मुंबई। योगगुरु बाबा रामदेव की मुश्किलें कम होने का नाम नहीं ले रही हैं। विज्ञापन मामले के बाद अब जीएसटी विभाग ने रामदेव की टेंशन बढ़ा दी है। पतंजलि फूड्स को जीएसटी विभाग से नोटिस मिला है, जिसमें करोड़ों रुपये के टैक्स क्रेडिट को लेकर सवाल पूछे गए हैं। पतंजलि फूड्स को माल एवं सेवा कर (जीएसटी) आसूचना विभाग ने कारण बताओ नोटिस भेजकर कंपनी से यह बताने को कहा है कि उससे 27.46 करोड़ रुपये का इनपुट टैक्स क्रेडिट क्यों नहीं वसूला जाना चाहिए। कंपनी द्वारा 26 अप्रैल को नियामक में जमा कराए गए विवरण के अनुसार, योग गुरु रामदेव के नेतृत्व वाली पतंजलि आयुर्वेद समूह की कंपनी को जीएसटी आसूचना महानिदेशालय, चंडीगढ़ जोनल यूनिट से नोटिस मिला है। यह कंपनी मुख्य रूप से खाद्य तेल व्यवसाय में है।

कंपनी ने कहा, ''कंपनी को एक कारण बताओ नोटिस प्राप्त हुआ है। कंपनी, उसके अधिकारियों और अधिकृत हस्ताक्षरकर्ताओं को कारण बताने के लिए कहा गया है कि 27,46,14,343 रुपये की इनपुट टैक्स क्रेडिट राशि (ब्याज सहित) क्यों नहीं वसूली जानी चाहिए, और क्यों जुर्माना नहीं लगाया जाना चाहिए।' विभाग ने एकीकृत माल एवं सेवा कर (आईजीएसटी) अधिनियम, 2017 की धारा 20 के साथ पठित केंद्रीय माल एवं सेवा अधिनियम, 2017 और उत्तराखंड राज्य माल एवं सेवा अधिनियम, 2017 की धारा 74 और अन्य लागू प्रावधानों का हवाला देते हुए नोटिस दिया है।

विजयवाड़ा में एक ही परिवार के पांच सदस्य पाए गए मृत

हत्या

चार के शरीर पर चोट के निशान, डॉक्टर का शव फंदे पर मिला लटका

एजेंसी

विजयवाड़ा। आंध्र प्रदेश के विजयवाड़ा में आर्थिक रूप से संघर्ष कर रहे एक डॉक्टर सहित एक परिवार के पांच सदस्य अपने घर में मृत पाए गए हैं। इस घटना की जानकारी पुलिस ने बुधवार को दी।

विजयवाड़ा पूर्व के पुलिस उपायुक्त (डीसीपी) अधिराज सिंह राणा ने जानकारी देते हुए कहा कि चार लोगों के शरीर पर चोट के निशान मिले हैं, जबकि एक को फांसी पर लटका दिया गया। उन्होंने कहा कि शवों को उन्होंने मंगलवार सुबह देखा और संदेह है कि अपराध सोमवार की रात को हुआ होगा।

पुलिस ने कहा कि डी श्रीनिवास (40) को फांसी पर लटका हुआ पाया गया, जबकि उनकी पत्नी डी उषा रानी (38), दो नाबालिग बच्चे - लड़का और एक लड़की - और उनकी मां डी रामनम्मा (70) के गले की नसें कटी हुई पाई गईं।

पुलिस इस बात की जांच कर रही है कि क्या हड्डी रोग विशेषज्ञ श्रीनिवास ने पहले चारों की हत्या की और फिर खुद भी आत्महत्या कर ली।

राणा ने पीटीआई-भाषा को बताया कि वह वित्तीय परेशानियों का सामना कर रहे थे और हम इसकी पुष्टि कर रहे हैं। हाल ही में उन्होंने अपना अस्पताल बेच दिया था।

डीसीपी के मुताबिक, पुलिस श्रीनिवास के वित्तीय मुद्दों पर भी गौर कर रही है। संयोग से, सोमवार की रात, मृत डॉक्टर ने अपनी कार की चाबियाँ एक पड़ोसी को सौंप दीं और उनसे उन्हें अपने भाई को देने का अनुरोध किया। उसने पड़ोसी को बताया कि वे पांचों लोग बाहर जा रहे हैं। इस बीच, पुलिस आईपीसी की धारा 302 के तहत हत्या का मामला और सीआरपीसी की धारा 174 के तहत आत्महत्या का मामला दर्ज कर मामले की जांच कर रही है।

दिल्ली-एनसीआर के स्कूलों को मिली धमकी को एमएचए ने बताया अफवाह

गिरावट

अभिभावकों को दी परेशान नहीं होने की सलाह

एजेंसी

नई दिल्ली। आज सुबह से ही दिल्ली और नोएडा में विभिन्न स्कूलों को बम से उड़ाने की धमकी मिल रही है। इस धमकी के बाद से ही पूरे शहर में हडकंप मच गया है। अभिभावक अपने बच्चों को लेने के लिए स्कूल पहुंच रहे हैं। स्कूल प्रशासन भी अलर्ट मोड पर है और स्थानीय पुलिस भी चौकन्ना है।

वहीं, इस घटना के बाद केंद्रीय गृह मंत्रालय ने बुधवार को शहर और आस-पास के इलाकों के स्कूलों में बम की धमकी को अफवाह करार दिया है। केंद्रीय गृह मंत्रालय ने लोगों से नहीं घबराने की बात भी कही है।

मंत्रालय ने कहा कि पुलिस और सुरक्षा एजेंसियां प्रोटोकॉल के अनुसार आवश्यक कदम उठा रही हैं।

गृह मंत्रालय के एक अधिकारी ने कहा, घबराने की कोई जरूरत नहीं है। मेल फर्जी लग रहे हैं। दिल्ली पुलिस और सुरक्षा एजेंसियां प्रोटोकॉल के मुताबिक जरूरी कदम उठा रही हैं।

राष्ट्रीय राजधानी और उससे सटे नोएडा के स्कूलों में उस समय दहशत फैल गई जब सुबह 80 स्कूलों को ईमेल के जरिए बम से उड़ाने की धमकी मिली। स्थानीय पुलिस को ईमेल के बारे में सूचना मिलने के बाद सभी स्कूलों को खाली करा लिया गया है।

सीबीआई ने की 30 स्थानों पर छापेमारी, विभिन्न साक्ष्य हुए बरामद, ऐप आधारित निवेश योजना से जुड़ा है मामला

एजेंसी

नई दिल्ली। केंद्रीय जांच ब्यूरो (सीबीआई) ने दिल्ली, राजस्थान, उत्तर प्रदेश, बिहार, मध्य प्रदेश, महाराष्ट्र, ओडिशा, आंध्र प्रदेश, तमिलनाडु और कर्नाटक सहित 10 राज्यों/केंद्र शासित प्रदेशों में 30 स्थानों पर एक व्यापक राष्ट्रव्यापी तलाशी अभियान चलाया है।

बता दें कि ऐप आधारित धोखाधड़ी वाली निवेश योजना से संबंधित मामले की जांच चल रही है। तलाशी में मोबाइल फोन, कंप्यूटर हार्ड ड्राइव, सिम कार्ड, एटीएम/डेबिट कार्ड, ईमेल खाते और विभिन्न आपत्तिजनक दस्तावेजों सहित महत्वपूर्ण डिजिटल साक्ष्य जब्त किए गए हैं।

अधिकारियों ने बुधवार को कहा कि सीबीआई ने एचपीजेड टोकन ऐप से जुड़ी धोखाधड़ी वाली निवेश योजना में मामला दर्ज करने के बाद 10 राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों में 30 स्थानों की तलाशी ली गई है।

एजेंसी ने आरोप लगाया है कि इस योजना में गैर-मौजूद क्रिप्टो-मुद्रा खनन मशीन किराये में निवेश करने के लिए जनता को गुमराह करना शामिल है। उन्होंने कहा कि देशव्यापी ऑपरेशन मंगलवार रात खत्म हो गया था। अधिकारियों ने कहा कि दो निजी कंपनियों, शिगू टेक्नोलॉजी प्राइवेट लिमिटेड और लिलियन टेक्नोकैब प्राइवेट लिमिटेड, उनके निदेशकों के साथ मामले में भारतीय दंड संहिता की धारा 120-बी (आपराधिक साजिश) 419, 420 (धोखाधड़ी) और सूचना की धारा 66 डी प्रौद्योगिकी अधिनियम, 2000 के तहत मामला दर्ज किया गया था।

सीबीआई ने दिल्ली-एनसीआर, जोधपुर, मुंबई, बेंगलुरु, तमिलनाडु, आंध्र प्रदेश, उत्तर प्रदेश, बिहार, ओडिशा और मध्य प्रदेश में लैपटॉप, मोबाइल फोन, एटीएम और डेबिट कार्ड के अलावा बड़ी संख्या में ईमेल खाते और डिजिटल उपकरणों को जब्त किया है।

सीबीआई ने आरोप लगाया कि एचपीजेड एक ऐप-आधारित टोकन है जो उपयोगकर्ताओं को बिटकॉइन और अन्य क्रिप्टो मुद्राओं के लिए खनन मशीनों में निवेश करके बड़े लाभ का वादा करता है।

जालसाजों ने कथित तौर पर एक कार्यप्रणाली का इस्तेमाल किया जो पीड़ितों को बिटकॉइन खनन में उनके निवेश पर भारी रिटर्न के बहाने एचपीजेड टोकन ऐप में निवेश करने के लिए लुभाता था। मामले की अब तक की जांच में निवेशकों से धन इकट्ठा करने के लिए इस्तेमाल किए गए आरोपियों से संबंधित 150 बैंक खातों का पता चला है।

भारतीय सरकार से जवाबदेही की उम्मीद, भारत के दावे पर अमेरिका ने दी प्रतिक्रिया

वाशिंगटन। खालिस्तानी आतंकवादी गुरपतवंत सिंह पन्नू मामले में अमेरिकी मीडिया वाशिंगटन पोस्ट के आरोप के बाद दोनों देशों के बीच सवाल-जवाब का दौर जारी है। वाशिंगटन पोस्ट के आरपों को भारत सरकार के द्वारा खारिच करने के बाद अमेरिका ने इसपर प्रतिक्रिया दी है। अमेरिकी विदेश विभाग के एक अधिकारी ने कहा है कि खालिस्तानी आतंकवादी गुरपतवंत सिंह पन्नून की हत्या की साजिश से संबंधित आरोपों की जांच में संयुक्त राज्य अमेरिका भारत के साथ नियमित रूप से काम कर रहा है। अमेरिकी विदेश विभाग के प्रधान उप प्रवक्ता वेदांत पटेल की टिप्पणी वाशिंगटन पोस्ट द्वारा अज्ञात स्रोतों का हवाला देते हुए पिछले साल अमेरिकी धरती पर पन्नून को मारने की कथित साजिश के संबंध में रिसर्च एंड एनालिसिस विंग के एक अधिकारी का नाम लेने के बाद आई है।

न्यू मैक्सिको स्टोर की दीवार से टकराई एसयूवी, 1 की मौत और 14 घायल

ड्राइवर ने ब्रेक की जगह दबा दिया था एक्सीलेटर

एजेंसी



लास क्रूसेस (अमेरिका)। लास क्रूज में एक थ्रिफ्ट स्टोर की सामने की कांच की दीवार से एक स्पोर्ट्स यूटिलिटी वाहन टकरा गया। इस दौरान हादसे में एक व्यक्ति की मौत हो गई और 14 अन्य घायल हो गए। इस घटना की जानकारी अधिकारियों ने दी।

उन्होंने कहा कि मंगलवार की दुर्घटना में घायलों में से 10 को इलाज के लिए अस्पतालों में ले जाया गया और 67 वर्षीय एक महिला गंभीर रूप से घायल हो गई और उसकी मृत्यु हो गई।

लास क्रुसेस पुलिस ने कहा कि एसयूवी चला रही 69 वर्षीय महिला घायल नहीं हुई है। उसका नाम तुरंत जारी नहीं किया गया।

पुलिस ने कहा कि महिला स्पष्ट रूप से अपना वाहन पार्क करने की कोशिश कर रही थी और ब्रेक के बजाय एक्सीलेटर पर पैर रख दिया।

पुलिस ने कहा कि घायलों में से दो स्टोर कर्मचारी थे और बाकी ग्राहक थे और पीड़ितों की उम्र लगभग 30 से 90 वर्ष के बीच थी।

पुलिस ने कहा कि वाहन सेल्फ-चेकआउट क्षेत्र के पास सेवर्स स्टोर में घुस गया और इमारत के पीछे की तरफ चला गया।

सेवर्स के एक कर्मचारी एलिजा सांचेज ने कहा कि सुबह करीब 10 बजे दुर्घटना के बाद उन्होंने लोगों को दर्द में चिल्लाते सुना।

सांचेज ने लास क्रुसेस टीवी स्टेशन केएफओएक्स 14/सीबीएस 4 को बताया, यह काफी अराजक था। मुझे नहीं पता था कि क्या सोचना चाहिए या क्या करना चाहिए। लेकिन मैं बस इतना जानता था कि सबसे अच्छी बात यह है कि उन लोगों की मदद करने का प्रयास करें जिन्हें मदद की जरूरत है।

अमेरिका में यूट्यूबर पैराग्लाइडर से 85 फीट गिरा नीचे, गर्दन और पीठ की हड्डी टूटी, इलाज जारी

एजेंसी

वॉशिंग्टन। आज-कल लोगों के बीच खेलों में पैराग्लाइडिंग भी अधिक चर्चा में है। हालाँकि, इस खेल के साथ कई जोखिम भी जुड़े हुए हैं। पैराग्लाइडरों के पैराग्लाइडिंग के बीच कई घटनाएं भी सामने आती रहती हैं।

इसी तरह की एक घटना में, पैरामोटर पायलट और यूट्यूबर एंथनी वेला संयुक्त राज्य अमेरिका के टेक्सास के उत्तर-पश्चिम में एनचांटेड रॉक स्टेट पार्क में अपने पैराग्लाइडर के गिरने के बाद गंभीर रूप से घायल हो गए। इस हादसे में उनकी गर्दन, पीठ और श्रोणि में फ्रैक्चर हो गया है। यह हादसा कैमरे में कैद हो गया।

घटना के एक यूट्यूब वीडियो में जिसका शीर्षक है ÷पैरामोटर क्रैश ने लगभग मेरी जिंदगी खत्म कर दी, 33 वर्षीय ने कहा कि उसने बीजीडी लूना 3 का परीक्षण करते समय जमीन से 80-100 फीट की ऊंचाई पर नियंत्रण खो दिया था, जो 50 मील प्रति घंटे की रफ्तार से यात्रा कर रहा था।

अब वायरल हो रहा वीडियो पैराग्लाइडर को नियंत्रित करने के लिए व्यक्ति के प्रयासों को दर्शाता है। हालाँकि, सभी कोशिशें नाकाम रहती हैं और वह जमीन पर गिर जाता है। फुटेज में उसे दर्द से चिल्लाते हुए और सिरी को आपातकालीन नंबर 911 पर कॉल करने के लिए कहते हुए भी दिखाया गया है। बाद में क्लिप में, उसने कहा कि प्री-टेकऑफ चेकअप के दौरान एक छोटी पेंशन गाँठ छूट जाने के कारण दुर्घटना हुई।

टीएमजेड की एक रिपोर्ट के अनुसार, दो प्रत्यक्षदर्शियों ने वेला की मदद की और चिकित्सा पेशेवरों और उनकी पत्नी लिएंड्रा से संपर्क किया। अस्पताल में, उस व्यक्ति की गर्दन, पीठ, श्रोणि और हाथ की हड्डी टूट चुकी थी। उनकी सभी चोटों के लिए सर्जरी करने की जरूरत थी। उनकी पत्नी ने उनके दोस्तों और अनुयायियों को समर्थन और शुभकामनाओं के लिए धन्यवाद दिया।

लिएंड्रा ने यूट्यूब पर कहा, हमने आप सभी का प्यार और समर्थन महसूस किया है और हम यह नहीं बता पाएंगे कि यह उनके, मेरे और हमारे परिवार के लिए कितना मायने रखता है। एंथोनी फिर से मजबूत के साथ वापस आने के लिए बहुत उत्साहित हैं।

पेज पर एक अपडेट में कहा गया है, एंथनी की मंगलवार को कोहनी/बांह की सर्जरी हुई थी। कई छड़ों और पेंचों का उपयोग किया गया और व्यापक भौतिक चिकित्सा से इसके पूरी तरह ठीक होने की उम्मीद है।

भीषण गर्मी से धधक रहे शहर

लू के थपेड़ों के बीच आईएमडी ने पूर्वी-दक्षिणी राज्यों के लिए जारी किया रेड अलर्ट

गर्मी

पूर्वी - दक्षिणी राज्यों में हीटवेव, तापमान पहुंचा 47.2 डिग्री के आसपास

एजेंसी

नई दिल्ली। भारत मौसम विज्ञान विभाग (आईएमडी) ने अगले दो से तीन दिनों के लिए आंध्र प्रदेश, बिहार, पश्चिम बंगाल और ओडिशा राज्यों के लिए हीटवेव के कारण रेड अलर्ट जारी किया है। इसके अलावा मौसम विभाग ने तेलंगाना, आंतरिक कर्नाटक और तटीय आंध्र प्रदेश में अगले 4-5 दिनों के लिए हीटवेव चेतावनी स्तर का ऑरेंज अलर्ट भी जारी किया है।

आईएमडी वैज्ञानिक सोमा सेन ने सोमवार को कहा कि भीषण गर्मी की लहरों से प्रभावित होने वाला मुख्य क्षेत्र पूर्वी भारत है, प्रायद्वीपीय भारत में तीव्रता थोड़ी कम होगी। यह हमारे मासिक पूर्वानुमान के अनुरूप है जिसमें भविष्यवाणी की गई थी कि इन क्षेत्रों में गर्मी की लहरें अधिक गंभीर और तीव्र होने की संभावना है।

मौसम वैज्ञानिक ने कहा, झारखंड के लिए हमने ऑरेंज या येलो अलर्ट दिया है। हम अगले 4-5 दिनों के दौरान तेलंगाना, आंतरिक कर्नाटक और तटीय आंध्र प्रदेश के लिए चेतावनी स्तर को ऑरेंज तक बढ़ा रहे हैं। आईएमडी ने कहा कि 15 अप्रैल से ओडिशा में और 17 अप्रैल से गंगीय पश्चिम बंगाल में लगातार लू की स्थिति बनी हुई है।

वहीं, आंध्र प्रदेश में रायलसीमा क्षेत्र लगातार भीषण गर्मी की चपेट में है। इसी तरह, केरल में कोट्टायम और अलाप्पुझा जैसे कुछ हिस्से भी भीषण गर्मी से प्रभावित हुए। आईएमडी ने हीटवेव की संभावना के कारण सोमवार और मंगलवार को केरल के पलक्कड़ जिले में ऑरेंज अलर्ट जारी किया। इस बीच, केरल राज्य आपदा प्रबंधन प्राधिकरण (केएसडीएमए) ने भी भीषण गर्मी के मद्देनजर और लू के संभावित खतरे के कारण कोल्लम और त्रिशूर जिलों के कुछ इलाकों में येलो अलर्ट जारी किया है।

मौसम विभाग के मुताबिक, बंगाल के कलाईकुंडा में मंगलवार को तापमान 47.2 डिग्री रहा, जो सामान्य से 10.4 डिग्री ज्यादा था। इसको लेकर मौसम विभाग ने कहा कि पश्चिम बंगाल, गुजरात, बिहार, ओडिशा में अगले दो दिन चरम हीटवेव रहेगा। वहीं, झारखंड, तेलंगाना, कर्नाटक, केरल, महाराष्ट्र व आंध्र में 5 दिन हीटवेव के हालात बने रहेंगे। मौसम एजेंसियों ने अपने विश्लेषण में कहा कि ओडिशा, बिहार, बंगाल, महाराष्ट्र व कर्नाटक में 3 से 4 दिनों तक रात में गर्म हवाएं चलेंगी। मौसम विभाग ने अनुमान जताते हुए कहा कि पूर्वी व दक्षिणी राज्यों के अधिकांश क्षेत्रों में मई में हीटवेव के हालात बने रहेंगे। जिसमें ओडिशा, पश्चिम बंगाल, बिहार, झारखंड, उत्तर प्रदेश, छत्तीसगढ़, आंध्र प्रदेश, तेलंगाना, महाराष्ट्र, कर्नाटक शामिल हैं। वहीं, देश के उत्तर- पश्चिमी क्षेत्र में पश्चिमी विक्षोभों का असर बना रहेगा। इसके चलते मई में हर हफ्ते दो से तीन दिन ही पारा 40 डिग्री सेल्सियस के पार जाएगा।

वरुणा नदी पर वने नवनिर्मित पुल का पूर्व प्रधान पति ने किया उद्घाटन

पुल के उद्घाटन से लगभग दो दर्जन ग्राम पंचायत के लोगों का भदोही जाने का रास्ता हुआ शुगम

अवधनामा संवाददाता

जौनपुर (सुरेरी) विकासखंड रामपुर के ग्राम पंचायत राईपुर से भदोही जनपद के नई बाजार जाने वाले मार्ग से होकर गुजरने वाली बरूणा नदी पर कई वर्षो से पुल के निर्माण की सुकृति के बाद दशकों से पुल का निर्माण कार्य अधूरा छोड़ दिया गया था। वही राईपुर गॉव की तत्कालीन ग्राम प्रधान ममता अरविंद उपाध्याय व उनके पति समाजसेवी अरविंद उपाध्याय के अथक प्रयास के बाद क्षेत्रिय जनप्रतिनिधियों द्वारा मामले को संज्ञान में लेकर पी डब्लू डी विभाग को फटकार लगाते हुए

कई वर्षों से उक्त पुल का निर्माण कार्य पड़ा था अधूरा

विभागीय तकनीकी को दूर कराकर पुन~पुल का निर्माण कार्य शुरू कराया गया। वहीं उक्त पुल का निर्माण कार्य पूर्ण होने पर बुधवार को पूर्व प्रधान ममता अरविंद के पति अरविंद उपाध्याय द्वारा नारियल फोड़ कर वरुणा नदी पर बने नवनिर्मित पूल का उद्घाटन किया। तत्पश्चात उपस्थित लोगों द्वारा ग्राम प्रधान पति का माल्यार्पण कर स्वागत किया। जिसके बाद पूल से आवागमन शुरू हुआ। उद्घाटन के दौरान समाजसेवी पूर्व प्रधानपति अरविंद उपाध्याय ने कहा यह पूल दो जनपद को जोड़ता है,जहां पूल से आवागमन शुरु हो जाने से क्षेत्र के लगभग दो दर्जन से अधिक ग्राम पंचायत के लोगों को भदोही जनपद जाने के लिए इस राईपुर नईबाजार मार्ग से अन्य मार्ग की अपेक्षा लगभग 7 से 10 किलोमीटर की दूरी कम तय करनी पड़ेगी,तथा क्षेत्रीय लोगों का भदोही जनपद जाने का रास्ता शुगम होगा। इस दौरान तारा शंकर राय, सुरेश चन्द्र यादव, सुरेश उपाध्याय, जगदीश उपाध्याय,अजय उपाध्याय,संतोष उपाध्याय, दिनेश यादव, उदय राय, श्यामधर तिवारी, शैलेश दुवे समेत पी डब्लू डी के कर्मचारी भी उपस्थित रहें।

जगत तारन गर्ल्स डिग्री कॉलेज में विशिष्ट व्याख्यान का आयोजन

प्रयागराज। जगत तारन गर्ल्स डिग्री कॉलेज में आज नैक पर नवीन परिप्रेक्ष्य की समझ पर विशिष्ट व्याखान अयोजित किया गया। इलाहाबाद युनिवर्सिटी के कॉमर्स डिपार्टमेंट के रिटायर्ड हेड एवं महाविद्यालय के चेयरपर्सन प्रोफ़ेसर अशीम मुखर्जी ने महाविद्यालय के समस्त शिक्षकों एवं स्टॉफ को उक्त विषय पर सम्बोधित किया व कॉलेज द्वारा आगामी सत्र में नैक मूल्यांकन हेतू उचित दिशा निर्देश प्रदान किये। इस कार्यक्रम का संचालन डॉ आशीष मिश्र एवं डॉ कस्तूरी भारद्वाज द्वारा किया गया। प्राचार्या प्रोफ़ेसर आशिमा घोष ने औपचारिक स्वागत प्रस्तुत किया। डॉ अर्पिता घोष ने धन्यवाद ज्ञापित किया। कार्यक्रम में डॉ दीपशिखा बैनर्जी, डॉ काजल देब, डॉ सुषमा श्रीवास्तव, डॉ नीलम कांत एवं अन्य शिक्षक उपस्थित रहे।

बसपा प्रत्याशी श्रीकला सिंह ने किया नामांकन

अवधनामा संवाददाता

जौनपुर। बुधवार को अभिजीत मुहूर्त में दिन 11.30 बजे बसपा प्रत्याशी एवं पूर्व सांसद धनंजय की पत्नी श्रीकला सिंह कलेक्ट्रेट पहुंचकर दो सेट में पर्चा दाखिल किया। इससे पूर्व बरेली सेंट्रल जेल से सुबह लगभग 8 बजे धनंजय बाहर निकले ।श्रीकला सिंह के साथ नामांकन करने के दौरान कुल पांच लोग

एक तरफ धनंजय जेल से छूटे, दूसरी ओर उनकी पत्नी ने पर्चा दाखिल किया

थे। इनमें उनके अधिवक्ता बृजभूषण सिंह और प्रस्तावक ब्लॉक प्रमुख संतोष तिवारी के अलावा पीआरओ राजेश कुमार सिंह, बसपा के मंडल प्रभारी राम चंद्र गौतम, जिला अध्यक्ष संग्राम भारती रहे । बिना प्रदर्शन सादगी से श्रीकला के नामांकन दाखिले से प्रशासन, विपक्षी दल व मीडिया के लोग भी हैरान दिखे । दरअसल श्रीकला के पर्चा दाखिले की तारीख व शुभ घड़ी यानी मुहूर्त पहले से ही निर्धारित था । इसे गोपनीय इसलिए रखा गया था। क्योंकि बढती भीड़ और बेहिसाब वाहनों, संख्या आदि के चलते निर्वाचन आयोग के निर्देशों की अवहेलना होती और स्थिति अनियंत्रित भी हो सकती थी।

बच्चों ने मनाया मजदूर दिवस

प्रयागराज। बेथनी कॉन्वेंट स्कूल नैनी में श्रमिक दिवस मनाया गया। इस अवसर पर बच्चों द्वारा मजदूरों के महत्व को लेकर नुक्कड़ नाटक भी पेश किया गया। सम्मान के रूप में छात्रों द्वारा सहायक कर्मचारियों को आभार कार्ड व गिफ्ट्स भेंट किए गए। इन गतिविधियों में सभी विद्यार्थियों ने बढ़चढ़ कर हिस्सा लिया व स्कूल के सहायक कर्मचारियों, ड्राइवर व माली काका का धन्यवाद किया। प्रिंसिपल सिस्टर डॉ शमिता व वाइस प्रिंसिपल सिस्टर सीमा ने छात्रों को उनकी भागीदारी के लिए प्रोत्साहित किया और उन्हें मजदूर दिवस के महत्व की जानकारी दी। उन्होंने कहा कि सभी को मजदूर वर्ग की मेहनत व समर्पण का सम्मान व सराहना करनी चाहिए। स्कूल मैनेजमेंट व स्टाफ ने कहा कि हर निर्माण कार्य में मजदूर की भूमिका अहम होती है।

गर्मी का कहर: अस्पतालों में लगी मरीजों की कतार

बढ़ा डायरिया, चढ़ा बुखार

प्रयागराज। गर्मी का सितम लगातार कहर ढा रहा है। लोगों का घर से निकलना मुश्किल हो रहा है। तापमान अधिक होने से लोगों का हाल और बेहाल हो गया। अस्पतालों में बीमारों की संख्या बढ़ गई। अस्पतालों में पंजीकरण कक्ष से लेकर ओपीडी के बाहर मरीजों की कतार लगी रही। एसआरएन अस्पताल की नई बिल्डिंग के मेडिसिन विभाग, ईएनटी, हृदय और त्वचा रोग विभाग में ओपीडी का समय खत्म होने के बाद भी बड़ी संख्या में मरीज मौजूद रहे। जांच का पर्चा बनवाने वाले काउंटर में इस कदर धक्का- मुक्की हुई की दो महिलाएं बेहोश हो गई। ओपीडी पर्चा के प्रभारी के अनुसार ओपीडी में आने वाले मरीजों की संख्या 2260 रही। ओपीडी की यह संख्या अप्रैल माह में सबसे ज्यादा रही। इससे पहले एक से 30 अप्रैल के बीच ओपीली में मरीजों की संख्या अधिकतम 2150 रही।

मरीजों में सबसे ज्यादा पेट दर्द, डायरिया, बुखार, त्वचा, खांसी व सांस की समस्या सामने आ रही है। करछना से इलाज कराने आए संतोष यादव का पर्चा बनवाने के चार घंटे बाद डॉक्टर को दिखाने का नंबर आया। उनके पर्चे में छह दवाएं लिखीं गयीं, जिसमें दो अस्पताल में मिलीं, लेकिन चार बाहर से खरीदनी पड़ी। डॉक्टर ने पांच तरह की जांच लिखी जिसमें तीन जांच बाहर से करानी पड़ेगी। अल्ट्रासाउंड कराने के लिए 12 दिन बाद समय मिला है।

अशोक सिंह ने गन्ना किसान की वेशभूषा में बैलगाड़ी से नामांकन पत्र दाखिल किया

अवधनामा संवाददाता

जौनपुर। समाज विकास क्रांति पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं जौनपुर सदर लोकसभा सीट से प्रत्याशी अशोक सिंह ने बुधवार को अपना दूसरे सेट में नामांकन पत्र दाखिल किया। अशोक सिंह अपनी पार्टी के चुनाव निशान गन्ना किसान की वेशभूषा में बैलगाड़ी से नामांकन पत्र दाखिल करने कलेक्ट्रेट परिसर पहुंचे। इससे पूर्व अशोक सिंह ने अपने समर्थकों के साथ बैलगाड़ी पर बैठकर पूरे किसान की वेशभूषा में हाथों में गन्ना लिए कलेक्ट्रेट परिसर की तरफ जब निकले तो लोगों के आकर्षण का केंद्र बने रहे। रिटर्निंग ऑफिसर के सामने नामांकन दाखिल करने के बाद अशोक सिंह ने कहा कि आज इस सीट पर जो भी प्रत्याशी चुनाव लड़ रहा है सभी पर कोई न कोई बड़ा दाग लगा हुआ है जबकि मैं इसी

जिले का रहने वाला हूं और कई वर्षों से लोगों की सेवा करने का कार्य करते चला आ रहा हूं। ऐसे में यदि मैं चुनाव जीतता हूं तो अपनी पार्टी के मेनिफेस्टों के अनुसार कार्य करुंगा। खास तौर पर किसानों के लिए मेरी पार्टी हर वो काम करने के लिए तैयार है जिसकी मांग किसान वर्षों से कई सरकारों से करते चले आ रहे हैं। अशोक सिंह ने कहा कि आज सत्ता पक्ष के लोग किस तरह से किसानों की अनदेखी कर रहे हैं यह सब जान रहे हैं और सपा, बसपा, कांग्रेस व भाजपा ने हमेशा अपने मतदाताओं को भ्रमित करने का काम किया जबकि महंगाई चरम पर है। बेरोजगारी के लिए कोई कार्य सरकार कर नहीं रही है और जाति, धर्म के आधार पर लोग राजनीति कर अपना वोटबैंक बनाने में जुटे हैं। ऐसे में हमारी पार्टी समाज के सभी वर्गो और धर्म को लेकर पूरे देश में चुनाव लड़ रही है और आने वाला समय हमारी पार्टी के बगैर कोई भी सरकार केंद्र में नहीं बनेगी।

मतदाता जागरूकता रैली निकालकर विद्यालय के बच्चों ने मतदान करने के लिए किया प्रेरित

जौनपुर (महराजगंज)। मतदाता जागरूकता कार्यक्रम के अंतर्गत पीएम श्री प्राथमिक विद्यालय डालूपुर में बुधवार को खंड शिक्षा अधिकारी डॉक्टर किरन पांडे के नेतृत्व में मतदान जागरूकता रैली निकाली और तख्तियों पर लिखे संदेश और नारों से आमजन को मतदान करने के प्रति जागरूक किया। साथ ही वोट का सिम्बल बनाया तथा साथ ही मतदान जागरूकता के पोस्टर भी बनाए। स्कूली बच्चों ने शपथ ली कि वो मतदान के लिए अपने परिजनों सहित आस-पडौस और गांव के लोगों को जागरूक करेंगे, जिससे मतदाता प्रतिशत में बढोतरी हो सकेगी। इस मौके पर प्रधानाध्यापक रामपाल पाल, शिक्षक विवेक यादव, दिनेश कुमार, शिवांगी, साधना , उमा, श्रद्धा बरनवाल उपस्थिति रही।

मोदी को पीएम बनाने के लिए किन्नरों ने किया विघ्नेश्वर महायज्ञ

अवधनामा संवाददाता

प्रयागराज। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी एक बार फिर से देश की कमान कंपनी के लिए लोगों ने अपने- अपने तरीके से प्रार्थना शुरू कर दी है। बुधवार को प्रयागराज में भी किन्नर अखाड़े की महामंडलेश्वर कौशल्या नंदन गिरी टीना मां ने विघ्नेश्वर महायज्ञ का आयोजन किया। इस दौरान अग्नि कुंड में हवन की आहुति दी गयी। यज्ञ पूरे विधि विधान और मन्त्रोउच्चार के बीच सपन्न हुआ। हवन से वातावरण शुद्ध हो गया। लोकसभा चुनाव में नरेंद मोदी को लगातार तीसरी बार प्रधानमंत्री बनाने के लिए किन्नर अखाड़ा की महामंडलेश्वर कौशल्या नंद गिरी उर्फ़ टीना मां ने बुधवार को विशाल विघ्नेश्वर महायज्ञ का आयोजन किया। इस मौके पर किन्नर अखाड़े के साथ तमाम लोगों ने भागीदारी की। अग्नि कुंड में हवन की आहुति दी गयी। पूरे विधि विधान और मन्त्रोच्चार के बीच यज्ञ सपन्न हुआ। यज्ञ के दौरान स्वाहा की धुन से पूरा प्रयागराज गुंजायमान हो उठा। किन्नर अखाड़े की महामंडलेश्वर ने कहा कि अबकी बार मोदी सरकार 400 पार करने जा रही है। हवन यज्ञ के माध्यम से मोदी को तीसरी बार प्रधानमंत्री बनाने के लिए किन्नरों ने उनको आशीर्वाद दिया है। इस बार नरेंद्र मोदी को फिर से जनता चाहती है कि वह प्रधानमंत्री बने और देश की कमान को संभालते हुए देश को विकास के पथ पर ले जाये।

भाजपा प्रत्याशियों प्रवीण और नीरज ने किया नामांकन

अवधनामा संवाददाता

प्रयागराज। प्रयागराज जिले की दोनो लोकसभा सीटों के लिए बुधवार को भाजपा प्रत्याशियों ने अपना नामांकन पत्र दाखिल कर दिया।

इलाहाबाद संसदीय सीट के भाजपा प्रत्याशी नीरज त्रिपाठी और फूलपुर से प्रत्याशी प्रवीण पटेल समर्थकों के साथ नामांकन स्थल पहुंचे और अपना नामांकन किया।

शक्ति प्रदर्शन के साथ भाजपा प्रत्याशियों ने दाखिल किए पर्चे

उपमुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य रहे मौजूद

दोनों प्रत्याशी अपने समर्थको और पार्टी कार्यकर्ताओं के साथ पहले चंद्रशेखर आजाद पार्क में एकत्र हुए और फिर वहीं से जुलूस की शक्ल में नामांकन केंद्र गए। इसके पहले आजाद पार्क में यूपी के डिप्टी सीएम केशव प्रसाद मौर्य भी पहुंचे। उन्होंने अमर शहीद चंद्र शेखर आजाद की प्रतिमा में माल्यार्पण कर कार्यकर्ताओं का हौसला बढ़ाया। आजाद पार्क में हजारों की तादाद में भाजपा समर्थकों की भीड़ मौजूद रही। चार पहिया वाहनों की लंबी कतारें आसपास लगी रही। झुलसा देने वाली गर्मी में भी पार्टी के महिला और पुरुष समर्थक मौके पर मौजूद रहे।

इस अवसर पर डिप्टी सीएम केशव प्रसाद मौर्य ने कहा है कि 2014 में भाजपा की लहर थी 2019 में भाजपा की आंधी और 2024 में भाजपा की सुनामी आनी तय है। उनका कहना है कि मोदी सरकार द्वारा किए गए विकास को सामने रखकर जनता जरूर भाजपा सरकार को आशीर्वाद देगी और एक बार फिर मोदी सरकार बनेगी वह भी 400 के पार।

एक ही दिन में दो बार किया नामांकन

प्रयागराज। भारतीय जनता पार्टी के इलाहाबाद लोकसभा प्रत्याशी नीरज त्रिपाठी और फूलपुर लोकसभा प्रत्याशी प्रवीण पटेल ने एक ही दिन में दो बार नामांकन पत्र दाखिल किया। इलाहाबाद संसदीय सीट के प्रत्याशी नीरज त्रिपाठी और फूलपुर से प्रत्याशी प्रवीण पटेल ने 1 मई को सुबह भी एक सेट नामांकन दाखिल किया। एक सेट पर्चा दाखिल करने की वजह यह रही कि दोनों उम्मीदवारों ने शुभ मुहूर्त को देख कर नामांकन पत्र दाखिल किया। बाकी सेट का पर्चा अमर शहीद चंद्रशेखर आजाद की प्रतिमा में माला पहनाकर और डिप्टी सीएम केशव प्रसाद मौर्य की उपस्थिति में दाखिल किया गया।

संकाय भवन के कार्यालयों का कुलपति ने किया निरीक्षण

अवधनामा संवाददाता

जौनपुर। वीर बहादुर सिंह पूर्वांचल विश्वविद्यालय की कुलपति प्रोफेसर वंदना सिंह ने बुधवार को संकाय भवन स्थित विभिन्न कार्यालय का निरीक्षण किया।उन्होंने टेक्निकल सेल, छात्र अधिष्ठाता कार्यालय, आंतरिक गुणवत्ता प्रकोष्ठ कार्यालय, बायोटेक्नोलॉजी विभाग में पहुंच कर छात्र सुविधाओं और पठन-पाठन की जानकारी ली। टेक्निकल सेल में उन्होंने छात्रों द्वारा परीक्षा एवं अंकपत्र के संबंध में दिए जाने वाले आवेदनों के बारे में विस्तार से जाना और कहां कि छात्रों की समस्याओं का निराकरण समय से हो। इसके साथ ही छात्र अधिष्ठाता कार्यालय में विश्वविद्यालय के विद्यार्थियों के छात्रवृत्ति के संबंध में चर्चा की और विद्यार्थियों को आने वाली समस्या के बारे में जाना। बायोटेक्नोलॉजी विभाग में प्रोफेसर राजेश शर्मा ,प्रोफेसर वंदना राय, प्रोफेसर प्रदीप कुमार से विभिन्न बिंदुओं पर चर्चा की। ट्रेनिंग एवं प्लेसमेंट सेल के निदेशक प्रोफेसर प्रदीप कुमार ने विश्वविद्यालय के विद्यार्थियों के प्लेसमेंट के लिए किया जा रहे हैं प्रयासों के बारे में बताया। कहा कि सेल द्वारा निरंतर कंपनियों से प्लेसमेंट के लिए संपर्क किया जा रहा है।

इस अवसर पर परीक्षा नियंत्रक अजीत प्रताप सिंह, प्रोफेसर मनोज मिश्र, डॉ दिग्विजय सिंह राठौर, डॉ मनोज पांडे समेत अन्य शिक्षक उपस्थित रहे।

शादी से पहले उठी पिता की अर्थी

अवधनामा संवाददाता

बुढनपुर आजमगढ़। गौरी गांव के लोग बुधवार की सुबह टहलने के लिए गांव से गुजरी नहर की तरफगए। ग्रामीणों ने नहर में एक शव उतराता हुआ देखा। घटना की सूचना पुलिस को दी गई तो अहरौला थाना पुलिस मौके पर पहुंच गई। इसके बाद शव को नहर से बाहर निकलवाया गया। मृतक की पहचान अतरौलिया थाना क्षेत्र के ऐदिलपुर गांव निवासी हरिराम (55) के रूप में की गई।

हरिराज मजदूर था और मंगलवार को भी वह मजदूरी करने के लिए गया था। देर शाम तक वह घर नहीं लौटा तो परिजन उसकी तलाश में जुट गए। बुधवार की सुबह गौरी गांव में शव मिलने की जानकारी मिलने पर परिजन मौके पर पहुंचे तो मृतक की पहचान हुई। घटना कैसे हुई यह किसी को ज्ञात नहीं हो सका है। पुलिस ने

शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। मृतक तीन पुत्रों का पिता था। घटना से परिजनों में कोहराम मच गया है। के तीन पुत्रों में सबसे बड़े पुत्र की शादी पहले ही हो चुकी है। मृतक अपने दूसरे पुत्र की भी शादी तय किया था। सात जून को बेटे की बरात जानी थी। बेटे के शादी पहले ही हरिराम की अर्थी उठ गई। जिसे लेकर परिजनों में कोहराम मच गया है। मृतक हरिराम मजदूरी करके परिवार का भरण-पोषण करता था।

धूम धाम से जयंती मनाई गई डॉ आंबेडकर जयंती

अवधनामा संवाददाता

बरदह,आजमगढ़। स्थानीय चौराहे पर स्थित अम्बेडकर प्रतिमा पर सैकड़ों लोंगो नेमाल्यार्पन कर गाजे बाजे के साथ धूम धाम से उनकी जयंती मनाई गई। इस अवसर पर उपस्थित जन समूह को संबोधित करते हुए मुख्य अतिथि एवम समाज सेवी डॉ इंदु चौधरी ने उनके कृतित्व एवम व्यक्तित्व पर प्रकाश डालते हुए कहा कि दलितों के साथ सर्व समाज के लिए भी काम किया है। उनके जीवन से आज हम सभी को प्रेरणा लेनी चाहिए।जयंती कार्यक्रम को अरविंद किशोर ,दिनेश भारती प्रधान ,भूपेंद्र भारती ,रुद्रभान ,डॉ सूरज कुमार, विनोद कुमार ,ने भी संबोधित किया। अध्यक्षता डॉ हरेराम भस्कर एवम संचालन हरिश्चन्द्र गौतम ने किया।

मार्ग पर मिट्टी डाल कर आवागमन रोका, ग्रामीणों आक्रोषित

अवधनामा संवाददाता

आजमगढ़। गंभीर पुर थाना क्षेत्र के कोटिला से सरसेना के बीच नानिर्मित मार्ग को ग्राम प्रधान सरसेना द्वारा जेसीबी से किनारे से खनवा कर डमरूदार सड़क पर मिट्टी डाल कर आवागमन रोक दिए जाने से राहगीरों को घोर कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है। ग्राम प्रधान की इस कार्यवाई को लेकर आस पास के ग्रामीणों में रोष व्याप्त है। उल्लखनीय है कि इसी मार्ग पर मुहम्मदपुर ब्लाक का ए बी यस ए कार्यालय है जिस पर अक्सर छोटी कारों का इस मार्ग पर आना जाना लगा रहता है , इसी बीच तोलप्लाजा चालू हो गया, ग्रामीणों ने बताया कि ग्राम प्रधान और टोल प्लाजा के ठेकेदारों की मिली भगत के कारण ऐसा हुआ। पहले

कभी इस मार्ग को अवरुद्ध नहीं किया गया था , बल्कि दूरी कम करने के लिये इस सड़क का निर्माण हुआ। मामला गंभीरपुर थाने तक भी पहुँचा परंतु मामले में कई बार पंचायत होने के एक सप्ताह एक सप्ताह बीत जाने के बाद भी रास्ते को खोला नही जा सका है। उधर ग्राम प्रधान सरसेना जिया लाल यादव ने कहा कि मेरा इस सड़क को ले कर अभी तक भुगतान नही हो सका है। इस लिए रास्ते को रोका गया है। मामले कर आस पास के ग्रामीणों में आक्रोश व्याप्त है।

घर के आंगन में पेड़ से लटकता मिला शव

प्रयागराज। सेंट्रल जेल नैनी से दो महीने पहले जमानत पर छूटे बंदी का शव बुधवार सुबह उसके घर के आंगन में स्थित नीम के पेड़ से लटकता मिला। सूचना पाकर नैनी पुलिस मौके पर पहुंची और छानबीन शुरु कर दी। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।

बताया जाता है कि फंदा उसकी बहन के दुपट्टे से बनाया गया था। घटना की जानकारी पर परिवारजनो में कोहराम मच गया। सूचना पाकर मामा भांजा चौकी पुलिस मौके पर पहुंची और शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। बताया जाता है कि वह चोरी के आरोप में जेल गया था और दो महीने पहले ही जमानत पर छूटकर आया था। उसने खुदकुशी क्यों किया इसके बारे में किसी को कोई जानकारी नहीं है। बताया जा रहा है कि विजय 2022 में जेल गया था। पहली बार परिजनों ने उसकी जमानत करा दी थी।

संक्षिप्त समाचार

लोकसभा चुनाव हेतु व्यय प्रेक्षक नियुक्त

प्रयागराज। लोकसभा सामान्य निर्वाचन क्षेत्र 52-इलाहाबाद की विधानसभा क्षेत्र 259 मेजा, 260 करछना एवं 263 इलाहाबाद दक्षिणी के लिए नियुक्त व्यय प्रेक्षक रवि कांत गुप्ता मो0नं0-8176836257, लोकसभा सामान्य निर्वाचन क्षेत्र 52-इलाहाबाद विधानसभा क्षेत्र 264 बारा, 265 कोरांव के लिए नियुक्त व्यय प्रेक्षक बी0 नवीन कुमार 9936645566 को नियुक्त किया गया है। इसी प्रकार लोकसभा सामान्य निर्वाचन क्षेत्र 51-फूलपुर की विधानसभा क्षेत्र 256 फूलपुर, 262 इलाहाबाद उत्तरी के लिए नियुक्त प्रेक्षक व्यय राज कुमार प्रजापति 9956645567, लोकसभा सामान्य निर्वाचन क्षेत्र 51 फूलपुर की विधानसभा क्षेत्र 254 फाफामऊ, 255 सोरांव और 261 इलाहाबाद पश्चिमी के लिए व्यय प्रेक्षक संतोष कुमार 9956315568 नियुक्त किए गए है। यदि कोई व्यक्ति लोकसभा सामान्य निर्वाचन-2024 के व्यय से सम्बंधित कोई शिकायत या सूचना प्रेषित करना चाहता है, तो वह उनके उपरोक्त दिए गए मोबाइल नम्बरों पर सम्पर्क कर सकता है।

अस्पताल परिसर में बैठी महिला के साथ मारपीट

प्रयागराज। शिवकुटी थाना क्षेत्र के तेलियरगंज के टीबी अस्पताल परिसर में पति के साथ बैठी महिला पर पिता पुत्र ने हमला कर दिया। आसपास के लोग दौड़े तो जान से मारने की धमकी देते हुए भाग निकले। पुलिस केस दर्ज कर जांच कर रही है। शिवकुटी थाने में अर्चना पांडेय निवासी करछना ने प्रभाष चंद्र मिश्र, अश्वनी मिश्र और दो अज्ञात के खिलाफ़ मारपीट और जान से मारने की धमकी का मुकदमा दर्ज कराया है। आरोप है कि अस्पताल परिसर में बैठी थी तभी उन्हें और पति को पीटा गया। लोगों की वजह से उनकी जान बच सकी। तहरीर के आधार पर पुलिस मुकदमा दर्ज कर जांच कर रही है।

सर्वोदय पब्लिक स्कूल के प्रांगण में मनाया गया विश्व श्रमिक दिवस

आजमगढ़। हरबंशपुर स्थित सर्वोदय पब्लिक स्कूल के प्रांगण में आज 01 मई को 'विश्व श्रमिक दिवस' का आयोजन किया गया। विश्व श्रमिक दिवस के अवसर पर छात्रों द्वारा विशेष रूप से भाषण प्रस्तुत किया गया। श्रमिक दिवस के उपलक्ष में विद्यालय के चतुर्थ श्रेणी के कर्मचारियों के परिश्रम को ध्यान में रखते हुये प्रबंध समिति के तरफ से उन्हे पुरस्कार प्रदान कर सम्मानित किया गया एवं विद्यालय में उनके योगदान को सराहा गया। विद्यालय की निदेशिका श्रीमती कंचन यादव व विद्यालय के प्रधानाचार्य विधान चन्द्र तिवारी ने संयुक्त रूप से छात्रों को संबोधित करते हुये श्रम का महत्व समझाया और संदेश दिया कि श्रम में सफलता निहित है। इस अवसर पर समस्त अध्यापकगण छात्र-छात्राएँ एवं अन्य कर्मचारीगण भी उपस्थित थे।

जीवन के अंत तक शिक्षा और शिक्षकों के हितों के लिए संघर्षरत थे स्व. तपेश्वरी

अवधनामा संवाददाता

आजमगढ़। उत्तर प्रदेश सीनियर बेसिक शिक्षा संघ के प्रांतीय संरक्षक व लेखक, मर्मज्ञ विधिवेता, विचारक स्व. तपेश्वरी पांडेय के प्रथम पुण्यतिथि पर कलेक्टेउट स्थित तमसा प्रेस सभागार में बुधवार को स्मृति सभा का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता शिक्षक नेता राजाराम यादव व संचालन वरिष्ठ पत्रकार विजय कुमार देवव्रत ने किया। कार्यक्रम का शुभारंभ स्व.तपेश्वरी पांडेय के चित्र के सामने दीप प्रज्जलित कर श्रद्धासुमन अर्पित कर सभा में उपस्थित सभी लोगों ने श्रद्धांजलि दिया।

स्मृति सभा को संबोधित करते हुए सामायिक कारवां पत्रिका के संपादक डा. रवीन्द्र नाथ राय ने कहा कि राजा से लेकर फक्कीर तक सबको एक दिन जाना होता है। लेकिन इस उपभोक्तावादी संस्कृति के युग में जहां लोग अपने निजी उन्नति के लिए दिन-रात सोचता है। वहीं स्व. तपेश्वरी पांडेय जीवन के अंत तक शिक्षा और शिक्षकों के हितों के लिए संघर्षरत रहे। उन्होंने कहा कि आज

उनको श्रद्धांजलि अर्पित करने का दो ही तरीके हो सकते है। पहला शिक्षकों के हितों के लिए उनके द्वारा बनाए गए रास्ते का अनुकरण करने की कोशिश करना चाहिए। दूसरा पूंजीवादी आर्थिक समाज में जिस तरह की सरकारे है, और उनकी नीतियों के कारण शिक्षा पर जो निजीकरण की तलवार लटका हुआ है। ऐसे में सभी संगठनों को मिलकर संघर्ष को तेज धार देने की जरूरत है। शिक्षक नेता शैलेश राय ने कहा कि स्व. तपेश्वरी पांडेय के लेखनी में दर्द होते थे, बिना कानून की डिग्री लिए ही कानून के ज्ञात थे। आज इस स्मृति सभा में 43 डिग्री तापमान में बिना एसी के कमरे में लोग दूर से आकर यहां बैठे है यह पांडेय जी के चरित्र की श्रद्धांजलि है। उन्होंने कहा कि स्व. पांडेय जी हमेशा शिक्षा विभाग में व्याप्त भ्रष्टाचार के खिलाफ लड़ाई लड़ते रहे। इस दौरान, संजय पांडेय, हरिकेश, जुल्फिकार बेग, प्रवीण कुमार सिंह, रामबुझारत यादव, राम चन्दर यादव, गोविन्द दूबे, आनन्द पांडेय, हरिमंदिर पांडेय, सहजानन्द सिंह, राम दुलार सिंह, सुभाष सिंह, गिरीश पांडेय आदि लोगों ने अपने-अपने विचार व्यक्त किया। अंत में उनके पुत्र कीर्तिमान पंकज पांडेय ने सभा में आए हुए लोगों का आभार व्यक्त किया। इस अवसर पर रामकरण राय, सुबेदार यादव, रामदरश यादव, अजय राय, जयप्रकाश यादव, बांके दूबे, धर्मेंद्र पांडेय, संदीप उपाध्याय सहित दर्जन लोग शामिल हुए।

अप्रैल में जीएसटी राजस्व संग्रह 2.10 लाख करोड़ रुपये के रिकॉर्ड स्तर पर

नई दिल्ली (हि.स.)। वस्तु एवं सेवा कर (जीएसटी) के रिकॉर्ड

संग्रह से केंद्र सरकार का खजाना भर गया है। चालू वित्त वर्ष 2024-25 के पहले महीने अप्रैल में जीएसटी संग्रह सलाना आधार पर 12.4 फीसदी बढ़कर 2.10 लाख करोड़ रुपये के रिकॉर्ड स्तर पर पहुंच गया है। इससे पिछले महीने मार्च में जीएसटी राजस्व संग्रह 1.87 लाख करोड़ रहा था।

वित्त मंत्रालय ने बुधवार को जारी एक बयान में बताया कि घरेलू लेन-देन तथा आयात में मजबूत वृद्धि से जीएसटी राजस्व संग्रह बढ़ा है। मंत्रालय के मुताबिक अप्रैल में जीएसटी राजस्व संग्रह 12.4 फीसदी उछलकर 2.10 लाख करोड़ रुपये रहा है। इससे पिछले महीने मार्च में जीएसटी राजस्व संग्रह 1.87 लाख करोड़ रहा था। वहीं, महीने-दर-महीने आधार पर जीएसटी राजस्व संग्रह में 18 फीसदी की ग्रोथ आई है।

मंत्रालय के मुताबिक अप्रैल में कुल 2,10,267 करोड़ रुपये के जीएसटी राजस्व संग्रह में केंद्रीय जीएसटी संग्रह (सीजीएसटी) 43,846 करोड़ रुपये और राज्य जीएसटी (एसजीएसटी) 53,538 करोड़ रुपये रहा। वहीं, एकीकृत जीएसटी (आईजीएसटी) 99,623 करोड़ रुपये (माल के आयात पर संग्रह किए गए 37,826 करोड़ रुपये सहित) और सेस 13,260 करोड़ रुपये रहा। सेस में माल के आयात से मिले 1008 करोड़ रुपये शामिल हैं। वित्त मंत्रालय ने एक बयान में कहा कि जीएसटी संग्रह दो लाख करोड़ रुपये के ऐतिहासिक माइलस्टोन को पार कर गया है। मंत्रालय के मुताबिक रिफंड के बाद अप्रैल 2024 के लिए नेट जीएसटी रेवेन्यू 1.92 लाख करोड़ रुपये रहा है, जो पिछले वर्ष की समान अवधि यानी अप्रैल 2023 की तुलना में 17.1 फीसदी ज्यादा है।

एटीएफ की कीमत 749.25 रुपये तक बढ़ी

नई दिल्ली (हि.स.)। सार्वजनिक क्षेत्र की तेल एवं गैस विपणन कंपनियों ने आज विमानन कंपनियों को झटका दिया है। ऑयल मार्केटिंग कंपनियों ने एविएशन टर्बाइन फ्यूल (एटीएफ) की कीमत में 749.25 रुपये प्रति किलोलीटर का इजाफा किया है। एटीएफ के दाम में बढ़ोतरी से हवाई सफर महंगा हो सकता है। नई दरें आज से लागू हो गई हैं। इंडियन ऑयल की वेबसाइट के मुताबिक एविएशन टर्बाइन फ्यूल की कीमत में बढ़ोतरी के बाद दिल्ली में हवाई ईंधन 749.25 रुपये बढ़कर 1,01,642.88 रुपये प्रति किलोलीटर हो गया है, जो पहले 100,893.63 रुपये था। मुंबई में एटीएफ 707.29 रुपये महंगा होकर 95,173.70 रुपये प्रति किलोलीटर हो गया है, जो कि पहले 94,466.41 रुपये था। चेन्नई में एटीएफ की कीमत 628.73 रुपये की बढ़त के साथ 1,05,602.09 रुपये प्रति किलोलीटर हो गई है, जो पहले 104973.36 रुपये थी। कोलकाता में इसकी कीमत 684.52 रुपये बढ़कर 1,10,583.13 रुपये प्रति किलोलीटर हो गई है, जो पहले 109898.61 रुपये थी। गौरतलब है कि ऑयल कंपनियों ने अप्रैल में इसकी कीमत में करीब 502.91 प्रति किलोलीटर की कटौती की थी।

यस बैंक पर मणिपुर और पंजाब जीएसटी विभाग ने 6.87 लाख रुपये का लगाया जुर्माना

नई दिल्ली (हि.स.)। निजी क्षेत्र के यस बैंक को दो जीएसटी मांग नोटिस मिले हैं, जिनमें बैंक पर 6.87 लाख रुपये से अधिक का जुर्माना लगाया गया है। बैंक पर मणिपुर और पंजाब जीएसटी विभाग ने क्रमशः 5.05 लाख रुपये और 1.81 लाख रुपये से अधिक का जुर्माना लगाया है।

यस बैंक ने बुधवार को शेयर बाजार को दी जानकारी में बताया कि बैंक को मणिपुर और पंजाब के माल एवं सेवा कर (जीएसटी) विभाग से 30 अप्रैल, 2024 को दो मांग नोटिस मिले हैं। बैंक के मुताबिक इसमें ब्याज सहित इनपुट कर क्रेडिट (आईटीसी) को वापस करने के अलावा क्रमशः 5,05,940 रुपये और 1,81,623 रुपये का जुर्माना लगाया गया है। इस नोटिस में कहा गया है कि कर और ब्याज की मांग वर्तमान में बैंक पर लागू भौतिक सीमा से कम है।

बैंक के मुताबिक मणिपुर और पंजाब के जीएसटी विभाग के जारी उक्त नोटिस से उसकी वित्तीय, परिचालन या अन्य गतिविधियों पर कोई प्रभाव पड़ने की आशंका नहीं है। हालांकि, यस बैंक ने कहा कि वह इन नोटिस के विरुद्ध अपील करेगा।

5 स्टार सुरक्षित कुशाक और स्लाविया मॉडल ईयर 24 अपडेट के साथ और भी सुरक्षित हुई

नई दिल्ली। अक्टूबर 2022 में कुशाक एसयूवी और अप्रैल 2023 में स्लाविया सेडान के साथ सुरक्षा के नए मानक स्थापित करने के बाद, स्कोडा ऑटो इंडिया ने कुशाक और

स्लाविया के सभी वैरिएंट में स्टैंडर्ड तौर पर छह एयरबैग्स की पेशकश कर सुरक्षा की दिशा में आगे बढ़ना जारी रखा है। यह पेशकश कंपनी के ऐतिहासिक मेड-फॉर-इंडिया, रेडी-फॉर-द-वर्ल्ड इंडिया 2.0 प्रॉडक्ट पोर्टफोलियो के लिए मॉडल ईयर 24 अपडेट का हिस्सा है। अपग्रेड के बारे में स्कोडा ऑटो इंडिया के ब्रांड निदेशक पीटर जनेबा ने कहा स्कोडा डीएनए में सुरक्षा हमेशा से उसकी बुनियाद रहा है। हम ग्लोबल एनसीएपी परीक्षणों के तहत वयस्कों और बच्चों के लिए पूरे 5-स्टार स्कोर करने वाले पहले ब्रांड थे। सुरक्षा पर हमारा जोर हमारे मानवीय जुड़ाव के दृष्टिकोण का प्रतीक है और एक पारिवारिक ब्रांड होने पर हमारे फोकस को सामने लाता है। हमने हमेशा अपने बेस वैरिएंट में फ्रंटल एयरबैग और अपने उच्च वैरिएंट में छह एयरबैग्स की पेशकश की है, जो दूसरे की तरह पूरी तरह से सुरक्षित है। हमारे मॉडल ईयर 24 अपडेट के तहत अब हम कुशाक और स्लाविया के सभी वैरिएंट में छह एयरबैग्स प्रदान करते हैं। हम हमेशा अपने ग्राहकों की बात सुन रहे हैं और अपने प्रॉडक्ट पोर्टफोलियो और हमारे वैरिएंट लाइन-अप के भीतर जरूरी अपग्रेड्स और महत्वपूर्ण प्रॉडक्ट एक्शंस मुहैया कराना जारी रखेंगे।

मॉडल ईयर 24 स्टार एडीशंस स्कोडा ऑटो इंडिया ने एक महत्वपूर्ण कदम उठाते हुए, अब कुशाक और स्लाविया दोनों के लाइन-अप में स्टैंडर्ड तौर पर छह एयरबैग्स पेश किए हैं। कुशाक एक्टिव वैरिएंट से शुरू होता है और एम्बिशन तक जाता है। मोंटे कार्लो और एलिगेंस एडिशन जैसे वैरिएंट के साथ स्टाइल में शीर्ष पर है जो एसयूवी के वैरिएंट मिक्स के ऊपरी पायदान पर है। स्लाविया भी एक्टिव से शुरू होता है, जो स्टाइल एडिशन और एलिगेंस एडिशन के साथ आगे बढ़ता है और इसमें स्टाइल एडिशन और एलिगेंस एडिशन शीर्ष पर है, जो सभी रेंज के ग्राहकों के लिए जबरदस्त वैल्यू सुनिश्चित करता है। दोनों कारें ट्रांसमिशन ड्यूटीज के लिए छह-स्पीड मैनुअल, छह-स्पीड ऑटोमैटिक और सात-स्पीड डीएसजी के विकल्प के साथ प्रमाणित, शक्तिशाली और कुशल 1.0 टीएसआई और 1.5 टीएसआई इंजन विकल्पों के साथ आता है।

लगातार अपडेट कुशाक और स्लाविया की मॉडल ईयर 24 रेंज में किया गया एन्हैंसमेंट कंपनी द्वारा 2023 की चौथी तिमाही में पहले से पेश किए गए अपडेट के अलावा है। यह तब हुआ जब दोनों कारों के टॉप-ऑफ-द-लाइन वैरिएंट में इलेक्ट्रिक सीटों जैसे नए फीचर्स को जोड़ा गया, जो ड्राइवर और को-ड्राइवर के लिए सेगमेंट फर्स्ट और रोशनी वाला फुटवेल क्षेत्र है। डैश के केंद्र में स्कोडा प्ले ऐप्स के साथ परिचित 25.4 सेमी इंफोटेनमेंट स्क्रीन है।

आर्थिक मोर्चे पर तेजी और व्यवस्थित कर संग्रह से जीएसटी दो लाख करोड़ रुपये के पारः वित्त मंत्री

नई दिल्ली(हि.स.)। केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने बुधवार को कहा कि आर्थिक गतिविधियों में तेजी और कर संग्रह में दक्षता की बदौलत माल एवं सेवा कर (जीएसटी) राजस्व संग्रह दो लाख करोड़ रुपये के बेंचमार्क को पार कर गया है।

सीतारमण ने 'एक्स' पोस्ट पर जारी एक बयान में कहा कि अर्थव्यवस्था में मजबूत गति और कुशल कर संग्रह की बदौलत जीएसटी संग्रह 2 लाख करोड़ रुपये के बेंचमार्क को पार कर गया है। उन्होंने इस उपलब्धि को हासिल करने में केंद्रीय अप्रत्यक्ष कर एवं सीमा शुल्क बोर्ड (सीबीआईसी), राजस्व विभाग, राज्य और केंद्र स्तर के सभी अधिकारियों को बधाई देते हुए कहा कि उनके ईमानदार और सहयोगात्मक प्रयासों से यह उपलब्धि हासिल हुई है। सीतारमण ने यह भी कहा कि आईजीएसटी (एकीकृत जीएसटी) निपटान को लेकर राज्यों का कोई बकाया नहीं है। गौरतलब है कि अप्रैल महीने में जीएसटी राजस्व संग्रह सलाना आधार पर 12.4 फीसदी उछलकर 2.10 लाख करोड़ रुपये के रिकॉर्ड स्तर पर पहुंच गया है। देश में जीएसटी एक जुलाई, 2017 से लागू हुआ था। वर्तमान में जीएसटी प्रणाली पर पंजीकृत करदाताओं की संख्या 1.45 करोड़ है।

अमेज़न की समर सेल में आईकू के स्पेशल डिस्काउंट के साथ करें बड़ी बचत

नई दिल्ली। हाई-परफॉर्मेंस स्मार्टफोन ब्रांड आईकू, 2 मई से 7 मई 2024 तक शुरू होने वाले अमेज़न समर सेल इवेंट के दौरान आईकू 11, आईकू जेड 9, आईकू जेड 7 प्रो और आईकू नियो 9 प्रो जैसे लोकप्रिय स्मार्टफोन पर आकर्षक डील दे रहा है। ग्राहक 2,000 रुपये की तत्काल बैंक छूट और 1,000 रुपये के एक्सचेंज बोनस के साथ-साथ आईकू जेड 9 पर 599 रुपये मूल्य के निःशुल्क वीवो ईयरफ़ोन का लाभ उठा सकते हैं। साथ ही, आईकू नियो 9 प्रो की खरीद पर 2,000 रुपये की तत्काल बैंक छूट और 2,000 रुपये के एक्सचेंज बोनस का लाभ उठाया जा सकता है।

बेजोड़ परफॉर्मेंस, आकर्षक डिज़ाइन और फ्लैगशिप लेवल के कैमरों के साथ, आईकू स्मार्टफोन तकनीक पसंद करने वालों के लिए एक दमदार अनुभव की गारंटी देते हैं। आईकू के कई मॉडलों को ग्राहकों से खूब प्रशंसा मिली है, जिससे वे सेल में अमेज़न पर सबसे ज्यादा बिकने वाले 5त्न स्मार्टफोन बन गए हैं। 2 मई से शुरू होने वाली अमेज़न ग्रेट समर सेल के दौरान, उपभोक्ता सबसे ज्यादा बिकने वाले आईकू स्मार्टफ़ोन पर आकर्षक छूट और ऑफ़र का लाभ उठा सकते हैं-

लेटेस्ट लॉन्च - आईकू Z9 मीडियाटेक डाइमेंशन 7200 5त्न 4ठ्ठद्ब प्रोसेसर पर चलता है, आईकूZ9 700K+ के AnTuTu स्कोर के साथ बेजोड़ प्रदर्शन का वादा करता है, जो इसे सेगमेंट में सबसे तेज प्रोसेसरों में से एक बनाता है। यह सेगमेंट के पहले सोनी आईएमएक्स 882 रियर कैमरा सिस्टम, ओआईएस के साथ अकेला फोन है जो इस सेगमेंट में 4च्च वीडियो रिकॉर्डिंग करता है, और 1800 निट्स पीक लोकल ब्राइटनेस के साथ सबसे चमकदार 120 हट्र्ज अमोल्ड डिस्प्ले है। डुअल स्टीरियो स्पीकर म्युज़िक, ओटीटी वीडियो और गेम के लिए सराउंड साउंड प्रदान करते हैं। बोल्ड रियर कैमरा मॉड्यूल और ब्रश टेक्सचर्ड डिज़ाइन डिवाइस को सिर्फ 7.83द्बद्ब मोटा होने के साथ-साथ एक शानदार टच देते हैं।

दमदार मिड-रेंज स्मार्टफोन - आईकू नियो 9 प्रो एक दमदार डिवाइस है, यानी यह डुअल चिप पावर से लैस है - जो अत्याधुनिक क्वालकॉम स्नैपड्रैगन0 8 जेन 2 मोबाइल प्लेटफॉर्म के साथ-साथ सुपरकंप्यूटिंग चिप क्ता के साथ चलता है जो नियो 9 प्रो के प्रदर्शन को इंटेलिजेंस के साथ बढ़ावा देता है और तेज करता है, गेम फ्रेम इंटरपोलेशन के माध्यम से क्चत्तस्ढ्ढ में 144fps प्रदान करता है और 144॥5 के साथ 1.5च्च रेजोल्यूशन फ्लैगशिप डिस्प्ले प्रदान करता है जो बिल्कुल आईकू 12 जैसा है। इसकी वाइब्रेंट डुअल-टोन और प्रीमियम लेदर डिज़ाइन न केवल शानदार क्राफ्टमैनशिप का प्रदर्शन करता है बल्कि एक आरामदायक ग्रिप और प्रीमियम अनुभव के साथ एक एलीगेंट टच देता है। स्मार्टफोन अतिरिक्त रूप से एक अत्याधुनिक फ्लैगशिप 50 MP सोनी IMX920 कैमरे से लैस है, जो रात में कम रौशनी में शानदार फोटोग्राफी देता है।

आईकू Z7 प्रो एक सफुली लोडेड फ़ोन है जो मीडियाटेक डाइमेंशन 7200 5G मोबाइल प्लेटफ़ॉर्म द्वारा संचालित है। यह स्मार्टफोन सेगमेंट में अन्य प्रोसेसरों की तुलना में उच्चतम प्रदर्शन स्कोर प्रदान करता है, साथ ही साथ 728K+ का उच्चतम AnTuTu स्कोर प्राप्त करता है, जो इसे सेगमेंट में सबसे तेज़ में से एक बनाता है। आईकू Z7 प्रो 64 MP AURA लाइट OIS कैमरा से लैस है और इसकी मोटाई केवल 7.36द्बद्ब है जिसमें 3ष्ठ कर्व्ड 120॥5 AMOLED डिस्प्ले है।

यह पीछे की तरफ AG ग्लास फिनिश के साथ भी आता है जो डिवाइस में एक एलीगेंट टच जोड़ता है। आईकू 11 पावरफुल स्नैपड्रैगन0 8 जेन 2 मोबाइल प्रोसेसर द्वारा संचालित है, जो क्चस्स्ष्ट की 4ठ्ठद्ब प्रोसेसर की दक्षता का दावा करता है।

स्वतंत्रता संग्राम के अतीत व सरदार वल्लभभाई पटेल के योगदान को समर्पित है फिल्म रजाकार : गुदुर नारायण रेड्डी

लखनऊ। समरवीर क्रिएशन एलएलपी के बैनर तले बनी फिल्म रजाकार द साइलेंट जेनोसाइड ऑफ हैदराबाद भारत के स्वतंत्रता

संग्राम के अतीत को रेखांकित और लौहपुरुष सरदार वल्लभ भाई पटेल के योगदान को समर्पित है। इस बात की जानकारी आज राजधानी में फिल्म के निर्माता गुदुर नारायण रेड्डी ने फिल्म की स्पेशल स्क्रीनिंग के दौरान पत्रकार वार्ता में दी।

उन्होने बताया कि फिल्म में स्वतंत्रता संग्राम के वक्त हैदराबाद के निजाम के आदेश पर हुए अत्याचार को दर्शाया गया है। उन्होने बताया कि फिल्म रजाकार को दक्षिण भारतीय भाषा के साथ हिंदी में भी बड़े पर्दे पर रिलीज किया गया है। यह फिल्म पूरे भारत मे 26 अप्रैल को रिलीज होने के बाद दर्शकों को बहुत पसंद आ रही है। फिल्म रजाकार के मुख्य अभिनेता राज अर्जुन ने बताया कि यह एक ऐसी फिल्म है, जिसे हर भारतीय को देखना चाहिए। एक ऐसा अत्याचार जो आजादी के बाद स्थानीय लोगो को भुगतना पड़ा। यह फिल्म देश के स्वतंत्रता संग्राम सेनानी %लौहपुरुष% सरदार वल्लभ भाई पटेल को समर्पित है। गुजरात मे जन्मे सरदार पटेल देश के पहले उप प्रधानमंत्री और भारत के पहले गृहमंत्री भी थे। उन्होंने अंग्रेजी हुकूमत के दौरान भी कई बड़े आंदोलन चलाए और स्वतंत्रता के बाद उन्हीं की कोशिशों से कई रियासतों को एक कर भारत में शामिल किया गया था। हैदराबाद को भारत मे विलय कराने में उनका अमूल्य योगदान था। फिल्म अभिनेत्री अनुसूया त्रिपाठी ने बताया कि इस फिल्म में महिलाओं के साथ हुए अमानवीय व्यवहार को दर्शाया गया है।

ठंडे तेल का राजा नवरत्न, इस गर्मी में कॉमेडी किंग कपिल शर्मा और उनके गैंग के साथ और भी कूल हो जाएगा

कोलकाता। इमामी लिमिटेड का आयुर्वेदिक ठंडे तेल मार्केट में अग्रणी ब्रांड, नवरत्न इस गर्मी में एक लाफ्टर चैलेंज लेकर आया है, जिसमें कपिल शर्मा अपने लाफ्टर फैमिली मेंबर्स किकू शारदा, गौरव गेरा और सुमोना चक्रवर्ती के साथ ब्रांड में शामिल हुए हैं ।

टीवी विज्ञापनों और डिजिटल कंटेंट की एक नयी श्रृंखला में, नवरत्न तेल ने कपिल शर्मा और उनके सह-कलाकारों के साथ तेल को ÷ठंडक का बादशाह, राहत का राजा÷ के रूप में प्रस्तुत किया है जो आम आदमी के सामने आने वाले दैनिक तनावों और चुनौतियों से निपटने में मदद करता है। नवरत्न तेल की दो मिनट की चंपी (सिर की मालिश) राहत और आराम देती है और ठंडा ठंडा कूल कूल÷ करती है। हर्षा वी.अग्रवाल, वाइस चेयरमैन और मैनेजिंग डायरेक्टर, इमामी लिमिटेड, ने इस यूनिक एंडोर्समेंट एसोसिएशन पर टिप्पणी करते हुए कहा, हमें अपने ब्रांड नवरत्न आयुर्वेदिक तेल के लिए कपिल शर्मा और उनकी अनोखी टीम के साथ

जुड़कर खुशी हो रही है। हँसी मजाक तनाव दूर करने के लिए जाना जाता है और कपिल अपने अलग अंदाज में एक दशक से भी अधिक समय से लोगों को हंसा रहा है। नवरत्न, भारत का नंबर 1 ठंडा तेल है जो अपने लाखों ग्राहकों को दैनिक तनाव से राहत देता है, और कपिल शर्मा और उनकी टीम के बीच में एक प्राकृतिक सहजता है । हमारा दृढ़ विश्वास है कि ब्रांड मैसेजिंग का यह नया दृष्टिकोण दर्शकों को हमारी और आकर्षित करने के लिए प्रभावी ढंग से काम करेगा। इस मौके पर कॉमेडियन, एक्टर, सिंगर और एंकर कपिल शर्मा ने कहा, नवरत्न आयुर्वेदिक तेल रोजमर्रा जीवन की चुनौतियों के कारण होने वाले सिरदर्द और तनाव संबंधी समस्याओं से प्रभावी राहत देता है। मेरी टीम और मैं तनाव से राहत, जीवन की कठिनाइयों और संकटों से मुक्ति के लिए हँसी मजाक को एक शक्तिशाली उपाय के रूप में उपयोग करने का प्रयास करते हैं। नवरत्न और हम हँसी मजाक के माध्यम से जो राहत देने की कोशिश कर रहे हैं, उसमें एक स्वाभाविक तालमेल है, जो हमारे सहयोग के लिए बिल्कुल उपयुक्त है । मुझे दुनिया के नंबर 1 कूल तेल नवरत्न के साथ जुड़कर खुशी हो रही है। इस गर्मी में हम सब मिलकर हर भारतीय को ठंडा-ठंडा कूल-कूल बनाएंगे! नवरत्न और कपिल शर्मा पार्टनरशिप का आनंद लेने के लिए नीचे दिए गए लिंक पर क्लिक करें- https://youtu.be/nJv&iWF }vWQ

प्रसिद्ध निर्देशक, पटकथा लेखक और निर्माता शुजात सौदागर ने नवरत्न आयुर्वेदिक तेल नये कैंपेन का निर्देशन किया है। नवरत्न लगभग 67त्न मार्केट शेयर (एसी नीलसन एमएटी दिसंबर 23 डेटा के अनुसार) के साथ पूरे भारत में 48 लाख से अधिक आउटलेट और सभी प्रमुख ई-कॉमर्स प्लेटफार्मों पर उपस्थिति के साथ कूल ऑयल श्रेणी में अग्रणी ब्रांड है। यह पैक विभिन्न आकारों और कीमतों में उपलब्ध है, जिसमें 2.7 एमएल पाउच 1 रुपये से लेकर 750 एमएल एसकेयू 590 रुपये तक है।

मारुति सुजुकी ने शुरू की अपनी बहुप्रतीक्षित कार एपिक न्यू स्विफ्ट की प्री-बुकिंग

नई दिल्ली। देश की अग्रणी कार निर्माता कंपनी मारुति सुजुकी इंडिया लिमिटेड ने अपनी बहुप्रतीक्षित कार चौथी पीढ़ी की एपिक न्यू स्विफ्ट के लिए प्री-बुकिंग शुरू करने की घोषणा की है। ग्राहक 11,000/- रुपए का भुगतान कर एपिक न्यू स्विफ्ट की प्री-बुकिंग करा सकते हैं। इस ऑल न्यू जेनेरेशन, एपिक न्यू स्विफ्ट को पहले से बेहतर डायनेमिज्म और मजेदार ड्राइविंग के अनुभव के साथ इसकी बहुचर्चित सिग्नेचर स्पोर्टी डिजाइन के साथ तैयार किया गया है।

मारुति सुजुकी की स्विफ्ट भारत की नंबर 1 प्रीमियम हैचबैक कार रही है। लॉन्च के बाद से इसकी 29 लाख से अधिक कारें बिक चुकी हैं। अपने बेशुमार प्रशंसकों के साथ, इस स्पोर्टी प्रीमियम हैचबैक ने स्पोर्टी और डायनेमिक ड्राइविंग पर्फोर्मेंस के मामले में अपने सेगमेंट के बेंचमार्क को नए सिरे से परिभाषित किया है। अब, एपिक न्यू स्विफ्ट दमदार तरीके से अपनी इस समृद्ध विरासत को आगे ले जाने के लिए पूरी तरह से तैयार है! इस घोषणा

पर मारुति सुजुकी इंडिया लिमिटेड के सीनियर एग्जिक्यूटिव ऑफीसर, मार्केटिंग एंड सेल्स, श्री पार्थो बनर्जी ने कहा, ÷मारुति सुजुकी के लिए स्विफ्ट एक सबसे प्रतिष्ठित ब्रांड रहा है। यह एक ऐसा ब्रांड है जिसने बदलते समय के साथ ग्राहकों की अपेक्षाओं पर खरा उतरते हुए अपने में बड़े बदलाव किए हैं। 29 लाख ग्राहकों के साथ इसका मजबूत आधार और बीते वक्त में जीते गए विभिन्न पुरस्कार और सम्मान इस बात का प्रमाण हैं कि यह लोकप्रिय स्विफ्ट किस प्रकार लगातार बाजार में अपनी मजबूत पकड़ बनाती गई है। एपिक न्यू स्विफ्ट को अपने बहुचर्चित स्पोर्टी डीएनए के साथ पेश किया गया है। इसी के साथ ही जहां नई पीढ़ी का अत्यधिक जोर पर्यावरण सुरक्षा की ओर है, इस दिशा में बेहद कम उत्सर्जन के साथ यह कार इस अपेक्षा को भी पूरा करती है। हमेशा की तरह, अगली पीढ़ी की स्विफ्ट प्रीमियम हैचबैक सेगमेंट में नए मानक स्थापित करने और जॉय ऑफ मोबिलिटी की सोच को आगे बढ़ाने के लिए पूरी तरह से तैयार है।

टोयोटा किर्लोस्कर मोटर ने अप्रैल 2024 में 32% की वृद्धि के साथ मासिक बिक्री में निरंतर वृद्धि की गति दर्ज की

बेंगलुरूः टोयोटा किर्लोस्कर मोटर (टीकेएम) ने गाड़ियों की अपनी मासिक बिक्री में लगातार वृद्धि दर्ज करके अपने विकास पथ को मजबूत करना जारी रखा है। कंपनी ने आज घोषणा की कि अप्रैल 2024 के महीने में 20,494 गाड़ियों की बिक्री हुई जो अप्रैल 2023 की तुलना में साल के मुकाबले साल के हिसाब से 32त्न की वार्षिक वृद्धि दर्शाती है। तब कंपनी ने 15,510 गाड़ियां बेचीं थीं। परिचालन दक्षता, उत्पादकता और सुरक्षा के साथ मशीनरी और उपकरणों के रख-रखाव के लिए 06-14 अप्रैल 2024 तक एक सप्ताह के लिए उत्पादन बंद होने के बावजूद विकास की गति बनी रही।

चालू महीने में घरेलू बिक्री 18,700 गाड़ियों की रही, जबकि इसी महीने में कुल 1,794 गाड़ियों का निर्यात हुआ। यह सफलता वर्ष 2024 के पहले चार महीनों में 48त्न की उल्लेखनीय वृद्धि दर्शाती है। गए वर्ष 2023 की इसी अवधि में कंपनी की 65,871 गाड़ियों की बिक्री के मुकाबले इस साल 97,503 गाड़ियों की बिक्री हुई।

बिक्री की गति के बारे में बताते हुए, टोयोटा किर्लोस्कर मोटर के बिक्री-सेवा-उपयोगी कार व्यवसाय के वाइस प्रेसिडेंट श्री सबरी मनोहर ने कहा, "वित्त वर्ष 2023-2024 में, हमने गुणवत्ता और ग्राहक केन्द्रितता के प्रति अटूट प्रतिबद्धता का प्रदर्शन किया, जिसने हमें रिकॉर्ड तोड़ वृद्धि दर्ज करने के लिए प्रेरित किया। उसी दृढ़ संकल्प से प्रेरित होकर, हमें यह घोषणा करते हुए खुशी हो रही है कि अप्रैल 2024 के महीने में, हमने पिछले वर्ष की इसी अवधि की तुलना में 32त्न की वृद्धि दर्ज की है। हमारा मानना है कि यह स्थिर प्रदर्शन एक और सकारात्मक वर्ष के लिए एक मजबूत आधार को रेखांकित करता है। टीकेएम में, हम ग्राहक-केंद्रित दृष्टिकोण के लिए प्रतिबद्ध हैं, जिसमें हमारे ग्राहकों की विविध आवश्यकताओं को पूरा करने के लिए मूल्य-वर्धित सेवाएँ प्रदान करने पर जोर दिया जा रहा है। इस लक्ष्य को आगे बढ़ाते हुए, हमने हाल ही में टोयोटा वाहनों के लिए विशेष रूप से व्यापक कार देखभाल समाधान प्रदान करने के लिए %टी ग्लॉस% लॉन्च किया है। टी ग्लॉस ग्राहकों को उच्च प्रशिक्षित पेशेवरों के माध्यम से गुणवत्तापूर्ण कार देखभाल समाधान तक पहुँच प्रदान करता है, जिससे एक सुखद स्वामित्व अनुभव सुनिश्चित होता है।

हमारी उत्पाद रणनीति बाजार के साथ मजबूत जुड़ाव दिखाती है, जिसका श्रेय विविधतापूर्ण पोर्टफोलियो को जाता है जिसने मूल्य को बढ़ाया है और सुखद स्वामित्व अनुभव प्रदान किया है। इसी क्रम में, हमने हाइक्रॉस, फॉर्च्यूनर और रुमियन जैसे प्रमुख मॉडलों में कई नए ग्रेड पेश किए हैं, जिससे हमारे मूल्यवान ग्राहकों को उनकी जीवनशैली और गतिशीलता की जरूरतों के अनुरूप व्यापक विकल्प मिल सके।

इसके अलावा, हमारा विविध पोर्टफोलियो हमारी वृद्धि को आगे बढ़ाने में सहायक रहा है। इनोवा क्रिस्टा, इनोवा हाइक्रॉस, फॉर्च्यूनर, लीजेंडर, अर्बन क्रूजर हाईराइडर, हाईलक्स और एलसी300 जैसे मॉडल इस मामले में अग्रणी हैं। इसके अलावा, कैमरी हाइब्रिड, ग्लैंज़ा, वेलफ़ायर और रुमियन जैसी अन्य पेशकशों ने भी टीकेएम की बिक्री वृद्धि में महत्वपूर्ण योगदान दिया है।

एसयूवी की हमारी श्रृंखला में लाइनअप में हाल ही में शामिल ऑल-न्यू अर्बन क्रूजर टैजर , उभरती बाजार मांगों को पूरा करने के लिए हमारी प्रतिबद्धता को दर्शाती है। हम नए उत्पाद की जबरदस्त स्वीकृति के लिए हार्दिक आभार व्यक्त करते हैं और हम देश में अपने समझदार और मूल्य-सचेत ग्राहकों की सेवा करने के लिए तत्पर हैं।

श्रेष्ठ समाज का निर्माता है शिक्षक : प्रतिभा शुक्ला

अवधनामा संवाददाता

देवरिया। बुधवार, भारतीय समाज में शिक्षकों की भूमिका बहुत ही महत्वपूर्ण होती है। शिक्षक ही एक श्रेष्ठ समाज का निर्माण करता है। उक्त बातें प्रदेश सरकार में बाल विकास पुष्टाहार मंत्री प्रतिभा शुक्ला ने शहर के उमा नगर स्थित आशीष पैरा मेडिकल कालेज में आयोजित शिक्षक, प्रधानाचार्य और प्रबंधकों की एक विचार गोष्ठी बैठक को सम्बोधित करते हुए कही।

राज्य मंत्री के जिले में आगमन पर जिलाध्यक्ष भूपेन्द्र सिंह ने कार्यकर्ताओं के साथ फूल माला से स्वागत किया। जिला उपाध्यक्ष राजेश मिश्रा के नेतृत्व में बरहज के कपरवार में राज्य मंत्री का भव्य स्वागत किया गया। गोष्ठी को संबोधित करते हुए राज्य मंत्री ने कहा कि शिक्षा और लोकतंत्र एक दूसरे के पूरक हैं। शिक्षा के आभाव में एक स्वस्थ लोकतंत्र की कल्पना नहीं की जा सकती है। शिक्षा एक ऐसा साधन जिसके माध्यम से शिक्षक गण समाज को सही दिशा दिखाने का काम करते हैं। लोगों में शिक्षा के प्रति जागरूकता लाकर लोकतंत्र को मजबूत किया जा सकता है। उन्होंने कहा कि भाजपा की डबल इंजन की सरकार ने नई शिक्षा नीति के माध्यम से समाज में एक नई चेतना जागृत किया है।

समाज के हर वर्ग को चाहे वह किसान हो, महिला हो, युवा हो, सबको बिना भेद भाव के उनका अधिकार देने का कार्य भाजपा सरकार ने किया है। उन्होंने कहा कि देवरिया लोकसभा का सौभाग्य है कि यहां से भाजपा के प्रत्याशी शशांक मणि उच्च शिक्षा प्राप्त कर समाज की सेवा का संकल्प लेकर चल रहे हैं। इन्होंने देवरिया के लिए उद्यमिता के क्षेत्र में काफी कार्य किया है और आगे भी करते रहेंगे।

गोष्ठी अध्यक्षता करते हुए भाजपा के जिलाध्यक्ष भूपेंद्र सिंह ने कहा कि हर क्षेत्र में शिक्षा और शिक्षक दोनो की भूमिका महत्वपूर्ण है। देश में सुशासन और और व्यक्ति में चरित्र का निर्माण शिक्षा के माध्यम से शिक्षक द्वारा किया जाता है। भाजपा से लोकसभा के उम्मीदवार शशांक मणि ने सभी का अभिवादन करते हुए कहा कि अगर आप सभी का आशीर्वाद मिला तो देवरिया को राष्ट्रीय शिखर पर स्थापित करने का कार्य करूंगा।

गोरखपुर क्षेत्र में पहली बार कृषि स्नातकों को ड्रोन आधारित प्रशिक्षण देने की शुरुआत

अवधनामा संवाददाता

गोरखपुर। गोरखपुर क्षेत्र में पहली बार कृषि स्नातकों के लिए ड्रोन आधारित प्रशिक्षण की शुरुआत की गई है। यह पहल की है महायोगी गोरखनाथ विश्वविद्यालय ने। विश्वविद्यालय ने ड्रोन द्वारा कृषि स्नातक के विद्यार्थियों को नवाचार से अवगत कराने और प्रशिक्षण हेतु ड्रोनियर एविगेंशन के सौजन्य से कृषि ड्रोन मंगवाया है।

कृषि ड्रोन के द्वारा भूमि परीक्षण, स्थलाकृति और सीमाओं का सर्वेक्षण, मृदा परीक्षण, उर्वरक व कीटनाशकों का छिड़काव आदि कार्य कुशलतापूर्वक कम व्यय और कम समय में किया जा सकता है। महायोगी गोरखनाथ विश्वविद्यालय में इस तकनीकी का स्वागत करते हुए कुलपति मेजर जनरल डॉ. अतुल वाजपेयी ने कहा कि ग्रामीण भारत अब नवाचार और अविष्कार को आत्मसात करते हुए स्वर्णिम भविष्य की ओर अग्रसर है। सम्पूर्ण उत्तर प्रदेश में गोरखनाथ विश्वविद्यालय में ही कृषि ड्रोन आधारित प्रशिक्षण इस बात का द्योतक है कि यह विश्वविद्यालय अपने विद्यार्थियों के अकादमिक उन्नयन के लिए शत-प्रतिशत पूरे मनोयोग से जुड़ा हुआ है। ड्रोन प्रशिक्षण से विद्यार्थियों को रोजगार का अवसर मिलेगा और वे कृषि क्षेत्र मे हो रहे नये-नये अविष्कारों से परिचित होंगे। निकट भविष्य में विश्वविद्यालय ने ड्रोन आधारित प्रशिक्षण व पाठ्यक्रम संचातिल करने की योजना बनाई है। कुलपति ने कहा कि महायोगी गोरखनाथ विश्वविद्यालय गोरखपुर उच्च शिक्षा के क्षेत्र में उत्कृष्टता के लिए प्रतिबद्ध है और इसे चरितार्थ करने के लिए विश्वविद्यालय समस्त आधारभूत सुविधाओं के साथ पठन-पाठन से सम्बन्धित प्रौद्योगिक उन्नति और नवाचार से अपने विद्यार्थियों को समय-समय पर अवगत कराता रहता है। ड्रोन प्रशिक्षण के शुभारंभ अवसर पर कृषि संकाय के अधिष्ठाता डॉ. विमल कुमार दूबे, कृषि संकाय के समस्त प्रध्यापकगण, ड्रोनियर एविगेंशन के पदाधिकारी व विद्यार्थी उपस्थित रहे।

प्रतिभाशाली विद्यार्थियों को मिलेगा सम्मान तो बढ़ेगा आत्मविश्वास : मौर्य

अवधनामा संवाददाता

गोरखपुर। मुरारी इंटर कालेज, सहजनवा में प्रतिभाशाली विद्यार्थियों के सम्मान में सम्मान समारोह कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इसमें मेधावी छात्राओं को सम्मानित किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता विद्यालय के प्रधानाचार्य मेजर साकेत जी ने और गणित विषय के अध्यापक विद्यासागर मिश्र ने किया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि दीनदयाल उपाध्याय गोरखपुर विश्वविद्यालय, गोरखपुर के प्राचीन इतिहास विभाग के विभागाध्यक्ष कैप्टन डी. एन. मौर्य और विशिष्ठ अतिथि राज्य स्तरीय कवियत्री नंदनी श्रीवास्तव रही। विद्यालय के प्रधानाचार्य और उप प्रधानाचार्य सुप्रिया सिंह द्वारा मुख्य अतिथि और विशिष्ठ अतिथि को पुष्प गुच्छ और मोमेंटो देकर उनका स्वागत किया गया। इस सम्मान समारोह कार्यक्रम में परिषदीय बोर्ड परीक्षा में सर्वाधिक अंक प्राप्त कर विद्यालय और क्षेत्र का नाम रौशन करने वाले विद्यार्थीयों को मुख्य अतिथि कैप्टन डी. एन. मौर्य और विद्यालय के शिक्षकों द्वारा सम्मानित किया गया। कार्यक्रम के दौरान मुख्य अतिथि ने कहा की प्रतिभाशाली विद्यार्थियों को मिलेगा सम्मान तो उनका आत्मविश्वास बढ़ेगा। आगे कहा की, कोई भी भौतिक, आर्थिक या प्राकृतिक परिस्थितियां आपके मार्ग में बाधा नहीं डाल सकते है, बस आपको अपना हिम्मत और हौसला नहीं हारना है। कार्यक्रम के दौरान कवियत्री नंदनी श्रीवास्तव ने बेटियों और बच्चों के लिए कविता का पाठ कर उनका उत्साह बढ़ाया। कार्यक्रम के दौरान परिषदीय बोर्ड परीक्षा में विद्यालय में स्थान पाने वाले कक्षा 12 में दीपेंद्र सिंह (91.6%), हिमांशु गुप्ता (85.6%), अर्पिता चौबे (85%), विशाल यादव (80.4%), अनुष्का (82.2%), तथा कक्षा 10 में आशीष गुप्ता (91.33 %), शिवांग सिंह (89.33%), राजवीर (89%), प्रिंस सिंह (87.33%), ज्योति प्रजापति (83.33%) तथा अन्य बच्चों को सम्मानित किया गया।

प्रधान ने मजदूरों की हौसला आफजाई की

गोरखपुर अवधनामा संवाददाता। बुधवार को मजदूर दिवस के अवसर पर सरकार ने मनरेगा में कार्य कर रहे मजदूरों का सम्मान बढ़ाने के लिए होने उत्साहित करने का निर्देश दिए है। मंगलवार को सहजनवा ब्लाक ग्राम पंचायत कटसहरा के प्रधान गंगा प्रसाद बेलदार ने मनरेगा में कार्य कर रहे मजदूरों का हौसला अफजाई किया। और उन्हे आश्वासन दिया कि गांव में जो भी विकास होने है। उसमे गांव के पंजीकृत मजदूरों को 100 दिन की मजदूरी देने की जिम्मेदारी मेरी है। इस दौरान प्रधान द्वारा मजदूरी को जलपान भी कराया गया है। इस दौरान ग्राम विकास अधिकारी अभय कुमार,रोजगार सेवक इमरान सहित अनेक मजदूर मौजूद थे।

नवेद के सपा जिला उपाध्यक्ष बनने पर दी बधाई

गोरखपुर अवधनामा संवाददाता। समाजवादी पार्टी ने जनपद गोरखपुर की जिला कार्यकारणी में मलिक नवेद अहमद को जिला उपाध्यक्ष नियुक्त किया गया है। यह जानकारी प्रदेश अध्यक्ष नरेश उत्तम ने मनोनयन पत्र जारी करके दी। बताते चलें कि श्री नवेद का पैतृक निवास सिद्धार्थनगर जनपद में हैं। पिछले कई वर्षों से समाज सेवा कर रहे हैं। इन्होंने समाजवादी पार्टी में विभिन्न पदों पर कार्य किया है। इनके मनोनयन पर तमाम समाजिक संगठनों से जुड़े पदाधिकरियों और कार्यकर्ताओं के अलावा समाजवादी पार्टी के जिला और नगर कमेटी से जुड़े नेताओं और बूथ कार्यकर्ताओं ने बधाई देते हुए उम्मीद जताई कि श्री नवेद समाजवादी आंदोलन को और मजबूती प्रदान करेंगे। इस अवसर पर नवेद अहमद ने कहा कि उनका पहला काम है कि लोकसभा चुनाव 2024 में पार्टी के बेहतर प्रदर्शन के लिए जी जान लगाकर काम करेंगे।

श्री कृष्ण ज्ञान महायज्ञ के लिए निकली शोभायात्रा

मथौली बाजार, कुशीनगर अवधनामा संवाददाता। कप्तानगंज विकास खंड के मलुकही में आयोजित सात दिवसीय श्री कृष्ण ज्ञान महायज्ञ के लिए बुधवार को श्रद्धालुओ द्वारा भव्य शोभायात्रा निकाली गई। गाजे-बाजे ,रथ व कन्याओं के साथ निकली शोभायात्रा मलुकही गांव, चौराहा आदि का भ्रमण करने के बाद छोटी गंडक नदी के मलुकही घाट पर जल भर पुनः शिव मंदिर पहुंचकर कलश स्थापित कराया गया। इस कृष्ण ज्ञान महायज्ञ में दिन व रात में प्रवचन कर्ता रमेश दास जी महाराज द्वारा कथा का रसपान श्रद्धालुओ को कराया जायेगा। तथा कथा का समापन सात मई को होगा। इस दौरान ग्राम प्रधान अजीत सिंह, सुभाष सिंह, झिनकु सिंह, लोरिक यादव, किशुनधारी प्रजापति, मंजीत सिंह, परिखन सिंह सहित सैकड़ों ग्रामवासी मौजूद रहे।

प्रदेश अध्यक्ष की मौजूदगी में प्रत्याशी ने किया नामांकन

अमेठी अवधनामा संवाददाता। बहुजन समाज पार्टी के प्रत्याशी नन्हे सिंह चौहान ने बुधवार को एक सेट में नामांकन पत्र दाखिल किया। बसपा प्रत्याशी के साथ बहुजन समाज पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष विश्व नाथ पाल विधानसभा गौरीगंज के पूर्व प्रत्याशी राम लखन शुक्ल प्रस्तावक और जिला महामंत्री रमेश कुमार मौर्य विधि सलाहकार के के आर्य एडवोकेट मौजूद रहे। नामांकन के अवसर पर पार्टी कार्यकर्ताओं की हौसला-अफजाई के लिए बसपा के मुख्य जोन इंचार्ज और पूर्व सांसद घनश्याम चंद्र खरवार भी कलेक्ट्रेट परिसर में मौजूद रहे। बहुजन समाज पार्टी के जिला अध्यक्ष दिलीप कुमार पूर्व जिला अध्यक्ष सुरेश कमल जिला प्रभारी राम अभिलाष बौद्ध एहसान अली उर्फ मुन्ना विधानसभा अध्यक्ष शिव राम वरिष्ठ अधिवक्ता श्रीराम सरोज महासचिव रमेश कश्यप आदि ने प्रदेश अध्यक्ष और मुख्य जोन इंचार्ज घनश्याम चंद्र खरवार का स्वागत किया।

हर बूथ पर मुस्तैद रहें कार्यकर्ता : जयप्रकाश

देवरिया अवधनामा संवाददाता। देवरिया लोकसभा चुनाव के निमित्त रामपुर विधान सभा के चुनाव प्रबंधन समिति की बैठक बरियारपुर में संपन्न हुई। बैठक को संबोधित करते हुए पूर्व मंत्री एवं कलस्टर प्रभारी जय प्रकाश निषाद ने कहा कि देवरिया लोकसभा जीतने के लिए हर कार्यकर्ता को अपने बूथ पर मुस्तैद रहना होगा। लोकसभा प्रभारी जय प्रकाश शाही ने कहा कि मोदी जी और योगी जी की योजनाओं का असर गांव गांव में है और भाजपा देवरिया में भारी बहुमत से जीतेगी। लोकसभा संयोजक चंद्र प्रकाश सिंह ने विस्तार से आवश्यक करणीय पर प्रकाश डाला। कार्यक्रम की अध्यक्षता मंडल अध्यक्ष नागेश पति त्रिपाठी ने किया। इस अवसर पर लोकसभा सह संयोजक अखिलेश त्रिपाठी, विधान सभा संयोजक बिजेंद्र कुशवाहा, विधान सभा प्रभारी निशी रंजन तिवारी, लोकसभा संयोजक संकल्प पत्र एवं डाटा आनन्द शाही, शशिभूषण मिश्र, दिवाकर चंद्र यादव, सचिंद्र शाही, मंडल अध्यक्ष सत्यप्रकाश पांडे, योगेश प्रजापति, राजेश कुशवाहा समेत समिति के सदस्य उपस्थित रहे।

पीठासीन अधिकारी एवं मतदान अधिकारियों का दो पालियों में हुआ प्रशिक्षण

प्रथम पाली और द्वितीय पाली में कुल 36 कार्मिक पाए गए अनुपस्थित

अवधनामा संवाददाता

देवरिया। लोक सभा सामान्य निर्वाचन-2024 के सफल सम्पादन हेतु पीठासीन अधिकारी एवं मतदान अधिकारी प्रथम के प्रशिक्षण के तीसरे दिन प्रथम पाली में कुल 600 कार्मिकों द्वारा प्रतिभाग किया जाना था जिसमें 582 कार्मिकों द्वारा प्रशिक्षण प्राप्त किया गया, जबकि 18 कार्मिक अनुपस्थित पाये गये। इसी प्रकार द्वितीय पाली के प्रशिक्षण में कुल 600 कार्मिकों द्वारा प्रतिभाग किया जाना था, जिसमें 582 कार्मिकों द्वारा प्रतिभाग किया गया, जबकि 18 कार्मिक अनुपस्थित पाये गये।

इस प्रकार दोनों पालियों में कुल 36 कार्मिक अनुपस्थित पाये गये। मतदान कार्मिकों का प्रशिक्षण इंदिरा गांधी बालिका विद्यालय टाउन हाल देवरिया एवं शिशु मान्टेसरी स्कूल टाउन हाल में चल रहा है। प्रशिक्षण के दौरान समस्त उपस्थित पीठासीन अधिकारी तथा मतदान अधिकारी प्रथम को लोक सभा सामान्य निर्वाचन-2024 के सम्बन्ध में आवश्यक बिन्दुओं पर मतदान प्रारम्भ से मतदान समाप्त होने तक की प्रक्रिया से प्रशिक्षित किया गया। प्रशिक्षण समाप्ति के समय सभी कार्मिकों को निर्देशित किया गया कि द्वितीय प्रशिक्षण के समय अपने मत का प्रयोग पोस्टल बैलेट पेपर के माध्यम से करेंगे। प्रभारी अधिकारी कार्मिक/मुख्य विकास अधिकारी प्रत्यूष पाण्डेय ने अनुपस्थित कार्मिकों के विभागाध्यक्ष को निर्देशित किया है कि वे अपने विभाग के कर्मचारियों की शत-प्रतिशत उपस्थिति सुनिश्चित करायें। अन्यथा सम्बन्धित कर्मचारी के विरुद्ध 1951 की धारा-134 के तहत प्राथमिकी दर्ज करा दी जायेगी, जिसके लिए वह स्वयं जिम्मेदार होंगे।

राजनैतिक दलों की उपस्थिति में ईवीएम व वीवीपीएटी मशीनों का प्रथम रैंडमाईजेशन

अवधनामा ब्यूरो

कुशीनगर। लोकसभा चुनाव के मद्देनजर सामान्य ईवीएम कन्ट्रोल यूनिट, बैलेट यूनिट, वीवी पैट मशीनों के प्रथम रेण्डमाईजेशन का कार्य बुधवार को दोपहर 12 बजे से जिला निर्वाचन अधिकारी उमेश मिश्रा की अध्यक्षता में तथा जनपद के मान्यता प्राप्त राजनैतिक दलों के अध्यक्ष, मंत्री, उपाध्यक्ष, प्रतिनिधियों की उपस्थिति में एनआईसी विडियो कांफ्रेसिंग रूम में संपन्न हुआ। ऑनलाइन ईएमएस 2.0 की मदद से सातों विधानसभा पडरौना, रामकोला, फाजिलनगर, तमकुही, हाटा, खड्डा, कसया क्षेत्रो में प्रयोगार्थ ईवीएम, वीवी पैट, मशीनों का प्रथम रेण्डमाईजेशन के उपरान्त आवंटित किया गया। जिला निर्वाचन अधिकारी ने कहा कि यह प्रक्रिया पुर्णतः आनलाईन हैं इसमें किसी भी प्रकार के मानवीय हस्तक्षेप नही है। सभी ईवीएम तथा वीवी पैट मशीनों का प्रथम रेण्डमाईजेशन कर विधानसभा वार इसकी सूची सभी एआरओ को उपलब्ध करा दिया गया। इसके आगे भी द्वितीय रेण्डमाईजेशन की प्रक्रिया प्रेक्षक की उपस्थिति में किया जायेगा, जिसकी अग्रिम सूचना सभी राजनैतिक दलों के प्रतिनिधियों को उपलब्ध करा दी जायेगी। उप जिला निर्वाचन अधिकारी वैभव मिश्रा ने सिंबल लोडिंग यूनिट मशीन एवं उसकी प्रक्रिया से सभी प्रतिनिधियों को अवगत कराया गया। जिला सूचना विज्ञान अधिकारी मनीष कुमार द्वारा ईवीएम मैनेजमेंट सिस्टम ईएमएस 2.0 के बारे में सभी राजनैतिक दलों के प्रतिनिधियों को विस्तार पूर्वक अवगत कराया गया। अन्त में जिला निर्वाचन अधिकारी ने समस्त उपस्थित राजनैतिक दलों के प्रतिनिधियों से कहा कि अगर किसी को कोई समस्या हो तो अवगत कराएं। सभी राजनैतिक दलों के प्रतिनिधियों के द्वारा सफलता पूर्वक प्रथम रेण्डमाईजेशन के प्रक्रिया के प्रति संतोष व्यक्त किया गया। तत्पश्चात सभी राजनैतिक दलों के उपस्थिति में ईवीएम वेयर हाउस मे रखे ईवीएम तथा वीवी पैट मशीनों का निरीक्षण भी किया गया।

आईएएस बनी जान्हवी दुबे का पहली बार गांव पहुंचने पर हुआ स्वागत

अवधनामा संवाददाता

अमेठी। विकासखंड संग्रामपुर के बनवीरपुर गांव की निवासी जान्हवी दुबे आईएएस बनने के बाद बुधवार को पहली बार गांव पहुंची। जहां ग्रामीणों ने उनका भव्य स्वागत किया। चार किमी तक लंबे वाहनों के काफिले के साथ ग्रामीणों ने उनकी अगवानी की और गदगद होकर गांव की बिटिया का स्वागत किया जिसने गांव का नाम रोशन कर दिया है। उनके घर पर एक स्वागत समारोह का आयोजन किया गया। जिसमें अवधी साहित्य संस्थान के अध्यक्ष डा अर्जुन पांडेय साहित्यकार पं रामबदन शुक्ल पथिक जगदंबा प्रसाद तिवारी मधुर रामयज्ञ सिंह एडवोकेट डिप्टी कमिश्नर जीएसटी सुल्तानपुर शैलेन्द्र त्रिपाठी अशोक कुमार शुक्ल ओंकारनाथ तिवारी लालमनि पांडेय श्री प्रकाश दूबे गिरीश सिंह और प्रशांत सिंह सोम सहित अनेक गणमान्य व्यक्तियों ने जान्हवी को दी शुभकामनाएं दी। आईएएस जान्हवी दूबे ने इस सफलता का श्रेय अपनी मां सुधा और पिता उमाशंकर दूबे के साथ छोटे भाई कौस्तुभ को दिया। वहीं पिता उमाशंकर दूबे ने उपस्थित लोगों से बेटियों को पढ़ाने की अपील की। समारोह का संचालन सुधीर रंजन द्विवेदी ने किया।

जमीनी विवाद में सोते वक्त सौतेली मां को मारी गोली, हालत नाजुक

अवधनामा संवाददाता

आरोपी समेत दो के खिलाफ केस दर्ज कर धड़पकड़ में जुटी पुलिस

फाजिलनगर, कुशीनगर। नगर पंचायत के वार्ड नंबर छः निवासी एक युवक ने जमीनी विवाद में अपनी सौतेली मां को सोते समय मंगलवार की रात करीब एक बजे गोली मारकर घायल कर दिया। गोली की आवाज सुनने पर अगल बगल के लोग जब मौके पर पहुंचे तो वह फरार हो गया था।

घटना के लोगों ने घायल महिला को सीएचसी पहुंचाया जहां प्राथमिक उपचार के बाद जिला अस्पताल रेफर कर दिया जहां उसका इलाज चल रहा है। उक्त वार्ड निवासी स्व. रविन्द्र सिंह की दो शादी हुई थी। पहली पत्नी से एक पुत्र विशाल है जबकि दुसरी पत्नी सुमित्रा उम्र 40 वर्ष से एक बेटा और दो बेटियां है। पिता के मरने के बाद जमीन बेटों और दूसरी पत्नी के नाम वरासत हो गया। ग्रामीणों के अनुसार विशाल अपने हिस्से का काफी जमीन बेच दिया है। इसमें कुछ विवाद होने की स्थिति में उसके सौतेली मां ने खारिज दाखिल पर न्यायालय में आपत्ति दाखिल किया था। जिसको लेकर दोनों में अक्सर कहा सुनी होती रहती थी। बुधवार के रात्री विशाल अपने तीन दोस्तों को घर पर भोजन के लिए बुलाया और देर रात्रि तक दावत चलता रहा। इस दौरान उसकी सौतेली मां सो गई थी। एक बजे के आसपास लोगों ने गोली चलने की आवाज सुनी तो आवाज के दिशा में पहुंचे घर का दरवाजा खुला था अंदर जानें पर महिला बेसुध हालत में खून से लथपथ पड़ी थी। उसके जांघ और गर्दन पर गोली के निशान थे। इसके बाद उसे सीएचसी फाजिलनगर पहुंचाया गया जहां प्राथमिक उपचार के बाद जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया जहां उसका इलाज चल रहा है। सुचना के बाद पहुंची पुलिस ने घटना की जानकारी लेने के बाद आरोपियों के गिरफ्तारी में जुट गई। लोगों के अनुसार पुलिस विशाल के दोस्तों को गिरफ्तार कर पूछताछ कर रही है। इस सम्बन्ध में थानाध्यक्ष राकेश रोशन सिंह ने बताया की घायल महिला के भाई के तहरीर पर विशाल सहित दो लोगों पर हत्या के प्रयास का मुकदमा दर्ज कर आरोपियों के गिरफ्तारी का प्रयास किया जा रहा है।

के एल शर्मा ने अमेठी पहुंचकर कांग्रेसियों के साथ की मंत्रणा

अमेठी। नामांकन करने की अवधि धीरे-धीरे बीती जा रही है लेकिन अभी तक कांग्रेस ने अपना उम्मीदवार नहीं घोषित किया है। बुधवार को सोनिया गांधी के प्रतिनिधि किशोरी लाल शर्मा अमेठी पहुंचे और कांग्रेस नेताओं कार्यकर्ताओं के साथ बैठक कर उन्होंने मंत्रणा की। कयास लगाया जा रहा है कि राहुल गांधी और प्रियंका गांधी में से कोई एक शीघ्र ही अमेठी से अपना नामांकन पत्र दाखिल करेगा। कांग्रेसी इस बात से आश्वस्त भी नजर आ रहे हैं। उल्लेखनीय है कि मंगलवार को कांग्रेसियों ने गौरीगंज स्थित पार्टी कार्यालय पर सत्याग्रह किया था। जिसमें यह मांग की गई थी कि अमेठी से गांधी परिवार का ही कोई व्यक्ति उम्मीदवार चाहिए। जिसमें राहुल गांधी या प्रियंका गांधी के नाम की तख्ती लेकर कांग्रेसी सत्याग्रह कर रहे थे और अपनी आवाज बुलंद कर रहे थे। इसी दरमियान किसी-किसी गांव में प्रियंका गांधी को उम्मीदवार बनाए जाने या राहुल गांधी को उम्मीदवार बनाए जाने के लिए ग्रामीण मुखर भी नजर आए। इन परिस्थितियों के बीच के एल शर्मा अमेठी पहुंचे और कांग्रेसी कार्यकर्ताओं के साथ पार्टी पदाधिकारियों के साथ बैठक कर मंत्रणा की। इसके संकेत यह मिल रहे हैं कि कल या परसों में राहुल गांधी या प्रियंका गांधी अमेठी से नामांकन करेंगे। जिसकी तैयारी हो रही है।पार्टी के सूत्र यह बता रहे हैं की पूरी तैयारी कर ली गई है।संसदीय क्षेत्र अमेठी की जनता कांग्रेस की ओर से प्रत्याशी न घोषित किए जाने से काफी मायूस नजर आ रही है हर जुबान पर एक सवाल है कि अभी तक कांग्रेस ने अपना प्रत्याशी क्यों नहीं घोषित किया।

प्रेम प्रसंग में युवती ने छत की रेलिंग से लटकर दी जान

अवधनामा ब्यूरो

प्रेमी व उसका दोस्त गिरफ्तार, पूछताछ कर रही पुलिस

कुशीनगर। जिले के अहिरौली बाजार थाना क्षेत्र में एक हैरान करने वाला मामला सामने आया है। यहां एक 12वीं की छात्रा ने प्रेम प्रसंग में छत के रेलिंग से लटकर आत्महत्या कर लिया। इस मामले में पुलिस ने गांव के ही प्रेमी व उसके साथी को गिरफ्तार कर पूछताछ कर रही है। उधर युवती के शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। बताया जा रहा है कि अहिरौली बाजार थाना क्षेत्र के भगवानपुर गांव निवासी एक युवती से गांव के ही एक युवक से दो सालों से प्रेम प्रसंग चल रहा था। किसी बात को लेकर युवती बुधवार को आत्महत्या कर लिया। परिजनों के अनुसार युवक को कई बार समझाया गया था। इतना ही नहीं हम लोगों द्वारा दो बार नंबर भी चेंज किया। उसके बाद भी वह आदत नही छोड़े और साथ ही फोन करने का सिलसिला जारी रहा। बीते 29 तारीख को लड़के के माता-पिता से शिकायत की गई थी लेकिन अपने लड़कों को समझाने के बजाय मेरे ही घर आकर गाली-गलौज करने लगे और मारपीट करने पर उतारू हो गए। फिलहाल लड़की के पिता द्वारा नामजद तहरीर देकर कार्यवाही की मांग किया था। सूचना के बाद मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। मृतक छात्रा अनुपमा चौहान उम्र 17 वर्ष की है जो अहिरौली बाजार के बंसी सिंह इंटरमीडिएट कॉलेज में 12वीं की छात्रा थी। इस मामले में अपर पुलिस अधीक्षक अभिनव त्यागी का कहना है कि युवती के मौत के मामले में प्रेमी व उसके दोस्त को गिरफ्तारी किया गया है। मामला प्रेम प्रसंग से जुड़ा है, पुलिस अन्य पहलुओं के बारे में पता कर रही है।

सड़क पार करते समय ट्रक की चपेट में आने से युवक की मौत

अवधनामा ब्यूरो

कुशीनगर। चौरा खास थाना क्षेत्र के बनकटा- कटेया मार्ग पर बुधवार को सुबह करीब दस बजे बनकटा पुलिस चौकी के पास पर सड़क पार करते समय ट्रक की चपेट में आने से एक 19 वर्षीय युवक गम्भीर रुप से घायल हो गया। जिसे इलाज जेई लिए पडरौना ले जाते समय रास्ते में ही मौत हो गया। जबकि चालक मौके से फरार हो गया। चौरा खास थाना क्षेत्र के गांव कोइलसवा बुर्जुग के टोला लवंगियाडीह निवासी प्रमोद कुमार उम्र 19 वर्ष बनकटा बाज़ार मे ही रह कर दैनिक मजदूरी करता था। बुधवार की सुबह किसी काम से बनकटा पुलिस चौकी पर गया था। वहां से लौटते समय बनकटा के तरफ से तेज गति आ रहे ट्रक के चपेट आकर गंभीर रुप से घायल हो गया। घटना के बाद जबतक लोग मौके पर पहुंचे ट्रक चालक ट्रक छोड़कर फरार हो गया। घटना के बाद परिजन उसे सीएचसी फाजिलनगर ले गए जहां प्राथमिक उपचार के बाद डाक्टरों ने जिला अस्पताल रेफर कर दिया। जिला अस्पताल पडरौना के जाते समय रास्ते में ही उसकी मौत हो गई। मृतक दो भाइयों में छोटा था। वर्तमान में उसके बड़े भाई व पिता कमाने के लिए बाहर गए है। घटना की जानकारी होने पर परिजनों का रो रोकर बुरा हाल है। युवक दो भाईयों में छोटा लड़का था। पिता और बड़ा भाई मजदूरी करने के लिऐ बाहर गए हैं। इस सम्बन्ध में थानाध्यक्ष चौराखास चंद्रभूषण प्रजापति ने बताया कि शव को पीएम के लिए भेजते हुए मृतक का चाचा के तहरीर पर मुकदमा दर्ज अन्य विधिक कार्रवाई किया जा रहा है।

सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि Bansh infra home project pvt LTD अबुकर नगर प्रो. विवेक गुप्ता 29-07-2021 को आग लगने से सारे दस्तावेज जल गए कंपनी अपने ग्राहक को सूचना दे रही है। अपना सारा पेपर कंपनी के वकील को दिखाकर बाकी का पैसा देकर जमीन अपना रजिस्ट्री करा ले अन्यथा कंपनी के ग्राहक के पैसे की कोई जिम्मेदारी नहीं होगी।

मतदान केन्द्रों पर व्यवस्थाएं दुरुस्त रखें: जिला निर्वाचन अधिकारी

अवधनामा संवाददाता

मतदाताओं से संवाद कर अधिक से अधिक मतदान हेतु की अपील

ललितपुर। जनपद में लोक सभा सामान्य निर्वाचन- 2024 को सकुशल, शांतिपूर्ण एवं निष्पक्ष ढंग से संपन्न कराए जाने हेतु जिला मजिस्ट्रेट/जिला निर्वाचन अधिकारी अक्षय त्रिपाठी एवं पुलिस अधीक्षक मो. मुश्ताक ने उच्च प्राथमिक विद्यालय सिविल लाइन (कम्पोजिट) नगर क्षेत्र, राजकीय आईटीआई एवं इंग्लिश मीडियम प्राईमरी स्कूल बैरवारा का निरीक्षण किया, साथ ही केन्द्रों में मौजूद भौतिक व्यवस्थाओं का जायजा लिया। उन्होंने मतदाताओं से संवाद कर अधिक से अधिक मतदान करने की अपील की। निरीक्षण के दौरान मतदान केन्द्रों का अवलोकन किया गया, तथा व्यवस्थाएं दुरुस्त करने के निर्देश दिये। जिलाधिकारी ने सम्बंधित अधिकारियों को निर्देशित करते हुए कहा कि जनपद में 20 मई को मतदान दिवस पर सम्भावित गर्मी के दृष्टिगत पर्याप्त पेयजल, बैठने हेतु छायादार स्थान, परिसर में टेण्ट, शौचालय, कक्षों में पर्याप्त प्रकाश व्यवथा, रैम्प आदि के साथ वैकल्पिक व्यवस्था भी सुनिश्चित करायें। मौके पर जिलाधिकारी ने मतदाताओं से वार्ता कर कहा कि सभी मतदाता शान्तिपूर्ण ढंग से अधिक से अधिक मतदान करें,

मतदाता किसी भी बहकावे न आकर निर्भीक होकर मतदान करें और किसी भी घटना की सूचना हेतु निर्वाचन टोलफ्री नम्बर 1950 पर तत्काल जानकारी दें। इस हेतु जिला प्रशासन द्वारा तैयारियां पूर्ण कर ली हैं, किसी भी स्तर पर कोई कमी नहीं होने दी जाएगी। जनपद में रिकॉर्ड मतदान कराने में किसी भी स्तर पर कमी नहीं होनी चाहिए। उन्होंने अधिकारियों को निर्देशित करते हुए कहा कि समस्त जोनल एवं सेक्टर मजिस्ट्रेट लगातार भ्रमणशील रहकर मतदेय स्थलों की निगरानी करें, साथ ही क्रिटिकल एवं वल्नरेवल बूथों पर पुलिस बल तैनात रहे। पुलिस अधिकारी मतदान के दौरान अराजक तत्वों पर बारीक नजर बनाये रखें। लोक सभा सामान्य निर्वाचन को शांतिपूर्ण निष्पक्ष एवं पारदर्शिता से सम्पन्न कराना जिला प्रशासन की प्राथमिकता है, इसमें कोई भी कसर नहीं छोड़ी जायेगी। उन्होंने निर्देश दिये कि मतदाताओं को अधिक से अधिक मतदान हेतु जागरुक किया जाए, विभिन्न मतदाता जागरुकता कार्यक्रमों में अधिक से अधिक मतदाताओं की सहभागिता सुनिश्चित की जाए। ग्राम पंयायत स्तर पर भी टोलियां बनाकर भ्रमण कराया जाए, साथ ही इसमें बच्चों, बुजुगो व महिलाओं का सहयोग लिया जाए। निरीक्षण दौरान उप जिलाधिकारी चन्द्रभूषण प्रताप सहित अन्य सम्बंधित अधिकारीगण उपस्थित रहे।

जनसमुदाय तक शुद्ध पेयजल की उपलब्धता प्राथमिकता है: डीएम

अवधनामा संवाददाता

ललितपुर। जनपद में पेयजल समस्या के स्थायी समाधान हेतु जिलाधिकारी अक्षय त्रिपाठी ने ग्रीष्मकाल की शुरुआत से ही प्रयास करने प्रारंभ कर दिये हैं, जिसके तहत वे प्रत्येक वार्ड में जाकर लोगों से संवाद कर रहे हैं और प्रमुख विभागों के अधिकारियों को मौके पर ही समस्या के निस्तारण हेतु निर्देशित कर रहे हैं। 01 मई 2024 को जिलाधिकारी ने जल संस्थान डोंडाघाट, तालाबपुरा स्थित समस्त पम्पिंग प्लान्ट एवं नझाई बाजार

जलकल का औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान प्लांट में गंदगी पायी गई, गुटके आदि के पाउच पड़े हुये मिले, जिस पर जिलाधिकारी ने अधिशासी अभियंता जल संस्थान को कारण बताओ नोटिस जारी करने के निर्देश देते हुए कहा कि जनसमुदाय तक शुद्ध पेयजल की उपलब्धता प्राथमिकता है, इस हेतु गंभीरतापूर्वक कार्य करें, नियमित सफाई कर लोगों तक शुद्ध पेयजल की उपलब्धता सुनिश्चित करायें। उन्होंने पम्प हाउस, कैम्पस आदि की साफ-सफाई, जल संस्थान की वाउण्ड्रीवाल के किनारे अवैध रूप से रखे ईट, मोरम-वालू आदि को जब्त कराने एवं पम्प-हाउसों पर तैनात कार्मिकों द्वारा लॉग-बुक भरे जाने के निर्देश दिये। इस मौके पर अधिशासी अभियन्ता जल संस्थान शिवराज वर्मा व अवर अभियन्ता अभिलेश कुमार सहित अन्य स्टाफ की उपस्थिति रही।

पच्चीस हजार का ईनामिया गिरफ्तार

अवधनामा संवाददाता

एसओजी, सर्विलांस व कोतवाली पुलिस को मिली सफलता

ललितपुर। धोखाधड़ी कर बैंक से लोन ली गयी रकम को दोगुना करने के नाम पर हड़प करने के मामले में वांछित इनामिया बदमाश को कोतवाली पुलिस ने सर्विलांस और एसओजी टीम की मदद से पकडने में सफलता हांसिल की है। प्रकरण में अवैध रुपयों की मांग करने का भी एक अन्य मुकद्दमा दर्ज होना बताया जा रहा है। वहीं दूसरी ओर पुलिस ने अग्रिम कार्यवाही शुरू कर दी है।

बताया गया है कि पुलिस अधीक्षक मो.मुश्ताक के निर्देशन में एएसपी अनिल कुमार एवं सीओ सदर अभय नारायण राय के निकट पर्यवेक्षण में जनपद में अपराध एवं अपराधियों के विरूद्ध चलाये जा रहे अभियान के क्रम में थाना कोतवाली पुलिस व एसओजी/सर्विलांस की संयुक्त टीम द्वारा थाना कोतवाली में धारा 420, 406, 504, 506 और 386, 504, 506 में दर्ज मामलों में वांछित चल रहे क्षेत्रपाल मंदिर के पीछे सिविल लाइन निवासी अजय रावत पुत्र राजनारायण को सिलगन तिराहा के पास से पुलिस ने दविश देकर हिरासत में लिया है। पुलिस ने बताया कि अजय रावत पर 25 हजार रुपये का इनाम भी घोषित किया गया था। पकड़े गये बदमाश के पास से पुलिस ने मोबाइल फोन व 530 रुपये की नकदी बरामद की है। इनामिया बदमाश को पकडने वाली टीम में कोतवाली प्रभारी शशिभूषण, नई बस्ती चौकी प्रभारी विनीत कुमार सिंह, दैलवारा चौकी प्रभारी राहुल कुमार, एसओजी प्रभारी राहुल सिंह, हे.कां.योगेन्द्र सिंह, हे.कां.शिववीर सिंह, हे.कां.शीलेन्द्र सिंह, कां.गनेश, कां.जितेन्द्र, हे.कां.स्वदेश कुमार, हे.कां. जितेन्द्र सिंह, हे.कां.प्रशान्त कुमार आदि शामिल रहे।

षड़यंत्र कर रचा जा रहा पत्रकारों की आवाज दबाने का कुचक्र

अवधनामा संवाददाता

पत्रकारों ने एकजुट होकर मुख्यमंत्री को भेजा ज्ञापन

ललितपुर। समाज में बढ़ रहे अपराधों के खिलाफ जनता की मुखर आवाज बनकर शासन-प्रशासन तक दबे, कुचले, शोषित और वंचितों की आवाज उठाने वाले पत्रकारों की आवाज को ही दबाने का कार्य किया जा रहा है। पत्रकारों को संविधान में निहित अधिकारों का हनन किये जाने के मामले भी खूब प्रकाश में आते रहते हैं। बुधवार को शहर के सिविल लाइन निवासी वरिष्ठ पत्रकार मो.हबीब के नेतृत्व में पत्रकारों पर दर्ज फर्जी मुकद्दमों को वापस लिये जाने की मांग को पुरजोर तरीके से उठाते हुये मुख्यमंत्री को संबोधित एक ज्ञापन जिलाधिकारी के माध्यम से भेजा है।

ज्ञापन में उन्होंने मुख्यमंत्री को अवगत कराया कि विगत वर्षों में जनपद के पत्रकारों के विरूद्ध प्रार्थना पत्र पहुंचते ही पुलिस द्वारा बगैर किसी जांच के फर्जी तरीके से मुकद्दमे दर्ज कर लिये जाते है। पत्रकार यदि किसी के खिलाफ पुष्ट

खबर लिखता है तो सम्बन्धित व्यक्ति द्वारा शासन व प्रशासन का ध्यान भटकाने के उद्देश्य से पत्रकार पर बेबुनियाद आरोप लगाकर शिकायती पत्र दे देता है, जिस पर पुलिस बिना तथ्यों की जांच किये मुकद्दमा दर्ज कर लेती है। कहा कि ऐसी स्थिति में निष्पक्ष पत्रकारिता पर अंकुश लगता है, क्योंकि भ्रष्टाचार के खिलाफ खबर लिखने के बदले में मुकद्दमा झेलना पत्रकारिता के हित में नहीं है। उन्होंने बताया कि विगत दिनों दैनिक समाचार पत्र अवध की जंग के सम्पादक मो.हबीब द्वारा सट्टा माफियाओं के खिलाफ लगातार समाचार प्रकाशित किये गये, जिससे क्षुब्ध होकर सट्टा माफियाओं द्वारा विगत 26 अप्रैल को रात करीब 9 बजे पत्रकार के घर जाकर जान से मारने की धमकी दी गयी। ज्ञापन देते समय मो.हबीब, प्रेस क्लब के पूर्व महामंत्री सत्येन्द्र प्रताप सिंह सिसौदिया, पूर्व महामंत्री अंतिम जैन पारौल, संभव सिंघई, ध्रुव राजा सिसौदिया, हितेन्द्र रिंकू बड़घरिया, इरशाद मंसूरी, राहुल शुक्ला, देवेन्द्र साहू, अमित राठौर आदि मौजूद रहे।

ईवीएम का रैण्डमाईज़ेशन संपन्न

अवधनामा संवाददाता

बहराइच। लोकसभा सामान्य निर्वाचन-2024 के लिए कलेक्ट्रेट परिसर स्थित राष्ट्रीय सूचना विज्ञान केन्द्र बहराइच में जिलाधिकारी मोनिका रानी व सामान्य प्रेक्षक अनिल राज राय तथा लोकसभा सामान्य निर्वाचन-2024 में चुनाव लड़ रहे प्रत्याशी, राजनैतिक दलों के प्रतिनिधि एवं प्रत्याशियों के निर्वाचन अभिकर्ताओं की मौजूदगी में 56-बहराइच (आ ज.) संसदीय निर्वाचन क्षेत्र में समाहित विधानसभा क्षेत्रों 282-बलहा, 283-नानपारा, 284-मटेरा, 285-महसी व 286-बहराइच के बूथवार इलेक्ट्रानिक वोटिंग मशीनों का द्वितीय रेण्डमाइज़ेशन का कार्य सम्पन्न हुआ। इस अवसर पर उप जिला निर्वाचन अधिकारी गौरव रंजन

श्रीवास्तव, उप जिलाधिकारी सदर प्रिंस वर्मा, नानपारा अश्वनी पाण्डेय, महसी के अखिलेश कुमार सिंह, अतिरिक्त मजिस्ट्रेट राम दयाल, जिला सूचना विज्ञान अधिकारी योगेश यादव, प्रभारी ईवीएम कमला शंकर, सहायक निर्वाचन अधिकारी शिखा श्रीवास्तव व अन्य अधिकारी, भाजपा से बैजनाथ रस्तोगी, सपा से चन्द्रकांत, बसपा से धमेन्द्र कुमार, भारतीय आवाम पार्टी (राष्ट्रीय) राजेन्द्र सिंह, राष्ट्र धारक दल के रोशन लाल नाविक, निर्दलीय प्रत्याशी जगराम, जर्नादन गोंड व रमेश बाल्मीकी तथा अन्य सम्बन्धित मौजूद रहे।

420 लीटर कच्ची शराब सहित एक अभियुक्त पुलिस गिरफ्त में

अवधनामा संवाददाता

फिरोजाबाद। आगामी लोकसभा चुनाव को प्रभावित करने के उद्देश्य से अवैध रुप से चल रही शराब भट्टी का भंडाफोड़ करने के इरादे से थाना उत्तर पुलिस द्वारा अभियुक्त को 420 लीटर अवैध कच्ची देशी शराब व भारी मात्रा में शराब बनाने के उपकरणों के साथ गिरफ्तार किया गया है। आगामी लोकसभा चुनाव को दृष्टिगत रखते हुये वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक फिरोजाबाद द्वारा शराब बनाकर बिक्री करने वाले अपराधियों पर सतर्क दृष्टि रखते हुये उनके विरुद्ध कठोर कार्यवाही करने हेतु दिशा निर्देश निर्गत किये गए थे जिसके क्रम मे थाना उत्तर पुलिस टीम द्वारा 30-04-2024 की रात्रि में समय करीब 22.50 बजे अपर पुलिस अधीक्षक

नगर के पर्यवेक्षण एवं क्षेत्राधिकारी नगर के कुशल नेतृत्व में मुखबिर की सूचना पर अभियुक्त 1.भूरा पुत्र हजारी लाल को प्लास्टिक की 05 अदद केन जिनमें 60-60 लीटर अवैध कच्ची देशी शराब, व 03 अदद प्लास्टिक की छोटी कैन जिनमें 40-40 लीटर अवैध कच्ची देशी शराब (कुल मात्रा 420 लीटर) तथा प्लास्टिक की 05 अदद केन जिनमें 60-60 लीटर अवैध कच्ची देशी शराब, 03 अदद छोटी कैन प्लास्टिक की जिनमे 40-40 लीटर कच्ची देशी शराब, कुल 420 लीटर अवैध कच्ची देशी शराब, टीन के कनस्तर, 01 अदद गैस सिलेण्डर, 01 अदद गैस चूल्हा, 01 प्लास्टिक की बाल्टी, 01 प्लास्टिक मग्गा, 01 प्लास्टिक का पाईप, 01 अदद डोल्ची, शराब बनाने के अन्य उपकरणों के साथ जलेसर रोड़ शनि मन्दिर के आगे ऊंची बाऊन्ड्री हुए एक प्लाट से गिरफ्तार किया गया है। बरामदगी अवैध शराब एवं गिरफ्तारी के आधार पर अभियुक्त भूरा के विरूद्ध थाना उत्तर पर मु0अ0स0- 285/24 धारा 60(2) आबकारी अधिनियम पंजीकृत कर अभियुक्त को न्यायालय के समक्ष पेश किया जा रहा है। गिरफ्तारी करने वाली पुलिस टीम में शामिल रहे थानाध्यक्ष वैभव कुमार सिंह, उ0नि0 जतिनपाल चौकी प्रभारी विभवनगर, उ0नि0 अशोक कुमार चौकी प्रभारी ककरऊ कोठी, है0का0 636 सतीश चन्द, का0 811 दिनेश कुमार, का0 257 अनिल छोकर, का0 840 प्रेम सिंह थाना उत्तर जनपद फिरोजाबाद।

दुष्कर्म अभियुक्त पुलिस के शिकंजे में

फिरोजाबाद। थाना दक्षिण पुलिस टीम ने दुष्कर्म में वांछित चल रहे अभियुक्त को गिरफ्तार किया है। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक फिरोजाबाद के निर्देशन, अपर पुलिस अधीक्षक नगर के सफल पर्यवेक्षण एवं क्षेत्राधिकारी नगर के नेतृत्व में वारण्टी / वाँछित अभियुक्तगणों की गिरफ्तारी हेतु चलाये जा रहे अभियान के क्रम में थाना दक्षिण पुलिस टीम द्वारा चैकिंग संदिग्ध व्यक्ति / वाहन के दौरान मुखबिर की सूचना पर थाना दक्षिण पर पंजीकृत मुअसं 750/2023 धारा 376 ड़ी भादवि0 में वांछित अभियुक्त मोहित यादव पुत्र सुम्मेर सिंह को सर्विस रोड़ जैन मन्दिर से गिरफ्तार किया गया। अभियुक्त मोहित यादव को न्यायालय के समक्ष पेश किया जा रहा है।

ब्राह्मण नेताओं ने मेनका गांधी को जिताने का लिया संकल्प

अवधनामा संवाददाता

सुल्तानपुर। लोकसभा चुनाव के मद्देनजर जनपद में ब्राह्मण नेताओं की ओर से पूर्व मंत्री जय नारायण तिवारी के आवास पर बैठक की गई। उक्त बैठक में जिले के दिग्गज ब्राह्मण नेताओं द्वारा अपने-अपने विचार व्यक्त करते हुए ने भाजपा प्रत्याशी मेनका गांधी को जिताने का संकल्प लिया गया।सभी ने एक बार फिर 38 संसदीय क्षेत्र सुल्तानपुर सीट कों भाजपा की झोली में डालने का संकल्प लिया। पूर्व मंत्री जय नारायण तिवारी की अगुवाई में हुई बैठक में जनपद के दर्जनों की संख्या में दिग्गज ब्राह्मण नेताओं द्वारा बड़ी बैठक करते हुए भूमिका बनाई गई।जिसमें तमाम नेताओं द्वारा मेनका गांधी के कार्यों की सराहना करते हुए कहा गया कि देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी व प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के द्वारा किए गए कार्यों व जनपद में मेनका गांधी के द्वारा जमीनी स्तर पर किए गए कार्य सनसनीय है ।जिसको देखते हुए एक बार फिर से भाजपा प्रत्याशी मेनका गांधी को जिताना अति आवश्यक है। बढ़-चढ़कर ब्राह्मण नेताओ ने आह्वान किया कि सभी विप्र बंधु एक जुटता का परिचय देते हुए भाजपा प्रत्याशी को जीतने के लिए तन मन से लग जाए और एक ऐतिहासिक जीत दिलाने का काम करे।

भाजपा प्रत्याशी पूर्व केंद्रीय मंत्री मेनका संजय गांधी ने रैली निकालकर किया नामांकन

सुल्तानपुर। अयोध्या प्रयाग राष्ट्रीय राजमार्ग पर सांसद मेनका गांधी ने विशाल रैली निकालकर कलेक्ट्रेट में नामांकन किया।उक्त अवसर पर उनके साथ जिलाध्यक्ष आरए वर्मा, शहर विधायक विनोद सिंह, जयसिंहपुर विधायक राज प्रसाद उपाध्याय, पालिकाध्यक्ष प्रवीण अग्रवाल के साथ सैकड़े की संख्या में भाजपा कार्यकर्ता पार्टी का झंडा लहरा रहे थे।नगर के पयागीपुर चौराहे समेत अन्य स्थानों पर रूट डायवर्जन प्रभावी

रहा। कलेक्ट्रेट में पहुंचकर मेनका गांधी ने नामांकन किया।काफिले पर पुष्प वर्षा होती रही।उन्होंने नानकन के बाद दीवानी के निर्माणाधीन पार्किंग स्थल पर जनसभा को संबोधित किया। मेनका गांधी ने बीजेपी सरकार के दो मंत्रियों के साथ नामांकन किया। भारतीय जनता पार्टी के कार्यकर्ता और पदाधिकारी में उत्साह का माहौल रहा। मुख्य सड़क रैली पर देखने वालों का

संक्षिप्त समाचार

उ0प्र0 मुख्यमंत्री आज सिरसागंज में

फिरोजाबाद। जनपद के क्षेत्र सिरसागंज नगर में आज उ0प्र0 के मुख्यमंत्री एक जनसभा को सम्बोधित कर लोकसभा चुनाव के फिरोजाबाद भाजपा प्रत्याशी के समर्थन में वोट मांगेगे। प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ फिरोजाबाद क्षेत्र के सिरसागंज में आज गुरूवार को भाजपा प्रत्याशी विष्वदीप सिंह के समर्थन में नगर के गिरधारी इण्टर कॉलेज के मैदान पर एक चुनावी जनसभा को सम्बोधित करेंगे। उ0प्र0 शासन लखनऊ से मिली सूचना के अनुसार मुख्यमंत्री का हैलीकॉप्टर दोपहर लगभग 2:15 मिनट गिरधारी इण्टर कॉलेज सिरसागंज हैलीपैड पर उतरेगा। वहां से मुख्यमंत्री कार द्वारा सभास्थल पर पहुंचेगे और सभा को सम्बोधित करेंगे।

सीएम के आगमन पर चाक-चौबन्ध व्यवस्था

फिरोजाबाद। आज 2 मई 2024 को मुख्यमंत्री उत्तर प्रदेश की थाना सिरसागंज क्षेत्रान्तर्गत जनपद फिरोजाबाद में आयोजित होंने वाली जनसभा को सकुशल सम्पन्न कराने हेतु चाक चौबन्द सुरक्षा व्यवस्था के दृष्टिगत जिलाधिकारी फिरोजाबाद एवं वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक फिरोजाबाद द्वारा ड्यूटी में तैनात किए गए पुलिस/ प्रशासनिक अधिकारी / कर्मचारीगण को पुलिस लाइन परिसर में ब्रीफिंग करते हुए आवश्यक दिशा निर्देश दिए गए। इस दौरान समस्त पुलिस / प्रशासनिक अधिकारी उपस्थित रहे।

चैतन्य टेक्नो स्कूल में मनाया गया मजदूर दिवस

टूंडला। चैतन्य टेक्नो स्कूल फिरोजाबाद में मजदूर दिवस सम्मान के रूप में छात्रों द्वारा सहायक कर्मचारियों को आभार कार्ड व गिफ्ट्स भेंट कर मनाया। इस दौरान सभी विद्यार्थियों ने बढ़चढ़ कर हिस्सा लिया व स्कूल के सहायक कर्मचारियों, ड्राइवर व माली काका का धन्यवाद किया। इस अवसर पर प्रिसिपल श्रीमती शिव नागरानी व आरआई कपिल सक्सेना ने छात्रों को उनकी भागीदारी के लिए प्रोत्साहित किया और उन्हें मजदूर दिवस के महत्व की जानकारी दी। उन्होंने कहा कि सभी को मजदूर वर्ग की मेहनत व समर्पण का सम्मान व सराहना करनी चाहिए। हर निर्माण कार्य में मजदूर की भूमिका अहम होती है। इस मौके पर बड़ी संख्या में स्कूली छात्र-छात्राएं व स्कूल स्टॉफ मौजूद मौजूद रहा।

रेलवे ई-टिकटों की कालाबाजारी में गिरफ्तार

टूंडला। क्राइम विंग व आरपीएफ पुलिस द्वारा फिरोजाबाद से एक रेलवे की ई-टिकिटों की कालाबाजारी करने वाले एक अभियुक्त को गिरफ्तार कर जेल भेजा है। रेलवे क्राइम विंग टूंडला को जानकारी मिली कि फिरोजाबाद में आदेश कम्युनिकेशन नामक दुकान पर सामान्य कोटे की ई-टिकटें बनाकर रेलवे के ई-टिकटों की कालाबाजारी की जा रही है। सूचना पर क्राइम विंग टूंडला तथा आरपीएफ फिरोजाबाद ने छापेमार कार्यवाई करते हुए वहां से एक शातिर को पकड़ लिया। जिसने अपना नाम आदित्य गुप्ता पुत्र आदेश कुमार गुप्ता निवासी पेमेश्वर गेट उर्वशी तिराहा, थाना दक्षिण, जिला फिरोजाबाद बताया। मौके पर कम्पयूटर सिस्टम व 1500 रूपया, एक ई टिकिट,10 भविष्य टिकिट बरामद की हैं। अभियुक्त को जेल भेजा गया है। छापेमार टीम में क्राइम बिंग के एएसआई विनोद गौतम, एचसी नरेन्द्रपाल, एसआई नंदराम वर्मा, एलसीटी आरती शामिल रहे।

सैकड़ों विद्यार्थियों को किया पुरस्कृत और सम्मानित

राणा प्रताप पी जी कॉलेज में सम्मान समारोह आयोजित हुआ

अवधनामा संवाददाता

सुल्तानपुर। अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद राणा प्रताप पी जी कॉलेज इकाई द्वारा कुशभवनपुर सामान्य ज्ञान प्रतियोगिता ,सड़क सुरक्षा जागरूकता निबंध प्रतियोगिता, डॉ भीमराव अंबेडकर- व्यक्तित्व एवं कृतित्व निबंध प्रतियोगिता का पुरस्कार वितरण एवं सम्मान समारोह आयोजित किया गया। प्रान्त सहमंत्री शुभेन्द्रवीर सिंह ने अभाविप के विद्यार्थी, समाज और राष्ट्रहित के विविध कार्यो की विस्तार से चर्चा की। मुख्य अथिति और महाविद्यालय के प्राचार्य प्रो डी के त्रिपाठी ने कहा अभाविप के युवा कार्यकर्ता राष्ट्र के उन्नयन में हरपल तत्पर है। परिषद गीत से एबीवीपी के महान धेय्य का पता चलता है। कैंपस में संगठन रचनात्मक कार्य कर रहा है। डॉ भीमराव अंबेडकर व्यक्तित्व एवं कृतित्व

निबंध प्रतियोगिता के परिणाम की घोषणा असिस्टेंट प्रोफेसर शांतिलता कुमारी ने किया। इस प्रतियोगिता में प्रथम स्थान अंकुर मिश्रा, द्वितीय स्थान नंदिनी,तृतीय स्थान विवेक कुमार निषाद को मिला। सांत्वना पुरस्कार अंशिका सिंह,मारुत कुमार,आभा शर्मा,जुली बानो को मिला। डॉ सीमा सिंह ने सड़क सुरक्षा एवं जागरूकता निबंध प्रतियोगिता परिणाम की घोषणा की। प्रतियोगिता में अंकुर मिश्रा प्रथम,अंकिता कसौधन द्वितीय, पूनम मौर्या तृतीय स्थान पर रही।विशिष्ट अतिथि डॉ भारती सिंह ने कहा एबीवीपी के लोककल्याणकारी कार्य सराहनीय है। असिस्टेंट प्रोफेसर वीरेंद्र गुप्ता ने बी.एड. वर्ग हेतु कुशभवनपुर सामान्य ज्ञान प्रतियोगिता परिणाम की घोषणा किया। शालिनी द्विवेदी बी एड प्रथम वर्ष प्रथम स्थान,वैशाली सिंह बी एड द्वितीय वर्ष द्वितीय स्थान, प्रतीक्षा त्रिपाठी बी एड प्रथम वर्ष तृतीय स्थान प्राप्त की। महाविद्यालय हेतु आयोजित कुशभवनपुर सामान्य ज्ञान प्रतियोगिता में स्थान प्राप्त करने वाले विद्यार्थियों की घोषणा कार्यक्रम अध्यक्ष एवं एबीवीपी विभाग प्रमुख डॉ संतोष अंश ने कहा एबीवीपी विविध प्रतियोगिता आयोजित कर विद्यार्थियों का मनोबल बढ़ा रहा है। गर्मी में विद्यार्थियों और पक्षियों हेतु जलपात्र रखे जा रहे है। इस प्रतियोगिता में मुस्कान सिंह बी ए छठे सेमेस्टर को प्रथम स्थान हेतु 1100 रुपये. सूरज कुमार यादव बी ए छठे सेमेस्टर को द्वितीय स्थान हेतु 700 रुपये, लक्ष्मी सिंह बीएससी प्रथम सेमेस्टर को तृतीय स्थान हेतु 500 रुपये नगद प्रदान किया गया। इस प्रतियोगिता में सांत्वना पुरस्कार रूपक सिंह, अंकुर मिश्र, विजय वर्मा, . नवनीत कुमार, निशा मौर्या, आस्था यादव रश्मि यादव, अनुष्का मौर्या, कुमारी अंतिमा, स्वाति भीम, अंकित कुमार, मनीषा कुमारी को प्राप्त हुआ। सभी 265 प्रतिभागियों को प्रमाण पत्र, मेडल, मोमेंटो प्रदान किया गया। आभार ज्ञापन इकाई अध्यक्ष परमेन्द्र सिंह ने किया। कार्यक्रम का संचालन अंशिका सिंह ने किया। इस अवसर पर संगठन मंत्री प्रिंस, शिवम दुबे, तेजस, साक्षी सिंह, शिखा, यशस्वी, कीर्ति, राम प्रवेश, आभा, संध्या, विवेक सत्यम चौरसिया आदि उपस्थित रहे।

जनता इंटर कालेज में मेधावी सम्मान समारोह संपन्न

कादीपुर, सुल्तानपुर। माध्यमिक शिक्षा परिषद बोर्ड परीक्षा 2024 मे उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले जनता इंटर कालेज कुण्डा भैरवपुर के मेधावियों का विद्यालय परिसर मे सम्मान समारोह आयोजित हुआ। जहा प्रबंधक दिनेश कुमार सिंह ने जिले मे स्थान बनाने वाले छात्र छात्राओं को पुरस्कृत करते हुए सम्मानित किया और छात्र छात्राओं को विद्यालय परिवार व क्षेत्र का सम्मान बढ़ाने के लिए प्रोत्साहित किया। उन्होंने बच्चो के उज्वल भविष्य की कामना की । स्कूल के कक्षा 10 के मेधावियों मे मांडवी चौरसिया

95.5 प्रतिशत,अर्पित सिंह 94.3 प्रतिशत , सेजल वर्मा 94 प्रतिशत व इंटर मे आयुष सिंह 94.4 प्रतिशत, अभिषेक वर्मा 91.8 प्रतिशत, प्रिया शर्मा 90 प्रतिशत , नीलंशी 90 प्रतिशत को पुरस्कृत करते हुए सम्मानित किया गया । इस मौके पर वीरेंद्र प्रताप सिंह स्मारक महाविद्यालय के प्रबंधक अविजीत प्रताप सिंह उर्फ़ शशांक सिंह, महाविद्यालय के प्राचार्य डा अनिल तिवारी , इंटर कालेज के प्रधानाचार्य वीरेंद्र बहादुर सिंह , राम नरायण सिंह , अनिल कुमार सिंह , भानु प्रताप सिंह अविभावक गण व छात्र छात्राएं मौजूद रहे।

आबकारी दुकानों की बन्दी के लिए आदेश जारी

अवधनामा संवाददाता

बहराइच। लोकसभा सामान्य निर्वाचन-2024 अन्तर्गत चतुर्थ चरण में लोकसभा निर्वाचन क्षेत्र-56 (अ.जा.) बहराइच में 13 मई 2024 तथा पंचम चरण में 20 मई 2024 को लोकसभा निर्वाचन क्षेत्र-57 (आंशिक) कैसरगंज में सम्पन्न होने मतदान तथा 04 जून 2024 को जनपद में सम्पन्न होने वाली मतगणना को स्वतंत्र, निष्पक्ष, शान्तिपूर्ण एवं निर्विघ्न सम्पन्न कराने एवं शान्ति व्यवस्था बनाये रखने के उद्देश्य से जिला मजिस्टेऊट/जिला निर्वाचन अधिकारी, बहराइच मोनिका रानी ने थोक एवं फुटकर बिक्री की समस्त आबकारी अनुज्ञापन (देशी शराब, विदेशी मदिरा, बीयर, भांग, एफ.एल.-2, एफ.एल.-2बी, एफ.एल.-9/9ए, एफ.एल.-16/17, एफ.एल.-41 एवं एफ.एल.-49) दुकानों की बन्दी के सम्बन्ध में आदेश जारी किये हैं। जारी आदेश के अनुसार बन्दी के दिवसों के लिए किसी भी अनुज्ञापी को कोई प्रतिफल अथवा प्रतिपूर्ति देय नहीं होगा। डीएम द्वारा जारी आदेश के अनुसार लोकसभा निर्वाचन क्षेत्र-56 (अ.जा.) बहराइच अन्तर्गत विधानसभा निर्वाचन क्षेत्र बहराइच सदर, नानपारा, बलहा, मटेरा, महसी अन्तर्गत तथा 08 कि.मी. की परिधि में स्थित समस्त आबकारी अनुज्ञापन 11 मई 2024 को सांय 06:00 बजे से 13 मई 2024 को मतदान की समाप्ति तक, लोकसभा निर्वाचन क्षेत्र-57 (आंशिक) कैसरगंज के विधानसभा निर्वाचन क्षेत्र कैसरगंज एवं पयागपुर अन्तर्गत तथा 08 कि.मी. की परिधि में स्थित समस्त आबकारी अनुज्ञापन 18 मई 2024 को सांय 06:00 बजे से 20 मई 2024 को मतदान की समाप्ति तक पूर्णतया बन्द रहेंगे। इसी प्रकार मतगणना दिवस 04 जून 2024 को शुष्क दिवस रहेगा अर्थात समस्त आबाकरी अनुज्ञापन बन्द रहेंगे।

मंडल रेल प्रबंधक ने रागौल रेलवे स्टेशन का किया औचक निरीक्षण

- कमियां देख स्टेशन प्रबंधक पर भड़के डीआरएम

अवधानामा संवाददाता

मौदहा-हमीरपुर। कानपुर बांदा के बिच रागौल रेलवे स्टेशन सब से अधिक सवारियों के आवागमन वाला स्टेशन है लेकिन यहाँ के स्टाफ द्वारा रेलवे की उपलब्ध सुविधाओं को यात्रियों को नही दिया जाता है जगह जगह गन्दगी तथा पीनें के पानी के प्वाइंट्स की कई टोपियां टूटी होनें के कारण हर समय पानी बर्बाद होता रहता है अचानक निरीक्षण करने पहुंचे मंडल रेल प्रबंधक दो देख स्टाफ के सकते में पड़ गया। डी आर ऐम ने स्टेशन में चल रहे निर्माण कार्य, पेयजल सहित अन्य व्यवस्थाओं को देख स्टेशन प्रबंधन को जमकर फटकार लगाई तथा जल्द कमियों को दुरस्त करने का आदेश दिया, इसके बाद वह अन्य गंतव्य को रवाना हो गए।

बताते चलें कि मौदहा स्थित रागौल रेलवे स्टेशन में आज डी आर एम दीपक कुमार सिन्हा ने औचक निरीक्षण किया, जिसमें उन्होंने निर्माण कार्य सहित अन्य व्यवस्थाओं का जायजा लिया। जिसपर पेयजल व्यवस्था को देख , गंदगी मिलने पर स्टेशन प्रबंधन को जमकर फटकार लगाते हुए व्यवस्थाएं दुरस्त करने को कहा है, इसके साथ ही अचानक डी आर एम के पहुंचने पर स्टेशन स्टॉफ में अफरा तफरी का माहौल हो गया। खास बात यह है कि जब कभी उच्चाधिकारियों का निरीक्षण पूर्व सूचना के अनुसार होता है तो स्टेशन को खूब सजा दिया जाता ताकि कमियों में पर्दा डाला जा सके और अधिकारियों जाते ही शौचालय में ताला डाल दिया जाता है, साथ ही यात्रियों को अन्य मूलभूत सुविधाओं से वंचित कर दिया जाता है।

नुक्कड़ नाटक के माध्यम से दिया मतदाता जागरूकता का संदेश

अवधानामा संवाददाता

सरीला हमीरपुर। आगामी लोकसभा चुनाव के मद्देनजर मतदाता जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा है। इसी क्रम में बुधवार को चंडौत गांव के उच्च प्राथमिक विद्यालय के छात्राओं द्वारा नुक्कड़ नाटक के माध्यम से मतदाताओं को जागरूक किया। जिसमें आगामी लोकसभा चुनाव में अधिक से अधिक संख्या में मतदान करने के लिए आम लोगों को प्रेरित किया गया एवं शत प्रतिशत मतदान करने का आह्वान लोगों से किया गया। मौके पर छात्राओं ने बहकावे में तुम कभी आना, सोच समझकर बटन दबाना, छोड़कर अपने सारे काम, पहले चलो करें मतदान, वोट देना गर्व है, जनता का यह पर्व है,का संदेश नाटक के माध्यम से दिया. नाटक के माध्यम से उपस्थित आम जन मानस को मतदाता के महत्व के बारे में समझाया। इस अवसर पर पर्यवेक्षक मूलचंद्र सिंह बीएलओ अश्वनी कुमार, रूपसिंह, सत्यवीर, विनय राजपूत, एवं रामजी सेंगर, नारायण सिंह यादव, सुर्याशकांत सहित आंगनवाड़ी कार्यकत्रियां मौजूद रहीं।

प्रेम प्रसंग के चलते महिला ने प्रेमी के मासूम बच्चे को हसिये से किया घायल

अवधानामा संवाददाता

हमीरपुर। अतरौलिया इलाके में एक महिला ने अपने प्रेमी के 10 वर्षीय मासूम बेटे को हसिया से गला काट दिया। महिला ने हाथ और सिर में भी हसिया से वार कर उसे गंभीर रूप से घायल कर दिया। वारदात को अंजाम देने के साथ आरोपी महिला मौके से फरार हो गई। पुलिस ने घायल मासूम को राठ सीएचसी में भर्ती कराया है। जहां डॉक्टरों ने घायल बच्चे का प्राथमिक उपचार कर झांसी मेडिकल कॉलेज के लिए रेफर कर दिया।

झांसी जनपद के समथर का रहने वाला महताब जो कि बीते कई वर्षों से अपने मासूम दो पुत्रों और एक पुत्री के साथ राठ के अतरौलिया इलाके में रामकुमार प्रजापति के मकान में रहता है। उसी मकान में रहने वाली कस्तूरी नाम की एक महिला से उसका अवैध बन गए। बीते लगभग एक सप्ताह पूर्व महताब बिहार से नीलम नाम की एक महिला को पत्नी बनाकर राठ ले आया। उसके साथ उसी मोहल्ले में अलग से हरीचरन वर्मा के मकान में किराए पर रहने लगा। महताब की दूसरी महिला के साथ अलग रहने पर नाराज उसकी प्रेमिका कस्तूरी ने गुस्से में उसके 10 साल के बेटे शिवम को बहाने से अपने घर के अंदर बुलाया और धारदार हंसिया से उसका गला रेतकर उसे लहूलुहान कर दिया। मासूम बच्चे का गला रेतने के बाद महिला ने उसके हाथों और सिर पर भी धारदार हसिये से वार कर दिया। महिला उसे मरा हुआ समझ कर छोड़कर भाग गई। मामले में राठ कोतवाली के प्रभारी इंस्पेक्टर ने बताया कि लहूलुहान बच्चों को बेहतर इलाज के लिए झांसी मेडिकल कॉलेज ले जाया गया है। घटना को अंजाम देने वाली महिला की तलाश की जा रही है।

अलग अलग सड़क हादसों में एक महिला सहित पांच घायल

अवधानामा संवाददाता

मौदहा/हमीरपुर। क्षेत्र में हुई अलग-अलग घटनाओं में एक महिला सहित पांच घायल सभी घायलों को गंभीर अवस्था में परिजन एवं राजगीरों की मदद से कस्बे के सरकारी अस्पताल में भर्ती कराया प्राथमिक उपचार के बाद पुष्पेंद्र की हालत में सुधार न होने पर चिकित्सकों ने सदर अस्पताल के लिए रेफर कर दिया।प्राप्त जानकारी के अनुसार मंगलवार की रात कस्बा के मराठीपुरा निवासी पुष्पेंद्र सिंह (32) पुत्र अरुण सिंह अज्ञात कारणों से घर में रखा जहरीला पदार्थ (सल्फास) खा लिया।तबियत बिगड़ने पर परिजनों ने आनंद-फानन कस्बे के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया प्राथमिक इलाज के बाद हालत में सुधार न होने पर चिकित्सकों ने सदर अस्पताल के लिए रेफर कर दिया दूसरी घटना भुलसी निवासी गनेशा (18) पुत्र चंगू साथ में बाइक सवार कल्ली पत्नी भुरा के साथ सिसोलर जा रहे थे तभी खादरा डेरा के पास बाइक का संतुलन बिगड़ जाने पर दोनों बाइक सवार सड़क पर गिर घायल हो गए दोनों घायलों को लहू लुहान हालत में कस्बे के सरकारी अस्पताल में भर्ती कराया तीसरी घटना अतुल गुप्ता (27) पुत्र आसाराम व छोटू गुप्ता (22) पुत्र आसाराम दोनों भाई बाइक में सवार होकर बड़े चौराहा की ओर जा रहे थे बाइक स्लिप हो जाने से सड़क पर घायल हो गए।लहू लुहान हालत में दोनों घायलों को राजगीरों की मदद से कस्बे के सरकारी अस्पताल में भर्ती कराया जहां उनका इलाज जारी है।

इंडिया गठबंधन के प्रत्याशी नें दाखिल किया पर्चा

- संसदीय क्षेत्र की 75 प्रतिशत जनता वर्तमान संसद को पहचानती नहीं: बादशाह सिंह

अवधानामा संवाददाता

हमीरपुर। हमीरपुर लोकसभा सीट पर आगामी 20 मई को मतदान होना है सभी मुख्य राजनीतिक दलों के प्रत्याशियों द्वारा नामांकन किया जा चुका है और कुछ कल भी नामांकन करेंगे। बुधवार के इंडिया गठबंधन के प्रत्याशी अजेंद्र सिंह राजपूत ने अपना नामांकन किया इस अवसर पर पूर्व राज्य सभा सांसद विसंभर निषाद तथा पूर्व मंत्री कुंवर बादशाह सिंह मौजूद रहे।गठबंधन के नेताओं नें भारतीय जनता पार्टी व संसद पर जम कर जुबानी वांण चलाए।पूर्व मन्त्री नें कहा कि दस वर्ष से सांसद का अगर रिपोर्ट कार्ड देखना है तो उन के द्वार लिये गये गोद गावों को ही देख लें तो उन के पूरे विकास की असलियत सामने आजाऐगी। प्रस्तावक पूर्व मन्त्री नें कहा कि अपनें संसदीय क्षेत्र की 75 प्रतिशत आबादी अपनें संसद को पहचानती तक नही है। कबरई का क्रेशर व्यवसाय वेंटिलेटर पर है तो सुमेरपुर का औधोगिक क्षेत्र अस्त व्यस्त है। अजेंद्र सिंह राजपूत नें कहा कि उन का मुकाबला किसी से नही है जुमलेबाज सरकार से जनता आजिज आ चुकी है और इस बार जनता इन को वोट की ऐसी चोट देगी कि यह सदैव याद रखेंगे। नामांकन के बाद एक विशाल जन सभा का आयोजन किया गया जहाँ लोकसभा क्षेत्र के हज़ारों की संख्या में कांग्रेस, सपा, आम आदमी पार्टी,तथा जनाधिकार पार्टी के कार्यकर्ता सभा स्थल में पहुंचे और सभी दलों के नेताओं का भाषण सुन कर ताली पीटते रहे। गठबंधन के सभी नेताओं नें अपने भाषण में कहा कि भाजपा हटाओ देश बचाओ, नेताओं नें कहा कि यह संविधान बचाने की लड़ाई है। मंच में दर्जनों लोग उपस्थित रहे।

एक पखवाड़े से गायब युवक का सुराग नहीं

मौदहा हमीरपुर। बीते 14 अप्रैल से गायब युवक का कोई सुराग नहीं लगा है जिसपर युवक की पत्नी ने कोतवाली में गुमशुदगी दर्ज कराई है।

कोतवाली क्षेत्र के ग्राम डीहाडेरा निवासी लक्ष्मी पत्नी छोटे ने कोतवाली में दिए शिकायती पत्र में बताया कि उसका पति छोटे पुत्र सूरज 14 अप्रैल को दोपहर बाद करीब तीन बजे घर से निकल गया था लेकिन उसके बाद से उसका कोई पता नहीं है महिला ने बताया कि उसने अपने रिश्तेदारों सहित जो गांव के लड़के बाहरी शहरों में काम करते हैं वहां तक फोन द्वारा पता करा लिया है लेकिन उसके पति का कोई सुराग नहीं लग सका है पीड़िता ने गुमशुदगी दर्ज कर जांच की गुहार लगाई है।

एनटीपीसी विंध्याचल ने श्रमिकों को किया सम्मानित

अवधानामा संवाददाता

सोनभद्र/विंध्यनगर। एनटीपीसी विंध्याचल ने 1 मई 2024 को मनाए गए श्रमिक दिवस के अवसर पर एक विशेष कार्यक्रम का आयोजन किया। इस कार्यक्रम में विशेष रूप से कंपनी के श्रमिकों के समर्पण को सम्मानित किया गया और उनका योगदान माना गया। इस मौके पर स्टेज 4 श्रमिक आराम घरों के स्थापना के साथ-साथ वॉटर कूलर और डेजर्ट कूलर्स भी लगाए गए, जो कार्यकर्ताओं की सुविधा को बढ़ावा देने के लिए हैं। एनटीपीसी विंध्याचल के कार्यकारी निदेशक ई सत्य फणी कुमार ने श्रमिकों के कल्याण के महत्व को बढ़ावा देने के लिए समर्पण की जरूरत को जोर दिया, खासकर गर्मी के मौसम में। उन्होंने सभी कर्मचारियों के लिए एक सामर्थक माहौल बनाने के लिए कंपनी की प्रतिबद्धता को उजागर किया, उनके समर्पण और मेहनत की सराहना की। कार्यक्रम में बोलते हुए, ई सत्य फणी कुमार ने श्रमिक दिवस के महत्व पर चर्चा की।

एनटीपीसी रिहंद से वाराणसी के लिए एसी बस सेवा का शुभारंभ

अवधानामा संवाददाता

सोनभद्र/बीजपुर। एनटीपीसी रिहंद परियोजना में एनटीपीसी रिहंद के कर्मचारियों एवं उनके आश्रितों हेतु एनटीपीसी रिहंद से वाराणसी के लिए बुधवार को एसी बस सेवा का शुभारंभ किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ परियोजना प्रमुख (रिहंद) पंकज मेदीरत्ता नें सह अतिथियों के साथ फीता काटकर किया। यह एसी बस सेवा एनटीपीसी रिहंद के कर्मचारियों एवं उनके आश्रितों को सुविधा प्रदान करेगी। इस बस सेवा के माध्यम से कर्मचारियों को सुरक्षित व आरामदायक यात्रा का अनुभव मिलेगा। यह बस सप्ताह में छह दिन मंगलवार से रविवार तक चलेगी।? बस एनटीपीसी रिहंद से सुबह 7 बजे चलकर मुर्धवा मोड़ होते हुए दोपहर 1 बजे वाराणसी एयरपोर्ट पहुंचेगी। वापसी में वाराणसी एयरपोर्ट से 3 बजे चलकर रिंहद रात 9 बजे पहुंचेगी।

कार्यक्रम के दौरान, परियोजना प्रमुख श्री पंकज मेदीरत्ता ने कहा कि यह बस आधुनिक तकनीक और उच्च गुणवत्तापूर्ण है। इसके माध्यम से लोगों को आवागमन करने में सुविधा मिलेगी। कार्यक्रम में मुख्य रूप से मुख्य महाप्रबंधक (परियोजना) देवदत्त सिन्हा, महाप्रबंधक (प्रचालन एवं अनुरक्षण) संजय असाटी, महाप्रबंधक (एडीएम) एस एस प्रधान, अपर महाप्रबंधक (मानव संसाधन) बृज किशोर पाण्डेय, प्रबन्धक (मानव संसाधन) धर्मेंद्र कुमार गिरि, विभिन्न यूनियन व एसोसिएशन के प्रतिनिधि, यात्रीगण आदि उपस्थित रहे।

किस करवट बैठेगा हाथी क्या खिलेगा कमल का फूल या साइकिल पहुचेगी दिल्ली

बाँदा चित्रकूट लोकसभा मे सवर्ण मतदाता बनेगा पालनहार , या मुस्लिम ब्राह्मण की जोडी दिखायेगी

अवधानामा संवाददाता

बाँदा। पांचवे चरण के लिये नामांकन प्रक्रिया के शुरू होते ही सभी राजनैतिक दलों ने अपने अपने प्रत्याशियों के साथ तेजी से चुनाव की कमान सम्हाल ली है , स्टार प्रचारकों ने भी अपनी अपनी ताकत दिखानी शुरू कर दी है। सबसे पहले बात करते है वर्तमान की भाजपा सरकार की तो बाँदा चित्रकूट लोकसभा 48 से भाजपा ने अपने पुराने सांसद पर ही विश्वास दिखाया है हालाकि कयास लगाये जा रहे थे कि निवर्तमान सांसद आर के पटेल का टिकट काट कर कोई ब्राह्मण प्रत्यासी उतारा जायेगा परंतु पहली ही लिस्ट मे जब लोकसभा 48 की घोषणा हुयी तो आर के पटेल ही नजर आये , जबकी क्षेत्रीय लौगो मे आक्रोश था कि मौजूदा सांसद कभी क्षेत्र मे नही आये साथ ही मौरंग और खनन कारोबार के भी उनपर आरोप लगाये गये परंतु भाजपा ने किसी की बात पर विश्वास ना कर अपने साथी पर पुनः जोर लगाया है , वहीं समाजवादी पार्टी ने सबसे पहले बाँदा चित्रकूट से शिव शंकर पटेल ओबीसी प्रत्यासी और पटेल वर्ग के एक बडे हिस्से का प्रतिनिधित्व करने वाले पूर्व भाजपा सरकार के मंत्री से अपनी किस्मत जोडी है , बबेरू क्षेत्र मे पटेल समुदाय के साथ साथ अपने क्षेत्र मे उनकी मजबूत पकड ने ही उनको लोकसभा का प्रत्यासी बनाया है बीच बीच मे उनके चुनाव ना लडने की कई बार फर्जी अफवाह भी उडायी गयी कि शिवशंकर पटेल का स्वास्थ बहुत खराब है जिससे उनका चुनाव लडना कठिन है परंतु समाजवादी पार्टी के आलाकमान ने सब अटकलो पर विराम लगाकर शिवशंकर सिंह को अपना प्रत्यासी बनाकर पटेल समुदाय मे सेंध लगा दी है , पटेल समुदाय अपनी एकता को लेकर जाना जाता है परंतु इसबार वो भी असमंजस मे है। अब बात करते है तीसरे प्रत्यासी बसपा से मयंक द्विवेदी है जो युवा है और वर्तमान मे जिला पंचायत सदस्य भी है , ब्राह्मण चेहरा है और क्षेत्र मे जाना पहचाना नाम है इनके पिता पुरूषोत्तम नरेश भी बसपा से विधायक रह चुके है जिससे इनके साथ बसपा का परंपरागत वोटर के साथ साथ अब ब्राह्मण भी जुड रहा है वैसे अगर जातिगत वोटो की बात की जाये तो पटेल और ब्राह्मण वोटरो की तादात सर्वाधिक है और अभी तक इकलौते ब्राह्मण है जो लोकसभा प्रत्यासी है। वही पूर्व भाजपा सांसद , सर्वश्रेष्ठ सांसद के पुरूष्कार प्राप्त भैरों प्रसाद मिश्रा भी भाजपा से टिकट चाहते थे परंतु भाजपा ने उनकी जगह पुनः आर के पटेल पर अपना दांव खेल दिया जिससे भैरो प्रसाद मिश्रा समर्थक भी अब हाथी की सवारी अप्रत्यक्ष रूप से कर सकते है ऐसे मे मयंक का पलडा भारी पड रहा है , परंतु ये राजनीति है यहां एक रात मे बाजी पलट जाती है , सारे प्रत्यासी एक दूसरे पर भारी पड रहे हैं वहीं मुस्लिम मतदाता की चुप्पी सबको हैरान कर रही है , सभी दल मुस्लिम मतदाताओ को अपनी ओर चाहता है अब देखना है कि लोकसभा 48 पर भीषण प्रचंड गर्मी मे कमल खिलेगा , साइकिल दौडाकर , या हाथी पर चढकर प्रत्यासी दिल्ली पहुचेगें।

छात्राओं को किया सम्मानित

अवधानामा संवाददाता

बाँदा। नगर पालिका बालिका विद्यालय की कक्षा 10 में अव्वल आयी प्रथम 10 छात्राओं को सम्मानित करने हेतु नगर पालिका परिषद बांदा द्वारा जीरो वेस्ट इवेन्ट थीम पर आधारित छात्र सम्मान समारोह का आयोजन नगर पालिका बालिका विद्यालय में मा0 अध्यक्ष महोदया श्रीमती मालती गुप्ता बासू की अध्यक्षता एवं अधिशाषी अधिकारी श्रीमती नीलम चैधरी की उपस्थिति में सम्पन्न किया गया। सर्वप्रथम विद्यालय की प्रधान अध्यापिका श्रीमती सविता साहू द्वारा मा0 अध्यक्ष महोदया एवं अधिशाषी अधिकारी महोदया को बैज लगाकर सम्मानित किया गया। तत्पश्चात मा0 अध्यक्ष महोदया एवं अधिशाषी अधिकारी महोदया द्वारा हाईस्कूल की छात्राओं क्रमशः कुलसुम, फिरदौस जहाँ, कायनात, सारती सिंह, रिया भारती, राधा, कहकसा, राबिया, शशी कुशवाहा, लीलावती सहित 10 छात्राओं को अभिभावको सहित बुके एवं उपहार देकर सम्मानित किया गया। नगर पालिका अध्यक्ष महोदया द्वारा सभी छात्राओं को मिठाई खिलाई गयी एवं उज्ज्वल भविष्य के लिये शुभाशीस बचनो से शुभकामनाएं दी गयी। अधिशाषी अधिकारी महोदया द्वारा छात्राओं को सम्मानित करते हुये विद्यालय में शिक्षा व्यवस्था एवं शिक्षा की गुणवत्ता पर सुधार हेतु चर्चा की गयी। साथ ही श्रीमती लक्ष्मी सिंह, श्रीमती अनुराधा त्रिवेदी, विद्यालयों की शिक्षिकाओं के उत्कृष्ट सेवा हेतु उपहार एवं बुके देकर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम के अन्त में विद्यालय को गुणवत्ता पूर्ण प्रबन्धन हेतु प्रधान अध्यापिका श्रीमती सविता साहू को भी बुके एवं उपहार देकर सम्मानित किया गया।

बालिका सशक्तिकरण अभियान हेतु मेडिकल स्क्रीनिंग कैंप का आयोजन

अवधानामा संवाददाता

सोनभद्र/विंध्यनगर। एनटीपीसी विंध्याचल ने हाल ही में बालिका सशक्तिकरण अभियान 2024 के लिए एक उत्कृष्ट दो-दिन की मेडिकल स्क्रीनिंग कैंप का सफल आयोजन किया। यह कैंप, विंध्याचल के मैत्री - सभागर में 29 अप्रैल से 30 अप्रैल, 2024 तक आयोजित किया गया और 18 विभिन्न गाँवों से 119 बालिका छात्राओं की भागीदारी ली। इस स्क्रीनिंग कैंप का मुख्य उद्देश्य इन बालिकाओं के स्वास्थ्य और कल्याण का मूल्यांकन करना था, जो आगामी 4 सप्ताहीय जीईएम 2024 प्रोग्राम में प्रवेश के पूर्व किया गया।

यह प्रोग्राम 19 मई, 2024 से शुरू होकर 15 जून, 2024 तक चलेगा और इन लड़कियों को मौलिक शिक्षा, स्वास्थ्य जागरूकता, और स्वायत्त रक्षा कौशलों से सशक्त करने का उद्देश्य है। मुख्य चिकित्सा अधिकारी (सीएमओ) डॉ. भीमेश चंद्र चतुर्वेदी के अभिन्न मार्गदर्शन में, एक समर्पित डॉक्टरों की टीम ने सभी सहभागियों के लिए सम्पूर्ण चिकित्सा जाँच की। यह मेडिकल स्क्रीनिंग कैंप न केवल तत्काल स्वास्थ्य सम्बंधित मुद्दों का समाधान किया, बल्कि आगामी जीईएम 2024 प्रोग्राम के लिए एक मजबूत आधार रखा। एनटीपीसी विंध्याचल ने उन इनिशिएटिव्स का समर्थन जारी रखा है, जो लड़कियों को सशक्त करते हैं और उन्हें समर्थ और समावेशी भविष्य के लिए साधना करते हैं।

उपमुख्यमंत्री बृजेश पाठक का चुनावी दौरा आज

हमीरपुर। उप मुख्यमंत्री बृजेश पाठक का पांचवें चरण के लिए हमीरपुर में चुनावी दौरे का आगमन आज होगा। विवरणनुसार उप मुख्यमंत्री बृजेश पाठक का हमीरपुर में चुनावी दौरा आज दोपहर 3 बजे भाजपा प्रत्याशी पुष्पेंद्र सिंह चंदेल के समर्थन में नामांकन जनसभा को करेंगे। संबंधित जिला प्रशासन की तरफ से सुरक्षा व्यवस्था को लेकर कड़े इंतजाम किए गए हैं। उप मुख्यमंत्री विद्या मंदिर इंटर कॉलेज के पुरानी तहसील मैदान में नामांकन सभा का आयोजन करेंगे। भाजपा जिलाध्यक्ष सुनील पाठक ने नामांकन सभा में आम जनमानस के लोगों से अधिक से अधिक आने की अपील की है।

श्रमवीरों को किया नमन

अवधानामा संवाददाता

- मानव सभ्यता एवं विकास की कुंजी है श्रम

सोनभद्र/सिंगरौली। बुधवार को भारत सरकार की मिनीरत्न कंपनी नॉर्दर्न कोलफील्ड्स लिमिटेड में खनिक अभिनंदन दिवस-2024 के अवसर पर सुबह में मुख्यालय स्तरीय कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

कार्यक्रम के दौरान सीएमडी एनसीएल बी. साईराम, निदेशक (कार्मिक) मनीष कुमार, निदेशक (वित्त) रजनीश नारायण, निदेशक (तकनीकी/संचालन) जितेंद्र मलिक, निदेशक (तकनीकी/परियोजना एवं योजना) सुनील प्रसाद सिंह, श्रमिक संघों के जेसीसी सदस्य अजय कुमार, श्याम धर दूबे, अशोक पाण्डेय, महासचिव, सीएमओएआई, सर्वेश सिंह, विभागाध्यक्ष एवं अन्य कर्मियों ने शहीद स्मारक एवं खनिक प्रतिमा पर पुष्पांजलि अर्पित कर देश की ऊर्जा आपूर्ति हेतु सर्वोच्च बलिदान देने वाले खनिकों को नमन किया।

इस दौरान सीएमडी एनसीएल बी. साईराम ने अपने उद्बोधन की शुरुआत में वृहद एनसीएल परिवार को श्रमिक अभिनंदन दिवस की बधाई दी। उन्होंने श्रम को मानव सभ्यता एवं विकास की कुंजी के रूप में परिभाषित किया। औद्योगिक क्रांतियों के उपरांत उद्योगों में सृजित हुए नए अवसरों एवं चुनौतियों पर प्रकाश डालते हुए उन्होंने विगत चार दशकों के कालखंड को आविष्कार का कालखंड बताया। विगत वर्ष में देश की ओर से कोयला उत्पादन, प्रेषण व ओवरबर्डेन में मिले लक्ष्यों को हासिल करने पर उन्होंने टीम एनसीएल को बधाई दी। साथ ही वर्ष 2024-25 के लक्ष्यों की पूर्ति के लिए सभी हितग्राहियों से सहयोग हेतु आह्वान किया। वर्तमान में कोयला उद्योग के सतत स्थायित्व के आलोक में किए जा रहे कार्यों का जिक्र करते हुए उन्होंने कोयला उद्योग के भविष्य को उज्जवल बताया। उन्होंने यह भी कहा कि आयातित कोयले पर देश की निर्भरता को कम करते हुए विदेशी मुद्रा भंडार की बचत करना कोयला उद्योग से जुड़े एकङ्कएक व्यक्ति का पवित्र कर्तव्य है।

सीएमडी एनसीएल ने बिजली क्षेत्र व गैर नियामक क्षेत्र को निरंतर बिजली आपूर्ति हेतु एनसीएल की प्रतिबद्धता को दोहराया।

राष्ट्र के निर्माण मे अति महत्वपूर्ण है, युवा: अनिल सिंह

अवधानामा ब्यूरो

- भाजपा कार्यालय पर युवा सम्मेलन को लेकर बैठक सम्पन्न

सोनभद्र। भारतीय जनता युवा मोर्चा द्वारा होने वाले युवा सम्मेलन को लेकर बुधवार को एक बैठक सम्पन्न हुयी बैठक मे बतौर मुख्यअतिथि जिला प्रभारी अनिल सिंह व विशिष्ठ अतिथि जिलाध्यक्ष नन्दलाल मौजूद रहे। बैठक का शुभारंम्भ पं0 दीनदयाल उपाध्याय व डॉ0 श्यामा प्रसाद मुखर्जी के चित्र पर माल्यार्पण कर किया। बैठक की अध्यक्षता युवा मोर्चा जिलाध्यक्ष विशाल पाण्डेय व संचालन जिला महामंत्री विनय श्रीवास्तव व रजनीश रघुवंशी ने किया। बैठक को संबोधित करते हुये जिला प्रभारी अनिल सिंह ने कहा कि आप सब युवा पीढ़ी काफी उर्जावान है युवाओं की उर्जा का सही प्रयोग राष्ट्र के निर्माण मे अति महत्वपूर्ण है, उन्होने बताया कि 12 मई को युवा साथियों का एक सम्मेलन आयोजित किया गया है युवा पदाधिकारी व कार्यकर्ताओं का उत्साहवर्धन करते हुए कहा कि आने वाला समय युवाओं का है, इस लोकसभा चुनाव मे युवाओं को अपनी ताकत दिखानी है। बैठक को संबोधित करते हुए जिलाध्यक्ष नन्दलाल जी ने कहा कि आप सभी युवा साथी अधिक से अधिक इस सम्मेलन मे भाग लेकर कार्यक्रम को सफल बनायें पार्टी को आगे ले जाने मे युवा नेतृत्व की भूमिका महत्वपूर्ण है क्योकि युवा कार्यकर्ताओं के अंदर उत्साह और उमंग होता है हमारे युवा साथी अपनी पूरी उर्जा के साथ पार्टी की नितियों और कार्यो को अधिक से अधिक लोगो तक पहुंचा सकते है। बैठक की अध्यक्षता करते हुय जिलाध्यक्ष युवा मोर्चा विशाल पाण्डेय ने आये हुये सभी अतिथियों व कार्यकर्ताओं का आभार प्रकट करते हुए कहा कि भारत मे 70 करोड़ युवा है 140 युवा हाथ है, आज भारत ज्ञान विज्ञान में विकास मे दुनिया का सबसे ताकतवर देश बनता जा रहा है 2024 के लोकसभा चुनाव में हम युवा साथियों के साथ मिलकर 400 पार के नारे को साकार करेंगे और देश मे पुनः भारतीय जनता पार्टी की सरकार प्रचण्ड बहुमत से बनायेंगे। इस मौके पर विधानसभा संयोजक राबर्ट्सगंज शितला आचार्य, जिला महामंत्री कृष्णमुरारी गुप्ता, परशुराम केशरी, माला चौबे, कमलेश चौबे, कृष्णा पटेल, अभय पटेल, अतुल पाण्डेय, उत्कर्ष पाण्डेय, दीशान्त द्विवेदी सहित युवा मोर्चा के साथी उपस्थित रहे।

इस चुनाव के बाद इतिहास बन जाएगी कांग्रेस: मुख्यमंत्री

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने महाराष्ट्र की सांगली लोकसभा सीट पर एनडीए प्रत्याशी के लिए की जनसभा

अवधनामा ब्यूरो

- देश में जब भी कोई आपदा आती है तो राहुल गांधी इटली भाग जाते हैं: योगी
- महाराष्ट्र ने भारत को बहुत कुछ दिया

सांगली/लखनऊ। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने बुधवार को महाराष्ट्र की सांगली लोकसभा क्षेत्र में जनसभा को संबोधित किया। इस दौरान उन्होंने कांग्रेस पर जमकर निशाना साधा। उन्होंने कहा कि कांग्रेस इस चुनाव में जितना झूठ बोल सकती है बोल रही है, क्योंकि उसे मालूम है इस चुनाव के बाद कांग्रेस इतिहास बनने वाली है। उसको मालूम है कि इसके बाद कांग्रेस को देश की जनता पूरी तरह से ठुकरा देगी।

उत्तर प्रदेश विधानसभा में तो जनता ने इन्हें 4 सीट तक नहीं दी, यानी राम नाम सत्य बोलने वाले चार लोग भी नहीं हैं इनके पास। अब उनके पास एक ही उपाय है की हिंदू समाज को फिर से बांटो। वो जाति के नाम पर बाटेंगे, जातीय जनगणना के नाम पर आपको गुमराह करेंगे। आपस में लड़ाने के बाद वह चुपचाप ओबीसी को मिलने वाले आरक्षण का हिस्सा मुसलमानों को बांट देंगे।

कांग्रेस के लोग बाबा साहब भीमराव अंबेडकर का अपमान कर रहे हैं। ऐसे लोगों को हमें दोबारा सत्ता में वापस नहीं लाना है।

मुख्यमंत्री योगी ने छत्रपति शिवाजी महाराज का नारा लगाते हुए अपने संबोधन की शुरुआत की।

उन्होंने कहा कि यह महाराष्ट्र की वीर शौर्य भूमि है जिस भूमि ने भारत को अटक से कटक तक का सीमा विस्तार देने में एक महत्वपूर्ण भूमिका का निर्वहन किया है। सांगली की यह भूमि शौर्य और पराक्रम की भी है, कला संस्कृति की भी है। यहां का मेहनतकस अन्नदाता और ऊर्जा से ओतप्रोत नौजवान अपनी विरासत पर गौरव की अनुभूति करके आगे बढ़ता है। सांगली में आप सभी से लोकतंत्र के इस महापर्व पर उत्तर प्रदेश की राजधानी लखनऊ से और मर्यादा पुरुषोत्तम प्रभु श्री राम की पावन धरा से अपील करने के लिए आपके बीच आया हूं। उन्होंने कहा कि महाराष्ट्र ने भारत को बहुत कुछ दिया है। जब हम महाराष्ट्र की बात करते हैं तो जन-जन के मन में स्वराज का भाव पैदा करने वाले छत्रपति शिवाजी महाराज का स्मरण हर भारतवासी करता है।

2014 के बाद बढ़ा भारत का सम्मान

मुख्यमंत्री योगी ने कहा कि आज प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में हमने बदलते हुए भारत को देखा है। 2014 के पहले का भारत एक ऐसा भारत था जिसका दुनिया के अंदर सम्मान लगातार गिर रहा था, सीमाएं सुरक्षित नहीं थी, आतंक की घटनाएं होती थी, नक्सलवाद तेजी के साथ अपना पैर फैला रहा था, अन्नदाता किसान आत्महत्या कर रहा था, नौजवान पलायन कर रहा था, देश के अंदर ना व्यापारी सुरक्षित था ना बेटी सुरक्षित थी, देश के अंदर अविश्वास का माहौल था, देश के अंदर संवैधानिक संस्थाएं भ्रष्टाचार में डूबी हुई थीं। जिन लोगों को देश को आगे बढ़ाना चाहिए था, वह स्वयं भ्रष्टाचार में डूबे हुए थे।

2017 से पूर्व उत्तर प्रदेश दंगों के हवाले था: भूपेन्द्र सिंह चौधरी

अवधनामा ब्यूरो

लखनऊ। भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष भूपेन्द्र सिंह चौधरी ने बुधवार को आजमगढ़ से भाजपा प्रत्याशी दिनेश लाल यादव तथा लालगंज से भाजपा प्रत्याशी नीलम सोनकर के समर्थन में आयोजित नामांकन सभाओं को सम्बोधित किया। प्रदेश अध्यक्ष भूपेंद्र सिंह चौधरी ने कहा कि देश व प्रदेश में भाजपा के पक्ष में उमड़े जनसैलाब से अबकी बार 400 पार का लक्ष्य निश्चित हो रहा है। उन्होंने कहा कि आज की यह सभा देख कर विरोधी ऐसे ही मैदान छोड़ कर भाग जायेंगे। जनता ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के समर्थन में एकजुट होकर चुनाव में सपा, बसपा व कांग्रेस के पैर उखाड़ दिये है। उन्होंने कहा कि 2017 से पूर्व उत्तर प्रदेश दंगों के हवाले था। रोज दंगे होते थे। गुंडागर्दी, बेईमानी, भ्रष्टाचार चरम पर था और पूरा प्रदेश माफियाओं के हवाले था। लेकिन योगी के नेतृत्व में हमारी सरकार ने पिछले 7 वर्षों में उत्तर प्रदेश की छवि को बदलने का काम किया। उसी का परिणाम है कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का विकसित भारत का संकल्प, आजमगढ़ सहित समूचा उत्तर प्रदेश विकसित भारत के संकल्प के साथ आगे बढ़ रहा है। विकास सुशासन एवं कानून के राज कायम रहे इसके लिए अबकी बार 400 पर उसमें आजमगढ़ की भी भूमिका महत्वपूर्ण रहेगी। प्रदेश अध्यक्ष भूपेन्द्र सिंह चौधरी ने कहा कि अपने संबोधन में कहा कि जब से प्रदेश में योगी आदित्यनाथ और देश में नरेंद्र मोदी तब विकास की धारा बह रही है। भाजपा सरकार आने के बाद बिजली, पानी, सड़क ,शिक्षा ,स्वास्थ्य सभी विषयों पर बेहतर काम हुआ है। बेहतर कानून व्यवस्था का राज स्थापित हुआ है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में उत्तर प्रदेश के बेहतर ला एण्ड ऑर्डर की चर्चा पूरी दुनिया में होती है।

बेगम शाहनाज़ सिदरत को राष्ट्रीय प्रतिभा सम्मान पुरस्कार मिलने पर दी बधाई

अवधनामा ब्यूरो

लखनऊ। खैराबाद फाउंडेशन के तहत मदरसा हयात उलूम फिरंगी महल चौक स्थित तीन मूर्ति भवन में बेगम शाहनाज सिदरत को राष्ट्रीय प्रतिभा सम्मान पुरस्कार मिलने पर तहनियती काव्य गोष्ठी का आयोजन किया गया। कार्यक्रम दो बैठकों में आयोजित किया गया। पहले सत्र का आयोजन मशहूर शायर जिया अल्वी ने किया. इस बैठक में, अनवर जहाँ ने बेगम शाहनाज़ सिदरत की सेवाओं पर एक शानदार पेपर प्रस्तुत किया। इसके अलावा खैराबाद फाउंडेशन ने बेगम शाहनाज सिदरत और मशहूर शायर तारिक कमर, डॉ. संजय मिश्र शॉक, पत्रकार मोईन अल्वी और डॉ. माह तलत को सम्मानित किया जबकि अन्य अतिथियों को बुके देकर प्रोत्साहित किया गया। इसके बाद असीम काकोरी द्वारा आयोजित अभिनंदन काव्य सत्र शुरू हुआ, जिसमें देशी-विदेशी कवियों ने अपने शब्दों से श्रोताओं का मनोरंजन किया. प्रस्तुत हैं चुनिंदा कविताएँ:-

ज़ख्मी हुआ बदन तो हवा दी गई मुझे,
साकित हुआ तो आग लगा दी गई मुझे.

डॉ. संजय मिश्र

मेरे हाथों की लकीरों में उलझा हुआ मैं,
और फिर मेरे मुकद्दर से निकलते हुए तुम.

डॉ. तारिक क़मर

मुफलिसी और फकीरी में नुमाया है यह फर्क,
खाक मे मिलते हैं खाक उड़ाने वाले

फातिमा हुसैनी मख़फी

नक्श फरियादी कहां है उस बुत ए दिलगीर का,
वह मुसवविर खुद बना है आईना ए तस्वीर का,

सैयद ज़िया अल्वी

फैज़ान मुसन्ना का इंतेक़ाल, मजलिस कल

लखनऊ। वरिष्ठ पत्रकार फैज़ान मुसन्ना का आज सहर नर्सिंग में इंतेक़ाल हो गया वह कई दिनों से लिवर की बीमारी से ग्रासित थे और सहर में इलाज करा रहे थे फैज़ान मुसन्ना को देर शाम ऐशबाग स्थित कर्बला मलका जहां में सुपुर्दे ख़ाक किया गया वह 55 वर्ष के थे उनके पस्मान्दगान में एक भाई बहन के अलावा एक बेटा है फैज़ान मुसन्ना अवधनामा समेत कई अख़बारों में काम कर चुके हैं वह अपनी निर्भीक पत्रकारिता के लिए जाने जाते थे उनके इसाले सवाब के लिए मजलिसे सेयुम जुमा को सुबह 9 बजे कर्बला अब्बासबाग़ में होगी।

पहले दो चरण ने सत्ता परिवर्तन की नींव रख दी है: राजीव

- अटल की विरासत की नहीं, अवसरवादी है आज की भाजपा

अवधनामा ब्यूरो

लखनऊ। प्रदेश कांग्रेस मुख्यालय पर राज्यसभा सांसद, पूर्व केन्द्रीय मंत्री राजीव शुक्ला ने कहा कि यह चुनाव सत्ता परिवर्तन का है। बीते दो चरणों के मतदान से यह जाहिर हो गया है कि मोदी सरकार के खिलाफ जबरदस्त अंडर करंट है। 400 पार का नारा अब प्रधानमंत्री जी खुद ही अपने भाषणों में इस्तेमाल नहीं करते। 400 पार तो छोड़िए मोदी जी ने अब मोदी की गारंटी की बात भी कहनी बंद कर दी है और सच तो यह है कि वह फिर अपनी पुरानी बात हिन्दू मुसलमान पर आ गये हैं।

दुर्भाग्य यह है कि भाजपा के राष्ट्रीय स्तर के नेता भी कांग्रेस के घोषणा पत्र ''न्याय पत्र'' को लेकर झूठ फैला रहे हैं। राजनीति में शुचिता, मर्यादा, को एकदम खत्म कर दिया है इन लोगों ने। उन्होंने कहा कि अटल जी की विरासत को भी भाजपा ने भुला दिया है।

श्री शुक्ल ने कहा कि आज की भाजपा कहती है कि इस देश में जो हुआ सब 2014 के बाद ही हुआ, यह लखनऊ शहर भी 2014 के बाद बना। इस देश का तमाम विकास 2014 के बाद हुआ है। सच यह है कि देश के विकास में सभी पूर्व प्रधानमंत्रियों का योगदान है।

राजीव शुक्ला ने कहा कि अटल बिहारी बाजपेई से हमारी सैद्धांतिक असहमतियां थी मगर भारतीय जनता पार्टी आज अपने ही नेता अटल बिहारी बाजपेई, मुरली मनोहर जोशी जैसे नेताओं का नाम तक नहीं लेती ना ही प्रचार में उनका कहीं फोटो भी दिखाई देता है। श्री शुक्ला ने कहा कि भाजपा अपने कार्यकर्ताओं की उपेक्षा कर रही है और आयातित नेताओं को टिकट बांट रही है। जैसे हरियाणा में 10 में 6 टिकट बाहर से आये नेताओं को दिया गया। आज भी लगभग 100 से 150 टिकट दूसरी पार्टी के नेताओं को दिये गये हैं। मंत्रिमंडल में नेताओं के बजाय अफसरों को मंत्री बनाया जा रहा है। सभी महत्वपूर्ण मंत्रालय पूर्व अफसरों के पास हैं।

मोदी जी 10 साल अपना किया हुआ कोई भी वादा पूरा नहीं कर पाये। प्रतिवर्ष 2 करोड़ नौकरियां देने का वादा था लेकिन 20 लाख भी नहीं दे पाये। 30-40 रूपये में डीजल-पेट्रोल देने की बात कही थी और आज पेट्रोल-डीजल की कीमतें 100 के करीब पहुंच गई। सच यह है कि भाजपा का कार्यकर्ता खुद ही अपनी सरकार के कार्यों से संतुष्ट नहीं है, इसलिए वह विरोध स्वरूप घर से निकल नहीं रहा है। चुनावी चंदे के लिए लोगों की जिन्दगी से खिलवाड़ वैक्सीन पर केन्द्र सरकार जवाब दे।

ऑल इंडिया शिया पर्सनल लॉ बोर्ड के महासचिव मौलाना यासूब अब्बास ने नजफ़ ए अशरफ़ इराक़ में अयातुल्लाह हाफ़िज़ बशीर हुसैन नजफ़ी साहब के फ़र्ज़न्द हुज्जत उल इस्लाम शेख़ अली नजफ़ी साहब से मुलाक़ात की और अयातुल्लाह हाफ़िज़ बशीर हुसैन नजफ़ी साहब की ख़ैरीयत दर्याफ़्त की। इस मौक़े पर हुज्जत उल इस्लाम मौलाना सय्यद ज़ामिन हुसैन नजफ़ी व हुज्जत उल इस्लाम मौलाना मुराद मौजूद रहे।

धर्मपाल ने पाक्षिक पत्रिका के विशेषांक का किया लोकार्पण

अवधनामा ब्यूरो

लखनऊ। भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश महामंत्री (संगठन) धर्मपाल सिंह ने बुधवार को पार्टी की पाक्षिक पत्रिका कमल ज्योति के विशेषांक का लोकार्पण किया। प्रदेश भाजपा मुख्यालय पर विशेषांक का लोकार्पण करते हुए प्रदेश महामंत्री (संगठन) धर्मपाल सिंह ने कहा कि कमल ज्योति का यह विशेषांक संगठन की विचारधारा, अभियान, कार्यक्रमों के साथ ही मोदी जी की गारंटी के साथ प्रस्तुत संकल्प पत्र पार्टी के पदाधिकारियों, नेताओं, कार्यकर्ताओं के लिए प्रेरक बनेगा और संगठन की विचारधारा व संकल्प को जनता तक पहुंचाने का माध्यम बनेगा। इस अवसर पर प्रदेश महामंत्री अनूप गुप्ता, प्रदेश मंत्री शिवभूषण सिंह, भाजपा प्रदेश मुख्यालय प्रभारी भारत दीक्षित, सहमुख्यालय प्रभारी चौधरी लक्ष्मण सिंह तथा कमल ज्योति पत्रिका के प्रबंध सम्पादक राजकुमार जी सहित पार्टी के पदाधिकारी तथा कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

जानकीपुरम विस्तार की जनता अधूरे विकास कार्य को लेकर आक्रोशित

- जनता करेगी जनविकास के लिये जन आन्दोलन

अवधनामा ब्यूरो

लखनऊ। जानकीपुरम विस्तार में जनसुविधाओं का बुरा हाल होता जा रहा है। जनता द्वारा बार बार शिकायत करने पर भी कोई समाधान नहीं हो रहा है, परिणामस्वरूप क्षेत्रीय जनता में प्रशासनिक अधिकारियों के खिलाफ आक्रोश बढ़ता जा रहा है। वहीं क्षेत्र की लक्ष्य जनकल्याण समिति के अध्यक्ष एस.के. बाजपेई ने इन समस्याओं के निराकरण की मांग को लेकर चेतावनी देते हुये कहा है कि यदि चुनाव तक क्षेत्रीय विकास की व्यवस्थाएं सही नहीं हुई तो क्षेत्रीय निवासी क्षेत्रीय समस्याओं के समाधान के लिए जन आंदोलन करने के लिए बाध्य होंगे। क्षेत्र की समस्याओं को समिति का कहना है कि जानकीपुरम विस्तार में अव्यवस्थाओं का आलम यह है कि सेक्टर 6 में मार्ग प्रकाश व्यवस्था के लिए लगे हैलोजन भी कर्मचारियों की मिली भगत से गायब हो रहे हैं, जिसको लगाने में नगर निगम अपने आप को असमर्थ बताता है। इसके अलावा खाली पड़े प्लांट और सड़क के किनारे पड़े कूड़े के ढेर क्षेत्र की सफाई व्यवस्था की पोल खोल रहे हैं, नाली के पानी की निकलने की व्यवस्था ना होने पर नाली का पानी सीवर लाइन में डाल कर जिम्मेदार अपनी जिम्मेदारी पूर्ण कर रहे हैं और जब सीवर ओवरफ्लो होता है तो फिर सीवर का पानी बदबूदार होकर सड़क पर आ जाता है जिससे स्थानीय निवासियों का न केवल जीना मुश्किल हो जाता है वरन निकलने वाले राहगीरों का भी निकलना मुश्किल हो जाता है और हर वक्त बीमारी फैलने का खतरा अलग बना रहता है। समस्याओं के निराकरण को लेकर जिम्मेदार अधिकारियों से जब शिकायत की जाती है तब वह क्षेत्रीय नागरिकों पर नाली को अपनी स्लैब बनाकर ढकने का आरोप लगाकर समस्याओं से बचने की कोषिष करते है। जबकि सेक्टर 6 स्थित दिल्ली पब्लिक स्कूल के पीछे जितनी भी नालियां है, सब खुली हुई हैं वहां कोई मकान नहीं है फिर भी उनके ऊपर भरपूर कूड़ा और गंदगी भरमार है, जिसकी सफाई न कर गंदगी का जिम्मेदार स्थानीय निवासियों को बना दिया जाता है। जबकि वेतन अधिकारी ले रहे हैं और ठेकेदार ठेका लेकर कमा रहे हैं। तो जिम्मेदारी किसकी बनती है? उस आम आदमी की जो सुबह अपने परिवार की व्यवस्था को चलाने के लिए अपने घर से निकलता है और देर सवेर घर पहुंचता है। उससे आप उम्मीद करते हैं कि वह अपनी सारी जिम्मेदारी निभाने के साथ-साथ नगर निगम और संबंधित विभागों की भी जिम्मेदारी का निर्वहन करें! ऐसा संभव नहीं है, नागरिकों द्वारा जो भी सहयोग विभागों का शासन प्रशासन का किया जाता है यह इनकी जागरूकता का ही परिणाम है उनकी जिम्मेदारी नहीं।

30 अप्रैल को कुल 492.11 लाख रुपये कीमत की शराब, ड्रग व नकदी जब्त

लखनऊ। प्रदेश के मुख्य निर्वाचन अधिकारी, श्री नवदीप रिणवा ने बताया कि उत्तर प्रदेश में प्रवर्तन एजेन्सियों व उड़नदस्तों द्वारा अवैध शराब, नकदी आदि की जब्ती संबंधी आयोग के निर्देशों का कड़ाई से अनुपालन किया जा रहा है। भारत निर्वाचन आयोग द्वारा 16 मार्च, 2024 को लोकसभा सामान्य निर्वाचन-2024 की निर्वाचन तिथियों की घोषणा के साथ ही प्रदेश में स्वतंत्र, निष्पक्ष, शांतिपूर्ण, भयमुक्त, प्रलोभनमुक्त, समावेशी व सुरक्षित मतदान कराने के लिए पूरे प्रदेश में आदर्श आचार संहिता प्रभावी है। मुख्य निर्वाचन अधिकारी ने बताया कि आबकारी, आयकर, पुलिस एवं नार्कोटिक्स विभाग एवं अन्य प्रवर्तन एजेंसियों द्वारा 01 मार्च से 30 अप्रैल, 2024 तक कुल 33557.50 लाख रुपये कीमत की शराब, ड्रग, बहुमूल्य धातुएं व नकदी आदि जब्त किये गये। इसमें 3280.62 लाख रुपये नकद धनराशि, 4688.76 लाख रुपये कीमत की शराब, 22229.42 लाख रुपये कीमत की ड्रग, 2193.07 लाख रुपये कीमत की बहुमूल्य धातुएं एवं 1165.64 लाख रुपये कीमत की अन्य सामग्री जब्त की गयी।

'जिंदगी से खिलवाड़ करने वालों को जनता कभी माफ नहीं करेगी'

अवधनामा संवाददाता

लखनऊ। समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव ने कहा है कि लोगों की जिंदगी से खिलवाड़ करने वालों को जनता कभी माफ नहीं करेगी। कोरोना काल में कोविडशील्ड वैक्सीन को लेकर वायरल हो रही भ्रामक खबरों को लेकर उन्होंने कहा कि एक व्यक्ति को दो वैक्सीन के हिसाब से 80 करोड़ भारतीयों को वैक्सीन दी गई है। वैक्सीन का मूल फार्मूला बनाने वाली कंपनी ने कहा है कि इससे दिल का दौरा पड़ सकता है। अखिलेश ने कहा कि जिन लोगों ने वैक्सीन के कारण अपनों को खोया है, जिन्हे वैक्सीन के दुष्परिणाम की आशंका थी, उनका शक सही साबित हुआ है। इस प्रकार की जानलेवा दवाइयों की अनुमति देना किसी की हत्या के षडयंत्र के बराबर है। सपा प्रमुख ने मांग की है कि इसके लिए जिम्मेदार सभी लोगों पर आपराधिक मुकदमा दर्ज किया जाना चाहिए। साथ ही वैक्सीन बनाने वाली कंपनी से राजनीतिक चंदा लेकर सत्ताधारी पार्टी ने जनता की जान की बाजी लगाई है। उन्हें न कानून माफ करेगा और जनता। इस मामले की न्यायिक जांच होनी चाहिए।

साक्षात्कार

आईएएस परीक्षा में चयनित सैयद अदील मोहसिन ने साझा किए अपने संघर्ष और सफलता के अनुभव

प्रतिभा पर मां के आंचल का रहा साया, मेहनत से मुकाम पाया

एम.एम.मोहसिन

लखनऊ। आईएएस परीक्षा के परिणाम हाल ही घोषित हुये है। इस परिणाम में 157 रैंक प्राप्त करने, बिहार के मुज़फ्फरपुर जिले से ताल्लुक रखने वाले सैयद अदील मोहसिन से अवधनामा ने बातचीत की। जिसका उद्देश्य आगे आने वाली होनहार छात्र-छात्राओं को और उनके माता पिता या अभिभावक को यह संदेश पहुंचाना कि कठिनतम सिविल सरर्विसेज़ के लिये किन मूलभूत शिक्षा-सूत्र, मार्ग दर्शन और परिश्रम आवश्यक है। और पेरेन्टस की क्या जिम्मेदारी बनती है। ज़हिर है कि आईएएस बनने के सपना सभी प्रतिवान छात्र देखते है और इसके लिये प्रयास भी करते है। बिहार से सफल हो कर आये सैयद आदिल मोहसिन ने इस बारे में बात करने पर हमें बताया कि उनकी प्राम्भिक शिक्षा जैनबिया अकादमी से हुई। जो उनके जीवन की प्राथमिक पाठशाला रही। जहां उन्हें बहुत से मूल्यों को सीखने व समझने का मौका मिला। और वहीं पर तरबीयत का दौर शुरू हुआ। उसके उपरान्त उन्होंने नई दिल्ली स्थित जामिया कालेज से इण्टरमीडियेट की परीक्षा सफलता पूर्वक उर्त्तीण की। तदोपरान्त उन्होने प्रसिद्ध जामिया यूनीवर्सिटी से 2019 में मेकेनिकल इजिनियरिंग में बीटेक की डिग्री हासिल की। इसके उपरान्त उन्होंने सिविल सविसेस की तैयारी के लिये यूनीवसिटी में स्थित 'आरसीए' कोचिंग ज्वाइन की। आईएएस परीक्षा की तैयारी करने के विषय में उन्होंने बताया कि वैकल्पिक विषय के रूप में उन्होंने समाजशास्त्र का चयन किया। यह पूछे जाने पर कि बीटेक के विज्ञान विषयों को छोड़ कर समाज शास्त्र का चयन करने से उन्हें किसी कठिनाई का सामना करना पड़ा। उन्होंने स्पष्ट किया कि समाजशास्त्र में उन्हें स्वयं मेहनत की। इसके अतिरिक्त सम्बधित विषय में शिक्षकों का बहुमूल्य योगदान रहा।

उन्होंने बताया कि उनकी मां की दुआओं का सार यह रहता था कि परीक्षा में चयन हो, परन्तु किरदार पर कोई दाग न लगे। साथ ही साझा किया कि जब वह शिक्षा प्राप्त कर रहे थे तो आरम्भ में ही पिता को खो दिया था।

157 रैंक प्राप्त कर पाया मुकाम

उनके पिता रज़ा मेहदी एक बड़े व्यक्तिव के स्वामी थे। इस असहनीय छति के बावजूद भी मां ने उनकी बहुत हिम्मत बढ़ाई और उन्हें हमेशा हौसला देती रहीं। उनके चचा मुजफ्फर रज़ा ने उनकी शिक्षा में अभूतपूर्व योगदान दिया और परिवार के अन्य सदस्यों ने उन्हें आगे बढ़ने की ऊर्जा दी। साथ ही कामयाबी के लिये प्रेरित भी करते रहे। उन्होंने बताया कि जामियां यूनीवर्सिटी की फीस अधिक नहीं थी। अपनी फीस और दूसरे खर्चो के लिये उन्होंने फिजिक्स व केमिस्ट्री के टयूशन भी पढ़ाये। बीटेक परीक्षा को भी उन्होंने काफी संजीदगी से पूरा किया। उनका विश्वास रहा कि 'All is well that ends well' (अन्त भला तो सब भला) वह इसी विचारधारा पर आगे बढ़ते रहे, और सफलता मिली।

चौथे इण्टरव्यू में उनसे बोर्ड द्वारा अनौपचारिक प्रश्न किये गये जिसमें उनसे उनकी रूची के बारे में पूछा गया, साथ ही उनके मूल प्रदेश बिहार की आर्थिक एवं समाजिक परिवेश पर पक्ष भी रखने का अवसर दिया गया।

सैयद अदील मोहसिन से यह पूछे जाने पर की इण्टरव्यू में कोई ऐसा प्रश्न बताए जिसके बाद वह असहज हुये हो, या प्रश्न कठिन लगा हो, उन्होंने उत्तर दिया कि वाइल्डलाइफ डाक्यूमेन्ट्री का काफी शौक रहा। अफ्रीका नेशनल वाच पर आधारित वोर्ड का प्रश्न रोचक था। चूकि इसी चरण में उन्होंने वाइल्डलाइफ डाक्यूमेन्ट्री देखी थी, इसलिये प्रश्न देने में सफल रहे।

आने वाले अभ्यर्थीयों के संदेश स्वरूप उन्होने इण्टरव्यू में यह भी स्पष्ट किया कि कोचिंग की रेफरल भूमिका आईएएस परीक्षा के लिये तकरीबन 20 प्रतिशत रहती है। बाकी गम्भीर प्रयास, विषय का अध्यन्न अभ्यर्थियों को स्वयं करने की प्रेरणा दी।

यह पूछे जाने पर कि उनके 'आरसीए' कोचिंग के साथी उनके प्रतिद्वंदी भी रहे होगें, क्योकि प्रतियोगी परीक्षाएं प्रतिस्पर्धा के जरिये ही जीती जाती है, उन्होंने स्पष्ट किया कि वहां के साथियों ने 'कम्पेटीटर्स' की नहीं, अपितु 'कोलेबोरेटर्स' की भूमिका अदा की।

मोबाइल गैजेट्स और डिजिटल तकनीक से होने वाले शिक्षा में विचलन एवं कुप्रभाव पर प्रकाश डालते हुए उन्होंने कहा कि ध्यान भटकने से बचें एप के माध्यम से समय सीमा निर्धारित करने से पढ़ने में आसानी रहेगी।

अंततः नहीं हारी हिम्मत चौथे एटेम्प्ट में हुए सफल

उन्होंने आईएएस परीक्षा में तीन प्रयास किये, तीनों बार लिखित परीक्षा में चयन हुआ परन्तु इण्टरव्यू में कामयाबी नहीं मिल सकी। हर बार नई ऊर्जा से लिखित परीक्षा और इण्टरव्यू में शामिल हुए परन्तु इण्टरव्यू में सफल नहीं हो पाये। फिर भी हिम्मत नही हारी। चौथे प्रयास में अन्ततः उन्होंने 157 रैंक प्राप्त कर कामयाबी हासिल की। और उन्हें आईएएस बनने का लक्ष्य प्राप्त हुआ। वह अपनी कोशिश, कठिन परिश्रम और इन सबसे ऊपर दुआओं को अपनी सफलता का आधार मानते है। मूल्यतः इसका श्रेय अपनी मां को देते है। जो विषम परिस्थितियों में भी उनका हौसला बढ़ाये रखती थी, और हमेशा प्रोसाहित करती रहीं।

...ताकि किरदार पर न लगे कोई दाग

- उन्होंने बताया कि उनकी मां की दुआओं का सार यह रहता था कि परीक्षा में चयन हो, परन्तु किरदार पर कोई दाग न लगे। साथ ही साझा किया कि जब वह कक्षा ग्यारह में थे तो पिता को खो दिया था। उनके पिता रज़ा मेहदी एक बड़े व्यक्तिव के स्वामी थे। इस असहनीय छति के बावजूद भी मां ने उनकी बहुत हिम्मत बढ़ाई और उन्हें हमेशा हौसला देती रहीं। उनके चचा मुजफ्फर रज़ा ने उनकी शिक्षा में अभूतपूर्व योगदान दिया और परिवार के अन्य सदस्यों ने उन्हें आगे बढ़ने की ऊर्जा दी।

शीशमहल वेलफेयर सोसाइटी की मासिक बैठक संपन्न

लखनऊ। शीशमहल वेलफेयर सोसाइटी की मासिक बैठक डॉ सैयद अनवर हुसैन रिज़वी की अध्यक्षता में सोसाइटी के कार्यालय में संपन्न हुई। इस बैठक में कई अहम मुद्दों पर चर्चा करी गई। बैठक को सम्बोधित करते हुए अनवर हुसैन रिज़वी ने बच्चों की शिक्षा पर ज़ोर देने की बात रखी। साथ ही मोहल्ले में चल रहे बच्चों के मदरसे में मौलाना द्वारा हर महीने बच्चों के टेस्ट लेने के साथ-2 बच्चों को प्रोत्साहन करने के लिए पुरस्कृत करने पर अपनी सहमति दी। बैठक में सोसाइटी द्वारा ज़रूरतमंदों की मदद करने पर ज़ोर देते हुए ज़्यादा से ज़्यादा इस सोसाइटी में लोगों से जुड़ने की अपील करी गई। बैठक के पश्चात सोसाइटी के जनरल सिक्रेट्री मोहम्मद शब्बीर ने सोसाइटी द्वारा संचालित मदरसे में शिक्षा ग्रहण कर रहे बच्चे एवं बच्चियों की पढ़ाई का ब्यौरा पेश किया। बैठक में मौलाना नजमुल, अकबर हुसैन, अंजुम, अच्छन मिया, रज़ा इमाम सहित कई पदाधिकारी मौजूद रहे।